मैंने तुम्हारी बात छोड़ी थी, I *introduced* the matter about you (or, *raised* the question about you).

15. बांधना इत्यादि

ठहरो मैं गाय बांध आऊं, Wait here till I *tether* this cow.

कुत्ता बांध रखना, to *keep* a dog *chained.*

उसने बडे काष्ट से एक छप्पर बनवाया है, He has with great difficulty *built* a thatched house.

बांध बांधना, to *make* or *raise* or *throw up* an embankment.

गड्ढा बांधना, to *bind* into a sheaf or bunch.

केश को गूंथ कर जूडा बांध लेना, जूडा बांधना, to *braid* the hair and *tie* it up into a knot.

पुस्तक बांधना, to *bind* books.

हाथ पैर बांधना, to *fetter* the hands and feet, to be *bound* hand and foot.

पगडी बांधना, to *put on* a turban.

मुश्कें बांधना, to *pinion* one's arms.

पागलको बांध कर रखना चाहिये, The lunatic must be *kept under restraint.*

CAUSATIVE :—पुस्तक बंधवा लूंगा, I shall *get* the book *bound.*

दांत बंधा लेना, to *have* artificial teeth *set.*

16. खड़ा करना,—

झगड़ा खड़ा कर देना, to *set people by the ears*; झगड़ा खड़ा करवाना, to *pick a quarrel* with another person.

17. खोलना,—

मुंह खोलना, (1) to *unveil* the face; (2) to *open* the mouth; (3) to *give loose rein* to one's tongue.

दुकान खोलना, to *set up* a shop; स्कूल खोलना, to *set up* or *establish* a school.

मल्लाहने नाव खोल दी, The boatman *let go* the boat (put off the boat from shore.)

दरवाजा, बकस प्रभृति तोड़कर खोलना, to *break open* a door, a box etc

CAUSATIVE:—खुलाना, to *cause* a thing to *open*.

18 खोदना,—

मिट्टी खोदना, *to dig* the earth; गड्ढा खोदना, to *dig* a hole.

19 काटना,—

छुरी दे दो; उंगली कट जायगी, Let me have the knife, it will *cut* your finger

कलम काट दीजिये, *Mend* this pen for me, please.

पेन्सिल काट दीजिये, *Cut* this pencil for me, please.

पेड़ काटना, to *fell* a tree; शाखा काट डालना, to *lop off* the branches.

चूहेने कपड़ा काट डाला, The mouse has *made holes* in the cloth.

कीड़ोंने किताब काट डाली, The worms have *eaten into* the book.

नाखून काटना, to *pare* one's nails; घास काटना, to *mow* or *cut* grass.

क्या मैं यहां घास काटने आया हूं? Am I come here for nothing? Am I to have nothing for my share?

CAUSATIVE :—कटाना, खुदाना,—

कुआ खुदना, to *sink* a well ; तालाब खुदाना, to *excavate* a pond ; नहर खुदाना, to *excavate* a canal.

बात काटकर उसने अपना उज्र पेश किया, Having interrupted he put forth his own excuses.

भूल काट दो, correct the mistakes.

20. धोना, पोंछना,—

बाल पोंछना, to *wipe* the hair ; कपड़ा धोना, to *wash* clothes.

लड़के का बदन तौलिया अथवा अंगोछे से पोंछो, *Rub* the child's skin with a napkin or towel.

21. मारना,—

हथियारसे मारना, to strike *blows* with a weapon ; धक्का मारना, to *give a push* ; चाबुक मारना, to *whip*, to *strike* with a whip.

क्या तू मुझे मारेगा ? Do you, fellow, mean to *strike* me ?

उसने मुझे मारा है, He has *assaulted* me.

उपेन्द्र मर गया, Upendra *is dead.* It *is all over* with Upendra.

डाकुओंने दरवान को मार डाला, The robbers have *killed* the durwan.

गृहस्वामीने एक डाकूको गोलीसे मार डाला, The master of the house has *shot down* one of the robbers.

दो नावें बे मौत मारी गईं, Two boats have been *lost* (or, have sunk.)

उसने खूब हाथ मारा, He has *made* a great *bargain*, he has *had a* regular *windfall.*

मारपीट करना, to *fight* with one another.

पेड अभी फलने पर नहीं आया है, or वृक्ष पर अभी फल नहीं लगते हैं, The tree has not yet begun *bearing fruits.*

वह मुझे नाम लेकर नहीं पुकारता है, He does not call me *by name* (out of respect.)

उसे हाथों हाथ नीचे ले गये, He has been *carried* down-stairs *on the arms.*

CAUSATIVE :—भय के कारण उसने अपने आप को पुलिस के साथ पकड़वा दिया, Through fear he *caused* him to *be made over* to the police ; उन्होंने राजपुत्रको शत्रुके हाथ पकड़ा दिया, He *betrayed* the prince into the hands of his enemies.

24. मानना,—

नव्यदल अब शास्त्र नहीं मानता, Young men do not now *obey* the *shastras* or our old scriptures.

वह अपने बड़ों को ही मानते हैं, Nor do they sufficiently *regard* their senior relations.

क्या तुम सालसों के फैसले को न मानोगे ? Will you not *abide* by the award of the arbitrators ?

मैं तप्रेत नहीं मानता, I do not *believe* in ghosts or spirits.

वह अपना दोष नहीं मानता, He does not *canfess* his fault.

तुम क्षमा मांगो, मैं तुम्हें छोड़ दूंगा, *Apologise,* and I will let you off at once.

CAUSATIVE :—मैं उसे किसी तरह मना नहीं सका, I could not in any way make him confess.

कहना,—

उन्होंने कोई बात नहीं कही, He *said* nothing.

अम्मा एक कहानी कहो, Mamma, do *tell* us a story.

सच कहो झूट न कहो, *Speak* the truth, do not *tell* lies.

उन्होंने मुझसे कहा कि, etc., etc., He *told* me that etc.

मनु महाराज कहते हैं, "निरमिषु महाफला, Manu *says*,—"Abstinence is a great virtue."

क्या तुम अपना पाठ सुना चुके ? Have you *said* your lesson ?

इस समय उसे जाने को कहो, *Tell* him to go now.

CAUSATIVE :—मैं उससे यह बात नहीं कहला सका, I could not *make* him *say* this (or, confess this.)

25 कहना, बात चीत करना,—

उसने कहा, He *said*.

कक्षा में बात चीत न करो, Do not *talk* in the class.

वह इतना दुर्बल है कि बात तक नहीं कह सकता, He is so *faint* that he *can* hardly *speak*.

CAUSATIVE .—मैं तुमसे कहलाऊंगा, I will *make* you *speak*

26. रखना,—

इस पुस्तक को मेज़ पर रख दोगे ? Will you *put* this book on the table ?

इस पुस्तक को अपने पास रक्खो, *Keep* this book with you.

क्या कुछ रख भी सके हो, Are you able to *save* money ?

तुम किस बंक में अपना रुपया जमा रखते हो ? In what bank do you *deposit* (*keep*) your money ?

उनके पिता बहुत धन रख गये (छोड़ मरे) हैं, His father *has left* a pretty large sum of money behind him.

मेरी बात रक्खो (मानो) क्रोधित नहो, *Do* as I *say*, do not be angry (offended).

मानी लोगोंका मान रक्खो, *Show respect* to those to whom respect is due.

उन्होंने मेरा मान नहीं रखा, He has not *shown* me due *consideration* (or, He has not complied with my request.)

यह बात इस समय तहकर रखो, *Leave* that matter now or *let* that matter *alone.*

वह स्त्रीका गहना रिहन रख कर रुपये लाया है, He has obtained money by *pledging* or *pawning* his wife's ornaments.

उन्होंने दाडी रखी है, He *wears* a beard, he *keeps* the beard growing.

CAUSATIVE :—इस आदमीको किसी गृहस्थ के घर रखा सकते हैं? Can you *get* this man *employed* in some private gentleman's house ?

27. छोडना,—

तुमने कितने प्रश्न छोड दिये है? How many questions have you *omitted* or *left out* ?

यह बात छोड दो, *Let* that *pass* ; मेरा हाथ छोड दो, *Let* go my hand.

जुर्माना करके अपराधी छोड दिया गया है, अपराधी को जुरमाना करके छोड़ दिया, The accused has been *let off* with a fine.

चहबच्चेका जल छोड दिया गया है, The water of the tank or reservoir has been *let out.*

आपको मकान छोडे कितने दिन हुए ? How long have you *left* home ?

वेतन अथवा पारिश्रमिक न मिलने के कारण उसने नौकरी छोड दी, He has left work because he was not paid.

उन्होंने सरकारी नौकरी छोड दी, He has *left* or *given up* Government service.

माझी ! नाव छोड़ दो, Helmsman, *let go* the boat.

ष्टीमार कब खुलेगा ? When will the steamer *start* or *leave* ?

चन्द्रशेखरने पढ़ना छोड़ दिया, Chandra Sekhar has *given up* his studies (or *left* school.)

ज्वर छूटनेके समय नाड़ी छूट सकती है, When the fever is *off* (or, when it is time for intermission), the patient may *be pulseless.*

28. छोड़ना इत्यादि,—

तीर छोड़ना, to *let fly* or *shoot* or *discharge* an arrow ; ढेले फेंकना, to *let fly* or *throw* stones or brick-bats ; आतिशबाजी छोड़ना, to *let off* fire-works (rockets etc.) उसने मुझे किताब फेंक कर मारी, He *threw* his books *at me* ; स्कूल से लौट आकर उसने पुस्तकों को भूमिपर फेंक दीं, On returning from school, he *flung away* his books on the floor.

29. रहना, हैं इत्यादि,—

पिताजी मकान में हैं, Papa *is at home* ; तुम कहां रहते हो ? Where do you *live* ? आप प्रस्तुत हो जायं, *Get* yourself ready : आप कैसे हैं ? How are you *doing* ? मैं अच्छा हूं, I am *doing* well ? मैं किसी प्रकार से जीवित हूं, I *am* barely (or just) *alive* ; इस समय नहीं, बादको देखा जायगा, *Not now,* I shall see to it afterwards (or, I may afterwards see what I can do).

30. लगना, काटना,—

जूता बहुत काटता है, The shoe *pinches.*

मेरे माथेमें बहुत चोट लगी है, I am severely *hurt* on the head.

यह बात उनके दिलको लगी है, The remark has *touched him to the quick.*

इसमें मेरा एक पैसा भी नहीं लगा, It *cost* me nothing (not a farthing.)

तुम्हारे निजके कितने लगे ? What had you to *spend* from your own pocket ?

पोष्ट आफिस जानेमें कितनी देर लगेगी ? What time will it *take* to reach the Post Office ?

मुझे रसोई जीमने में पांच मिनट लगते हैं, It *takes* me five minutes to take my meal.

मुझे बहुत झाल लगा है, It *tasted* very pungent (hot) to me.

यह कैसा लग रहा है ? खट्टा है ? How does it *taste* ? Sour ?

चाचा मेरे पीछे लगे (पडे) हैं, My uncle *is dead against me*. He is only trying to injure me.

तुम लोग अभीतक काममें नहीं लगे ? You have not yet *set* to work ? (set about the work ?)

आम पर दश ढेले छोडे परन्तु.एक भी न लगी, I threw ten stones at the mango, not one *hit* it.

यदि यह मनसूबा गठ जाय तो दस रुपये हाथ लग जावेंगे, If the plan *succeed*, I shall make some profit.

मुझे तो यह बात अच्छी नही लगती, I don't *like* the idea.

यह मेरे दिल से लगी हैं, It *falls in with* my idea.

यह क्या दिल लगी है ? What a joke is this ?

यह मेरे मुह लगी है, I like its taste very much.

तुम किसके मुंह लगे हो ? Why do you bandy words with an undesirable person ?

31. बुलाना, पुकारना,—

क्या तुम चपरासी को बुला दोगे ? Will you *call* the *chaprasee* (or, *peon*) ?

मैंने उसे जोर से पुकारा: I *called out* to him.

मैंने हरीश को बुलवाया है, I have *sent for* Harish.

रातको मैंने तुम्हें बहुत पुकारा, किन्तु किसी तरह तुम्हें जगा न सका, I *called out to* you so much at night, but could not rouse you.

चीता गुर्राता है, The tiger *growls*; सिंह दहाड़ता है, The lion *roars*.

सूअर गुर्राता है, The pig *grunts*, ऊंट बलबलाता है, The camel *grunts*.

बिल्ली गुर्राती है, The cat *purrs*; बिल्ली कुलबधकी बोली बोलती है, The cat *caterwauls*; बिल्ली म्याव म्याव करती है, The cat *mews*.

हाथी चिंघाड़ता है, The elephant *trumpets*.

हरिण बोलता है, The deer *bells*.

मेंढक टर टर करता है, The frog *croaks*.

सांप फुनकारता है, The serpent *hisses*.

हंस बोलता है, or हंस कुटकुटाता है, The goose *cackles*; बतक कायं काय करती है, The duck *quacks*.

मुरगी कुड़कुड़ाती है, The hen *chuckles* (*clucks*).

कबूतर गुटकता है, The pigeon *coos*.

मोर कूकता है, The peacock *screams*.

मक्खी भिन् भिनाती है, Flies *buzz*.

भौंरा गूंजता हैं, Black bees *hum*.

[*In translating the following sentences it should be remembered that a transitive verb must have an object after it.*]

EXERCISE 16.

Translate:—

[HINTS.—जी हां, to be sure. शपथ कर कहना, to say on oath, to swear. डूब कर मरना, to be drowned or to drown oneself. आत्माभिमानी, conceited. फांसी पाना, to be hanged. पथ में बाहर

होना, use the verb *appear* or *publish*. लानेको कहना, to order (transitive).]

ऐसा कागज और है ? जी हां, क्या और लाऊं ? आप कहते हैं, कि मैंने रुपया नहीं दिया हैं अच्छा आप शपथ कर यह बात कह सकते हैं ? एक स्त्री डूब मरने के हेतु सरोवर में उतरी परन्तु पुलिसने उसे पकड कर मैजिष्ट्रेट के पास भेज दिया। यदि तुमको नहीं मालूम था तो तुमने क्यो ऐसा कहा ? मेरे पास एक चमत्कार नोटबुक है, तुम्हें कल दिखाऊंगा। आत्माभिमानी लोग खयाल करते हैं, कि वे खूब समझते हैं, किन्तु वास्तव मे वे लोग कुछ भी नही समझते। द्वार बन्द है, उसको कोई नहीं खोल सकता। आजका पाठ इतना कठिन है, कि उसको कोइ न तैयार कर सका। हत्या करनेके हेतु उसने फांसी पाई। अखबारमें मेरे विरुद्ध एक चिट्ठी निकली है वह किसने लिखी है जानते हो ? मैंने एक जोडा जूता, धोती, दुपट्टा और एक घडी लानेको कहा है।

[In translating the following sentences, intransitive verbs should not be used in the passive form.]

EXERCISE 17.

Translate :—

[HINTS :—इरादा करना, to intend or purpose. उन्नति करना, to prosper. आघात करना, to collide with. नालिश करना, to prosecute. भागना, to abscond.]

मैंने इरादा कर लिया है, कि प्रति दिन एक घण्टा अनुवाद किया करूंगा। एक दिन अनुवाद करने से ही मुझे मालूम होगया कि इससे भाषा-शिक्षा विषय में मुझे विशेष सहायता मिलेगी। दृढ़ न होनेसे इस पृथ्वीमें कोइ उन्नति नही कर सकता। कानपुर-ष्टेसनसे थोडे फासिलेपर एक दुर्घटना हुई है। जिस ओर को मेरी ट्रेन आ रही थी उसी ओर से एक दुसरी आती हुई गाडी मेरी ट्रेन से बेतरह टकरा गई। इससे १०।१२ आदमी मर गये। एक अखबारके सम्पादक के

नाम रेलवे कम्पानीने नालिश की है। जिन दो ड्राइवरोंके दोषसे यह दुर्घटना हुई है, वे भाग गये हैं।

EXERCISE 18.

Translate:—

[HINTS :—उसको उद्देश कर, use *allude* or *refer*. पहुंचना, to reach. प्रतिध्वनि होना, to resound. दुःखित, melancholy, sad. मालूम होता है, यह, use *appear* or *seem* चक्रान्त, plot or conspiracy. प्रादुर्भाव होना, to prevail or rage.]

मरहटों से अंगरेजों का जो शेष युद्ध हुआ था उसीको उद्देश कर यह बात कही गई है। जिस समय में गृहको पहुंचा उस समय उनका देहान्त हो चुका था। बाघके दहाड़नेसे वन प्रतिध्वनित होने लगा। तुम बहुत दुःखित दिखाई पड़ते हो। मालूम होता है, वह इस चक्रान्त में हैं। विना व्यवसाय वाणिज्यके कोई जाति उन्नति नहीं कर सकती। मेजिष्ट्रेट और पुलिसके बड़े साहबमें विवाद हुआ है। गत वर्ष इसी प्रकारका मामला नदियामें हुआ था। मैं पुनर्व्वार नौकरी करनेपर सम्मत हुआ। काशीमें (Benares) ज्वरका अत्यन्त प्रादुर्भाव हुआ है।

[*In translating the following, care should be taken to omit objects after certain verbs that are used intransitively.*]

EXERCISE 19.

Translate :—

[HINTS :—मालूम होना, to feel. बीमार, use *un-well*. उन्नति लाभ करना, to improve. परवा करना, to care. आगामी सेशन, ensuing sessions. विचार की प्रतीक्षा में रहना, to await trial. ऐवजी करना, to officiate. जी मतलाना, to feel sick.]

आज अत्यन्त दुर्बलता मालूम हो रही है। कल सन्ध्याको उनकी तबियत में कुछ भारीपन था। कल सन्ध्या समय उन्हें उनकी तबीयत भारी मालुम हुई थी। उनके हिसाबमें उन्नति लाभ करनेसे मैं सन्तुष्ट हुआ हूं। कितनी ही क्षति क्यों न हो, मैं उसकी परवा नही करता। अपराधी अगले सेशनके विचारकी प्रतीक्षामें है। मैं गिरीश बाबूकी ऐवज तीन महीने काम करूंगा। मेरा जी मतला रहा है।

EXERCISE 20.

Translate :—

[HINTS :—भ्रमण करना, to travel in. परीक्षा देने जाना, to appear. कार्य्यसिद्धि, success. आह्लाद प्रकाश करना, to rejoice in or congratulate on. निकलना, to issue from or to rise in.]

मैंने बहुत देशोंका भ्रमण किया है। मैंने उन्हें अनेक बार लिखा है परन्तु उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। विगत १५ वीं मईको यह घटना हुई थी। केदारनाथ अपने शिक्षककी परवा नहीं करता। रमेश इतिहासमें फेल हुआ हैं। नवीन परीक्षा देने नही गया। इस सप्ताह कलकत्तेमें कितने लोग मरे? वह इस काममें सफल हुए। वह लड़कोंकी कार्य्यसिद्धिपर आह्लाद प्रकाश करते हैं। गङ्गा हिमालयसे निकली हैं।

SECTION VII.

Various forms of a Verb

13. The form जाता है, खाता है, &c.—

वह तम्बाकू और चुरट भी पीता है, He *smokes* tobacco as well as cigars.

उनको भली प्रकार सुनाई नहीं पड़ता, He *is hard of hearing*.

धोती और दुपट्टा पहननेसे तुम बहुत अच्छे मालूम होते हो, You *look* very well with *dhoti* and *chadar on* (or, *in dhoti and chadar*).

इस ग्लास में कितना पानी आता है? How much water *does* the glass *hold*?

[Translated idiomatically.]

बरसात में राह चलना कठिन है, The roads are impassable in the rains.

ग्रीष्मकाल में कुछ खाया नहीं जाता, One can scarcely eat anything in such hot weather.

उसका अवतव लगा है, He is on the point of death (or, he is about to be ruined).

दो चार रुपयेमें क्या बन बिगड जायेगा, I would not care for such a small sum of money.

14. The form तुम जाओ &c.

(a) Translated by the indicative when implying habit.

तुम दीवारपर क्यों थूकते हो? Why do you *spit* on the wall?

तुम बहुत जल्द पढ़ते हो, You *read* too fast.

तुम बहुत शोर मचाते हो, You *bawl out* terribly.

तुम बहुत सबेरे खाते हो, You *take* your meals very early.

तुम खानेके साथ बहुत पानी पीते हो, or तुम खाते समय अत्यन्त जल पीते हो, You *drink* too much water at your meals.

(b) By the imperative.

अन्तिम प्रकरण पढ़ो, *Read* from the last paragraph.

जरा अंगोछा निचोड दो, Just *squeeze* (or, wring) water out of the wet towel.

तुम अलमारी झाड़ दो, मैं उतने ऊंचे नहीं पहुंच सकता, or अलमारी झाड दो मेरा हाथ वहां तक नहीं पहुंचता, *Dust* the shelf (or almirah), I cannot reach so high.

तुम पीछे जाओ और दो टोकरी आम खरीद लाओ, or पीछे जाकर दो टोकरे आमोंके खरीद लाओ, Just *go to Posta* (near Barra Bazar) and buy me two baskets of mangoes

(*c*) **By 'may' when expressing a wish.**

तुम दीर्घजीवी हो, *May* you live long ! तुम सुखसे रहो, *May* you be happy !

15. The form जाता हूं, आता हूं, &c.

(*a*) **By the present indefinite, when implying habit.**

मैं स्नान कर अपना वस्त्र स्वयम् ही फींच लेता हूं, I *wash* my own clothes after bath.

मैं उसे अपने लड़के की तरह समझता हूं, I *look upon* him as my own child.

(*b*) **By using 'let.'**

अब मुझे आज्ञा दीजिये, *Let* me go now.

यहां मुझे बैठकर कुछ आराम कर लेने दो. *Let* me sit down here and rest a while.

अब मुझे कुछ पढ़ लेने दो, नहीं मैं पिताजी मुझे झिड़केंगें, *Let* me read a little now or papa will scold me.

जरा वेठो में थोड़ासा टहल आऊ,, Wait, *let* me have a short walk.

(*c*) **By Future Auxiliaries or by 'may' &c. (generally in questions).**

डाक्टर साहब, क्या मैं आज थोड़ासा चावल खा सकता हूं ? *Shall* I take rice to-day, doctor ?

महाशय ! क्या मैं बाहर जा सकता हूं ? *May* I go out, Sir ?

साथ चलो तो मैं भी थियेटरको जा सकता हूं, I *may* go to the theatre, if you accompany me.

क्या करूं, कोई उपाय नहीं है, What can I do? There is no help for it.

बताओ ऐसी अवस्था में मैं क्या कर सकता हूं, What can I do in such a case?

(*d*) **By the subjunctive.**

यदि मैं मृत्युको प्राप्त हूं तौ भी मुझे कुछ चिन्ता नहीं, I should not mind if I die.

मै पढ़ूं या न पढ़ूं तुम्हें क्या? What is it to you whether I read or not?

बन पड़ा तो एकबार सन्ध्या को जाऊंगा, I shall go at dusk, if I can.

(*e*) **By a Past verb, when expressing past meaning.**

मुझको मई के मास में दो सौ, जून में तीन सौ और इस मास में चार सौ रुपये मिले हैं, I *got* Rs. 200 in May, Rs. 300 in June, and have got Rs. 400 this month.

मैं बनारस से इलाहाबाद और इलाहाबाद से वृन्दावन, गया और वृन्दावन से हरिद्वार पैदल पहुंचा, From Benares I *went* to Allahabad and then *started* for Brindaban whence I *walked* to Hardwar.

मैंने उसके आंखों पर पानी के छींटे मारे, उसको गर्म दूध पिलाया तब वह चैतन्य हुआ, I *dashed* water at his eyes and *gave* him a little warm milk and thus restored him to consciousness (or, 'and then he revived').

(*f*) **By Future Auxiliaries, when expressing future meaning.**

मैं एक अच्छे घराने की कुल-वधू हूं बतलाइये मैं ऐसी दशा में कहां जाऊं, I

am a respectable Hindu lady, say where I *shall* go in this condition.

मेरे कलके खाने का कुछ ठिकाना नहीं, I have not the where-withal for to-morrow's subsistence.

(*g*) **Translated idiomatically.**

मैं जाने की फिक्रमें हूं, मैं अब चलने ही की चिन्ता कर रहा हूं, I *am thinking of* going now.

शिशु समस्त दिन खाने की ही चिन्तामें लगा रहता है, The child *is* always after something to eat (The child *has* such a craving for food).

16. The form जाता है, जाता हूं,—

(*a*) **By the Present Imperfect.**

वह इस समय ठेकेदारी का काम कर रहा है, He *is* now *doing* the business of a contractor.

मोची जूती पर सियाही लगा और उनको ब्रुश कर रहा है, The shoe-black *is brushing* and *blacking* the shoes.

(*b*) **By the Present Indefinite.**

मैं सोच रहा हूं कि आज गृह को न जाऊं, I *think of* not going home to-day.

तुम भद्दे मालूम होते हो, You *don't look* well, You *look* seedy or ugly.

(*c*) **By the Present Indefinite or the Future.**

मैं इस वार तुम्हें अपना मत (राय) न दूंगा, You *won't* have my votes this time.

मैं आज दफतर न जाऊंगा, I *don't go* to office to-day (or, *shall* not go)

मैं ठीक ऐसा नहीं कह रहा हूं, I *don't say* exactly that.

ठहरो, मैं आता हूं or कुछ विलम्ब करो मैं अभी आता हूं, Wait a moment, I *am coming* presently.

17. The forms गया है, किया है, &c.—

(a) By the Present Perfect Tense.

वह चंगे हो गये हैं, He has *recovered.*

घरकी छत टूट पड़ी है, The roof *has come* down.

मैंने अभी यह बात कही थी, I *have mentioned* this just now.

मैंने जब वचन दे दिया है तो उसके विरुद्ध न करूंगा, When I *have given* my word, I will not do other-wise (or, you may depend upon it).

मैं अभी आया हूं, I *have* (or, am) just *come.* Or (*b*) By the past tense (particularly when there is a past adverb of time).

कल रात्रिको नौकर हैजे से मर गया, The servant *died* of cholera last night.

मैंने निम्न कक्षाओं में इन अङ्कों (हिसाबों) को किया था, I *did* these sums in the lower classes.

गत मङ्गलवारको उन्होंने तकाज़ा भेजा था और अबतक तुमने काम समाप्त नहीं किया है, He *sent word* (or, sent a reminder) last Tuesday and yet you have not finished the work ?

18. The forms किया, &c.—

(a) By the Present Perfect.

मैंने क्या कहा ? What *have* I *said* ?

तुमने यह क्या किया ? What is this you *have done* ?

(b) By the Past.

डाक्तरने नाडी देखकर कहा, मृत्यु सन्निकट है, The doctor felt the pulse and *said*, death was at hand (approaching).

वह कागज देकर चला गया, He *went* away after delivering the paper.

एक पक्षी नारियल के पत्ते पर बैठा, A bird *perched* on the leaves of the cocoa-palm.

तब मैं चैतन्य हुआ, I then *came to* my senses.

वह मेरी ओर टकटकी बांधे देखता रहा, He *looked* blank at me.

थाली मे कुछ चावल पड़ा है जो उससे नहीं खाया गया, There *was* some rice left (in the plate) which he could not eat.

19. लगा,

(Sometimes translated by 'began' or 'continued.')

उसके मुंहमें जो कुछ गालियां आईं उसने मुझे सुनाईं, He began to call me the foulest names (used the filthiest language) that came to his mouth.

उसकी उंगली से अत्यन्त रक्त बहने लगा, His finger bled profusely.

बछड़ा बदन चाटने लगा, The calf fell *a-licking*.

शिशु सोता रहा और मैं जल लाने गई, The baby was asleep and I *went* to fetch water.

सांप भयानक फुफकारता रहा और मैं एक सपेरे को बुलाने चला गया, The snake *continued* to hiss dreadfully and I went out, for a snake-charmer (snake-man).

भोजन के उपरान्त अत्यन्त मद्य पान किया जाने लगा, After dinner, drinking *went on* freely.

दिन प्रतिदिन झायें झायें होने लगी, There *were* constant bickerings.

20. The forms किया था, गया था,—

[By the Past Tense or the Past Perfect.]

मैं परीक्ष-गृह (मन्दिर) को गया था परन्तु विलम्ब होजाने के कारण प्रविष्ट न हो सका, I *went* to the Examination Hall, but being late, was not admitted.

पुलिसने उसे छोड़ दिया था परन्तु साहब मेजिष्ट्रेट की आज्ञानुसार वह पुनरपि धृत कर लिया गया, The police *had let* him off, but they have arrested him again on an order from the Magistrate.

तुम तो मुझे ही दोषी बनाते थे अब तुम्हें अपनी भूल मालूम हो गई, You *had found* fault with me, but do you now see your mistake?

मैंने आपको इस बात का स्मरण कराया था परन्तु आप भूल गये हैं, I *had reminded* you of the matter, but you have forgotten it.

21. The form जाना पड़ता है, जाना पड़ेगा,

(*a*) By 'have' followed by the infinitive.

मुझे रविवार को भी दफ़तर जाना पड़ता है, I *have to go* to office even on Sundays.

यदि तुम ऐसा ही करते रहे तो तुम्हें अवश्य कारागार में जाना होगा, If you (do so) proceed this way, you *shall have to go* to jail.

हमको दस बजे से चार बजे तक कार्य्य करना पड़ता है, We *have to work* from 10 to 4.

बङ्गदेश के लाट साहब की आज्ञानुसार शिक्षा-विभाग के डाइरेक्टार साहब को भी परिदर्शन के हेतु दौरा करना पड़ता है, Under the orders of the Lieutenant-Governor of Bengal, even the Director of Public Instruction *has to go out* to the mofussil on inspection duty.

(*b*) By 'be + the infinitive.

नये बन्दोबस्त के अनुसार मुझे अब पहला दरजा पढाना पड़ेगा, or नवीन कर्म-

ारानुसार मुझे अब प्रथम श्रेणी (कचा) को पढाना पडेगा, I *am* now to *take* the first class according to the new routine.

ऐसी अवस्थामें मुझे क्या करना चाहिये, What *am* I *to do* under the circumstances ?

मुकद्दमा दायर करने के उपरान्त क्या क्या करना पडेगा मैंने उसे सब बतला दिया है, I have told him all that has to be done after the institution of the suit.

22. The form जाना पडता था,—

By 'had' + the infinitive.

उस समय मुझे प्रतिदिन साहब के गृह को जाना पडता था, Then I *had to go* to the Sahib's house every-day ; *not* "I was to go" which is a translation of—

23. मैं जाने को था,—

कल वह गृह आने को थे, He *was to come* home yesterday.

माननीय लाटसाहब बाहादुर दार्जिलिङ्ग से लौटते समय जलपाईगुडी जाने को थे, His Honour the Lieutenant-Governor *was to visit* Jalpaiguri on his way from Darjeeling.

(यदि न गये हों, *was to have* visited.)

24. जाता था, &c —

(a) **(Implying past habit).**

By the past indefinite or by the word 'used.'

वह प्रतिदिन स्कूल से भागा करता था, He *used* to escape from school every day.

पूर्व मैं रात्रि को चावल खाया करता था, अब रोटी खाता हूं, I *used* to take rice at night, but now I take bread.

उन दिनों गांवों के प्रायः सब गृहस्थों के घर वर्षभर का धान मौजूद रहता था,

In villages almost every family *had* paddy stocked for a whole year's consumption in those days.

(b) **Conditional use.**

वह यदि न भागता, तो इतना सन्देह न होता, If he *had* not *absconded*, there *would* not *have been* so much suspicion.

रात को यदि आहार करता, तो बीमार पड़ता, or रात्रि को यदि मैं भोजन कर लेता तो बीमार पड़ जाता, If I *had* eaten my supper, I *might have got* ill.

यदि तुम न होते तो मैं मर जाता, I *should have died*, if you had not been present. (But for you, I should have lost my life).

यदि ऐसा होता तो सन्तोष तो आ जाता, It *would have been* a great relief to me, if it had been so ; I should be glad, if it were so.

25. जाता था, करता था, &c.—

(*a*) By the Simple Infinitive.

मैं सरोवर में मछली पकड़ने को गया था, I went to the tank *to fish.*

तर्क में तुम उससे न जीतोगे, You will fail *to vanquish* him in argument.

उससे हिला तक तो जाता नहीं वह मजदूरी क्या करेगा, He cannot *move* about, how can he work as a day-labourer ?

मैं बाजार में सौदा लेने जाता हूं, I am going out *to make* purchases.

उन में प्रतीक्षा करने का बस न रहा, He had not the patience *to wait.*

डाक्टर ने कहा कि औषध देने की आवश्यकता नहीं है, The doctor said, "No medicine need be taken."

(b) By a Preposition + a Noun or Verbal Noun.

मैं भोजन करने बैठा हूं, I have sat down *to dinner*.

वह दिन रात सोने का इच्छुक है, He is fond *of sleeping* at all times.

मुझे किसी वस्तु के खाने की इच्छा नहीं, or मुझे कुछ खाने की इच्छा नहीं होती, I have no appetite *for* any *kind of food.*

स्कूल पहुंचने में तुम्हें आज विलम्ब हुआ है, You are late *in* your *attendance* at school to-day.

रानीगञ्ज तक का रेल का भाड़ा क्या है? What is the fare *for* a *journey* to Raniganj by rail?

उन्होंने मुझे सोने न दिया, He prevented or kept me *from sleeping.*

(c) By an Adverb or an Adverbial Phrase or Clause:

वह उठते बैठते मुझे गाली देता है, He is abusing me at every step (in season and out of season.)

आपकी उपस्थिति में क्या मेरा कुछ कहना ठीक है? Does it become me to say anything *when you are here*?

वह नाचता हुआ आता है, He comes *dancing.*

मुझे लौटने में रात होगी, It will be night *when I return.*

(d) By a Finite Verb.

पर्व्वत दूर से देखने में बड़ा सुन्दर जान पड़ता है, A mountain *looks* very beautiful from a distance.

यह फल देखने में भी अच्छा है और खाने में भी, or यह फल देखने में सुन्दर और खाने में सुखाद है, This fruit *looks* well and *tastes* well too.

कुइनाइन स्वाद में कड़वी है, Quinine *tastes bitter.*

(*e*) Conditional use.

अफसोस! तुमने मुझे खबर न दी, It is a pity you did not send me word.

गये चीज़ की पीछे कदर होती है, A cow knows not the value of her tail till she has lost it.

(*f*) Idiomatically.

सच तो यह है, कि उसकी मृत्यु से मेरे घड मे प्राण आ गया, To tell you the truth, his death has given me great relief.

कुछ कहने की आवश्यकता नही, यह तो अपना ही कार्य है, No formalities with me, I would do this work as if it were my own.

न जाने यह असाध्य रोग कहां से उठ खडा हुआ कि देखते ही देखते उसका शेष कर डाला, All on a sudden, he was attacked with a fell disease and was carried off in a trice.

मारे भूख के आतें कुलबुला रहीं हैं, I am beside myself with a raging hunger.

निश्चय, To be sure, of course.

सूत न कपास कोरी से लठी लठा, जुलाहों से लट्ठम लट्ठा, To count one's chickens before they are hatched.

26 करना नहीं चाहिये,—

By 'ought not' or 'should not'

ऐसा काम नही करना चाहिये, Such a thing *should* not be done.

ऐसे स्थान पर नही जाना चाहिये, One *ought* not to go to such a place.

ऐसी बात मुखपर न लानी चाहिये, Such things *should* not be taken on the tongue.

27. करना होता है,—

पिता-माता की सेवा करना चाहिये, We *ought* to serve our parents.

यह (बात) पहले कहना चाहिये था, You *ought* to have said this before.

28. The forms जाना, करना,—

(*a*) By the Simple Infinitive.

उसकी आगे पढने की इच्छा नहीं है, He has no mind *to continue* his studies.

मुकद्दमा लड़ाने के लिये मेरे पास धन नहीं है, I have no means *to carry on* litigation.

(*b*) By a Preposition + a Noun or Verbal Noun.

उन्होंने मेरा विवाह करने पर हठ किया, He insisted *on my marrying*.

यहां से भागने का कोई उपाय नहीं है, There is no means *of escape* from this place.

झगड़ा करने से फ़ायदा क्या है ? What is the good *of quarrelling* ?

मुझे तिब्बत जाने की आज्ञा दीजिये, Let me have orders *for proceeding* to Tibet.

उसने पुरस्कार लाभ करने की आशा से इतना परिश्रम किया है, or उन्होंने इस पुरस्कार लाभ की इच्छा से इतना परिश्रम किया है, He worked so hard in the hope *of getting* the reward.

प्रस्थान करने के समय, At the time *of* his *departure*.

भोजन का समय हुआ है, It is the time *for dinner*.

(*c*) By using 'when.'

पुरस्कार बांटते समय उन्होंने ऐसा कहा था, He said this, *when* distributing the prizes.

29. The Forms अगर, करने, जाने से,—

(*a*) By a clause with 'if'.

यदि प्रभात और सन्ध्या को वायु सेवन किया करो तो तुम्हारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, You will keep good health, *if* you walk in the morning and evening.

यदि पूजा के लिये एक दिन उपासे रहो तो पीड़ित (बीमार) न होगे, You will not fall ill, *if* you fast a day for the Pooja.

यदि इस निमन्त्रण में तुम न गये तो लोग बहुत निन्दा करेंगे, People will

speak ill of you *if* you do not attend this dinner party (or, accept the invitation).

यदि ट्राम गाड़ी न ठहिरा करे तो हम न उस पर चढ़ सकते हैं और न उससे उतर सकते हैं, *If* a tram-car does not stop (or if it is in motion), we should not get into it or alight from it.

(*b*) By a clause with 'when.'

जिस समय डाक्तर आवें तो उनसे अपना कष्ट कहना, Say what your complaints are *when* the doctor comes.

हिसाब हो जाय, तो मुझे दिखाना, Let me see the sums *when* you have worked them.

ज्वर छूटने पर तीन बार कुइनाइन खाना, Take three doses of quinine *when* the fever is off.

जिस समय अंगरेज पास पहुंचे तो वह आगे बढ़ा, *When* the English drew near, he advanced.

जिस समय अंगरेज़ पास पहुंचेंगे तब वह आगे बढ़ेगा, *When* the English draw near, he will advance.

(*c*) By a Noun

प्रभात काल की वायु सेवन करना स्वास्थ्य के लिये उपकारी है, A *walk* in the morning conduces to health.

अपरिमित (बहुत) भोजन से पीड़ा उत्पन्न हो जाती है, Immoderate *eating* brings on illness.

तुमसे किसने कहा, कि सुरापान स्वास्थ्यके लिये उपकारी है ? Who has told you that *drinking* is conducive to health ?

30. The forms पढ़ने से, करने से,—

(*a*) By 'if' or 'when.'

जब पढ़ने का समय आता है तुम सर्वदा मन्द (पीड़ित) हो जाते हो, you

always complain of illness *when* it is time for you to study.

तुम्हें बचानेमें मैं स्वयम् ही विपत्ति में पड़ सकता हूं, or 'तुम्हें बचाने से मैं विपद में पड़ सकता हूं', I may get into a scrape, *if* I attempt to save you.

यदि इस प्रकार तुम हिन्दी की चिन्दी निकालोगे तो कोई सौदा न पटेगा, One cannot make purchases, *if* one goes on finding fault this way (or, *if* one is so fastidious.)

यदि हम सुखान्वेषी (ढूंढनेवाला) होते तो क्या हमको उत्तम शिक्षा लाभ होती अथवा क्या हम परिवार-पोषण कर मान सम्भ्रम से दिन व्यतीत कर सकते? If we were given to pleasure-seeking (or, to pleasures) could we get a good education or afford to support our family and live in a respectable style?

(b) By the Infinitive.

यदि इस कार्य्य में सफलमनोरथ होना चाहते हो तो तनमन से चेष्टा करो, You must be up and doing, if you wish *to get through* this work.

डाक्टर बर्च को गृह में बुलाने से बहुत व्यय होगा, It would be very expensive *to call in* Dr. Birch.

31. The forms जानेके उपरान्त, करनेके उपरान्त,—

(*a*) By 'after'+a Clause.

एण्ट्रेन्स परीक्षा का फल तीन बार गज़ट में प्रकाशित हो जाने के उपरान्त हत्तिभोगियों का सूचीपत्र प्रस्तुत किया जाता है, The list of scholars is prepared *after* the results of the Entrance Examination are thrice published in the Gazette.

तुमने पंखे की झालर फाड़ डाली है, शिक्षक महाशय के आने के उपरान्त तुम्हें इसका मजा मिलेगा, You have torn the frills of the punkha,

you will feel the consequence *after* (or, when) the teacher comes.

ज्वर आने के उपरान्त भी तुमने स्वभावतः स्नान और भोजन किया, You bathed and ate as usual *after* you had fever.

तुम्हारे शयन करने के उपरान्त मैं तुम्हारे गृह को गया, I called at your house *after* you had gone to bed.

(*b*) When.

जिस समय दो चार हिसाब ([illegible]) करलोगे तो आगे तुमको सहज प्रतीत होगा, When you have done a few sums, you will find it easier to do more.

(*c*) By a Preposition + a Noun.

भोजन करने के उपरान्त, *after dinner*.

रामके राजपदपर प्रतिष्ठित होनेके उपरान्त, *after* Ram's *accession* to the throne.

32 The forms होय, आय,—

(*a*) By 'let.'

वह अभी मरे, भगवान करे वह तुरन्तही मर जाये, *May* he die at once !

भारतेश्वर दीर्घजीवी हों, Long *live* the Emperor of India.

भगवान् तुम्हें सुखी रखें, God *bless* you.

तुम्हारा सर्व्वनाश हो, *May* you be ruined.

(*e*) Idiomatically.

कितनाही कठिन अङ्क (हिसाब) क्यो न हो मैं उसे निकाल डालूंगा, I shall work the sum out, however difficult it may be (or, be it ever so difficult).

चाहे जो कुछ हो, Be that as it may.

मैं खरीखरी कहूंगा, चाहे लाट साहब ही क्यो न हों, I will speak out the plain truth before the mightiest. I will not mince matters. I will call a spade a spade.

33 The forms जाकर, करके,&c....

(*a*) By the Present Participle.

उन्हे घरमें न पाकर मैं चला आया, *Finding* him not at home, I came away.

बालिका हाथसे मुंह ढांक कर रोने लगी, The girl *putting* her hands over her face or, covering her face with her hands, began to weep.

यह बात कह कर वह सीढी से धीरे धीरे उतरने लगे, So *saying*, he began slowly to descend the steps.

उनकी कोई खबर न पाकर, *Receiving* no news of him.

उन्हें पहचान कर उन्होंने पुछा, *Recognising* him, he asked.

(*b*) 'On' (after) + a Present Participle.

कौलेज छोडकर राजकार्य्यमें प्रविष्ट हो गया, *On leaving* College, I entered Government service.

पत्र पाकर देवेन्द्रके हृदयपर आघात लगा, *On receiving* this letter, Devendra was very much pained.

(*c*) By the Perfect Participle.

उद्योग समाप्त कर, *Having completed* his preparations.

समस्त व्यवस्था कर, *Having completed* his arrangements.

पदत्याग करके उन्होंने व्यवसाय (कारबार) करनेका विचार किया, *Having resigned* (or, thrown up) his appointment, he thought of starting a business.

(*d*) By a Finite Verb + 'and'.

उन्होंने विशेष स्मरण किया और अवशेष कहा, or उन्होंने बहुत देरतक सोचकर कहा, He *tried* much to recollect *and* at last said.

अचानक आ उसने मेरे शिर पर एक लाठी मारी, All on a sudden, he *came and* struck me on the head with a *lathi* (club or stick).

आप आइये और रोगीको देखिये, Please *come and* see the patient.

कृपाकर आप पधारें और कोइ उपाय करें, Kindly *come and* make some arrangement (or, settle what is to be done).

वह छुट्टी लेकर घर जायंगे, He *will take* leave *and* go home.

(*e*) By Infinitives.

वह इसे पा कर अत्यन्त प्रसन्न हुए, He was very glad *to have* it.

शिशुके मरनेका समाचार सुन मैं अत्यन्त दुःखित हुआ, I am much grieved *to hear* of the child's death..

तुम्हारे परीक्षा में उत्तीर्ण होने की जान मैं सुखी हुआ, or तुम्हारे पास होनेका हाल जान कर सुखी हुआ, I am glad *to learn* that you have passed.

(*f*) By Adverbs or Adverbial Phrases.

तुमने क्योंकर यह बात कही ? *How* could you say so ?

जल्द आओ, Come *quickly*.

बढ़े चलो, Let us walk *fast*.

वह सोनेमें बर्राता है, He mutters *in his sleep*.

वह रह रह कर चौंक उठता है, He starts up *at intervals*.

(*g*) By using Prepositions or fresh Verbs.

(In affirmative sentences.)

वह पालकीमें जायेंगे, He will go *in* a palki.

तुम पैदल चलोगे अथवा गाड़ीसे ? Will you walk or go *in* a carriage ?

मै रेलसे आया हूं, नावमें जाऊंगा, I have come *by rail*, I shall go *by boat*.

उसने सम्पत्ति प्रवञ्चना से अर्जन की है, He has got the property *by* fraud.

बिल्ली अपने बच्चे को मुंह में दबा कर घूम रही है, The cat is prowling about *with* its young one in its mouth.

वह मुंह फैला कर कहानी सुन रहा है (अर्थात् हक्काबक्का हो कर), He is hearing the story *with* a gaping mouth (*with* rapt attention).

पैतृक सम्पत्तिपर उनका विवाद है, Their dispute is *about* ancestral property.

वह जेबी घड़ी लेकर भाग गया है, He has fled *with* the watch.

(In negative sentences.)

वह बिना भोजन किये कार्य्य करने आया है, He has come to work *without* taking his breakfast.

क्या बिना रुपैया दिये तुम्हें छुटकारा मिलने की आशा है ? Do you expect to escape *without* paying the money ?

मैं तुमसे भिन्न नहीं रह सकता हूं, or मैं तुमसे जुदा नही रह सकता, I cannot live *without* your company.

(*h*) Miscellaneous.

यदि कार्य्य में लगे रहोगे तो तुम्हारे वेतन मे वृद्धि कर दूंगा, If you *stick* to the post I shall give you an increase of pay.

मैं यह बात बिना कहे रह न सका, I could *not help making* this remark.

भोजन के उपरान्त बिना कुछ विश्राम किये मुझ से रहा नहीं जाता, I cannot do without *having* a short sleep (nap) after meals. I cannot avoid having &c.

वह गाडो की छत पर बैठा जा रहा था, He was *seated* on the top of the carriage as it was driving along.

मैं कार्य्य रहित होने के कारण गृह में आलस्य भाव से दिन व्यतीत कर रहा हूं, Being out of employ now, I am *idle* at home.

इस में सन्देह नहीं, There is no doubt about it.

(Participles superfluous)

दिनभर में एक बार औषध सेवन करना, Take the medicine once a day

कितनी देर से रक्त निर्गत हो रहा है ? How long has it been bleeding ?

मैं उसे साथ ले जाऊंगा, I shall take him with me.

34 The forms करनेसे, जानेसे, &c —

(*a*) By the Nominative Absolute.

दफ़र बन्द रहने के कारण मैं यथा समय आवेदन पत्र न भेज सका, The office *being closed*, I could not make an application in time.

उसके सैन्यने मद्यपान कर लिया था इस कारण अङ्गरेज सेनापतिने पुनरपि नगर पर अधिकार जमा लिया, His *soldiers having got drunk*, the English general again took possession of the city.

(*b*) A Preposition + a Noun or a Verbal Noun.

तुम्हारे पदके त्यागने से हमारा कोई अनिष्ट नही है, We are no losers *by* your *resignation*

सब बातों को भली भांति कहने से वह सम्मत हुये, He agreed, *on* my *representing* the case fully or plainly to him.

(c) By a Noun or a Verbal Noun.

उसके परीक्षा में उत्तीर्ण होने से हम अत्यन्त सुखी हुये, His *passing* the examination (or, his success at the examination) is a matter of great pleasure to us

(d) By 'in consequence of'

उनके बीमार पड जाने से तत्त्वावधान शिथिल पड गया, *In consequence of* his illness, the supervision was lax.

पानी बरसने से शीतला का प्रादुर्भाव कुछ घटा है, *In consequence of* the rain, small-pox has somewhat abated.

वृष्टि होने से शस्य की अवस्था में उन्नति होगी, The prospects of the crops will improve *in consequence of* the rain.

बडे भाई के मरने से हमलोग बडे कष्ट में पड गये हैं, We are in great distress *in consequence of* the death of my eldest brother.

EXERCISE 21.

Translate :—

[HINTS :—समझ में आना, to see मेरे होते, when or as long as I am here. फौजदारी, a police case, assault or violence. उद्धार पाना, escape, deliverance. अतिरिक्त, excessive. करने से, in consequence of.

मेरे कुछ समझ में नही आता कि मैं किस प्रकार परिवार पालन करूं। मेरे होते तुम्हें कोई चिन्ता नही है। आप मुझे यदि अङ्गरेजी-साहित्य पढाते, तो

अच्छा होता। अगर मैं होता, तो एक फौजदारी हो जाती। इस विपद से उद्धार होने की कोई आशा नही है। तुम्हारे इस प्रकार अतिरिक्त परिश्रम करने से यदि तुम पीडित हो जाओ तो कौन परिवार पालन करेगा? जाने दो, अब उस बात से प्रयोजन नहीं है। तुम्हारे मुख मे घी खांड। यदि काष्ठासन (कुरसी) हटा देते तो अच्छा होता। ऐसा कार्य्य कौन करता है। रात्रि को अकेले (एकाकी) इस मार्ग से हो कर जाना ठीक नही है।

EXERCISE 22.

Translate :—

[HINTS :—मानवलीला संवरण करना, to go the way of all flesh. सर्पाघात, snake-bite. चिकित्सा, treatment. अक्षर, type. उपहार, a present. (स्नेह) करके, use *out of* सादर, thankfully. वह बात जाने दो, let that pass].

हम यह सुन कर अत्यन्त दु:खित हुए, कि श्रीयुक्त आनन्द चक्रवर्त्ती महाशय ने मानवलीला सवरण की। उनका आदि निवास ढाके में था, किन्तु उपस्थित (आजकल) वह वृन्दावन में वास कर रहे थे। सर्पाघात की चिकित्सा किस प्रकार होती है, इस पुस्तक मे सरल भाषा में लिखी हुई है। यह पुस्तक अति उत्तम कागज पर, उत्तम अक्षर में मुद्रित हुई है। राजा यह सुन कर मुस्कुराये। आपके साथ वहा जाने से किसी प्रकार के विपद की सम्भावना नही है। आपने जो उपहार प्रेम से दिया है, उसे सादर ग्रहण किया। वह बात जाने दो, अब यह बताओ कि ऋण कब परिशोध करोगे।

EXERCISE 23.

[HINTS :—शीत कम लगता है, one feels less cold दौड़ता है, rushes परिपाक क्रिया, the process of digestion. इन्द्रियों करण,

to practise as a barrister. मार खाना पडता है, one must be prepared to receive blows. व्यायाम, bodily exercise.]

वह प्रवञ्चना से परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है। उसने बहुक्षण तक चिन्ता कर मेरी बात का यही उत्तर दिया। स्नान करने के उपरान्त शीत कम लगता है। आहार के अन्त में परिश्रम करना मना है। कारण, परिश्रम करने से रक्त पाकस्थली से शिर की ओर दौडता है जिस से परिपाक क्रिया भली भांति नहीं होती। मेरे ज्येष्ठ पुत्रकी इच्छा और लिखने-पढने की नही है। इस सप्ताह मे विलायती डाकके आनेमें विलम्ब हुआ है। बिना विलायत गये हुये कोई बैरिष्टर नही हो सकता। बेरिष्टरीमें आय नही होती है यह सोचकर कोई कोई बेरिष्टर मुनसफी कर लेते हैं। मारनेमें मार खाना पडता है। बालकने रोते हुये कहा, कि रमेशने मेरी छुरी छीन ली है। स्वास्थ्यरक्षा करने में प्रतिदिन व्यायाम करना आवश्यक है, विशेषतः, जिन्हें एक जगह बैठकर काम करना पडता है, उनको स्वास्थ्यरक्षा बिना व्यायामके असम्भव है।

EXERCISE 24

[HINTS :—कक्षा, room. चिह्न, trace. सन्देह करता है, suspects. सन्देहजनक, suspicious. जांच, enquiry. निरपेक्ष impartial.]

रीवांके महाराजा साहबके प्राइवेट सेक्रेटरी की मृत्यु अग्निदाहसे हुई है। सुना जाता है कि जिस कक्षासे उनकी मृत देह निकली उस में आलोक नाम मात्रको न था और इसी कारण यह सन्देह किया जाता है कि वह हत्या करडाले गये। अब प्रश्न यह है कि यह हत्या किसके द्वारा हुई है। इलाहाबाद का समाचार पत्र 'पाइनीयर' कहता है कि उक्त प्राइवेट सेक्रेटरी के भ्राताकी मृत्यु भी ऐसी सन्देहजनक थी। यह मृत्यु स्वाभाविक थी अथवा हत्यासे घटित हुई इसका निर्णय जांच से प्रकाश होगा। निरपेक्ष मनुष्यों के द्वारा जाच होना अति उत्तम है जिससे हमारे यहां के राजे सन्तुष्ट हों और हमारी न्यायकारी गवर्नमेण्ट को भी दुर्नाम न उठाना पडे।

EXERCISE 25.

[HINTS :—युद्ध, battle. कुहराम, loud chorus of lamentation वीरवधू, the heroic wife. देशव्यापी, universal वीरकीर्त्ति, heroic exploits. उद्घोषित, trumpeted.]

इस भीषण युद्धमें जापानियोंके साढ़े तीन हजार सिपाहीयोंने प्राण विसर्जन कर दिया है। रुसियोंने भाग कर अपनी प्राणरक्षा की है। उनकी मृत्युसंख्या केवल चार सौ है। आत्मीय-स्वजनके मृत्यु-समाचारसे प्रथम प्रथम जापानियोंके घरों मे कुहराम अवश्य मच गया था, किन्तु तद्पश्चात् वीरवधुओं और वीर माताओंने अपने प्यारे पति तथा पुत्रोंके वीरत्व और गौरव के समाचार को स्मरण कर अश्रु पोछ डाले और देशव्यापी जयध्वनी में योगदान करने को समर्थ हुईं। इस युद्ध मे जापानियो के अनेक सैन्य मारे जानेपर भी उन्होंने जयलाभ की जिससे समग्र जगत् में उनकी असीम वीरकीर्त्ति उद्घोषित हुई है।

EXERCISE 26.

[HINTS :—प्रत्यक्ष करना, to witness. दुःख, miseries. परामर्श करना, to consult आलोचना करना, to study. कृषिप्रधान, mainly agricultural.]

मिष्टर धर्म्मपाल इस देशके कृषकोकी दुरवस्था देख कर बड़े ही व्यथित हुए हैं। किसप्रकार से इन दुर्द्दशाग्रस्तो का दुःख दूर हो सकता है इसके लिये उन्होंने बहुत मनुष्यो से परामर्श किया है। उन्होंने भली भांति समझ लिया है कि कृषको की उन्नति के अतिरिक्त और कोई उपाय उनकी दुर्दशा को दूर करने का नहीं है। इसलिये जापान और अमेरिका जा कर उन्होंने कृषि विद्या का आलोचन किया। भारतवर्ष कृषिप्रधान देश है, इस लिये कृषिकार्य्य में उन्नति कर लेने से बहुत लोगो का दुःख तथा दुर्गति अनेक परिमाण से घट सकती है। इस उन्नति के लिये धर्म्मपाल भारतके नाना स्थानो में घूम कर अर्थसंग्रह करेंगे, उसो अर्थ से स्थान स्थान में कृषिविद्यालय प्रतिष्ठित किये जावेंगे।

EXERCISE 27.

[HINTS :—सद्यःप्रसूत, new-born. यह देखकर, coming to know of it. फुसकारना, to hiss. फन, hood. पञ्जा मारना, to strike with her claws. अपत्य स्नेह, parental affection. साक्षात् यम, death itself. कांप उठना, to be startled. सपेरा, snake-charmer; snake-man. बहा देना, to float.]

मैंने एक बार एक बिल्ली और एक सांपको लड़ते हुये देखा। सांप एक सद्यःप्रसूत बिल्ली के बच्चे को पकड़ने के लिये एक गृह मे प्रविष्ट हुआ। जिस समय वह बच्चे के पास पहुंचा तो बिल्लीने यह देख बच्चे के प्राण बचाने के लिये सांप पर आक्रमण किया। साप एक भयानक फुसकार मार बिल्लीको काटनेके लिये उद्यत हुआ। बिल्ली उसके फनपर बारबार पंजे मारने लगी। सापसे समस्त जन्तु भय करते है परन्तु इस बिल्ली का अपत्यस्नेह कुछ ऐसा प्रबल था कि वह कुछ भी भयभीत नहीं उस साक्षात् यम के साथ युद्ध करने लगी। गृहस्वामी इस व्यापार को देख भय से कांपने लगा और उस में इतना साहस शेष न रहा कि वह साप को मार डाले। निदान वह एक सपेरे को बुला लाया। सपेरे ने आकर सापके सामने एक घड़ा रख दिया जिसमें वह धीरे धीरे घुस गया। इसके पश्चात् सपेरेने उस घड़ेका मुह बन्द कर उसे एक नदी में बहा आया। बिल्ली को उसने एक औषधी खिला दी जिससे वह बच गई।

EXERCISE 28

[HINTS :—मृगयार्थ, went a-hunting, was out hunting. इस प्रान्त का, belonging to that part of the country. झाड़ी bush, thicket व्याघ्र के न लगी, missed him. प्रत्युत्पन्नमतित्व, presence of mind. लगातार, successively. भेदकर, etc., passed through. गर्ज्जन, growl.]

एकबार एक अङ्गरेज युवक मृगयार्थ बाहर निकलकर हजारीबाग विभागके एक वनमें प्रविष्ट हुआ। उसके साथ इस प्रान्तके तीन चार शिकारी थे जिनके पास तीर और धनुके अतिरिक्त और कुछ न था। साहब के निकट दो बन्दूकें और एक पिस्तौल थी। वनके भीतर कुछ दूर जानेके उपरान्त शिकारियोंने साहबसे कहा कि इस स्थानपर व्याघ्र है। इसके सुनते ही साहब सन्तुष्ट हुआ और उनके पीछे पीछे आगे को बढा। शिकारियो ने व्याघ्र को चहुंओर से घेर लिया जिससे व्याघ्र एक झाडी से निकल साहबके सम्मुख आ खडा हुआ। साहबने तुरन्त ही गोली चलाई परन्तु वह व्याघ्रको नही लगी। व्याघ्र क्रोधसे आग बबूला हो गया और एक छलाग मार कर साहब पर जा पडा। साहबने भी प्रत्युत्पन्नमतिलके साथ लगातार तीन गोलियां चलाईं। जो व्याघ्र का पेट और गला छेद कर निकल गईं। इससे व्याघ्र गर्जन करता हुआ झाडीके भीतर घुस गया। पाव घटेके उपरान्त शिकारियोंने देखा कि व्याघ्र मरा पडा है। यह व्याघ्र अति बृहत् था लगभग सात आठ फिट लम्बा होगा।

CHAPTER II.

GENERAL REMARKS ON TRANSLATION.

SECTION I.

Number.

1. In translating certain *material*, *abstract* and *collective* nouns, particular attention should be paid to their *number* and care should be taken that the number of the verb *agrees* with that of the nominative. Thus,

बहुत अनिष्ट, *much mischief*, (not *many mischiefs*).

बहुत मैला जमता है, *Much filth* accumulates (not *filths*).

यह समस्त भोजन सामग्री, these articles of food (not, *these foods*).

अङ्गरेजी और संस्कृत कविता, English and Sanskrit poetry (not *poetries*).

भारतवर्षमें प्राकृतिक दृश्यावली अति मनोहर है, The natural scenery of India is very romantic (not, *sceneries)*.

मैंने उसे बहुतसी अच्छी सलाहें दी हैं, I have given him much good *advice* (not *many advices*).

अधिकांश अङ्गरेज विदेशियों पर सदय हैं, The generality of Englishmen are kind to foreigners.

N. B.—In translating the following exercises, the number of abstract and material nouns and the number of verbs to collective nouns should be carefully attended to.

EXERCISE 29.

Translate :—

[HINTS.—आज्ञा दी है, use the phrase to *give orders*. कहला भेजा, to send word. अवस्था, circumstances. उपाय नहीं है, there is no help for it सामान्य नौकरी, an appointment of small value. स्वीकार करना, to accept देख भाल to look after. दशा चिरकाल एकसी नहीं रहती, one cannot expect to be well off through life]

उन्होंने इस कार्य्यके करनेकी आज्ञा दी है। उन्होंने कहला भेजा है कि यह कार्य्य एक ही मनुष्य को सौंपा जायेगा। इससे कार्य्यके समाप्त होने में विलम्ब अवश्य होगा परन्तु कोई उपाय नहीं है। उनकी अवस्था (दशा) अब अच्छी नहीं है; अपना व्ययवहन करनेके हेतु उन्हे अब सामान्य नौकरी तक स्वीकार करनी पडी है। अब उसको ग्रीष्मकालमें सन्ध्याके समय वायु सेवन करनेका अवकाश नहीं है। कारण उन्हें इस समय गृहके कार्य्यों की देखभाल करनी पडती है। किसीकी दशा चिरकाल एकसी नहीं रहती। पूर्व वह रात्रि को पूरियां खाया करते परन्तु अब दरिद्रताके कारण सूखी रोटी पर ही उन्हें दिनपात करना पडता है।

EXERCISE 30.

Translate :—

[HINTS —लौट आनेपर, on his return. बहुत बातें, a long conversation. आचार-व्यवहार, life and manners पक्षपाती, partial खाना, food ; खाद्य द्रव्य, articles of food (kinds of food). यह आपकी भूल है, it is a mistake to think so, you are mistaken. केवल, only purely. पुष्टिकर शक्ति, nutrition. आदर करना, to prize, to like]

उमेश बाबूकी विलायतसे लौट आनेपर उनसे मुझसे बहुत बातें हुईं। मैंने देखा कि वह अंगरेजी आचार-व्यवहारके अत्यन्त पक्षपाती बन गये हैं। आहारके सम्बन्धमें जब बातें छिड़ी तो उन्होंने कहा कि जितने खाद्यद्रव्य हैं उनमें मांस ही उत्कृष्ट और तरकारी निकृष्ट है। बङ्गालियों के दौर्बल्य का कारण यह ही है कि वह तरकारी अधिक खाते हैं और मांसका सेवन कभी कभी कर लेते है। मैंने उत्तरमें कहा कि महाशय यह आपकी भूल है, केवल तरकारी खाना जैसे अपकारक है वैसे ही केवल मांसका सेवन करना मन्द है। देखिये युक्त प्रदेश के अधिकांश मनुष्य मांस नहीं खाते परन्तु देखिये वह कैसे बलिष्ठ हैं। आपकी एक और भूल यह है कि आप चावल में कोई पुष्टिकर शक्ति नहीं समझते किन्तु आप भली भांति समझ लें कि यदि इङ्गलैण्ड में प्रचुर परिमाण से चावल उत्पन्न होता तो सब ही अङ्गरेज चावलका आदर करते।

EXERCISE 31.

Translate :—

[HINTS :—इस बातका जवाब, omit उत्तर स्वच्छन्दसे रहना, to live comfortably. कक्षा को सुसज्जित करना, to furnish a room. अङ्गरेजों का अनुकरण कर, following the example of Englishmen (in imitation of Englishmen)

भारतवर्ष में अति सुन्दर प्राकृतिक दृश्य यथा, नद, नदी, पर्वत, वृक्ष लतादि देखनेमें आते हैं ; अच्छा महाशय ! यह तो बतलाइये कि विलायत में क्या इससे भी उत्कृष्ट दृश्य है ? इस बात का कुछ उत्तर न देकर उन्होंने कहा कि मैं भारतवर्ष को किसी अंश में निकृष्ट नहीं बताता किन्तु इस देशके मनुष्य स्वच्छन्दताके सहित नहीं रह जानते। वे लोग जो कुछ उपार्जन करते हैं उसके आधेसे अधिक अलङ्कारादिमें व्यय कर देते हैं किन्तु नानाविध वस्तुओं से अपनी कक्षाओं को सुसज्जित करना नहीं चाहते। वर्तमान कालमें अङ्गरेजों का अनुकरण कर इस विषयमें कुछ उन्नति हुई है।

EXERCISE 32.

Translate :—

[HINTS :—फसल, crops तथ्य, information. प्रधान खाद्य, staple food. बाढ़, inundation. अनिष्ट, mischief, damage. इसका अन्त नहीं, there is no end of घर ग्वाला, family-milkman]

(*a*) इस देश में प्रत्येक वर्ष किस फसल में किस परिमाणसे शस्य उत्पन्न होता है, सरकार उसका तथ्य संग्रह करती है ! बङ्गदेश में समस्त शस्य में धान ही सर्वप्रधान है। चावल ही बङ्गवासियोंका प्रधान खाद्य है। बङ्गालके नाना स्थानों में आंधी और बाढ़ने धान्यका जो अनिष्ट किया है, उसका कुछ ठिकाना (अन्त) नहीं है। सरकारने इस लिये अत्यन्त क्षोभ प्रकाश किया है।

(*b*) कलकत्तेके बड़े बाजार में घी, चीनी, मैदा और वस्त्र ; पोस्ते में आलू, परवल, गोभी और कुम्हड़ा ; नये बाजार में नाना प्रकारकी मछलिया और फलादि और बेलियाघट्टे मे चावल और कमला नीबू बिकता है। चारो ओर चार मनुष्य भेज दो, दो घण्टोंमें सब वस्तुयें आ जायंगी। नकद रुपयेसे चीज़ खरीदोगे, इसमें चिन्ता क्या है ? दही, दूध, चीर घरका ग्वाला दे जावेगा।

EXERCISE 33.

Translate :—

[HINTS :—साधारण, the public. नौकरी करना, to be in service. सभा समिति, public meetings. दोषगुण विचार करना, to criticise, अधिकांश सुशिक्षित आदमी, the generality of educated men बन्धुत्व सूत्र, bonds of friendship आबद्ध, united. कृषक सम्प्रदाय, the peasantry. हस्तक्षेप करना, to interfere एकमत, unanimous]

उस दिन राजकृष्ण बाबूके घर एक सभा हुई थी। सभामें नवीन बाबूने उठकर कहा,—"साधारण लोग जानते हैं कि इस सभाका उद्देश्य क्या है। सरकारने हालमें एक नियम किया है, कि जो लोग सरकारी नौकरी करते है,

वे हाकिमोंकी अनुमति बिना लिये सवादपत्र अथवा सभा-समितिमें सरकारके किसी दोष गुणका विचार न कर सकेंगे।" हमारे देशके अधिकाश सुशिक्षित लोग सरकारी नौकरी किया करते है। मानवजाति पहले की अपेक्षा अब अनेक परिमाणसे बन्धुत्वसूत्रमे परस्पर आवद्ध है। कृषक सम्प्रदाय अब अन्नके अभावसे हाहाकार करता है। कमिटीका मत यह है, कि इस विषय मे हस्तक्षेप करना उचित नहीं। अपराधीके दोषपर जूरी एकमत नही हो सके।

SECTION II.

Case.

2. The nominative in Hindi is sometimes translated by the objective : Thus,

मेरी नौकरी जाती रही, I have lost my *appointment.*

मेरा ऋजुपाठ खो गया है, I have lost my copy of *Rijupatha* (or my copy of *Rijupatha* is missing).

इससे तुम्हारा अनिष्ट न होगा, It will do you no *harm.*

3. Nouns ending in—ए, &c. may be translated—

(*a*) By the Nominative Case.

मनुष्य इस प्रकारका चावल नहीं खा सकता, We (*lit.* man) cannot eat this sort of rice (Idiomatically) : This sort of rice is food for *animals*, not for *men.*

उनके भय से बाघ और छाग एक घाट पर पानी पीते हैं, The tiger and the sheep (*lit* the cow) live in the same fold for fear of him.

चोर सब चुरा ले गया है, The thief has carried away everything.

एक चण्डाल भी ऐसा कार्य्य नही करेगा, Even a *pariah* would not do such a mean thing.

सांपने एक स्त्रीको काट खाया, A snake has bit a woman.

(*a*) By the Nominative.

एक गाय सब उद्भिद्‌ (पेड) खा गई है, A *cow* has eaten up all the plants.

यह फल पची नहीं खाते, *Birds* do not eat this fruit.

इस छुरीसे पेन्सिल नहीं काटी जाती, This *knife* won't cut a pencil.

(*b*) By prepositions.

उसके कपडे की पोटलीमें क्या है? What is there *in* his bundle of clothes?

इस घड़ीमें क्या बजा है? What is the time *by* this clock?

तुममें और पशु में सम्भव है किञ्चित् ही भेद ही, There is hardly any difference *between* you and a beast.

क्या इस भूमि पर पाटल (गुलाब) का पेड लगेगा, or क्या इस मिट्टीमें गुलाब का पेड लगेगा? Will roses grow *in* this soil.?

उस में कुछ न उगेगा, Nothing will grow *in* it.

(*c*) By adverbs.

मैं इतनी ऊंचाईपर चढ न सकूंगा, I cannot climb so *high*.

3. Nouns ending in आ, etc.

(*a*) By Nominatives.

कीडोंने सब पत्ते खा डाले हैं, *Worms* have eaten up all the leaves.

लताने फूलके पेडोंकों अनिष्ट पहुंचाया है, The *creepers* have injured (choked up) the flowerplant.

केवल बातोंसे काम न चलेगा, Mere *talk* is of no use.

(*b*) By Objectives.

मुझे दो, Give it to *me*; Let me have it.

मैंने तुमसे क्या कहा? What did I tell *you*?

(*c*) By Prepositions.

एक दिनका पथ, a *day's* journey.

एक घण्टेका भाडा, an *hour's* fare, or fare *for* an hour.

छः महीनेका समय, at six *months'* sight.

बलाओंसे अलग, out of *harm's* way.

(*c*) By Nouns used as Adjectives.

आज मैं पथका भिखारी हूं, Now I am a *street*-beggar.

दांतकी पीडा, *tooth*-ache.

भोजन-गृह, *refreshment*-room.

पत्थरका खम्भा, *stone* pillar.

स्कूलकी पाठ्य पुस्तक, a *school* book, (a text-book *for* schools.)

चरागाह, pasture-grounds.

गायका दूध, cow-milk.

लोहेका सन्दूक, an iron-safe.

वृष्टिका जल, rain-water.

समुद्रका पानी, sea-water ; नलका पानी, filtered water.

(*d*) By pure Adjectives.

कार्य्यकी वस्तु, a *useful* thing ; कार्य्य का मनुष्य, *business-like* man, a *practical* man.

(*e*) By the Nominative Case.

मेरे निकट यह पुस्तक है, *I* have got this book.

उसकी निद्रा भङ्ग हुई, *He* awoke (rose from bed.)

मुझे क्या करना उचित है ? What should *I* do ?

अब मेरा क्या कर्त्तव्य है ? What am *I* to do now ?

आपको विवाह करना चाहिये, *You* ought to marry.

उसको प्राणदण्ड हुआ, *He* was sentenced to death.

उसका शिरश्छेद हुआ, *He* was beheaded.

तुम्हें विलम्ब हुआ है, *You* are late

मुझपर उनका बड़ा क्रोध है, or वह मुझ से अत्यन्त क्रोधित है, *He* is very angry with me.

वह पीड़ित है, *He* is ill ; वह मर गया, He is dead

मेरी माता की मृत्यु सन १८७० ई० में हुई, My *mother* died in 1870

उनसे मेरी बोलचाल नहीं है, *I* am not on speaking terms with him

उससे मेरी मित्रता है, *I* am on friendly terms with him

मुझे उसकी दया आयी, *I* felt pity for him, *I* took pity on him.

तुम्हारी छड़ी देख उसे लेनेकी मुझे इच्छा होती है, *I* feel tempted to take your walking-stick

मैं भयभीत हो रहा हूं, मुझे भय मालूम हो रहा है, *I* am afraid.

मोचीके घर भोजन करनेकी तुम्हारी प्रवृत्ति होती है ? Do *you* feel inclined to dine with a shoe maker ?

उसके हृदयमें दया लेशमात्र नहीं है, *He* has not a spark of humanity in him.

मुझे प्रत्येक प्रकारके खाद्यद्रव्यसे अरुचि हो गई है, *I* have a loathing for every kind of food.

मुझे परीक्षामें उत्तीर्ण होनेकी आशा है, *I* have hopes of passing the examination ; तुम्हें नौकरी मिलनेकी सम्भावना है, *You* have a chance of getting the appointment.

मैं सोचता हूं, *I* think (or, It seems to me.)

वह यहां आज आनेवाला है, *He* is to come here to-day

वह यहां कल आनेवाला था, *He* was to come here yesterday.

(*f*) By the Objective Case,

उन्होंने मेरी निन्दा की है, He has maligned (slandered) *me*.

हिन्दूलोग देशीय खृष्टानोंको पहले बहुत सताते थे, Formerly the Hindus used to persecute native *Christians* or native *converts*.

उल्लिखित जमींदार प्रजापर बहुत अत्याचार करता है, The aforesaid zemindar oppresses his *tenants* (don't say—*subjects*)

उसको मत जगाना, Don't wake *him*.

मैं तुम्हारी युक्तिका खण्डन कर सकता हूं, I can refute your *arguments*

मैंने उसका हाथ पकडा, I caught *him* by the hand.

उसने बिल्ली की पूंछ पकडी और उसको घसीटता हुआ ले गया, He caught the *cat* by the tail and dragged it along.

मैंने जलमग्न शिशुके केश पकड कर उसको तीर पर खींच लिया, I caught the drowning *child* by the hair and dragged it to the bank or land.

उसको कान पकड कर ले आओ, Pull *him* by the ears. [But, उसके कान खींचो, pull his ears.]

उसे मेरे सौ रुपये देना हैं, He owes *me* Rs. 100

मुझे तुम्हारा एक पैसा भी नहीं देना है, or मुझपर तुम्हारा एक पैसा भी नही है, I do not owe *you* a pice (or, anything)

डाक्तर बडे कष्टसे उसे होशमें लाये, or डाक्तरने अति कष्ट से उसे चैतन्य किया, The doctor restored *him* to consciousness with great difficulty.

7. The Objective Case in Hindi is sometimes translated

By the Nominative ;—

वह सुन्दर दिखाई देता है, *He* looks well (handsome).

मैं कैसा दिखाई देता हूं ? How do *I* look ?

वह मतवाला जान पडता था, *He* seemed drunk.

अब मुझे क्या करना पडेगा ? What am *I* to do now ?

इस प्रतिज्ञापत्रपर आपको स्वाक्षर करना होगा, *You* will have to sign this declaration.

इस अल्प अवस्था में ही उसे स्कूल छोड़ना पड़ा है, *He* was obliged to leave school when only a boy.

तुम्हें स्कूलके नियमोंको मानना चाहिये, *You* must conform to the rules of the school.

इस बातको सबही स्वीकार करेंगे, This *everybody* must admit

तुमको दस रुपये दण्ड देना पड़ेगा, *You* must pay a fine of Rs 10.

8. Sometimes the Nominative is omitted in Hindi.

The Sentence is then translated by the Passive Voice.

इसे पारलियामेण्ट कहते हैं, It is *called* the Parliament.

9. Sometimes the Objective is omitted.

In translation the object must be supplied .—

यह इसी प्रकार उबाला जाता है, It is *boiled* in this way.

क्या इस समय चारा लगाने से मछलियां फंसेंगी ? Will the fish take the *bāit* now ? (or, rise to the bait ?)

तुम इस समय खाओगे ? Would you now have your *breakfast* (dinner etc) ?

यह है उन्होंकी चिट्ठी, पढ़ो तो इसे, Here is the letter from him, just read *it*

मेरी दुकान पर अच्छी अच्छी देशी धोतिया है, क्या महाशय कोई लेंगे ? I have got excellent country-made dhoties in my shop. Will you take *any*, sir ?

10. The Possessive of Verbal Nouns translated.

(*a*) By a Noun or Gerund used as an adjective —

सवारीका घोड़ा, a saddle-horse.

शयनागार, a bed-room ? पढने लिखनेका कमरा, a study-room, the study ; कसाईखाना, a slaughter-house ; खेलनेका मैदान, play-ground.

खाने का समय, dinner time ; फसल काटने का समय, harvest time.

(*b*) By a Verbal Noun used as an adjective :—

लिखने की डेस्क, a *writing* desk ; गिरजा जानेका घण्टा. *church-going* bell. पीनेका पानी, *drinking* water ; किनारे उतरने का स्थान, *landing* place.

प्रवास करनेका कपडा, a *travelling* suit ; बीज बोनेका समय, *sowing* season. चढनेका घोडा, a *riding* horse.

(*c*) By the infinitive :—

उन्होंने मुझे घर जानेकी अनुमति दी, He gave me permission *to go* home.

अब नावपर घूमनेका समय है, Now is the time *to take* a trip by boat.

मुझे शिर रखने की स्थान नहीं है, I have no place where *to lay* my head.

मुझे इस विषयमें कुछ कहना नही है, I have nothing *to say* on this subject.

(*d*) By a Preposition and a Verbal Noun :—

वह एक अनाथालय खोलने के निमित्त अर्थसंग्रह कर रहे हैं, He is collecting subscriptions *for opening* an orphanage.

संस्कृत पढ़नेमें उत्साह दिखाने के लिये, for the purpose *of giving* encouragement to the study of Sanskrit.

लिखनेका समय, पढनेका समय, जानेका समय, etc. may also be translated by an adverbial clause (or, phrase) of time : Thus,

मकान जाते समय, *At the time* of going home.

When I was going home.

On my way home.

लिखते समय, *At the time* of writing, *when writing*.

11. The Possessive and a Noun may also be translated by a single word

आसू, tears ; बैलगाड़ी, a cart (sometimes, a bullock-cart). सन्ध्या-समय, evening.

12. The Possessive translated by various Prepositions.

For :—

मेरा एक काम करो, Do one thing *for* me.

मेरा खोज न करना, Make no search *for* me.

मैंने जून महीने का वेतन पाया है, I have got my salary *for* June.

यह चुंगीका द्वितीय त्रैमासिक टैक्स है, This is the amount of municipal tax *for* the 2nd quarter.

उन्होंने मेरे विद्या उपार्जन की व्यवस्था की, He made arrangements *for* my education.

इस अनिष्ट का प्रतिकार नहीं है, There is no remedy *for* the evil.

कपूर अनेक रोगोंकी औषधी है, Camphor is a medicine *for* several diseases.

To :—

मैंने अन्तिम पत्रका उत्तर अभीतक नहीं पाया, I have not yet received a reply *to* my last letter.

यह गवरनर जनरलके प्राइवेट सिकत्तर हैं, He is private secretary *to* the Governor-General.

यह घर मेरी इच्छाके अनुसार नहीं or वा मनके अनुसार नहीं है, The house is not *to* my liking.

उसका अवश्य कुछ अमङ्गल हुआ है, Something wrong must have happened *to* him..

आपकी इसमें बडी सुविधा है, It is a great advantage *to* you.

यह मेरे सम्पर्क के भाई हैं, This man is cousin *to* me.

मेरा भाग हरिके भागके समान है, My share is equal *to* Hari's.

हवडेके कुछ पूर्व, A little *to* the east of Howrah.

इङ्गलैण्ड स्कौटलैण्डके दक्षिण है, England is *to* the south of Scotland.

मैं पढ़ूं अथवा न पढ़ूं इस मे तुम्हारा क्या ? I may or may not read; what is that to you.

With :—

हमारी यह रीति नहीं है, This is not the custom *with* us.

वह जिलेके हाकिमोंके बडे प्रिय है, He is in great favour *with* the district authorities.

तुम्हें क्या हो गया है ? What is the matter *with* you ?

मुझे तो कुछ भी नही हुआ है, Nothing is the matter *with* me.

रातको मुझे चावल बरदाश्त नहीं होता, Rice at night does not agree *with* my stomach.

विद्याहीन मनुष्य पशुके समान है, The illiterate are on a level *with* brutes.

By :—

विद्यासागरका (बनाया) "भ्रान्तिविलास"—"The Comedy of Errors" *by* Vidya-sagara.

कोपरनिकसकी (निकाली हुई) प्रणाली, 'The system discovered *by* Copernicus.

सबकी आदृत तथा प्रशंसित पुस्तक, The book is liked and spoken well of *by* everybody.

Of or About :—

उन्होंने इस बातका उल्लेख नही किया, He has made no mention *of* it.

मैंने निउमेन कम्पनीकी दुकानसे यह नकशा खरीदा है, or मैंने इस मान-चित्रको निउमेन कम्पनी की दुकान से मोल लिया है, I bought this map *of* Newman & Co. Or, I bought this map *at* Newman & Co's

मैं शास्त्र कुछ भी नही जानता, or मैं शास्त्र सम्बन्ध मे कुछ नहीं जानता, I know nothing *about* the *shastras*.

Against, Across, On account of, &c —

वह सुरापानके बड़े विरोधी हैं, He is dead *against* drinking.

कामकी अधिकताके कारण, *for* press of business; पीडाके कारण, विलम्बके कारण, *in consequence of* delay; धर्म के लिये, *for the sake of* religion; तुम्हारे लिये, *for* your *sake*.

13 Possessives translated idiomatically

अङ्गूर मीठे हैं तो लोमडी को क्या, कोउ नृप होइ हमहिं का हानी, What is it *to* a crow if the *bael* is ripe? What is it *to* the fox if the grapes are sweet?'

अरे यह क्या कोलाहल है? I say, what is the noise *about*?

ज्वर मेरा क्या कर लेगा? I am proof *against* fever.

दीमक इसका कुछ नुकसान न कर सकेगी, White ants will not do it any damage.

यह कैसी बात है!, Strange words these;

मेरा घर हवड़ेमें है, I belong to Howrah, I live at Howrah.

वह पुलिस का मनुष्य है (वह पुलिस विभाग का मनुष्य है), He belongs to the police.

यह पत्र किसका है ? *Whom* is this letter *for* ? (or, *from*.)

मुझे इसका ज्ञान है अथवा नहीं तुम्हें क्या ? I may or may not know it, but what is that to you ?

मैं किस कारण चुप रहूं, क्या वह कहीं के लाट हैं ? Why shall I hold my tongue (or, hold my peace) ? Who is he to me ?

ठहरो, प्रथम जो कुछ मुझे कहना है वह मैं कह दूं उसके बाद जो कुछ तुम कहना चाहो कहना, Wait a moment, let me finish what I have got to say and then you can say what you wish.

जो वस्तु तुम्हारी न हो उसे स्पर्श न करो, Don't you touch what is not your own.

किलबी साहबसे मेरी बड़ी मित्रता है, Mr. Kilby and myself are fast friends.

रोगी अब बहुत अच्छा है, The patient is far better now.

14 Other Nouns ending in में, &c,—translated.

(*a*) By 'in' or 'at' ;

भारतवर्षमें कई जगह कोयलेकी खान है, There are coal mines *in* several parts of India.

गन्धक गर्मीसे पिघल जाता है, Sulphur melts *in* heat.

बास पानीमें रखने से पायदार हो जाता है, Bamboos become more durable by being kept steeped *in* water.

कांच अति अल्प आघातसे टूट जाता है, Glass breaks *at* the gentlest stroke.

अपनी इस अवस्था में मैं और कितना कार्य करूंगा ? How much more shall I work *at* this time of life ?

मुझे मालूम होता है कि अन्तिम दशामें मुझे बहुत कष्ट होगा, *In* the last days of my life, I find I must suffer a great deal.

शान्ति से रहना मेरे भाग्य में नहीं लिखा, I am not destined to live *in* peace.

[लडकोंका दुःख और सुख क्षणस्थायी है, The joys and griefs of children are momentary.]

नारियल का वृक्ष आठ दस वर्ष में फलता है or नारियल ८।१० सालमें फलता है, The cocoanut tree bears fruit *in* 8 or 10 years.

प्रथम हमको यह देखना उचित है, *In* the first place we should see this.

इस पर वह बोलि, *At* (*on*) this, he said.

अपनी बारी, *In* his own case (when his own interest is concerned).

साप पांच हाथ लम्बा है, The snake is 5 cubits *in* length.

मैंने उनके सामने कुछ नहीं कहा, I said nothing *in* his presence.

उनके पीछे, *In* his absence, behind his back.

महाराज। दुर्मुख द्वारपर खडा है, May it please your Majesty, Durmukh is waiting *at* the gate.

वह तीसरापहर अपने मित्रोंमें (बैठ कर) बिताते थे, He would pass the afternoon *in* the company of friends.

भिखारीके वेशमें मैं देश देश घूमूंगा, *In* the garb of a beggar I shall go from place to place.

स्वदेश में सम्मान, विदेशमें यश, Honour *at* home, fame abroad.

कुछ देरतक धूपमें भुनकर मैं, &c, &c, After staying a while, *in* the burning sun &c.

मैं कायमनोवाक्यसे निरन्तर यही प्रार्थना करता हूं, I sincerely (*lit*; in body, mind and speech) pray for this at all times.

मैंने अपने पूर्वजन्ममें बडी तपस्या की थी, I had long practised austerities *in* a previous birth (previous state of existence).

स्वदेशके हितसाधनमें तुम मेरे प्रधान सहायक हो, You are my right-hand man *in* the work of promoting the welfare of our country.

मुझे असमय क्यों बुलाया है ? Why have you sent for me *at* such an odd time (*at* an unusual hour) ?

मैं कठिन विपत्तिमें पडा हूं, I am in great danger or difficulty.

वह अंगरेजी भाषा बोल तो लेते हैं परन्तु लिख नहीं सकते, He can speak but he cannot write English.

कैसी बुरी घडीमें मै घरसे बाहर निकला हूं, *In* an evil hour I must have stepped out of home (left home).

सवेरे वह फिर लडकेकी खोजमें बाहर निकले, *In* the morning he again went out *in* search of his boy.

इस सुयोगमें, *at* this opportunity ; ऊपरी भाग, *at* the top of (*on* the surface of).

(*b*) On :—

राहमे गोपालसे भेंट हुई, *On* the way I met Gopal.

पृथ्वी में जिस ओर देखता हूं, *On* whichever side of the world I look.

उसके रंगरूप और ढंग को देख कर मेरे अन्तःकरण मे सन्देह उपस्थित हुआ, *On* looking at his appearance and demeanour, grave suspicions were excited in my mind.

इस विषयमें मुझे कुछ कहना है, I have got something to say *on* this subject.

इस बात के सुनते ही मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि मानो मेरे सिर पर वज्राघात हुआ, *On* hearing this, I felt as if I was struck *on* the head by a thunder-bolt.

एक ओर, *On* the one hand, पश्चान्तरमें, *On* the other hand.

(*c*) By, 'By means of' :—

कलमें कागज तैयार होता है, Paper is made *by means of* machines (in mills).

बारूदसे एक समयमें सहस्र सहस्र जीवोंका प्राण-संहार होता है, Thousands of lives are being destroyed at once *by means of* gunpowder

इतिहास में यह लोग लिबरल लिखे जाते हैं, In history they go *by* the name of Liberals.

बुद्धि और परिश्रमके बलसे वह बड़े आदमी हुए, He became a great man *by dint of* intelligence and industry.

लड़कोंको सुशिक्षित करना मेरा सर्व्वतोभावसे कर्त्तव्य है, I should, *by all means*, give my sons a good education.

जड़से उखाड़ डालना, to tear up *by* the roots.

छल-बलसे या कौशलसे, *by* force or *by* trick, (*by* hook or *by* crook).

(*d*) With :—

इससे अनेक औषधियां बनती हैं, Several medicines are prepared with it.

नारियलके वृक्षका शिरोभाग पल्लव, फल और पुष्पसे आकीर्ण है, The top (or, crown) of the cocoanut tree is loaded *with* leaves, flowers and fruits.

सभ्यताके साथ साथ कितनी ही नई सामग्रियों की सृष्टि हुई है, Many new things have come into existence *with* civilization.

रावण सवंश ध्वंस हुआ, Ravan was destroyed *with* his whole family.

मै बिना किसी प्रकारके पसोपेशके तुम्हारी प्रार्थना मान्य करूंगा, I shall *without* the least hesitation, comply *with* your request

बड़े ध्यान से सुनो, Listen *with* close attention.

तुम्हारी सहायतासे मेरी कार्य्य-सिद्धि हुई है, I have succeeded *with* your help.

रुपयेसे क्या नहीं होता ? What is not possible *with* money ?

वह शोक में निमग्न है, or वह शोकसे अभिभूत हुए हैं, He is overwhelmed *with* grief.

मैंने अपनी आँखों से देखा है, I have seen it *with* my own eyes.

आँसू से उसके वस्त्र भीग गये, His clothes were wet *with* tears.

(e) From :—

वे फूलों पर घूम घूम कर मधु बटोरते हैं, They gather honey by going *from* flower to flower.

लक्ष्मण से यह सब बातें सुनकर, Hearing these things *from* Lakshman.

(f) For, For the purpose of :—

अर्थोपार्जनके वास्ते ही तो उन लोगोंने अङ्गरेजी पढ़ी है, It is only *for the purpose of* earning money that they learnt English.

लोकापवादसे उन्होंने अवज्ञा प्रदर्शन नहीं की, He did not show contempt *for* popular censure.

इस सामान्य अपराधके लिये उसे कारावास हो गया, He was sentenced to imprisonment *for* this trivial offence.

(g) To, into :—

आप उठिये और दूसरी कक्षा में चलिये, Please get up and come *into* another room.

भारतवर्षके उत्तर, To the north or *on* the north of India.

तुम उस बातपर कान न धरना, Pay no heed *to* that matter or thing.

यदि मैं दरिद्र न होता तो मैं लोभमें न पड़ता, I should not give way *to* temptations, if I were not poor.

उसके भाग्यमें यदि इतना सुख न होता, If so much happiness had not been allotted *to* him by providence. If it did not fall *to* his lot to be so happy.

15 The following are especial cases of nouns ending in—से, &c, which should be carefully remembered.—

लिये, अनुरोधसे, &c.—

For the sake of, at the request of :—

प्रजा की परितुष्टिके हेतु रामचन्द्र जीने सीताजीको वनमें भेजा था, Ram exiled his wife Sita *for the sake of* pleasing his subjects.

न्याय के लिये मुझे तुमको दण्ड देना पडता है, I am obliged to punish you *for the sake of* justice.

वह एक बालकको उसकी माताके अनुरोधसे क ख सिखाता था, He was teaching a boy the alphabet *at the request of* his mother.

सम्बन्धमें, विषयमें, &c.—

On, about, concerning &c :—

इस विषयमें नाना मुनियोंके नाना मत हैं, There are various opinions *on* this subject Learned men are divided *on* this question.

इस सम्बन्धमें उन्होंने कोई बात नहीं कही, He was silent *on* this question.

पहली बातके सम्बन्धमें कोई युक्तिप्रदर्शन करनेकी आवश्यकता नही है, *With regard to* the first question, no arguments need be put forward.

वाणिज्य सम्बन्धमें ऐसे प्रतिबन्ध रहना उचित नही है, Such restrictions *on* trade ought not to exist.

लिये, ओर, पक्षमें, &c.—

For, on behalf of &c. :—

अङ्गरेजोंकी ओर नेलसन थे, Nelson was *on the side of* the English

मिष्टर ऐलन अपराधी की ओर से काउनसेल थे, Mr. Allen was counsel *for* the defence.

दोनों ओरसे बहुत सी बातें कही जा सकतीं हैं, Much may be said *on both side* of the question.

यह नजीर अपराधीके पक्ष में अनुकूल है, This precedent (ruling) is *in favour of* the accused.

विदेशीय जहाज़से माल आनेके लिये भी बहुत से प्रतिबन्ध थे, There were many restrictions *on (in regard to)* the import of goods by (or, in) foreign vessels.

एक पक्षमे, On the one hand ; पक्षान्तरमें, On the other hand.

बदले :—

Instead of, in place of, in exchange for :—

हमलोग सोनेके बदले तांबा लेते हैं, We take copper *in exchange for* gold.

मैं रुपये न दे सकूंगा, रुपयेके बदले धान दूंगा, I shall not be able to pay you money, but, *in lieu of* it shall give you paddy.

मैं इन दो कोठरियोंके बदले दश बिसवे भूमि छोड देता हूं, I am giving up (parting with) ten biswas of land *for* (or, *in exchange for*) these two rooms.

ओर :—

Towards, in the direction of &c. :—

घरकी ओर, *Towards* home (home-wards) ; कलकत्तेकी ओर, *Towards* Calcutta ; इस ओर आओ, Come *this way*, come to me ; किस ओर जाओगे ? *which way* would you go ?

से :—

From, to, of, by :—

मैंने ब्रजलालसे यह बात सुनी थी, I heard this *from* Brojolal.

यह बात किसीसे न कहना, Do not tell this to any one.

आपसे यह भिचा मांगता हूं, I beg this boon *from* you, I ask this favour *of* you.

मेरे पास आओ, मेरे पास बैठो, Come *to* me, Sit *by* me.

मेरे पास इस समय रुपया नही है, I have no money now (*with* me, or *in my pocket*).

में :—

[PLACE :]

In, within, among :—

इस समाचारसे देशमें एक हलचल मच गयी, There was a great sensation *in* the country at this news.

हममें ऐसा कोई नहीं है, जो एक समयमें एक हजार रुपये दान कर सके, There is no one *among* us who can afford to give a donation of a thousand rupees.

ब्राह्मणों में अधिकांश शास्त्राध्ययन नही करते, The great majority *of* the priestly class have given up the study of the *shastras.*

यहा से दोमीलके भीतर बसती नही है, There is no human habitation *within* two miles of this place.

[TIME :]

(*a*) (Point of time) *Before* :—

बुधवारसे पहले, *Before* Wednesday; एक बजेसे पहले, *Before* 1 o'clock; आगामी शीतसे पहले, *Before* next winter; सन्ध्यासे पहले, *Before* evening; १० वीसे पहले, *Before* the 10th instant: प्रभातकाल से पूर्व यह मनुष्य मर जायेगा, The man will die *before* day-break (in the course of the night.)

(*b*) (period of time) *Within, in* :

इस सप्ताहमें, *Within* this week ; एक वर्षमें, *Within* a year. पलकमें *In* the twinkling of an eye , मुहूर्त्तभरमें, *In* a moment.

कुछ समयमें, *Within* (or, *in*) a short time ; दो एक दिनमें, *in* a day or two.

(*c*) Between :—

तीन और चारके बीचमें उनसे भेंट हो सकती है, You may see him *between* 3 and 4 P. M.

इन दोनोंमें फर्क़ क्या है ? What is the difference *between* the two ?

[COMPARISON :]

पर्व्वतोंमें हिमालय और नदीयोंमें गङ्गा श्रेष्ठ हैं, The Himalayas *among* mountains and the Ganges *among* rivers take the highest rank.

आमोंमें लंगड़ा ही उत्कृष्ट है, The *Langras* are the best *of* mangoes.

दोनो भाइयोंमें हरि ही अधिक बुद्धिमान् है, Hari is the more intelligent *of* the two brothers.

(*d*) Idiomatically :

अभीसे आ गये ? You have come *so soon* ?

व्यय सहस्र मुद्रा से न्यून होगा, The expense will be *under* or *below* a thousand rupees.

मुझे बीच बीचमें ज्वर आ जाता है, I have fever *now and then* [or, *off and on*].

नदी-गर्भ सूख गया है, कहीं कहीं पानी है, The bed of the river is dry, there is water *here and there*.

से,—

(*a*) From :—

सोमवारसे शनिवार पर्य्यन्त स्कूल बन्द रहेगा, The school will remain closed *from* Monday to Saturday.

आप कहांसे आते हैं ? Where do you come *from* ?

(*b*) (Point of time) *since* :

१ ली जूनसे एक बूंद भी पानी नहीं बरसा, There has not been a drop of rain *since* the 1st June

मुझे गत शनिवारसे ज्वर नहीं आया, I have not had fever *since* Saturday last [A present or past verb would be incorrect here]

(*c*) Idiomatically.

मैं कहांसे पढ़ूं ? *Where* shall I begin reading ?

जहां से तुम्हारा मन चाहे वहां से पढ़ो, Begin reading *anywhere you* choose

अब से प्रतियोग-परीक्षा न होगी, *Henceforth* there will be no competitive examination.

वह रह रहकर चिल्ला उठता है, *At times* he bursts forth into loud cries.

EXERCISE 34.

Translate —

[HINTS :—आवेदनकारी, petitioner अनपराधित्व, innocence इस पौधे में फूल लगना शुरू हो गया है, This plant has begun to flower. दूतदल, the Mission. मेरा इससे कोई सम्बन्ध न होगा, I shall have nothing to do with it चित लिटाना, to put it on its back इस बातका, of this विपत्ति, misfortune.]

मैं सन्ध्यासे पहले ही लौटूंगा। यहांसे दो कोसतक दूसरा स्कूल नहीं है। बतलाओ कि आवेदनकारीकी निर्दोषिता के सम्बन्धमें कौन कौन कारण दिखाया जा सकता है। क्या इसी बीचमें इस पेडमें फूल भी आ गये ? तुमने किससे यह बात सुनी है ? दूतदल तिब्बतकी ओर चला है। इस विवाहसे मेरा कोई सम्बन्ध

न होगा। बढ़ई मिस्त्री ६ बजेसे काम करता है। मैं एक घण्टेसे तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा हूं। इसे ग्रीनोपाख्य कहते हैं। लड़केको चित्र दिखाओ; मैं इसकी छातीकी परीक्षा करूंगा। तुम्हें बताना ही पड़ेगा, कि कितने अखबारोंका मोल थोड़ा है। उनके पाससे केवल यही पत्र आया है: चिट्ठीमें इस बातका उल्लेख नहीं है। थोड़ी देर बहुत पढ़नेसे तुम अच्छे मालूम होते हो। सम्प्रति हमारे ऊपरसे बड़ी विपत्ति टली है।

EXERCISE 35.

Translate :—

[HINTS :—This sentence may also be translated 'Hari is the most intelligent boy that I know of.' लिखना, writing or style. बाल्यावस्थासे, also 'from a boy.' केदार बाबूका घर, Kedar Babu's. तुम्हारी चिट्ठी, also 'yours.' बेचनेसे, It may sell. चित्र, portrait.]

मैं नहीं कह सकता, कि यह किसकी चिट्ठी है। मैंने हरिकी बुद्धि जैसी विचित्र बुद्धि और किसीकी नहीं देखी। मुझे जान पड़ता है, कि Addison की अपेक्षा Goldsmith का लिखना उत्कृष्ट है। वह बाल्यावस्थासे अन्धे बने रहते थे; इसलिये उन्होंने अपने पिताके अतिरिक्त और किसीका मुंह नहीं देखा। इस छड़ीका मूल्य क्या है? इस चिट्ठीका लिफ़ाफ़ा (cover or envelope) क्या हुआ? मेरे Cowper की व्याख्या देखी है? मैं कल तुम्हारे दफ्तर गया था। मैं अपने दफ्तर तुम्हारे आनेसे अत्यन्त आह्लादित होऊंगा। मैं कल केदार बाबूके दफ्तर जाऊंगा। मैं तुम्हारे दफ्तर कई दिन गया, किन्तु तुम मेरे दफ्तर एक दिन भी नहीं आये। तुम्हारा १५ वीं तारीखका पत्र अभी पाया है। मैंने इससे पहले तुम्हें एक चिट्ठी लिखी थी, उसका उत्तर अबतक नहीं पाया। इस पेड़का आम जैसा मीठा है, वैसा किसी पेड़का नहीं है; मुझे जान पड़ता है, कि बेचनेसे इस एक आमका दाम दो आने होगा। यह किसका चित्र है?

17 Miscellaneous Expressions ending with आ, &c

वह मन ही मनमें सोचने लगा, He thought *within* himself.

मेरे मनमें बड़ी इच्छा थी, I had fondly cherished the *idea.*

(आज) जी भर कर गाना सुना है, I have heard songs *to my hearts content*

राजा इस समय सब तरहकी क्षमता और अधिकार से वञ्चित हुए, The king was now deprived *of* all his powers and privileges.

कार्नवालिसके शासन में, *during the administration* of Lord Cornwallis.

द्वितीय जेम्सके राजत्व में, *during (in) the reign* of James II.

मैं जन्मभर तुम्हारा मुंह न देखूंगा, I will not again see your face *in my life.*

उसने किस लालचसे हत्या की है? *What tempted* him to commit the murder?

कपूर हमारे कई तरहके काममें आता है, camphor is *of use* to us in many ways.

प्रथम परिच्छेदमें यह वर्णन किया गया है, It has been described *in* the first chapter

यह बात सबको खुले मनसे स्वीकार करना पड़ेगी, It must be *freely* admitted on all hands.

मातृचरणमें मेरा कोटि कोटि प्रणाम कहना, Convey to mother a million salutations *at* her feet.

मैं उसके सुखसे सुखी हूं, I feel happy *in* his happiness.

गांव के लोग खेतों और घाटों में तलाश करने लगे, The villagers *searched the fields* and *ghats* (*i e.*, all places).

पत्रके सिरनामेमें मेरा ही नाम है, The letter is *addressed* to me.

मैं इसको देख न सकूंगा, I shall not be able *to bear the sight.*

सब सुखोंकी जलाञ्जलि देकर, sacrificing all his happiness.

पहले नगरवासियोंने यथासाध्य उसे बाधा की, The towns-people first tried to oppose him *with* all their might.

कुछ जगह यह नियम नहीं लगता, *In* particular cases this rule does not apply.

इस स्थलमे यह कहना कर्त्तव्य है, It ought to be mentioned *here*.

घर से एक मील दूर एक शेर आमके कुञ्जमें एक तालाबके किनारे पडा हुआ था, *About* a *mile* from the house, the tiger was lying *in* a mango grove *at* the edge of a tank.

मेरी अवस्थाके मनुष्यके लिये यह काम यथेष्ट है, This is work enough *for* a man of my age

मेरे नाम से यह रुपये जमा कर लो, Put down or enter this amount *to my credit*.

चीजें उधार मोल लेना, to buy things *on credit*.

प्रतिज्ञापत्र (दस्तावेज़) पर रुपया उधार लेना, to borrow money *on a bond*.

इसको मैं सौ रुपयोंसे कममें न बेचूंगा, I would not sell it *for less* than Rs. 100.

नीलाममें बोली बोलना, to bid *at* an auction.

रुपये पर आध आने का लाभ, A profit of half an anna in the rupee.

EXERCISE 36.

Translate.—

[HINTS ;—चाहते हैं, Use *fond* or *fondness*. भार डालना, to leave a thing to the care of another. ऐसे समय, when. काम आये, Use *fall*. निकट, You may use 'of.' यही उनका अपराध है, His offence consisted *in* &c.]

वह अध्ययन करना बहुत चाहते हैं। संसारका भार पुत्रोंपर डाल वह किसी एकान्त स्थानमें चले गये। युद्ध प्राय: समाप्त हो गया था कि, ऐसे समय शत्रुओंके सेनापति कामर्में आये। वह मथुरा निर्विघ्न पहुंचे। मोल लिये गुलामों की तरह वह इन सब मनुष्यों से काम कराया करते थे। उन्होंने अपने भाईसे क्षमा प्रार्थना की। वह धनवान नहीं थे, यही उनका अपराध था। कपूरसे दुर्गन्ध दूर होती है। कीड़ोंके काटनेके डर से कपडोंमें कपूर रखना पड़ता है।

EXERCISE 37.

Translate—

[HINTS :—हद करना, to go to extremes. जादू, magic. मन्त्र, charms and incantations. जहाज़में, on board the vessel. चलाते चलाते, when carrying on. सावधान, take care. विश्वास होना, to be convinced.]

वह सभी काममें हद कर देते हैं। वह जादूगरीमें निपुण थे और उन्होंने मन्त्रबलसे इन सब मनुष्योंको अपने वशमें कर लिया था। जहाजमें जितने लोग थे, वे सब समुद्रमें कूद पडे। किसी प्रकारसे इनकी प्राण-रक्षा की गई और इसके उपरान्त वे लोग एक द्वीपमें लाये गये। रोजगार चलाते चलाते वह एक झगडेमें पड गये। वह उन्हें अपने घरमें निमन्त्रण करके लाये। भोरको मैं उनके घरपर जाऊंगा। सावधान! अपनेको विपदमें न डालना। चोरने उसका सर्वस्व अपहरण कर लिया था। कलकत्ते जानेका कब विचार है? मुझे इस मनुष्यकी निर्दोषिताका विश्वास हुआ है। अङ्गरेजोंने अफ़गानोंपर युद्धमें जयलाभ किया है।

EXERCISE 38.

Translat.—

[HINTS :—दिया जलाना, to light lamp, to strike a light. काठासन, a wooden seat. हाथमें देकर, giving it to me or handing

it to me. मेरा ही उपकार होगा, will be felt as a personal obligation.]

सन्ध्या होनेपर उन्होंने गङ्गा-जलसे मुख प्रचालन करके कुछ देरतक ईश्वरका स्मरण किया। इसके उपरान्त दिया जलाया। मैं उनके पास खडा रहा। उन्होंने मेरे मुंहकी ओर देखकर मुझे एक काठासनपर बैठनेका आदेश किया। एक प्रकारकी लेखनीसे एक पत्र लिखकर मेरे हाथमें देकर कहा, "तुम यह पत्र ले जाओ, इससे तुम्हारा अभीष्ट सिद्ध होगा।" मैं चन्द्रालोक में पत्र पढ़कर पुलकित हुआ। पत्र इसतरह आरम्भ किया था, "पत्रवाहक, मेरा परम आत्मीय है, इसका उपकार करना मानो मेरा ही उपकार करना है" इत्यादि।

EXERCISE 39.

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :—दुराशा मात्र, it is idle to expect. कष्ट, hardships बड़ीमें, Use *out of*. अभ्यन्तर प्रदेश, interior. सताना, to persecute. शिक्षा देना, teach one a lesson.]

जान पडता है, वह लोग १० वीं १२ वींको शिमले पहुंचेंगे। अधिक परिश्रमसे अङ्गरेजी पढ़ने और लिखनेकी चेष्टा न करके अङ्गरेजी सीखनेका खयाल करना दुराशा मात्र है। कष्ट सहन करनेका उन्हें अभ्यास है। मेरी घडीमें १२ बजे हैं। साहबने मेरे लोटे से पानी पिया। मद्रास पहुंचकर वह अभ्यन्तर प्रदेशमें चले गये। सन्तानके प्रति माता-पिताका जैसा प्रेम होता है, माता-पिताके प्रति सन्तानका वैसा प्रेम नहीं होता। उसके किरस्तान हो जानेके कारण उसे सताना अन्याय है। तुम वचनके अनुसार काम क्यों नहीं करते? क्या तुम मुझपर बहुत असन्तुष्ट हो? अपने पडोसीका सौभाग्य देख उस पर डाह न करना। मैं उसे अवश्य शिक्षा दूंगा।

EXERCISE 40

Translate (carefully using *prepositions*) .—

[HINTS :—काना, blind of one eye दातव्य औषधालय, a hospital or a charitable dispensary ठीक, exactly. ठिकानेसे, to my address]

मै नही कह सकता, कि तुमने मेरी चिट्ठीका उत्तर देनेमे क्यो विलम्ब किया है। तुमने जो बात कही, उसपर मेरा विश्वास नही होता। ऐसे बडे काममें ५ रुपये का दान आपकी योग्यताके अनुरुप नही है। यह काना है। उन्होंने अपने व्ययसे एक दातव्य औषधालय स्थापित किया है। आकाशका जो स्थान ठीक माथेके ऊपर है, उसे अङ्गरेज़ीमें Zenith कहते हैं। तुम कलकत्तेके पतेसे मुझे पत्र लिखना। मैं रामबाबूके पास छः महीनेसे नौकरी करता हूं।

EXERCISE 41

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :—संसार, the world. स्वार्थशून्य, unselfish, disinterested. विरल, rare आन्दोलन करना, to carry on agitation आगामी शनिवारको, to the following Saturday, to Saturday next. सभा विसर्जन होना, to adjourn. अभियोग, charge]

संसार में स्वार्थशून्य मनुष्य अति विरल है। वह परीक्षामें उपस्थित नही थे। वह परीक्षामें कृतकार्य्य नही हो सके। अकबर शाहने अपने राज्यको कई खडोंमें विभक्त किया था। यह ग्रन्थ बालकोंको कितने ही आवश्यकीय विषय सिखायेगा। कोई कोई कहते है, कि हमें राजनीतिक विषयमे आन्दोलन करना उचित नहीं। इससे हम सहमति नही है। सभामे जाते समय ज्ञानाचरण और उमेश हमारे साथ थे ; मैंने एक विषयका प्रस्ताव किया, उसपर इन लोगोंने सम्मति प्रकाश की। "इस विषयकी मीमांसा आज नहीं पर आगामी शनिवारको होगी" यह कहकर सभा विसर्जन हुई।

मैं जबतक जीवित रहूंगा इस कार्य्यके सम्पादनमे यत्नवान् रहूंगा। यदि अकृतकार्य्य ही हुआ, तौ भी उससे कोई हानि नही है। डाकुओंके हाथमें जो सम्पत्ति पडती है, उसे वे लोग आपसमें बांट लेते हैं। लुटा हुआ मनुष्य अपनी सम्पत्ति जानेसे अत्यन्त चोभ करने लगा। एक मनुष्यके नाम चोरीका अभियोग उपस्थित हुआ था, वह भाग जानेमें कृतकार्य्य हुआ है। सबसे यही बात सुनी जाती है।

EXERCISE 42.

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :—चलना, to go upon. समझकर, in the belief. प्रधान, chief. भ्रमण करते है, to be on tour. एकबार, on one occasion.]

हमलोग जिस नियमपर चलते हैं, वह यह है। मैंने उसे डाकू समझकर मारा है। उन्होंने शत्रुओंपर आक्रमण कर उनके प्रधानको विनष्ट किया। वह अच्छा रोज़गार करते हैं। लाट साहब इस समय उत्तर-पश्चिम की सीमामें भ्रमण करते हैं। पीडाके पन्द्रहवें दिन उन्होंने अन्नाहार किया है। पन्द्रह वर्षकी अवस्थामें वह पितृसिंहासनपर बैठे। छुट्टीके दिन वह केवल खेलता फिरता है। कोठरीके भीतर जाकर देखा, कि कितने ही भले आदमी बैठे है। मैं एक बार घोडेपर चढकर तीस मील घूमा था।

EXERCISE 43.

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :—इस बातको मान कर, on the supposition or assumption. चावलके जहाज़, ships laden with rice सितार बजाना, use the verb *play on*. मत प्रकाश करना, to vote for. बहुत भारी सूद, exorbitant.]

मैं इस बातको मान कर तर्क करता हूं, कि टिकस लगानेकी आवश्यकता है। सीमान्त प्रदेशमें शीघ्र ही युद्ध उपस्थित होगा। बङ्गसागरके किनारे

चावलके कई जहाज़ डूब गये हैं। वह बहुत अच्छा सितार बजा सकते हैं। सभाके अधिकांश मनुष्योंने उन्हींके पक्षमें मत प्रकाश किया था। उनसे मेरा मतान्तर हुआ है। उस झगडेमें पडनेसे मुझे बहुत भारी सूदपर रुपया उधार लेना पडाया। मैं'ने उसे इस बातके अङ्गीकार करने पर छोड दिया था (let him off) कि वह फिर कभी काममें बेपरवाई न करेगा।

EXERCISE 44.

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :— इस बातपर. This was the subject of discussion or there was a discussion on this subject. एक ओर, on the one hand. दूसरी ओर, on the other hand. परिमाण, scale]

इस बातपर कुछ देरतक विचार हुआ था। काबुलके अमीरने सोचा, कि एक ओर अङ्गरेज सामान्य कारण पा सैन्य भेजकर देश लुटेंगे, दूसरी ओर रूस क्रमशः अग्रसर हो रहा है। अङ्गरेज्-सरकारकी मित्रताके अतिरिक्त उनके हाथसे परित्राण पानेकी कोई आशा नहीं है। निष्फल युद्धमें अर्थ व्यय करना पूरी मूर्खता है। अङ्गरेज-सरकारको रुपयेका अभाव नहीं है। नमक का कर (महसूल) घटानेको फिर बातचीत हो रही है। वह लोग युद्ध की बहुत बड़ी तैयारी कर रहे हैं।

EXERCISE 45

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :—कार्य्यसे, on business. पक्के, versed. स्पष्टवादी, outspoken इसके प्रमाणस्वरूप, in proof of this. घटनायें, instances.]

कालीचरण बाबू नाना विषयोंपर व्याख्यान देते हैं। मैंने उनके घरपर जाकर उनकी प्रतीक्षा की थी। मैं किसी कामसे नहीं गया था, केवल उनसे भेंट करने गया था। ऐसी आशा की जाती है कि वह किसी समय अच्छे वक्ता

होंगे। अनेक विषयोंपर बातें हुईं। राजनीतिमें वह पक्के है। वह स्पष्टवादी और राजभक्त हैं। वे हिन्दुओंके विरुद्ध कुछ नहीं बोले, फिर भी वे अधार्म्मिक मनुष्योंके पक्षपाती नहीं है। इसके प्रमाणस्वरूप कितनी ही घटनाओंका उल्लेख किया जा सकता है।

EXERCISE 46.

Translate (carefully using *prepositions*) .—

[HINTS :—कालक्रमसे, in course of time. यह रीति हो जायेगी, this will be the practice, this practice will find favour. अन्तमें, in the long run, eventually. होते है, are held. इसके अतिरिक्त, there is another thing, moreover.]

मुझे शनिवारको सवेरे स्कूल जाना पड़ता है। जान पड़ता है कि कालक्रमसे सब स्कूलोंमें यही रीति हो जायेगी। ग्रीष्मकालमें इतनी गर्म्मी जान पड़ती है, कि न लड़के पढ सकते है और न शिक्षक ही पढा सकते हैं। यदि अभी न जान पडा तो अन्तमें लाभदायक जान पड़ेगा। गांवकी पाठशाला दिनमें दो बार हुआ करती है, उससे बालकोंको उतना कष्ट नही होता। वह लोग दोपहरके समय भोजनके अन्तमें कुछ विश्राम कर पाते हैं। इसके अतिरिक्त कि छोटे छोटे लड़कोंको दोपहरके समय नीद आती है ; उन्हें थोड़ा सोना आवश्यक है।

EXERCISE 47.

Translate (carefully using *prepositions*) .—

[HINTS :—उत्तरमें in reply to. इसका कारण, may be omitted in the translation. प्रथमतः, in the first place, दूसरे, in the second place. अनुरोध, request. रुकना, to touch at]

मैंने उन्हें जो चिट्ठी लिखी थी, उसके उत्तरमें उन्होंने यह लिखा है, कि ऐसी आशा नहीं है, कि आजकी गाड़ीसे मैं घरको जा सकूं। इसका कारण प्रथमतः मेरी स्त्री कुछ बीमार हो गई है। यहां दूसरा कोई नहीं है, जिसके

भरोसे घर छोड जाऊं। दूसरे मेरी स्त्रीका विशेष अनुरोध है कि कलकत्ते जाते समय गोपाल बाबूके लडकेको उसके घर साथ ले जाऊं। Mail train सब ष्टेशनोंपर नहीं रुकती, लडकेको ले जानेमें बहुत असुविधा होगी। यदि इस बार न जा सका तो इस महीनेके तीसरे रविवारको ५ बजे यहांसे चलकर बडे तडके छबडे पहुंच जाऊंगा।

EXERCISE 48

Translate (carefully using *prepositions*) .—

[HINTS .—ऐसा होनेसे, &c, that would be more profitable. साहब सहमति होनेपर, the proposal is now awaiting the sanction of the European head of the school. जाता है, travelling. पुलिस के रखने को, for stationing policemen अदालत, put this in the nominative case भीडसे भर जाना, to be densely crowded वर्त्तमान काल मे, in our times, in these days]

अब यदि व्याकरण के घंटे में अंगरेजी लिखना हो तो हमलोगों का विशेष लाभ होगा। हेडमाष्टर महाशय इस प्रस्तावना के अनुकूल है; साहब सहमति होने पर सब ठीक हो जावेगा। दुपहरको, आधी रातके समय या सवेरे पथिक को एकाकी जाते हुये देख वह लोग उसे लूट लेते हैं। इस कारण अब उस स्थान पर इस समय पुलिस के रखने की व्यवस्था हुई है।

मुकद्दमेके दिन विचारालय (अदालत) लोगोंकी भीडसे भर गया था। उनके मुकद्दमे से छूट जाने पर सब के सन्तोष का अन्त न रहा।

उत्तर-हिन्दुस्थानमें गङ्गाकिनारे हरिद्वारमें एक मेला होता है। उसमें जितने लोग एकत्रित होते हैं वर्त्तमान कालमें उतने और कहीं इकट्ठा नही होते।

दिनरात खेलमें प्रवृत्त रहना जैसा बुरा है, दिनरात कार्य्यमें लगे रहना भी वैसा ही अनिष्टकर है। रातको अधिक परिश्रम करनेसे स्वास्थ्य खराब होता है, अधिक विश्राम करनेसे वैसा नहीं होता।

EXERCISE 49.

Translate (carefully using *prepositions*) —

[HINTS :—आंधी आती है, tempests blow. इसीके साथ, at the time. पैरों पर पड़ना, to fall at another's feet, to throw oneself at another's feet. जितनी दीर्घ हो at the longest. सोचकर ठीक न कर सकना, to be at a loss.]

इस समय समुद्रमें बड़ी आंधी आया करती है। खेलोंमें ताशका खेल अच्छा है। वह घर नहीं है, तुम कबतक द्वारपर खड़े रहोगे? इसीके साथ यह भी सोचना कर्तव्य है। पुलिसने आकर देखा कि वह बिछौनेपर मरा पड़ा है। मैं समयपर ही आया था। वह इस समय लण्डनमें हैं। मैं उनके पैरोंपर पड़ा परन्तु फिर भी वे इस प्रस्तावसे सम्मत नहीं हुए। मन्दिरके ऊपर एक बटवृक्ष उगा है।

परमायु चाहे जितनी दीर्घ हो, फिर भी उसे अल्प ही कहना पड़ेगा। उन्होंने पुलिसमें नालिश की है। उस दिन अनेक कारावासी मुक्त किये गये। समाचार पत्रोंके सम्पादकगण गवर्नमेण्टके व्ययसे दिल्ली गये थे। जिस विषयपर मेरा और तुम्हारा वादविवाद होता है, वह यह है। वह सोचकर यह ठीक न कर सके कि क्या लिखना चाहिये। मेरे हाथमें अनेक कार्य्य हैं।

EXERCISE 50

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS .—वङ्गदर्शनमें, for the *Bangadarsan*. लिये, for or towards. बराबर, towards. हास्यकर, ludicrous. आमोद, pleasures.]

घोड़ेने उसे तालाबमें गिरा दिया। उस कपड़ेमें दो कीट बने हैं। वह भयानक भ्रममें पड़े हैं। तुम्हें कितनी दूरसे आना पड़ता है? रातको जागनेका उनको अभ्यास हो गया है। बङ्किम बाबू भी समय समयपर बङ्गदर्शनमें लिखेंगे। उसका हावभाव देखकर जान पड़ता है, कि वह निर्बोध है। मेघमालाके अर्थके

लिये मेरे पिताने दस रुपये दिये हैं। इस प्रबन्धके लेखकने एक हास्यकर विषयका उल्लेख किया है। विलायतके अवस्थानमें उन्होंने वृथा आमोदमें कालक्षेप नहीं किया।

EXERCISE 51.

Translate (carefully using *prepositions*).—

[HINTS.—ईश्वरकी, upon God. आगामी बृहस्पतिवार, by Thursday next. अधूरा, by halves. किस्तवार, by instalments. वसीयत करना, by will. सनद, charter.]

तुमने ईश्वरकी सौगन्द खाई थी। वे लोग इस समय मकान पहुंचे हैं। आज बृहस्पतिवार है, आगामी बृहस्पतिवारके भीतर सब प्रस्तुत हो जायेगा। अधूरा कार्य्य करना अच्छा नहीं है। आप नावमें जायंगे या गाड़ीमें? तुमने किस्तवार रुपया देने कहा था। मेरे साथ कोई दिया देनेकी आवश्यकता नहीं है, मैं चन्द्रालोकमें भली प्रकारसे चला जाऊंगा। वे १०,००० रुपये वसीयत कर गये हैं। उसी सनदके बलसे उक्त कम्पनी व्यवसाय चला सकी थी। तुमने न समझकर कैसे इतना कण्ठस्थ कर लिया?

EXERCISE 52.

Translate (carefully using *prepositions*).—

[HINTS.—यह प्रथा नहीं है, it is not the custom. वज्रपात होना, to be struck by lightning. जागा था, sat up. अधिक स्थानकी आवश्यकता होगी, take up much space. अपमान सहन करना, to submit to an insult, to put up with an insult, to pocket an insult.]

हिन्दुओंमें यह प्रथा नहीं है। इसके अतिरिक्त और सब अच्छा है। टेक्स्ट बुक कमिटीके साथ डाइरेक्टरका क्या सम्बन्ध है? लोगोंमें छिद्रान्वेषण करना

बड़ा दोष है। मैंने तुमसे कई बार कहा है, कि असत्सङ्गमें कभी न रहना। एक स्त्रीपर वज्रपात हुआ हैं। धैर्य्य और अध्यवसायसे वह बड़े आदमी हुए थे। इसी उद्देश्यसे तुम्हें चिट्ठी लिखी थी। क्या उसने विषपान द्वारा प्राणत्याग किया है?

वह रात २ बजेतक जागा था। इसमें बहुत समय लगेगा। इसमें अधिक स्थान की आवश्यकता होगी। उसने गवर्नमेण्टके विरुद्ध अस्त्रधारण किया। वह औषध फेंक देता हैं। उन्होंने जिसके लिये चेष्टा की थी, उसकी आशा परित्याग कर दी है। अब गाव गांव स्कूल हैं। वह अपमानित होकर अनायास अपमान सहन करते हैं। उन्होंने मीर कासिम नामक और एक नवाबको उनके पदपर बैठाया है। उन्होंने बङ्गालके सिंहासनको फिर नीलामपर चढा दिया (to put up to auction)। वह एक मित्रके गृहमें रहते है।

EXERCISE 53.

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :—बुझ जाना, to go out. बुझाना, to put out. विनय, modesty. बाहर होना, to be out. आज नहीं कल, sooner or later. गुप्तविषय, the secret. असन्तोष, discontent, disaffection. कठिन विषयोंसे दूर भागना, to slur over, or avoid a difficulty]

दिया बुझ गया है (दीप निर्वाण हो गया)। मैंने दिया बुझा दिया है (मैंने दीप निर्वाण कर दिया है)। उन्होंने विनयसे यह बात कही है। आज नहीं कल यह गुप्त विषय अवश्य प्रकाश पावेगा। ५० लड़कोंमें केवल २३ लड़के परीक्षामें कृतकार्य्य हुए हैं। मैं इस विपत्तिसे त्राण पानेकी चेष्टा कर रहा हूं। उन्होंने मुझे बहुत आशा दी थी। उसे घरसे बाहर निकाल दो। समस्त देशमें असन्तोष फैल गया था। मैं कठिन विषयोंसे दूर नहीं भागा। उन्होंने सम्पत्ति को हस्तान्तर कर दिया है।

EXERCISE 54.

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS —ढङ्गका, after the style. देखनेमें, to look after. रचा करना, to hold to इस मर्म्मका, to this effect. लगाना, to lay out capital. उसके विरुद्ध, to the contrary. तात्पर्य्य यह है, it comes to this.]

उन्होंने Addison के ढङ्गपर लिखनेका अभ्यास किया है। मुझे स्वयं ही काम काज देखना पड़ता है। प्रत्येक वर्ष साहित्य की पाठ्य पुस्तकें परिवर्त्तन हो जाती हैं। उन्होंने जीवनके अन्ततक इसी मतकी पुष्टि की थी। वह मेरा कौन है, जो मैं उसके लिये रोऊ? उन्होंने इस अर्थकी एक आज्ञा प्रचार की है। जैसे हमारे हाथ हैं, वैसे हाथियोंके सूंड होती है। वह प्राय: एक लाख रुपया व्यवसायमें लगाते हैं। लोग उसके विरुद्ध कुछ भी कहा करें परन्तु मैं उसे भला आदमी समझता हूं। सारांश यह है कि मैं आपको किसी प्रकारकी विपत्तिमें डालना (to put) नहीं चाहता।

EXERCISE 55.

Translate (carefully using *prepositions*) :—

[HINTS :—न्यून, under. अधिकारी होना, to be entitled. शरीरपर, on his (her) person ज्वरमें, for fever. यदि मेरी बात पूंछते हो As for myself. मैं तुम्हें कहे देता हूं, once for all. मेरी ओर से, for me. कही जा सकती है, to pass for.]

जिसका वयस १८ वर्षसे न्यून (कम) है, वह सम्पत्तिका अधिकारी नहीं हो सकता। हमलोग इस प्रकार सरकारके अधीन हैं। विचारिये कि ऐसी दशामें क्या किया जा सकता है। क्या आपने मेरी सारी चिट्ठी पढ़ी है? उसके शरीरपर सोने और चांदीके बहुतसे अलङ्कार थे। मै तुम्हें यह बात कहने ही वाला था कि इतने में वह आगये। सब प्रकारके ज्वरमें कुइनाइन-

का देना अच्छा नहीं होता। यदि मेरी बात पूंछते हो तो मैं कहूंगा कि matriculation परीक्षामें पुनरपि निर्द्दिष्ट पाठ्य पुस्तक होना उचित है।

मैं तुम्हें कहे देता हूं कि आपसमें बातें न करो। मैं तुम्हें इस बार उठा दूंगा। प्रत्येक शब्दका अनुवाद करना अच्छा नहीं। उसने प्रत्येक सतर की नकल की है। तुम मेरी ओरसे यह कार्य्य कर लोगे। मैं निश्चयसे जानता हूं, कि वह तुम्हें रुपये न देंगे। यह अच्छा लेख कहा जा सकता है।

EXERCISE 56.

Translate :—

[HINTS :—अभिभूत होना, to be overwhelmed with: हर्ष प्रगट करना, to rejoice in or at. सम्बन्ध, connection. अनुशीलन, exercise. मेधा, intellect, memory. बदली होना, to be transferred to.]

वह शोकसे अभिभूत हो गये (वह शोकसागरमें निमग्न हो गये)। मैंने उसी समय उसकी प्रार्थनापर सम्मति प्रगट की। इस विषयमें समस्त वङ्गवासी हर्षित हुये। क्या Statesman समाचार पत्रसे आपका कोई सम्बन्ध है? अनुशीलन द्वारा मेधाशक्तिका उत्कर्ष होता है। रजनीकान्त इङ्गलेण्ड पहुंच गये हैं। अलीपुरके डिपटी मेजिष्ट्रेट रामचरण बाबू मेदिनीपुर बदल गये हैं। बारिकपुर कलकत्तेके उत्तर है। बागबाजार कलकत्तेके उत्तर है। इटली युरोपके दक्षिण है। अफ्रिका युरोपके दक्षिण है। तिब्बत भारतवर्षके उत्तर है। मेडिकलकालिजके उत्तर प्रेसिडेंसी कालेज है। गवर्नमेण्टहाउसके पश्चिम कलकत्ता Treasury है। अफ्रिकाके उत्तर और युरोपके दक्षिण कौन समुद्र है? हरप्रसादके गृहके ठीक उत्तर मेरा गृह है।

कुमुदिनीकी क्या कोई छोटी बहिन है? उनकी बीस वर्ष की विधवा बहिन तीसरे पहर अपने बाल संवार रही थी। यह रमणी अपने सद्गुणोंके कारण सर्वथा उनके योग्य थी। दूरवीक्षण-निर्माण तथा ज्योतिष सम्बन्धी आविष्क्रियाके विषयमें अबतक जो कुछ साधीयसी सिद्धि-परम्परा हुई, उसका सूत्रपात है। अनन्त-प्रवाहिणी भागीरथीका खल-खल रव सुनाई देता था।

SECTION V.

Remarks on the translation of Verbs.

23. Verbs in Hindi may be translated in a variety of ways. The changes cannot in all cases be defined; thus :—

1. उन्होंने किसी अंशमें त्रुटि नहीं की, He has spared no pains.

2. उनमें यह विचार दृढ़ हो गया है, This idea has possessed his mind.

3. वह विदा हुए, He took leave.

4. धैर्य रखिये, कुछ भय नहीं है, Have patience, there is no fear.

5. तुम्हें वहां जाना उचित है, You ought to go there.

6. सुना जाता है, It is rumoured. It is said. We hear.

7. उसका विवाह हुआ है, He has married. He is married.

8. पचास रुपयोंमें कठिनतासे चलता है, or मैं पचास रुपयेमें बड़ी कठिनतासे (अपना व्यय) चलता हूं, I can barely manage with an income of Rs 50.

9. तुम सङ्गीतका मर्म्म क्या समझो, You are not the man to appreciate music.

24. The Passive form of construction in Hindi.

इतनी खुशामद नहीं की जा सकती, One cannot stoop to such flattery as you speak of.

(*Active Voice*)

शास्त्रमें लिखा है, It is said in the Shastras The Shastras say

भारतवर्ष जब अङ्गरेजोंके हाथमें आया, When India was occupied by the English When India fell into the hands of the English (*Active or Passive*)

यह पुस्तक दूसरी जगह नहीं मिलती, This book is not to be had elsewhere, or You will not have the book elsewhere (*Active or Passive*)

वह कारागारमें लाया गया, He was led to prison (*Passive*).

युद्धकी समाप्तिके बाद सैनिक लोग विदा कर दिये गये, The soldiers were disbanded at the end of the war (*Passive*)

25. The Future Tense in Hindi.

There is only one form in Hindi. (जाऊंगा), but in English there are at least two forms (*will go, shall go*):

मैं (हम जायगे) जाऊंगा, I (or, we) *shall go*.

तुम जाओगे, You *will go*.

वह (वे जायगे) जायगा, He (or they) *will go*.

तुम्हारी कार्य्यसिद्धि अवश्य होगी, You *shall* succeed (or, You are sure to succeed).

जान पडता है मुझपर अपराध सिद्ध होकर मुझे दण्ड मिलेगा, I think I *shall* be convicted and punished.

जो यह अपराध करेगा, उसे कारादण्ड होगा, He who commits the offence *shall be* punished with imprisonment.

जब मैंने कह दिया है कि तुम्हे नौकरी मिलेगी तो तुम क्यों चिन्तित होते हो?

You need not be anxious when I say you *shall* have the post.

Again—

क्या अब मैं घर जाऊं ? *Shall* I go home now ?

अर्दलीने पूंछा महाशय ! क्या कर संग्रहीता आज चला जावे ? or अरदलीने पूंछा,—"महाशय । क्या आज बिल सरकार लौट जाय ?" The orderly asked, 'Sir, *shall* the collecting *sircar go* to-day ?"

26. The Confusion of the Tenses in Complex Construction.

In Hindi if the verb in the principal sentence is *past*, the verbs in the dependent clauses may be *present*, *past* or *future*. But in English, if the verb in the principal sentence is past, the verbs in the dependent clauses *must* be *past*.

घर पहुंचकर देखा कि छोटा लडका बीमार है, On going home, I *found* that my youngest boy *was* ill.

डाक्तरने कहा, कि सम्भव है कि रोगीको छोटी शीतला निकल आय, The doctor *said*, the patient *might* get measles.

इसके उपरान्त मैंने देखा कि शरीर पर दाने निकल आये हैं, I then *observed* there *were* eruptions on the skin.

यह सोचकर कि विना अंगरेजी पढे वह रुपया न कमा सकेगा उसने इसका पढना आरम्भ कर दिया, Thinking that unless he *learnt* English he *would* not be able to earn money, he began to study it.

मैंने सोचा, कि मुकद्दमा चलानेमें बहुत रुपया खर्च हो जायगा और उससे मुझे कोई विशेष लाभ न होगा, I *thought* that if I *carried on* the law-suit, it *would* be sheer waste of money without bringing me any tangible gain.

यदि सतीश जबरदस्तीसे रोके न जाते तो उस दिन रक्तपात हो जाता, There *would have been* bloodshed, if Satish *had not been* forcibly *restrained*.

मन ही मन में माताने यह प्रतिज्ञा की थी, कि यदि लड़का न बचा, तो वह विष खाकर मर जायेगी, The mother of the child had resolved to put an end to her life by taking poison, if the child's life *could* not be *saved*, [or, if the child *did* not *live*]

आपके दफ्तर चले जानेके पश्चात् एक मनुष्य आया और यह पत्र दे गया, When you *had gone* to office, a man came and *left* this letter here

---

EXERCISE 58.

Translate (using *shall* and *will*) :—

[HINTS :—जान पड़ता है, I think, I hope, (शुभ विषयमें), I fear, (अशुभ विषयमें), पक्षपातरहित, impartial (or, *impartially*, if "व्यवहार करनेसे", be translated by a verb). मुझसे मिल सकोगे, find me at home. मुझे डर है, I fear. यथासमय, in time or at the proper time.]

आप अगर यह पुस्तक भेज दें, तो मैं बहुत बाधित हूंगा। ऐसा जान पड़ता है कि इस कार्य्यके करनेमें मैं कृतकार्य्य न हूंगा। तुम यदि अधिक दुंद मचाओगे तो मैं तुमपर दण्ड करनेके लिये बाध्य हूंगा। जान पड़ता है कि आगामी बृहस्पतिवारको छुट्टी होगी। उनके सबसे पक्षपातरहित व्यवहारसे हमारे लिये असन्तोषका कारण न रहेगा। तुम जभी मेरे गृहपर आओगे, तभी मुझसे मिल सकोगे। मै सन्ध्या समय गृहपर रहूंगा, तुम आना। मुझे डर मालूम होता है, कि मै यथासमय सभामें उपस्थित न हो सकूंगा।

EXERCISE 59.

Translate (using *shall* and *will*) —

[HINTS :—डूब जाना, to be drowned. आदेशानुसार, in obedience to your orders. भिन्न न होगा, differ. भेंट, translate it by using a verb. ठीक न कर सकना, &c., to be at a loss for a reply प्रत्याशा, to expect.]

उसे इस समय न पकड़ना, नही तो डूब जायगा। मैं आपके आदेशानुसार ठीक कार्य्य करूंगा, इसमें त्रुटि न होगी। मुझे भलीभांति जान पड़ता है कि उनके मतसे मेरा मत भिन्न न होगा। आप इस आमको देखिये यह बुरा न होगा। तुमसे भेंट होनेपर मैं अत्यन्त सुखी हूंगा। इस भावसे उसे पत्र लिखनेसे वह क्या उत्तर देगा यह भी जानते हो? मैं ऐसी प्रत्याशा नहीं करता, कि वह लोग मेरी प्रशंसा करेंगे।

EXERCISE 60.

Translate (using *shall* and *will*) —

[HINTS :—प्रबन्ध, essay. गुण, merit. दोष, defects. कुछ कहना, to speak. मारा जाना,—use the verb *to lose.* किसीके साथ अच्छा व्यवहार करना, to treat a person well. विलम्ब होना, to be late.]

वह अब बाज़ार जाने कहता है, आप उसे रुपये दे दीजिये। अब आशा करता हूं, कि आप लोग प्रबन्धके गुण देखकर छानबीन करेंगे। डाक्तर साहब कहते हैं, कि रोगीकी जीवन-रक्षा न होगी। आपने कहा है, कि आप शनिवारको कलकत्ते न ठहर सकेंगे। क्या मैं आपसे कुछ कह सकता हूं? रुपया मारे जानेके भयसे बङ्गाली लोग व्यवसाय वाणिज्यमें हाथ डालना (set their hand to) नहीं चाहते। क्या ऐसा जान पड़ता है, कि आज वृष्टि होगी? मेरा दूसरा लड़का जभी कुछ अधिक लिखता पढ़ता है, तभी वह बीमार हो जाता है। वह आशा करते हैं, कि लोग उनके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे। मुझे डर है, कि आज दफ्तर जाने में विलम्ब हो जायगा। क्या कल सवेरे तुम कलकत्ते जाओगे?

EXERCISE 61.

Translate (using *should*, where necessary) :—

[HINTS :—पर मेरी यह इच्छा है, we rather wish. मुकदमा न करो, that you *should* not go to law. जावें,—use *should* before the verb व्यवहार, conduct. अनिन्दित, unexceptionable कौतूहल होता है, feel curious. राजस्व, revenue.]

पर मेरी इच्छा है, कि तुम इस सामान्य विषयके लिये मुकदमा न करो। कालकत्तेमें केवल हिन्दू-ढङ्गका प्रवासाश्रम (होटल) होना इष्ट है। मेरी इच्छा है, कि वह मेरे साथ जावें। तुम्हारा व्यवहार बराबर ही अनिन्दित रहा है। यह जाननेके लिये बडा कौतूहल होता है, कि अब के तुमने ऐसा रूखा व्यवहार क्यों किया। तुमने बडा कडा तकाजा किया था, कि इस महीनेमें रुपया देना ही पडेगा। गवर्नमेण्टने यह स्थिर किया है, कि बङ्गालके राजस्वसे भारत-सरकारको तीस लाख रुपये देने ही पडेंगे। यदि वह भी इस प्रस्तावना से सहमति प्रकाश करें, तो क्या होगा ?

EXERCISE 62.

Translate (using the perfect and past perfect tenses) :—

[HINTS :—समालोचना करना, to review. ज्वर आना, suffer *from* fever. अज्ञात अवस्थामें, in retirement, in obscurity]

अनेक दिन हुये हमलोगोंने इस पत्रिकाहीमें सन् १८९० ई० के जेल-रिपोर्टकी समालोचना की थी। मुझे तीन चार दिनसे ज्वर आता है। यह इस स्कूलमें,२०।२५ वर्षसे काम करते हैं। उन्होंने इससे पूर्व कितने ही बार यह कहा था और गत बृहस्पतिवारको भी फिर यही बात कही है। वारेन हेष्टिङ्गस बहुत वर्ष अज्ञात अवस्थामें बिता कर फिर साधारणके सामने उपस्थित हुए। मैं उसे इस सप्ताहमें दो पत्र भेज चुका हूं। उसने मुझे लिखा था, कि उसे तुम्हारा पत्र नहीं मिला है।

EXERCISE 63.

Translate—

[HINTS :—आज सवेरे, this morning. आज सन्ध्या समय, this evening. लिखेंगे,—use *may*. और दस रुपये, ten rupees more. पक्का होना, to be settled.]

मैंने आज सवेरे उन्हें पत्र लिखा है। परीक्षामें उत्तीर्ण होनेके उपरान्त मैं घरको गया था। वह आज सन्ध्या के समय यहांसे गया है। उन्होंने यह पत्र लिखा होगा, मैं ठीक कह नहीं सकता। कोई कोई डिपटी इन्सपेक्टर १०।१५ वर्षसे डेढ सौ रुपये ही पर काम कर रहे हैं, गवर्नमेण्टने अब तक उनके वेतन-सम्बन्धमें कोई विचार नहीं किया है। इस महीनेमें तुम्हें दस रुपये दिये हैं, आगामी महीनेमें और दस रुपये दूंगा। वह अभी दफ्तर से आये है; आपको बैठने के लिये कहा है। यह सब बातें तो पहले ही पक्की हो गई है।

EXERCISE 64.

Translate—

[HINTS :—सूचित कर देना, to warn. विपदमें पडना, to be in danger. खूब, hard उन्नति करना, to improve.]

वह वीमारीसे अभीतक अच्छे नहीं हुए हैं। मैं ढाकेमें दो वर्ष था। तुम जिस समय आये मैं पुस्तक पढ चुका था। यदि तुम मुझे सूचित न कर देते, तो मैं विपदमें पड जाता। कल रातको यहां खूबही वृष्टि हुई थी। जो एकबार इस पुस्तक को पढेगा वह अवश्य उन्नति करेगा।

EXERCISE 65

Translate—

[HINTS :—तुम्हारा १०वी तारीखका पत्र, Yours of the 10th instant. लिखा है, use the verb to *say*. सुनकर, use the *infinitive*.

आकस्मिक, unexpected. ऐसा न कर सका, I could not do so

पत्रपाते ही, immediately on receipt of your letter]

तुम्हारा १०वी तारीखका पत्र मुझे अभी मिला। पत्रमें लिखा है, कि तुम्हारे लडकेको आज पांच दिनसे ज्वर आता है। यह बात सुनकर मै अत्यन्त दुःखित हुआ। मैंने ऐसा बिचाराया कि परीक्षा देकर घर जाते समय तुम्हारे लडकेको देख जाऊं, पर एक आकस्मिक घटनाके कारण मै ऐसा न कर सका। मैं कई दिनोंसे बहुत काममे हूं, फिर भी आपका पत्र पाते ही आपको उसका उत्तर दे दिया। मैं यदि यह जानता, कि घर जानेमें रुकावट होगी, तो मैं पहले ही तुम्हें पत्र लिख देता।

N. B.—In translating the following exercises, the Sequence of Tenses should be observed.

EXERCISE 66.

Translate—

उसने सन्ध्या के समय आनेको कहा है। मेरे पास यदि रुपया हुआ, तो मै सुखी होऊंगा। मेरे पास यदि रुपया होता, तो मै सुखी होता। मेरे पास यदि रुपया हो गया है तो मैं सुखी भी हूं। यदि वह परिश्रम करे, तो कृतकार्य्य हो सकता है। यदि वह परिश्रम करता, तो कृतकार्य्य हो सकता था। यदि उसने परिश्रम किया होगा तो वह कृतकार्य्य होगा। वह कहता है कि वह भली प्रकार कार्य्य कर सकता है। उसने कहा था कि वह भली प्रकार परिश्रम कर सकता है। यदि मुझे आवश्यकता होगी तो मै जाऊंगा। यदि मुझे आवश्यकता होती तो मैं जाता।

EXERCISE 67.

Translate—

[HINTS :—जहाज़में था, was a passenger. डूब जाना, to be lost, to founder सत्पथमें रहनेसे, honesty brings us &c दुःख, troubles. असाधु, dishonest, कष्टकी सीमा, end of misery. परवर्त्ती शासनकर्त्ता, his successor. अनुकूल दृष्टि, kind treatment कार्य्य परित्याग किया चाहना, to tender one's resignation]

उन्होंने सुना था, कि मै जिस जहाज़में था, वह डूब गया है। सभी जानते है, कि सत्पथपर रहनेसे सुख और असत्पथपर रहनेसे दुःख होता है। वह जानते थे, कि संसारके सभी आदमी असाधु नही हैं। वह यदि इस देशके शासनकर्त्ता होते, तो प्रजाके कष्टकी सीमा न रहती। वह पूजाकी छुट्टीमें घर जावेंगे, ऐसा उन्होंने कहा था। मै सोचता था, कि बड़े आदमी ही सुखी है। केम्बेल साहबने जिस नियमका प्रचार किया था, उस मे उनके परवर्त्ती शासन-कर्त्ताने कुछ कुछ परिवर्त्तन कर दिया है। जब देखा, कि उनपर कर्तृपक्षकी अनुकूल दृष्टि नही है, तब उन्होंने कार्य्य को त्यागने की इच्छा प्रगट की। मैंने आशा की थी, कि एम. ए. पास करनेपर मुझे एक अच्छी नौकरी मिलेगी।

EXERCISE 68.

Translate—

[HINTS :—सबके सामने, before everybody हवा खाने बाहर जाना, to go out for a walk. ठिकाना, address. ढूंढ लेना, to find out. स्थान, space. घेरना, to enclose.]

मैं सबके सामने कहूंगा, कि तुमने मुझे इस प्रकार ठगा है। मै तुम्हें निश्चित कर कहता हूं, कि ट्रेन न मिलेगी। सम्भवत शिक्षक महाशय मुझसे पूछेगें कि आज तुमने पाठ क्यों नही याद किया। मैं जब आपके गृहपर उपस्थित हुआ था तब आप हवा खानेको बाहर गये थे। वह घर इतना ऊंचा

है, कि उसकी छतपर चढ़नेमें मुझे पांच मिनट लगे थे। तुम्हारे ठिकाना बता देनेपर भी मैं उसका घर ढूंढ न सका। अशिक्षित लोग कभी विश्वास न करेंगे, कि पृथिवी सूर्य्यकी प्रदक्षिणा करती हुई भ्रमण करती है। बहुत कालके उपरान्त उस लड़केने समझा, कि दो सरल रेखायें स्थान नहीं घेर सकतीं।

EXERCISE 69

Translate—

[HINTS :—सौभाग्यसे, fortunately पाजी लोग, the ruffians. छीन लेना, to rob. डाकुओंका भय, fear of robbery. कुछ भी नहीं है, not the slightest. भ्रम दूर होना, to come to see one's mistake.]

सौभाग्य से मुझे एक आदमी मिल गया, अगर वह न मिलता तो अवश्य वह पाजी उसी रातको मुझे मारकर मेरा सर्व्वस्व छीन लेता। मैं पहले समझता था, कि अङ्गरेजों के शासनमे डाकुओंका भय कुछभी नहीं है, किन्तु उस दिन मेरा वह भ्रम दूर हुआ। मैंने तब मन ही मन में विचारा कि दो एक आदमी साथ लिये बिना फिर कभी इस भयानक पथसे न जाऊंगा। मैंने घर पहुंच कर पुलिस-कमिश्नरको एक चिट्ठी लिखी; उसपर यह आज्ञा हुई कि चार पुलिसके सिपाही वहां नियुक्त किये जावें।

CHAPTER III.

THE POSITION OF WORDS AND PHRASES CHANGED IN TRANSLATION.

1. The position of the Subject and the Verb—In Hindi the order generally is—

1. *Subject.* 2 *Verb.*

But the order is reversed in the following :—

इन्द्रधनु देखनेमें कैसा सुन्दर है ! How beautiful *does* the rainbow look !

ब्रिटिश-शासनमें बहुत प्रकारका सुख है। Many *are* the blessings of British rule.

क्या आश्चर्यकर सादृश्य है। What a striking resemblance *is* there !

Optative sentence.—

महाराजकी जय हो, Blessed *be* the Maharaja.

Interrogative sentence.—

आप कहांसे आते हैं? Where *do* you come from ?

Sentences beginning with 'there'—

पथमें कितनी ही असुविधायें हैं, There *are* many difficulties in the way.

In Conditional Clauses, 'if,' 'though,' 'let' &c. being suppressed—

कितना ही कम क्यों नहो, *Be* it ever so little.

यदि पक्षीकी तरह उड सकता, *Had* I the wings of a bird.

मैं यदि तुम्हारी अवस्थामें होता, *Were* I in your position.

2. The Position of the Object—

The order generally is—

IN HINDI—*1. Object. 2. Verb*; as, मैंने दाम दे दिया है।

IN ENGLISH—*1. Verb. 2 Object*; as, I have paid the *price.*

IN HINDI—*1. Indirect Object. 2. Direct Object. 3. Verb*; as, मैंने तुम्हें दाम दे दिया है।

IN ENGLISH—*1. Verb, 2. Indirect Object. 3 Direct Object*; as, I have paid *you* the *price.*

Or, *1 Verb, 2. Direct Object. 3. To + Indirect Object*; as, I have paid the *price to you.*

3 The position of Pronouns—

(1) IN ENGLISH—1. *2nd* or *3rd person.* 2 *1st person.*

IN HINDI—*any order.*

मैं, रामगोपाल और यदु तीनों परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, Ramgopal, Jadu and I (or, myself) have all passed.

(2) IN HINDI—*1. Subject. 2. Reflexive Pronoun. 3 Verb.*

IN ENGLISH—1. *Subject.* 2. *Verb.* 3. *Reflexive Pronoun*

मैंने स्वयम् यह हिसाब किया है, I have worked out the sum *myself.*

मैं स्वयम् सौदा करूंगा, I shall make purchases *myself.*

4. The Position of Adjectives—

The order is—

HINDI, ENGLISH—1. *Adjective.* 2. *Noun.*

But the order is changed—

(1) When the adjective is predicative or is complementary—

1. *Noun.* 2. *Verb.* 3. *Adjective.*

प्रश्न अति कठिन है, The questions are very *difficult.*

इस बातने मुझे अत्यन्त असुखी बना दिया है, This has made me very *unhappy* (or, miserable).

(2) When the adjective is used to distinguish several persons of the same name—

अष्टम हेनरी, Henry the *Eighth* ; चतुर्दश लुई, Louis the *Fourteenth*

(3) When the adjective denotes measure or size—

तीस फुट गहरा कुआं, A well 30 ft. *deep*

आध मील लम्बा रास्ता, A road half a mile *long.*

5. The position of adjective pronouns—

HINDI—ऐसा, + *singular noun* ; as, ऐसा दृश्य

ENGLISH—*Such + a + singular noun* ; as, Such *a* sight

Such + plural noun ; as, such *sights.*

HINDI—ऐसा, + *adj* —ENGLISH—*So + adj.*

But, ऐसा, + *adj. + sing. noun = So + adj. + a + sing. noun*

ऐसा सुन्दर, *So* beautiful.

ऐसा सुन्दर दृश्य, *So* beautiful *a sight,*

Again, कैसा or क्या + *adj. = How + adj.*

But कैसा or क्या + *adj + singular noun = How + adj + a + sing noun ; or, what + a + adj. + sing. noun.*

कैसा सुन्दर दृश्य, *How* beautiful *a* landscape ! or, What *a* beautiful landscape !

HINDI—कितना ही + *adj.* ENGLISH—*However + adj* , as, *However* high. जितना ही + *noun = Whatever* + noun , as, *whatever height.*

6 The Position of Adverbs

In Hindi and English, the order is—

1 *Adverb* 2. *Adjective.*

But, in HINDI—1. *Adv.* 2. *Verb ;* वह वहुत परिश्रम करता है,
IN ENGLISH—1. *Verb.* 2. *Adv :* He works *very hard.*
वह रातको काम नही करते, He does not work *at night.*

Exceptions.

मै वराबर देखता चला आता हूं, I have *always* observed.
मैंने तुम्हें कभी नहीं देखा, I have *never* seen you.
मैं कभी ऐसा नही करता, I *never* do so

7. The Introductory 'There.'

(*a*) If the Hindi contain a noun ending in—से, or is in the अधिकरण कारक, followed by any form of the verb 'to be', *there* is used to introduce the sentence.

कालेज ष्ट्रीटमे पुस्तकोंकी अनेक दुकाने हैं, *There* are many book-shops in College Street.
इस पुस्तकमे वहुत भूलें हैं, *There* are many errors in this book.
कोठरीमें कोई नही है, *There* is nobody in the room.
नदीपर एक दुर्घटना हो गई थी, *There* was an accident on the river

(*b*) Without the अधिकरण कारक,

इसके अनेक दृष्टान्त है, *There* are several instances of this.
गत वर्ष वृष्टि नही हुई, *There* was no rain last year
दुष्यन्त नामके एक राजा थे, *There* lived a king of the name of Dushyanta.
अब इसके बाद डिपटी कलकरो की परीक्षा न हुआ करेगी, *There* will be

no more examination of candidates for the Provincial Civil Service.

१८७८ ई०में भयङ्कर दुर्भिक्ष पडा था, *There* was a terrible famine in 1878.

गत सप्ताह में हैजे से १० आदमी मरे, Last week *there* were ten deaths from cholera.

8. The Introductory 'It'—

(*a*) When the verbal nouns जाना, खाना, रहना, &c. are translated by infinitives, the sentence should begin with 'it':

अब जाना उचित है, *It* is better to go now.

दैवपर भरोसा करना अच्छा नहीं है, *It* is not good to rely upon chance.

तुम्हारे विना व्यवसाय का चलाना असम्भव है, *It* is impossible to manage the business without you.

(*b*) Sometimes when reference of 'it' is indefinite:

मैं जब उनके पाससे चला, तब दो बजे, *It* struck two when I left him.

आज बहुत उमस है, *It* is very sultry to-day: the weather is very close to-day.

उस समय बहुत ज़ोरकी आंधी चल रही थी, *It* blew a hard gale at the time.

पानी बरस रहा है, *It* is raining.

(*c*) When emphasis is intended:

मैंने ही उनको यह परामर्श दिया है, *It* is I who gave him the advice.

तुम्हीने तो वह प्रस्ताव किया था, *It* is you who made the proposal.

(*d*) When a clause is the Subject:

मालूम नहीं परीक्षाका फल कब निकलेगा? *It* is not known when the result will be published.

9. The Position of Participles.

HINDI—1. *Nominative.* 2. *Participle.* 3 *Verb.*

ENGLISH—1. *Participle.* 2. *Nominative.* 3. *Verb.*

लक्ष्मणने आसू पोंछकर कहा, *Having wiped* his tears, Lakshman said.

जिस समय अपराधी विचारपतिके सम्मुख लाया गया तो उसने अपना अपराध स्वीकार किया, When *taken* before the Magistrate, the prisoner confessed his guilt.

Note also that—

(1) The *participle* in Hindi is sometimes translated by a *finite verb + and.*

उनसे मिलकर सब बातें कहना, Just see him *and* tell him all about it.

वह सिर पीट पीट कर रोने लगे, He began to strike his forehead with his hands *and* wept.

उन्होंने दफ़तरसे आकर वस्त्र बदला, He returned from office *and* changed his clothes (or, put off his clothes).

(2) The *participle* in Hindi is sometimes translated by the *infinitive.*

यह देखकर लक्ष्मण बहुत प्रसन्न हुए, Lakshman was very glad *to see* this.

यह समाचार सुनकर वह अत्यन्त दुःखित हुए, He was very sorry *to hear* this.

2. By *a preposition* or a *prep.* + a *verbal noun.*

मेजिस्ट्रेटने उसे सतर्क कर छोड़ दिया, The magistrate discharged him *with* a warning

मैंने यह बात खोकर सिखा है, I have learnt this *from* experience.

उसने अफीम खाकर आत्महत्या की, He committed suicide *by swallowing* opium.

10. Questions Translated.

The order is—

HINDI—1. *Nominative.* 2. *Verb.*

ENGLISH—1. *Verb* 2. *Nominative.* or, 1. *Auxiliary* 2. *Nominative* 3. *Verb.* *

क्या परीक्षा का फल निकला है? *Are* the results of the Examination out? (or, *Have* the results been published?)

तुम कौन हो? *Who* are you? तुम कौन जाति हो? क्या ब्राह्मण हो? *What* are you? A Brahman?

11. In Hindi when the interrogative particles क्या, कौन, कैसा, &c are not used, the expletives तो, कि, नहीं, &c are used to show that the sentence is interrogative. Thus.

आर्य्यपुत्रका तो कोई अमङ्गल नहीं हुआ है? I hope nothing has gone wrong with my husband the king.

गृहमें तो सब मङ्गल है? (Is it) all right at home? It is all right at home I hope.

---

* The natural order is not reversed when the question begins with *who* (not predicative). Thus—तुम्हें यह समाचार किसने दिया? Who has given you this information? When *who* is predicative the verb precedes; as, हेडमाष्टर कौन हैं? *Who* is the Head Master? Here the real subject is Head master.

यह सुरा है अथवा विष ? Is it wine or poison ?

क्या मैं कोई नहीं हूं ? Am I no-body ?

क्या तुम्हारे महल्लामें विसूचिका फैल रहा है ? I hear cholera has broken out in your quarter of the town. Is that so ? (Is that true ?)

क्या चौकीदारी बिलसे इसका कुछ सम्बन्ध है ? Has this anything to do with the Chowkidari Bill [now before the Council] ?

12. Sometimes या occurs in questions which are either affirmative or negative—

क्या पृथ्वी गोलाकार है अथवा चपटी ? Is the earth round or flat ?

क्या तुमने मेरे पीठ पीछे निन्दा नही की थी ? Did you not speak ill of me behind my back ?

मैंने क्या नही किया है ? or ऐसी कौनसी बात है जो मैंने उसके लिये नहीं की ? What is there that I have not done ?

तुम क्या बीमार थे ? You were ill, weren't you ?

13 Sometimes the Interrogative particles and even the expletives are suppressed in colloquial Hindi—

कौन ? कमला ? Who is there ? Is it Kamala ?

14 The Interrogative form in Hindi is sometimes translated according to the sense.

क्या वह मुझसे झूट बोलेगा ? Is it likely that he should tell me a falsehood ?

क्या खोया हुआ नोट मिल गया ? Is the lost Currency Note likely to be recovered ?

15. क्या is sometimes translated by 'where'? Thus,

इसमें क्षति क्या है? *Where* is the harm?

यदि ऐसा है तो अब जीवनधारण करनेकी आवश्यकता क्या है? *Where,* then, is the necessity for living longer?

16. An Interrogative Sentence in Hindi may sometimes, be translated by a 'simple affirmation'; Thus,

इसमें क्या कुछ सन्देह है? There is no doubt about it.

ऐसी बात क्या कोई भला आदमी कहेगा? No gentleman would have anything to do with it.

इसमें भी कोई सन्देह है? Undoubtedly. To be sure.

17. Questions colloquially translated—

तुम द्वितीय कक्षाके विद्यार्थी हो तुम्हें प्रथम कक्षामें जानेकी क्या आवश्यकता थी? You belong to the 2nd class, what business had you to go to the 1st class?

जी, मेरे पिता बीमार थे, My father was ill, Sir.

इससे क्या? What of that?

यह क्या बात! क्या मैंने तुम्हें जानेसे मना किया था? What is it? I forbade you to go. Did I?

२० वीं तारिखके भीतर फीस न देनेके कारण तुमको जुरमाना देना पडेगा; You have to pay a fine for not paying your school fees before the 20th.

किसने कहा? किसका हत्या किया? Who is it? Who has been murdered?

Q. अजी, यह कैसी खडखडाहट है? What is the rustling noise from, Eh?

A. एक चूहा है, It is a mouse?

18 In colloquial use, *the preposition* **leaves its proper place before the interrogative particle and** *goes to the end of the sentence .—*

आप कहांसे आये है ? *Where* do you come *from* ?

यह किसका किया हुआ है ? *Who* is it done *by* ?

तुम क्या कर रहे हो ? *What* are you *at* ?

वह यहां किस लिये आया है ? *What* has he come here for ? (What for = why.) ['*What for* has he come' ? is bad English.]

19. Answer to Questions.—

क्या तुमने गत वर्ष परीक्षा दी थी ? Did you appear at the examination last year ?

हां, Yes, I did. नहीं, No, I did not.

क्या तुम परीक्षा न दे सके ? Could you not appear at the examination ?

हां, Yes, (*i.e.* I could), नहीं, No, I could not.

20 In Hindi, we sometimes return an affirmative answer to deny a fact. In English, we should never use 'yes' to express this meaning. Thus—

Q. क्या तुम कल स्कूल नहीं गये थे ? Didn't you go to school yesterday ?

A हां मैं नहीं गया, तो इसमें क्या हुआ ? *No*, I did not; what of that ? *

---

* In English *yes* affirms and *no* denies a fact whether the questions be affirmative or negative.

NOTE THAT—यह पारिश्रमिक तुम्हारे लिये यथेष्ट है,—When turned into question form will be, यह पारिश्रमिक क्या तुम्हारे लिये यथेष्ट नहीं है ? Is *not* the remuneration enough for you ?

21. Questions with a Future meaning—

क्या मैं अब जा सकता हूं ? *Shall* I go now ? (Never *will.*)

क्या तुम अब जाओगे ? *Will* you go now ? or *Shall* you go ?

क्या वह अब जाय ? *Shall* he go ?

क्या वह जायगा ? *Will* he go ?

क्या पानी बरसेगा ? *Will* it rain ?

शिक्षककी आज्ञा न माननेसे मेरा क्या होगा ? What *will* happen to me (or, what *will* be the consequence), if I disobey my teacher ?

क्या मैं दण्डित होऊंगा ? *Shall* I be punished ? (Never, *will.*)

EXERCISE 70.

Translate the following questions :—

[HINTS :—फल, consequences, किस परिमाणसे, to what extent. लाभवान, gainer. रुकावट हुई थी ? did anything stand in the way ?]

प्लासी कहां है ? वहां जो युद्ध हुआ, वह किस वर्ष हुआ था ? किसके साथ यह युद्ध हुआ ? युद्धका कारण क्या था ? फल क्या हुआ था ? अङ्गरेज लोग इसके द्वारा किस परिमाणसे लाभवान हुए थे ? किस अङ्गरेज-सेनापतिके कौशलसे (skill) अङ्गरेजोंको इस युद्धमें जय हुई ? तुमने इस बार परीक्षा क्यों नहीं दी ? क्या तुम्हारी इच्छा नहीं थी ? या कोई रुकावट हो गई थी ? क्या मैंने तुमसे पहले यह बात नहीं कही थी, कि यदि तुम परीक्षा न दे सकोगे, तो तुम्हें स्कूल छोडना पडेगा ? क्या तुम जानते नहीं थे, कि आगामी वर्ष इतिहास

और संस्कृत-साहित्य का पाठ बदल जायगा ? क्या तुम समझते हो, कि एक वर्षमें दो नई पुस्तकें पढलोगे ? गत जून महीनेमें हरि बाबूने जब संस्कृत-अध्ययन-विषयपर एक व्याख्यान दीआ था, उस समय क्या तुम उपस्थित नही थे ? क्या तुम्हें स्मरण नही, उन्होंने स्पष्ट समझा दिया था, कि संस्कृत-व्याकरण बहुत कठिन है ?

EXERCISE 71.

Translate the following questions .—

[HINTS :—कर, taxes. वसूल करना, to collect, levy. विशेष काम, important business. निकलना, to appear or to be published. धर्म्मप्रचार करना, to preach]

सरकार प्रजासे कर क्यों ग्रहण करती है ? यह सब लोग कहांसे आये हैं ? तुम अवकाशके समय कौन कौन पुस्तक पढते हो ? ईश्वरसे प्रति दिन प्रार्थना करना क्या हमारा कर्त्तव्य नही है ? बङ्क क्या अब बन्द हो गया है ? तुमने मेरे पिताको क्यों पत्र लिखा था ? क्या कोई विशेष कार्य्य था ? माष्टर महाशयने तुम्हें क्या कहा है ? डाक्तर राजेन्द्रलाल मित्रकी वक्तृता किसी सवादपत्र में निकली है ? वह किस किस स्थान पर धर्म्मप्रचार करेंगे ?

EXERCISE 72.

Translate (putting the following in question form) :—

[HINTS :—आज बहुत ग्रीष्म है, when changed into question form it would become 'Is it not very hot to-day ?' The next sentence should be an affirmative question]

आज बहुत ग्रीष्म (गर्म्मी) है। तुम अङ्गरेजीमें चिट्ठी नहीं लिख सकते। उन्होंने अत्यन्त अन्याय कार्य्य किया है। कव्वा नही बोलता। समयकालमें यदु

तुम्हारा सहचर था। शिक्षक महाशय पढाते हैं। तुम्हारे पिता थोड़े दिन हुये कलकत्ते आये थे। आज सवेरे तुम रेल-ष्टेशन गये थे। वह सन्दूक तोड़कर रुपया ले भागा। उन्होंने भी यही बात कही थी। तुम आज दफतर न जाओगे। तुम मुझे यह पुस्तक भेजकर बाधित करोगे।

---

22. Negative forms translated.

The order is—

ENGLISH—1. *Auxiliary.* 2. *Negative particles* (*no, not &c.*) 3. *Principal Verb.*

NOTE.—The negative particle, when used *adjectively*, is put before the *noun* it qualifies. The negative particle, when used *adverbially*, is put before the *adjective* or *verb* it qualifies.

वह समयपर पहुंच नहीं सके, He could *not* arrive there in time.

शब्द (कोलाहल) से लोग नहीं सो सके, People had *no* sleep on account of the noise.

इस बातका कोई उल्लेख नही है, There is *no* mention of this.

उनके कामका कोई ढंग नहीं है, He is *not* methodical in business.

23. The present indefinite form of a verb + नही, requires the past or present tense.

मैं नहीं गया, I did not go.	वह नहीं गया, He has not gone.
मैंने नही देखा, I have not seen it.	उसने नही देखा, He has not seen it.

तुम नहीं गये, You have not gone.

तुमने नहीं देखा, You have not seen it.

24. नही = be + not, or have + not: [not sometimes becomes 'no' before a noun.]

1ST PERSON...
- मैं उपयुक्त नहीं हूं, I am not fit.
- मै अच्छा नहीं हूं, I am not well.

2ND PERSON...
- तुम सहज नहीं हो, You are not a man easy to deal with.

3RD PERSON...
- वह अच्छा आदमी नहीं है, He is not honest.
- यह सोना नहीं है, *It* is not gold.
- वह निर्बोध नहीं है, He is not stupid.

मेरे हाथमें रुपया नही है, I have got *no* money in my pocket.

वह घर में नही है, He is not at home.

(गाडीके) अड्डेमे एक भी गाडी नही है, There is not a single carriage on the carriage-stand.

25. It is wrong to translate.

तुम पढते नही हो, by—'You read not' [You should say—'You *do* * not read']

So, तुम पढते नहीं थे, You did not read.

26. कोई + नहीं, nobody ; कुछ + नही, nothing.

कोठरीमें कोई नहीं है, There is *nobody* in the room.

मैं इस विषय में कुछ नहीं जानता, I know *nothing* about it.

मेरा अपना कहने का कोई नहीं है, There is *nobody* whom I can call my friend (or call my own).

मेरा अपना कुछ नही है, There is *nothing* which I can call my own.

27. नहीं, + verb.

ऐसा कोई शास्त्र ही नही जिसे वह नही जानते है, There are no *shastras* or branches of learning with which he is not conversant.

---

* Negation is expressed in the present and past Indicative forms by introducing the auxiliary *'do.'*

ऐसा कोई काम ही नहीं, जिसे वह न कर सकते हों, There is no work he cannot do. He is up to anything (in a bad sense).

ऐसा कोई आदमी ही नहीं जो मुझे न पहचानता हो, There is no man who does not know me.

उसका घर बार कुछ नहीं है, He has not where to lay his head.

भोजन करने के उपरान्त बिना कुछ विश्राम किये मुझसे नहीं रहा जाता, I cannot help taking a nap after my meals.

मैंने जी में यह ठान लिया था कि कोई बात न कहूंगा किन्तु बिना कहे मुझ से न रहा गया, I cannot help making remarks despite my inclination to the contrary.

मैं हंसी न रोक सका, I can't help laughing.

वकीलकी वक्तृता शेष होते न होते मजिष्टरने राय दी or उत्तरवादी (वकील) की वक्तृता शेष न होने पाई थी कि मजिष्टर ने अपना विचार (तजविज़) सुना दिया, The pleader had scarcely finished his address when the Magistrate delivered judgment.

तुम न जाओगे, तो क्या होगा? I don't care whether you go or not.

अगर तुम कर न सकोगे, तो मैं एक दूसरे बढ़ई से टेबुलकी मरम्मत करा लूंगा or यदि तुम न कर सकोगे तो मैं किसी और बढ़ई से मेज़ को संवरवा लूंगा. If you can't do the job, I will have the table repaired (mended) by another carpenter.

मेरे बड़े भाईने मेरे लिये क्या न क्या किया? What has not my eldest brother done for me? [in a good sense]; (done to me) [in a bad sense].

28. Sometimes Negatives are translated by affirmative sentences.

मेरी भावजकी कोइ सन्तान नहीं है, My brother's wife is *childless.*

उसे डर नहीं है, He is *fearless.* He is *defiant.*

मकानकी मरम्मत बहुत दिनोंसे नहीं हुई है, The building has long been *out of repair.*

उसका आशा कुछभी नहीं है, He is *past* all hope.

वह अब न सुधरेगा, or उसका सुधार असम्भव है, He is *past* correction, *past* mending. He is *incorrigible*

दो एक बारका घुड़कनाही यथेष्ट होगा, और अधिक कुछ न करना पड़ेगा, A little frowning or threatening will be *enough.*

यह ग्रीष्म सही नहीं जाती, The heat is *intolerable.*

यह नही हो सकता, That is *impossible.* It is *absurd* or out of the question.

तुम्हारा विद्रुप अब मुझसे और नही सहा जाता, Your taunts are *more than I can bear.*

वह किसी कामका आदमी नही है or वह किसी कार्य का मनुष्य नहीं है, He is *good-for-nothing* fellow.

यदि आप न होते तो मैं लिखना पढना कुछ भी न सीख सकता, *But for you,* I should have remained illiterate for life.

29 कभी + नही never ; कुछभी + नही, not in the least, not at all ; किसी प्रकार से नहीं, by no means, under no circumstances, on no account.

मैं कभी पहाड़पर नही चढा, I have *never* gone up a mountain.

वह बिलकुल (कुछ भी) नही पढता, I can *by no means* get him to go to school.

मैं मिठाई बिलकुल (कुछ भी) नही खाता, I do not *at all* take sweets, I never take sweets.

30. नहीं used as nouns :—

तब तुम 'नहीं' न कह सकोगे, In that case you must not say 'no,' (*i. e.* decline).

तुम्हें 'नहीं' कहना न चाहिये, You should not say 'nay'. 'No' should not be in your vocabulary.

31. Miscellaneous :—

इस मनुष्य से कार्य्य न होगा, This man will not do for the work.

यह बात जिह्वा पर न लाइये, Don't you take that on your tongue. No more of that.

तुम्हें ऐसी बात कहना न चाहिये, You should not say such things.

दूसरेकी निन्दा न करनी चाहिये, You should not speak ill of others.

तुम्हें अपने शिक्षकका अवाध्य होना न चाहिये, You should not disobey your teacher.

यह बात इस समय नहीं कहनी चाहिये, You (we) must not tell it now. We must not give it out now.

मेरे लिये कोई दूसरा उपाय नही है, There is no other way open to me.

आप बडे आदमी है आपसे कोई बात कहते हुये मुझे भय लगता है, You are a big man, I hesitate (or, fear) to tell you anything

उसके मुखसे बात तक न निकली, He is dumbfounded. He is struck dumb. He has not a word to say.

यह कुछ थोडे आश्चर्य्यका विषय नही है, It is not a little surprising

CHAPTER IV.

COMPLEX AND COMPOUND SENTENCES.

1 वह तो बडा गऊ (सीधा मनुष्य) है कभी किसी बात में हात ही नही डालता।	may be translated (1) by a *complex*, (2) by a *compound* sentence.

Complex.—He is a quiet sort of man *who* meddles with nobody's business.

Compound.—He is a quiet sort of man *and* meddles with &c.

Again—

इसमे कुछ सन्देह नही कि अपराधीने हत्या दिया है।	should be translated by a *complex* sentence.

There is no doubt *that* the prisoner has committed the murder.

दूसरे अपराधीके विरुद्ध हत्या करनेका कोई प्रमाण नही है, There is no evidence *that* the second prisoner has committed the murder.

इसका कुछ निश्चय नही कि कब इन कष्टोंसे छुटकारा मिलेगा, There is no knowing *when* there would be an end of our present miseries

SECTION I.

Complex Sentences translated.

2. As a rule, if the Hindi contain *(a)* जब, तब, &c, or *(b)* यदि नही, &c., used to introduce a noun clause, it should be translated by a complex sentence.

The order of the Principal Sentence and Subordinate Clauses in Hindi and its English translation should be carefully noted.

3. Sentences with जो, उसे, &c.

Generally, the order is—

HINDI—1. *Clause with* जो, &c., 2. *Principal sentence with* उसे, &c.

ENGLISH—1. *Principal sentence.* 2. Subordinate clause with 'who', 'which' &c.

(1) जो परिश्रम करता है, उसे कभी किसी बातका अभाव नहीं होता,—उसे कभी किसी बातका अभाव नही होता, जो परिश्रम करता है, He is never in want who works. Or, better—*He who* works (or, is industrious) is never in want.

[NOTE :—In English, *he* and *who* often go together.]

(2) जो परीक्षामें प्रथम होगा, वह यह उसी का यह पारितोषिक मुद्रा (से तमगा) दिया जावेगा, *He who* stands first in the examination will get the medal. Or, the medal will be awarded to *him who* will stand first in the examination.

(3) जो दण्ड हुआ है उसके विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील, हो नही हो सकती, There can be no appeal to the High Court against the sentence *which* has been passed.

(4) कलकत्तेमें लोग जिसे 'लंगडा' कहते हैं, वह नकल मात्र है or कलकत्ता-निवासी जिस आम को लंगडा कह जानते है, वह वास्तव मे लंगडा नही है, The species of mango *which* Calcutta people call *Langra* is not real *Langra* (*lit* is a mere imitation).

(5) जो साक्षी आज्ञा (हुक्म) का अमान्य कर, अदालत में उपस्थित न होगा

वह फ़ौजदारी सुपुर्द किया जावेगा, The witness *who* disobeys this order and fails to attend Court will be prosecuted (*lit.* committed to trial before the Magistrate).

(6) जिन्हें तुमने हेडमाष्टर समझा है, वह सुपरिण्टेण्डेण्ट हैं, The gentleman *whom* you have mistaken for the Head Master is the Superintendent.

(7) अपने जो रुपये दिये थे, वह खर्च हो गये हैं, The money (*which*) you gave me has been all spent.

(8) जिसने किसी ने वह सङ्गीत सुना, वही मोहित होकर निष्पन्द भाव से बैठा रहा, Everybody *who* listened to the songs was entranced and sat motionless.

Translated idiomatically.

(9) हरेक अपने काममें व्यस्त है or प्रत्येक अपने अपने कार्य में नियुक्त है, Everybody is busy with his own affairs.

वह जिस तिस से भीख मांगता फिरता है, He goes about asking anybody and everybody [or, everybody he comes across] for alms (or, money).

मेरा जो अनुमान था वैसा ही हुआ, It is as I anticipated [or, predicted].

4. Sentences with जब, तब,—

As a rule the clause with जब, precedes the principal sentence with तब both in Hindi and English. In the clause translation, तब, is generally left out. In English, the with 'when' sometimes follows the principal sentence.

(1) जब ज्वर उतर जाता है, तब शिशु उत्साहित हो खेलने लगता है, *When* fever is off, the child is lively and playful.

(2) जब ग्रीष्म की छुट्टियों में वह अपने गृह को गया था तब एण्ट्रेन्स-परीक्षा

का फल प्रकाशित हुआ था, The results of the Entrance Examination were published *when* he had gone home during the summer holidays.

Translated idiomatically :—

तुम जब तब यही कहा करते हो, You say this in season and out of season (frequently, now and again).

5. Sentences with जहां, वहां,—

The order is indifferent in English. "वहां", (=there) is generally left out in the translation.

शंका डाइन मनसा भूत, (विपद प्रायः वहीं आती हैं जहां इसकी आशंका होती है) One is overtaken by night exactly where there is fear of being attacked by tigers. (*Fig.* Danger often comes where danger is feared).

जहां पांच रुपये खर्च करनेसे काम चलता वहां उसने दश रुपये खर्च किये है, Where it was enough to spend Rs. 5 only, he has spent Rs. 10.

2. Sometimes by *wherever.*

मैं जहां जाता हूं कुत्ता मेरे साथ जाता है, The dog is sure to accompany me *wherever* I go.

6. Sentences with जैसा वैसा,—

(1) आपने जैसा उपकार किया, सहोदर भी वैसा नहीं करता,

सहोदर भी वैसा उपकार नहीं करता, जैसा आपने किया—

Not even one's brother is expected to do the service you have done me.

(2) जैसा बाप है, वैसा वेटा, The son is as wicked as the father. Like father, like son.

(3) उपनीत ऋषिकुमारोंका जैसा वेश है, लवकुशका वैसा नही है, *Lava* and *Kusa* are not exactly in the same dress that is worn by *rishi* boys invested with the holy thread.

(4) वह (सीता) जैसी साधुशीला और सरलहृदया हैं, इससे आशा है कि वह मुझे तुरन्तही क्षमा कर देंगी। अनायास ही मेरा अपराध क्षमा करेंगी, Her (Sita's) disposition is so good and her heart so simple that she may be expected to pardon me readily.

(5) मैं उनके (रामके) विरहमे जैसा कातर हूं, वह (राम) भी मेरे विरहमे वैसे ही कातर हैं, Ram feels my absence as keenly as I do his.

7. Sentences with जैसा, followed by उससे &c.

मुझ जैसे अभाग्य के लिये ऐसा सौभाग्य का होना असम्भव है। Unfortunate *as* I am, such a singular turn of good fortune looks like an impossibility

तुम्हारा रुपया जैसे बनेगा इसी मासके भीतर चुका दूंगा, I shall pay you up within this month somehow or other.

जैसी करनी वैसी भरनी, He has been rightly served. Meet reward for what he has done.

8. Sentences with जितना—उतना, &c.

यदि नौकरी करना हो तो जितना शीघ्र हो करलो, If you have a mind to accept the post, *the sooner* you do so, *the better*.

9. Sentences with जबतक, जितने दिन।

जबतक उनके निकट रहो किसी प्रकार की धृष्टता अथवा अशिष्टता न करना, *As long as* you are with him, do not betray thoughtlessness or unmannerliness.

10 Sentences with ऐसा, कि, &c.

कोई कोई घोड़ा ऐसा द्रुतगामी है कि चार मिनट में दो मील पथ अतिक्रम कर

जाता है, Some horses are so light-footed that they can run two miles in four minutes.

11. Sentences with यदि, &c. (if) यदि नहीं, [unless] &c.

The correlatives of यदि [तो, &c.] are sometimes omitted in the translation and sometimes not.

(1) यदि मैं अकृतकार्य्य हुआ तो क्या होगा ? If I fail, what then ?

(2) यदि राजा पूछें कि तुम लोग कौन हो तो कहना कि हम लोग वाल्मीक के शिष्य हैं, If the king ask you who you are, tell him that you are the pupils of Valmiki.

(3) यदि मुझे रेल न मिली तो मैं पुनरपि लौट कर आऊंगा, If I cannot catch the train, I shall be coming here again.

(4) यदि कोइ पद होगो तो इसी अनुरोधपत्र ही से तुम्हारी नौकरी लग जावेगी, This note of recommendation will procure you employment, unless, of course, there be no vacancy.

(5) यदि तुम matriculation की परीक्षा में उत्तीर्ण न हो सकोगे तो किसी दफतर में भी न हो सकोगे, Unless you pass the Matriculation Examination, you have no chance of being even an apprentice in an office.

12. यद्यपि, सही, तथाच, &c. Translated by—

Though or it is true : (if by 'though' its correlative 'yet' is often left out in the translation).

यद्यपि वह निरपराध है तथाच (फिर भी) पुलिस ने उसको पकड लिया है,

Though he is innocent, he has been arrested by the police.

यद्यपि इस व्यक्ति ने कुछ कार्य्य नहीं किया है तथाच इसे कुछ दे दो कारण वह कुछ आशा कर यहां उपस्थित हुआ है, Though this man has done no work, let him have a little money, as he expects something.

शास्त्र-सम्मत होने पर भी विधवा-विवाह समाज सम्मत नहीं है, Though allowed by the *Shastras*, widow-marriage is *not countenanced by* society.

लोग कहते हैं, कि जो खेलता है, वह कानी कौड़ीसे खेलता है, People say, if one has a mind to play, one can do so even with broken shells.

13. शायद, (lest)—

मैंने इसलिये कोई बात नहीं कही, कि शायद वह कुछ जीमें खयाल करें, I have not said anything, *lest* he should take it amiss

वह इसलिये मेरे पास नहीं आवे, कि शायद उन्हें शीतला हो जाय or जिस समय मुझे शीतला हो गई थी वह मेरे पास तक नहीं फटका कि शायद कहीं उसको यह पीड़ा न हो जाये, He did not come near me when I had small-pox, *lest* he should catch the disease (or, for fear of catching it).

14 कि, used in Noun Clauses.

इसका और एक गुण यह है, कि यह, परिपाकशक्ति को बढाती है, It has another virtue which is *that* it promotes digestion.

15. Sentences with कि, etc

(1) हम में से बहुतों का एसा अनुमान है कि अङ्गरेजी वस्त्र पहिने से रेल के कर्मचारी उनका मान्य करते हैं, Many people amongst us have *the* idea *that* European costume commands respect from Railway servants.

(2) यह बात सत्य नहीं है, कि मैंने तुम्हारी मान-हानिकर ग्लानि की है, *It* is not true *that* I have made libellous remarks against you.

(3) उन्होंने पत्र लिखा है कि वह आज स्कूल न आ सकेगा, He has written to say *that* he will not be able to attend school to-day.

(4) क्या आप यह बात सपथ कर कह सकते है कि सारदा चरण सवेरे आठ बजे आपके गृह में था? Can you swear to it *that* Saroda Charan was at your house at 8 A. M.? (Can you state on oath *that* Saroda etc.)

वह धृष्ट है, केवल इसीलिये मैंने उसे निकाल दिया है, I have dismissed him for the simple reason *that* he is impertinent.

16. कि, in noun clauses.

In Hindi these clauses begin the sentences.

In English they follow the principal sentence which comes first.

(1) मैं नहीं जानता कि वह कौन जाति है, I do not know what caste he is.

(2) मुझे यह विश्वास नहीं कि वह ७ बजेकी गाड़ी से लौट सके, I am not sure *if* [or, that] he will be able to return by the 7 o'clock train.

(3) मैं यह नहीं कह सकता कि यह अनर्थ किसने किया है, I cannot say *who* is the author of all this mischief.

(4) इस लड़के का बाप हठात् निरुद्देश हो गया है, कोई बता नहीं सकता कि वह कहां है, The father of this boy has disappeared all on a sudden; nobody knows *where* he has gone.*

यह बताइये, कि मेरा लड़का ऊपरके दरजेमें क्यो नही चढा or अनुग्रह कर मुझे यह बता दिजीये कि मेरा पुत्र क्यों नहीं उपर की कक्षा में चढाया गया, Kindly let me know *why* my son has not been promoted.

---

* The complex sentence can be turned into a simple sentence; thus, 'Nobody knows his *whereabouts*.'

SECTION II.

Complex Sentences in Hindi translated by Simple Sentences in English.

तुम जिस प्रकार उचित समझो उस प्रकार यह समाचार उन तक पहुंचा देना, "Break the intelligence to him in any manner you think proper" is a *complex sentence*, but we have—

(1) *Simple.*—उनमें जैसी दया है, वैसी दया और किसीमें नहीं देखी, He is a man of unparalleled benevolence.

(2) *Simple*—जैसी घटना कही गई है वैसी घटना उस देशमें अभूतपूर्व है, The event alluded to is unprecedented in the history of our country.

(3) मेला भङ्ग करनेके लिये सहारनपुरके मजिष्टरने जो घोषणा कराई थी, वह हमने नहीं देखी (हिन्दी-बङ्गवासी), We have not read the proclamation issued by the Magistrate of Saharanpur for the breaking up of the *mela*.

(4) तुमको भलो शिक्षा पाते हुये देख मैं अति सन्तुष्ट हुंगा, I shall be glad to find you receiving a good education.

(5) यह सुनकर बड़ा दुःख हुआ, कि वह बड़े कष्टमें पड़े हैं or उसके उपस्थित कष्टों को सुन कर मैं अत्यन्त दुःखित हुआ, I am much pained to hear of his present difficulties.

(6) घोड़े जिस समय जगलमें होते हैं तो वह चारसे पांचसे तक एकत्रित दलबद्ध होकर घुमते है, In a wild state, horses roam about in herds of 4 to 5 hundred.

(7) मास्टर महाशयने कहा, कि तुम मकान जाओ, or मेरे शिक्षक महाशयने कहा कि तुम गृहको जाओ, My teacher told me to go home,

(By Too and Enough).

मैं इतना दुर्ब्बल हूं, कि चल नहीं सकता, I am *too* weak to walk.

उसमें इतनी बुद्धि है, कि वह इस बातको समझ लेवे, He is intelligent *enough* to understand this.

SECTION III.

Simple Sentences in Hindi translated by Complex Sentences in English.

18. This is sometimes done by converting a compound word into a noun or an adjective clause :—

(1) हा राममय-जीविते ! Thou (Sita) who livest in Rama !

(2) क्षत्रियकुलान्तकारी परशुराम, Parashurama who exterminated the Kshatriya race.

(3) तुम ससागरा पृथिवीके अधीश्वर हो, You are the lord of this earth with the seas that encircle it.

और विलम्ब करनेसे तुम अधिकक्षण मुझे जीवित देख न सकोगे, If you delay any longer, you will not find me alive.

मैं क्या तुम्हें नैनोंसे ओट करके एक मुहूर्त्त भी स्वस्थ हृदयसे रह सकूंगा ? Is it possible for me to be at ease for a moment when you are not before my eyes ?

SECTION IV.

Simple Sentences combined into Complex.

19. Two or more simple sentences in Hindi may sometimes be conveniently translated by a complex sentence when the connectives *who, which, where, when, &c.* are co-ordinating, not restrictive. Thus—

(1) राहमें हरिदाससे भेंट हुई, उसने कहा कि इस गृह में हत्या हो गया, On the way I met Haridas, *who* told me there had been a murder in the house.

(2) मै बीमार था इस कारण मैं स्कूल न जा सका, As I was unwell, I could not attend school.

(3) आप विना किसी अभिभावकके रावणके गृहमें थी इसी कारण पौरजन और जानपदवर्ग आपके चरित्रके विषयमें सन्देह करते हैं, As you had long stayed without a guardian in Ravan's house, the citizens and the country people doubt the purity of your character

(4) कुछ दूर चलकर वह एक सेतुपर पहुंचे, उसकी लम्बाई लगभग १०० हातकी होगी, After travelling a short distance he reached a bridge which was about a hundred cubits in length.

(5) अन्तमें वह अतिशय श्रान्त होकर एक गुफामें प्रविष्ट हुआ जिसको उसने हठात् देख पाया था, When he felt exceedingly tired, he entered into a cave, on which his eye had accidentally fallen.

(6) यह मुकद्दमा सेशन को जावेगा, अपराधी अपनी सफाई वहीं देगा, The case will go to the Sessions Court where the prisoner will make his defence.

(7) उनमें से बहुतेरे जो कभी पालकी में नहीं चढ़ थे, अवसर पाकर विना व्ययके पालकीपर चढने का मजा विलास लूटने लगे, Many of those who had never been carried in a *palanquin*, seized the opportunity for such a luxury free of expense.

SECTION V.

Compound Sentences.

20. When the connectives employed are :—

और, [*and, as well as, as also*] ; और, और भी, इसके अतिरिक्त ; इसके ऊपर &c., etc. [*besides, moreover, also*] ; या, अथवा, (or), नतुवा नहीं तो, [*or, otherwise, else*] ; किन्तु, [*but*] , अथच, फिर भी, तथापि [*and yet*] ; जो हो, फिर भी, [*however*] ; चाहे अथवा ; [*either—or*] ; न यह है और न वह दोनें में से कोई नही यह भी नही, वह भी नही, [*neither—nor*].

The sentence is generally translated by a *compound* sentence.

(1) मैंने सुना है, कि उसके न कोई घर है और न आत्मीय सहायता करनेवाला I am told he has *neither* a house to live in *nor* relatives to befriend him.

(2) मैं उसके लिखनेपढ़नेका खर्च दूंगा और जितने दिनोतक वह यहां रहेगा, उसके खाने तथा वास करनेके लिये इतना खर्च दूंगा, I will pay the expenses of his education *and*, so long as he remains here, I will pay so much a month for his board and lodging.

(3) मै वहुत दिनोंसे जानता हूं कि मेरे भाग्यमें एक दिनके लिये भी सुख नही है, नहीं तो आनन्दके प्रथम मुहूर्त्तमें यह विपत्ति क्यो होता ? I have long known I am not destined to have a single day of happiness, *else* how is it that at the first moment of joy this calamity comes upon me ?

(4) या तो मैं मारूंगा, नहीं तो मरूंगा, I will *either* kill him *or* be killed myself.

(5) मैं जैसा चाहता हूं वैसा करो नतुवा मैं पागल हो जाऊंगा और मेरे पागल होनेमें अब कुछ विलम्ब नहीं है, Do as I wish ; *otherwise* I shall go mad, I am not far short of it now.

(6) सत्य हो अथवा मिथ्या, मुझे, जानाही पडेगा, True *or* false, I have to go (really a *complex sentence*).

(7) मै प्रतिज्ञाबद्ध हुआ हूं, सुतरां इस समय मैं तुम्हारे लिये कुछ नहीं कर सकता, I am bound by a promise, *consequently* I cannot now do anything for you.

(8) न तुम स्वयन् पढ़ोगे और न मुझे ही पढने दोगे, You will not read yourself *nor* allow me to read.

(9) वृष्टि हो रही है, फिर भी ग्रीष्म पूर्ववत है, It is raining *and yet* it is as hot as ever.

(10) कहीं पेडके नीचे कमिटी करके तम्बाकू पीने लगे और कहीं स्त्रियोंने घाटोंको छोटी अदालत बना डाला, or वह तेरे वृक्षके नीचे बैटकर तम्बाकू पीने लगे और वयस्था स्त्रियां घाटोंपर पहुंचकर पंचायत जोड दी, Some sat smoking in council under a tree, *while* elderly women began to hold *punchayets* at the bathing *ghats*.

SECTION VI.

Conjunctions Suppressed in Hindi.

21. The conjunctions या, किन्तु, etc. are sometimes suppressed.

सभी रत्नोंके लिये सब ही मट्टी खोदते हैं कोहनूर एक ही के हाथ लगता है, Many may dig for jewels, *but* only one finds the Koh-i-noor.

वह अब बीस तीस सहस्रका आसामी होगा, He is now worth between twenty to thirty thousand rupees.

मिल जावे तौ अच्छा है, *If* I get it, well and good:

उसे पुस्तकों का यत्न कुछ भी नहीं सर्वदा खेल ही उसका प्रिय है, He does not care for his books (lessons), *but* spends all his time in play.

SECTION VII.

The Translation of Long Sentences.

1. अनन्तर जानकी विरलमें बैठकर, कुश और लवके मुंहसे सविशेष समुदाय श्रवण करके अपने परिग्रहके विषयमें सम्पूर्णरूपसे मुक्तसंशया हुई और आह्लादसे अधीर होकर प्रतिक्षण प्रभातकी प्रतीक्षा करने लगी। सारी रात एकबार भी नयन मुद्रित न कर सकी। (सीतारबनवास)।

2. "पक्षान्तर जो विचारपति सुविचारके पक्षपाती हैं, केवलमात्र प्रमाण और विधिपर निर्भर कर आत्मविवेकानुमोदित विचार करते हैं (सौभाग्य-क्रमसे ऐसे विचारपति बहुत हैं), वह भी विधि और अपने बुद्धि-अनुमोदित विचार करनेमें सन्देह करते हैं।" (हिन्दी-बङ्गवासी)।

22. In translating such sentences as the above, the difficulty would be considerably lessened if they are broken up into several short but complete sentences. Thus,

1. (*a*) अनन्तर जानकीने विरलमें बैठकर कुश और लवके मुखसे समुदाय सविशेष श्रवण किया, Now, Janaki, seated alone, heard the whole story from Lava and Kusa.

(*b*) और अपने परिग्रहविषयमें सम्पूर्णरूपसे मुक्तसंशया हुई, and felt certain that she should be allowed to live with her husband

(*c*) आह्लादसे...... लगी, Beside herself with joy, she eagerly awaited the dawn of day.

(*d*) समस्त रात्रि......नही सकी, The whole night she was unable to close her eyes in sleep for a moment

2 (*a*) पक्षान्तर. ....है।

(*b*) केवलमात्र .....करते है।

(*c*) सौभाग्य से......है।

(*d*) वह भी.... .करते है।

(*a*) On the other hand, there are judges thoroughly disposed to do justice.

(*b*) They proceed according to their own conscience and in entire reliance on law and on the evidence.

(*c*) Fortunately, there are not a few such judicial officers.

(*d*) Even such officers are, however, likely to hesitate to proceed according to law and common sense.

23. The following sentences need not be split up into several complete sentences, but the order of the parts is reversed in the English translation—

3 ऐसे धर्म्मपरायण कृषकके बलीवर्द्द विशिष्ट पर्णकुटीके सामने (*a*) अधर्म्मोप-जीवी लक्षपतिकी अश्वरथशोभिनी चित्तचमत्कारिणी प्रासादश्रेणी भी (*b*) मलिन जान पडती है, (In our eyes) long rows of splendid mansions with horses and equipage, owned by millionaires who live by dishonesty, look pale before huts which are sacred though thatched with leaves and contain no better animals than bullocks owned by peasants who do not know what dishonesty is.

4. (*a*) ऐसे भूखे कृषकका कदलीपत्रस्थित निरुपकरण तण्डुलग्रास (*b*) परधनाप-हारी विभवशाली धनाढ्योंके स्वर्णपात्रारूढ सौगन्धपरिपूर्ण सुस्निग्ध भोगकी

अपेक्षा (*c*) सहस्रगुण विशुद्ध और रुचिकर है, The hungry peasant's simple morsel of rice spread on plantain leaves is a thousand times purer and more palatable than the savoury delicacies on gold plates, which people grown rich with other men's property, partake of.

SECTION VIII.

Direct and Indirect Speech Translated.

24. In Hindi the indirect form of speech seldom occurs; thus—

(1) शशिने कहा, कि वह आज स्कूल न जावेगा,

(2) शरतने कहा, कि आज मैं भोजन करके नहीं आया हूं,

These are the forms in common use, though we may say—

(3) तुम कहते हो कि तुम्हारा अपराध नहीं है, फिर वह दोष किसका है ?

(4) मजदूरनी कहती है, कि वह मकानमें नहीं थी,

In (1) and (2) मैं, refers to शशि, and शरत्, respectively, in (3) the possessive pronouns and the nominatives are one and the same person. In (4) वह, refers to मजदूरनी, (1) and (2) are in the direct form, while (3) and (4) are in the indirect form. All these may be translated by either the direct or the indirect form but the latter is preferred.

Direct :—

(1) Sashi said "I *shall* not go to school *to-day.*"

(2) Sarat says, "I have not had *my* breakfast before coming to school."

(3) You say, "I *am* not to blame" while I say, "I *am* not to blame etc."

(4) The maid-servant says. "*I* was not at home."

Indirect :—

(1) Sashi said *that he would* not come to school *to day* (if reported in the class by another boy on the same day) ; Or Sashi said that *he would* not come to school *yesterday* (reported on the following day). Or, Sashi said that *he would* not go to school *that* day (reported generally).

(2) Sarat says *he* has not had his breakfast etc.

(3) You say *you* are not to blame, while *I* say *I* am not to blame.

(4) The maid-servant says *she* was not at home.

[NOTE :—In translating direct speech by the indirect, the change in the person and tenses of verbs as well as in certain adverbs of time should be carefully noted.]

वह पल्लवग्राही हैं परन्तु उनकी किसी विद्यामें विशेष अधिकार नहीं है, He is a jack of all trades but master of none; He has a smattering of everything.

वह सकल विषय उनके नखदर्पण की सदृश है, He has these things at his fingers' ends; He is quite at home in these subjects.

कोई विषय उद्धृत करना, to make an extract; to quote a passage.

इस पुस्तकके पढनेमें आनन्द आता है, This book is pleasant reading..

पत्र अथवा प्रबन्ध घसिटना, to *dash* off a letter, an essay &c.

भाषामें उनकी विशेष अधिकार है, He has a great *command* of language

हिन्दी तथा उर्दू भाषाओंमें विज्ञान-विषयक बहुतसे शब्द गढ़ लिये गये हैं, Many scientific words have been *coined* in Hindi and Urdu.

किसी विषयपर संक्षिप्त आलोचना करना, to *touch upon* or *glance at* a subject, to take a cursory view of a subject.

किसी विषयकी सविस्तार आलोचना करना, to *dwell at length* or *enlarge upon* a subject (or, to *dilate upon* a subject).

किसी प्रसङ्गके अन्तर्गत छोटी छोटी बातें उल्लेख करना, to *enter into details*, to *go into details.*

किसी सिद्धान्तमें उपनीत होना, to *arrive at a conclusion.*

झटसे सिद्धान्त करना, to *jump at a conclusion.*

किसी युक्तिका सारांश, the *drift* of an argument.

किसी विषयका सारांश, a summary or analysis.

यह युक्ति लचर है, This argument will not *hold water* (hold good)

किसी युक्तिका उत्तर देना, to *meet* an argument.

साधारण लोगोंकी शिक्षा, *mass education* ; शिक्षा विस्तार, the spread of education.

ऊंची शिक्षा, *high education* ; शिल्प-शिक्षा, technical education.

वह हिसाबमें बहुत पक्के हैं, He is *well up* (or strong) in accounts.

अलङ्कृत भाषा, *flowery* or florid language

41. Expressions denoting Excellence, Triumph or the opposite—

यह हीरा सर्व्वोत्कृष्ट है, It is a diamond *of the first water.*

स्वच्छ सोना, चांदी, *pure* gold, *pure* silver.

चमत्कार सुयोग, सुवर्ण सुयोग, a *golden* opportunity.

चमत्कार नियम, a *golden* rule ; a *golden* maxim.

बिलकुल सच, the *sober* truth ; बिलकुल झूठ, a *down-right* falsehood.

सिरसे पैरतक झूठ, a *tissue* of falsehoods.

वह अति उत्तम मनुष्य है, He is a *first class* man ; अति उत्तम समाचार पत्र, a *first class* journal.

उन्होंने बड़ी चतुरताके साथ काम किया है, He has *played his* cards well.

यद्यपि मैं दरिद्र हूं तथापि इस अवस्थामें भी विचित्र कार्य्य कर दिखा सकता हूं, Poor as I look, I can *work wonders.*

मैजिष्ट्रेट सर्वसाधारणके सम्मानभाजन हो गये हैं, The Magistrate has *won golden opinions.*

वह जहां जाते हैं, वहीं सम्मानित होते हैं, He *commands respect* wherever he goes.

प्रतियोगितामें वह विजय-निशान उडा आये, He *came off with flying colours*; he *bore away the palm*, he has *gained* or *won laurels*.

यह कौडीका भी नहीं है, This is not *worth a straw*; बीस रुपयेकी नौकरी करके क्या होगा? An appointment with a salary of Rs. 20 is not *worth having* (is not *worth my salt.*)

भोलानाथ कक्षामें प्रथम है, Bholanath is *at the head* of his class.

रासबिहारी बाबू वकीलमें शीर्षस्थानीय हैं, Rash Bihari Babu is *at the head of* the bar. (*of*). (He is at the head of his profession).

सर्व्वोत्कृष्ट सिपाही, The *flower* of the army.

सबकी निगाहें उनपर पडने लगीं, He was now *the observed of all observers*.

42. Expressions relating to opportunity—

सुयोग उपस्थित होनेपर न छोडना, to *embrace* an opportunity, to *seize* an opportunity, not to *let slip* an opportunity, to *make the best* of an opportunity.

सुसमय समझकर काम करना, Hit the nail on the head. Strike while the iron is hot. Make hay while the sun shines. Take time by the forelock. Take the tide at the flood.

डूबता मनुष्य तिनका पकडता है or डूबतेको तिनकेका सहारा यथेष्ट है, The drowning man *catches at a straw*.

43. Expressions about Deceit, Shrewdness—

आंखमें धूल डालना, to *throw dust in another's eyes*.

दूसरोंसे भयभीत हो कार्य्य करना, to *work upon another's fears*.

किसीको उल्लू बनाना, to *make a fool of a person.*

दूसरोंके कन्धेपर बन्दूक छोडना, to *make a catspaw of* a person.

किसीके सीधेपनसे अपना कार्य्य निकालना, to *practise on one's credulity.*

किसीकी घातमें रहना, to *lie in wait* (*in ambush*) for a person.

विषरस भरा कनकरस जैसे, a *wolf in sheep's clothing.*

बहाना करके, under false pretences.

छद्मवेशमें, in disguise : फकीरके वेशमें, in the guise of a *fakir* or religious mendicant (disguised as a *fakir*).

उसने मुझे ठगाया था, He *played me false.* He deceived me. He cheated me.

44. Expressions about Clocks, Watches—

घडीकी कूक समाप्त हो गई है, इस लिये बहुत "धीमी" (सुस्त) चलती है, The clock has run down, hence it is getting slow, or goes too slow.

तुम्हारी जेबी घडी दस मिनट द्रुत (तेज़) है, Your watch is 10 minutes too fast.

आज घडी तोपसे मिला लेना, Correct the time to-day at gunfire.

नहीं, मेरी घडी ठीक है, तुम्हारी अशुद्ध है, No, my watch is all right ; it is your watch that is going wrong.

घडी परिष्कार (साफ) करनी पडेगी, The watch has to be cleaned and oiled.

आजकल २५।३० रुपयेकी घडी भी ठीक समय देती है, Now-a-days watches costing 25 to 30 Rupees, keep good time.

मेरी घडी गिरजेकी घडीसे मिली हुई है, My watch exactly agrees with the Church clock.

तुम्हारी घडीमें क्या बजा है ? What is the time by your watch ?

पांच बजा चाहता है, It is on the stroke of five.

घड़ीमें क्या बजा है ? What hour has the clock struck ?

45. Expressions about Holidays, Leave &c.—

इस बार क्या बड़े दिनोंपर दुर्गापूजा की समान छुट्टी मिलेगी ? Is it true that the Christmas holidays will be as long as those of the Durga Puja ?

अङ्गरेज लोग नववर्षारम्भपर उत्सव किया करते हैं, Englishmen observe the New Year as an occasion of festivity.

सालमें कुल कितनी सरकारी छुट्टियां है ? How many, in all, are the public holidays in the year ?

युक्त प्रदेश के किसी किसी स्थान पर स्कूलों की सदृश न्यायालय ग्रीष्मकाल में बन्द होता है, At some places in the United Provinces, courts of justice get a long vacation like schools and colleges, in summer.

क्या तुम जानते हो कि पारलीमेण्ट किन किन महिनों में बन्द रहती है ? Do you know at what times in the year Parliament is in recess ?

सतीशने आधे वेतनपर १५ दिन की छुट्टी ली है, Satis has taken 15 days' leave on half pay.

ऐसी अवस्थामें उनकी छुट्टी शेष नहीं थी, In that case, he had no leave due to him.

पीड़ा के कारण छुट्टी में आधा वेतन कट जाता है, Sick leave entails loss of half pay.

अपनी जरूरतसे छुट्टी लेनेपर क्या पूरी तनखाह कट जाती है, or क्या आपनी आवश्यकता के कारण छुट्टी लेने से सारा वेतन कट जाता है ? Is full pay forfeited in private affairs (leave for private affairs).

डिप्टी साहब ने पूरे वेतन पर एक वर्ष की रियायती छुट्टी ली है, The Deputy Magistrate has obtained one year's privilege leave.

46. Expressions about Theft, Robbery &c —

मेरे गांवमें कल एक जगह डकैती हुई और दो जगह सेंध दी गई है, or कल मेरे गांवों में एक स्थान पर डकैती हुई; और दो स्थानों पर सेंध दी गई, There were yesterday one case of robbery and two of house-breaking in our village.

वह मनुष्य चोरी के अभियोग में पकड़ा गया है परन्तु वास्तव में उसने चोरी नहीं की है, This man has been arrested on a charge of theft, but really he did not commit theft.

दो मनुष्य जिन्होंने जेब काटकर एक मनुष्य का रुपया समेत एक बटुवा ले लिया था पकड़े गये है, Two men who had taken a money-bag (purse) with some money by picking the pocket of a man, have been arrested.

क्या यह सत्य है, कि दस रुपयेके जाली नोट बनाये गये है? Is it true, that ten-rupee currency notes have been forged?

यह दिन-दहाड़े डकैती है, This, indeed, is robbery in broad daylight

रोकड़ियाने रुपया आत्मसात् कर लिये है, The cashier has committed embezzlement

47. Expressions relating to Ships, Railways &c —

जहाज़से जाना, to make or perform a voyage; जहाज़पर चढ़ना, to *take ship*, to *get on board* a vessel, सेमिरामिस स्टीमरके आरोही-गण, the *passengers* on board the Semiramis.

वह सेमिरामिस जहाज़से जाते है, He *took passage in* the Semiramis.

पाल खोलना, *to set sail.*

जहाज़ आस्ट्रेलिया को जायगा, The ship *is bound for* Australia.

दुर्योग को देखकर जहाज़ बन्दरमें लगाया गया, The ship *put into port* on account of foul weather.

जहाज़ मट्टीपर चढ़कर टिक गया, or जहाज़ भुमि पर अटक गया, The ship *ran aground* or *struck* (on) *the ground* ; जहाज़ में छेद हो जानेके कारण पानी आने लगा, The ship *sprang a leak.*

झञ्झा का सामना करना, *to weather* a storm ; झोका, झकोला, a *squall.*

लङ्गर डालना, to *cast anchor* ; to *drop anchor.*

लङ्गर उठाना, to *weigh* anchor.

बन्दरसे जहाज़ खोलकर समुद्रमें जाना, or समुद्र में जहाज़ लेजाना, to *put to sea.*

जहाज़की गति परिवर्त्तन करना, to *put the ship about.*

दो रेलें परस्पर परस्पर से लड गईं, There was a *collision* between two trains. The one *collided with* the other.

एक रेल लैन (रेलकी सडक) से उतर गई, One of the trains was derailed or *ran off the line* (ran off the rails).

टिकट लेना, or टिकट कटवाना, *to take a* ticket ; मैंने गयाका टिकट लिया है, I am *booked to* or *for Gya.*

मैं मधुपुरमे एक दिन ठहिरूंगा, I will break journey *at* Madhupur for one day.

मेरा शरीर असुस्थ है, मैं अविश्राम भ्रमण का योग्य नहीं हूं, I have poor health and shall not be able to perform a *through journey.*

जहाज़का भाडा, *passage money* ; रेल का भाडा, railway *fare*, hackney carriage *fare* ; पाल्की का भाडा, palanquin *fare.*

48. Expressions relating to Wars, Battles &c.—

सीमान्तर प्रदेशमें लड़ाई चल पड़ी है, *War* has *broken out* on the frontiers.

युद्ध आरम्भ हुआ है, *Hostilities* have *commenced.*

अमेरिकाके साथ हमें लड़ना उचित नहीं है, We should not *go to war* with America.

तुमुल संग्राम, or घमसान युद्ध, war *to the knife, a desperate* fight, the *thick* of the fight.

सम्मुख समर, a *hand-to-hand* fight, *coming to close quarters with* the enemy.

शत्रुके सामने होना, to *face* or *encounter* an enemy.

चोट बचाना, to *parry a thrust.*

अस्त्राघातसे शरीर भेद करना, to *run a man through the body.*

मेगजीन उड़ा देना, to *blow up* a magazine.

तम्बू गड़ाना, to *pitch* a *tent*; तम्बू खड़ा करना, to *strike* a tent.

शत्रुपर आक्रमण करना, to *attack* an enemy; शत्रुदेशपर आक्रमण करना, to *invade* the enemy's country.

युद्ध जिसमें सम्पूर्ण जय हो (निर्णायक युद्ध) (मीमांसकयुद्ध) or युद्ध जिसमे उभय पक्ष समान रहें (तुल्यबल युद्ध), a *decisive battle*; a *drawn battle.*

शत्रुओंका देश नष्ट करना, *to lay waste* or *devastate* the enemy's country, to *ravage* their country *with fire and sword.*

रणक्षेत्रमें अवतीर्ण होना, to *take the field.*

विद्रोहियोंने अस्त्र रख दिये है, The rebels have *laid down* their arms.

उन्होंने हार मान ली है, They have *surrendered.*

पराजित होना, to be defeated, to sustain a defeat; बलवान शत्रुको देखकर भागना, to *beat a retreat*, to *sound a retreat*, to *fall back*

शत्रु-सेना भगाना, to *beat off* or *repulse* the enemy.

बाड़ाह मरना आरम्भ किया (शत्रुपर अग्नि वर्षाना), to *open fire* upon the enemy, to begin firing.

वे लोग समर-हुङ्कार करने लगे, They *raised the battle cry.*

वह नहीं हटे, They *stood their ground.*

सेनापतिने सैन्य रचना की, The General *formed* or *drew up his men in order of battle*, drew up his men *in* battle *array.*

युद्धके लिये आह्वान करना, to *throw out a challenge* ; युद्धदान, to *give battle.*

शत्रु-अधिकृत स्थान अवरोध करना, to *besiege*, or *lay siege to*, a place.

अवरोध परित्याग करना, to *raise* the siege.

युद्धघोषण करना, to *declare* war.

सन्धि प्रस्ताव करना, to make proposals of peace ; सन्धि कर डालना, to *conclude peace.*

EXERCISE 78.

[HINTS :—सदालाप, sweet conversation ; शिष्टाचार, amiable manners ; आप्यायित, pleased ; वियामा, night ; युक्तियुक्त, judicious ; बड़ा अनुराग, extreme fondness ; विपाद, risk].

इतिहास लेखकोंने कहा है, कि अकबर एक बलिष्ठ और सुन्दर पुरुष थे। उनके प्रीतिकर मुखश्रीके दर्शन और सदालाप और शिष्टाचारसे सभी आप्यायित होते। वह विलक्षण मिताचारी थे, और अत्यल्प काल निद्रा होसे उनकी तृप्ति होती। अनेक समय - वह रात्रिका अधिकांश सभाके विद्वानोंके साथ तर्क-वितर्क करने होमें बिता देते। वह ऐसी युक्तिके साथ समय-विभाग कर लेते और राज्यकार्य्यमें ऐसे चिप्रकारी थे, कि सदा सग्राममें लिप्त रहते हुये और सामान्य शासनमें समधिक उन्नति साधन करते हुये भी अध्ययन और आमोदके लिये प्रचुर अवकाश निकाल लेते। वन्य पशुओंका युद्ध और बल और कौशलके परिचायक सकल प्रकारके व्यायाम देखना उनको बहुत भाया करता। मृगयासे उनका बड़ा अनुराग था, विशेषत: व्याघ्र, हाथी प्रभृति जिन सब पशुओंके मृगयामें

अपेक्षाकृत अधिक विभ्राट्की सम्भावना है, उन्हींके मृगयामें वह सातिशय प्रीतिलाभ करते। कभी कभी वह शारीरिक असज आनन्दलाभके लिये यथेष्ट परिश्रम स्वीकार करने यहांतक कि एक वार दो दिनमें अश्वपृष्ठपर ११० कोश अजमेरसे आगरेतक गये और प्राय: ही पन्द्रह कोसका पथ वह नित्य चला करते थे।

Entrance Examination 1894

EXERCISE 79.

[HINTS :—उनके लिये श्लाघाका विषय था, they piqued themselves on their skill to &c. निविडतम सैनिक आवासमें, the innermost parts of the enemy's camp प्रतिरोधार्थ, to oppose them. सुसज्जित, arrayed. सैन्यविभाग, regiments उत्सन्न कर डालना, to lay waste. बहुत घुमकर, avoiding shorter cuts.]

यथार्थमें पिण्डारी डाकुओंके अतिरिक्त और कुछ न थे। केवल संख्याधिक्य-वशत: यह दस्युदल सैन्यका सा जान पडता था। वह सुशिक्षित सैन्यका सामना करनेका गर्व नहीं किया करते थे। उनसे बच जाना ही उनके लिये श्लाघाका विषय था। द्रुत अथवा हठात् आक्रान्त होनेपर कौन सर्व्वापेक्षा वेगसे भाग सकता है, यही उनके बीच गौरवका विषय था। कोई प्रतिबन्धक उनकी गति को रोक न सकता था। वह लोग निविडतम सैनिक आवास-श्रेणीके बीच प्रवेश करते। अधिक क्या, अपने प्रतिरोधार्थ सुसज्जित सैन्य-विभागके बीचसे निकल कर भाग सकते थे। वह पश्चाद्भागके कुल देश उत्सन्न कर डालते और इसके उपरान्त बहुत घूमकर पृथक पथोंसे वासस्थानको लौट जाते।

Entrance Examination 1891.

CHAPTER VI.

Various Expressions with कारण,

(1) By 'as' 'since' &c. or by the Nominative Absolute—

दूर होनेके कारण मैं वहां नहीं गया, I did not go there *as (because) it was so distant. It being very distant*, I did not go there.

वृष्टिके कारण गृह आनेमें विलम्ब हुआ, *As it rained*, I was late in coming home. *It having rained*, I was late &c.

यह अंश सहज होनेके कारण छोड़ दिया गया है, This portion has been left out *as being easy*.

(2) To Pass for, to take for, to be known as &c.—

कहकर नामसे,—

उन्हें हिन्दू कहकर जानते है, He *passes for* a Hindu.

उन्होंने अपनेको हिन्दू कहकर बताया, He called himself (or, he professed to be) a Hindu or he declared that he was a Hindu.

यह इतिहासमें अन्धकूपके नामसे प्रसिद्ध है, It *is known* in history *as* the Black Hole.

(3) To this effect, or to that effect, to say &c.

कहकर,—

उन्होंने मुझे यह कहकर पत्र लिखा है, He wrote me a letter *to this effect* or He wrote to me *to say that &c.*

उसने मुझे यह कहकर धमकी दी है, He has threatened me *to this effect* (or saying &c).

गाड़ीवालेने एक अङ्गरेज़ के पर यह कहकर नालिश की है, The driver of the carriage sued a European *saying* that &c. (or, charged him with having &c.)

उन्होंने यह कहकर शपथ की है, He took oath *saying* (or, he swore that &c).

(4) As or to be—

समझकर,—

मैं उसे निर्बोध समझता था, I knew him *to be* a fool.

मैं इसे अन्याय नहीं समझता, I don't consider this *as* (to be) improper (or, just)

क्या रुपया उसने घूस समझकर लिया था, Did he receive the money *as* a bribe ?

(5) How, what—

क्या समझकर,—

तुमने क्या समझकर इस शिशुको मारा ? *How* had you the heart to lay violent hands on this little child ?

(6) Without taking leave, without asking permission—

बिना पूछे,—

तुमने मुझसे बिना पूछे आम क्यों तोड़े ? Why have you plucked the mangoes *without asking* me (or, *asking my permission*) ?

वह बिना पूछे चला गया, He has gone away *without taking leave.*

2. स्वरूप, तरह, By 'as' ('by way of')—

उन्होंने पुरस्कारस्वरूप मुझे दश रुपये देना चाहा था, He offered me Rs 10 *as* a reward (or, *by way of* reward).

वास्तवमें वह गृहलक्ष्मीस्वरूपा हैं, She is in fact the tutelary goddess of the house-hold [Here no 'as' is necessary.]

वह राजाके दक्षिणहस्तस्वरूप थे, He was *as* the right-hand of the king (or, He was the right-hand man of the king).

दण्डस्वरूप उनका दरजा घटा दिया गया, He was degraded *by way of* punishment.

3. मानो कहीं, मानलो, जैसे,—

(1) By 'as if', 'as though,'—

जैसे मैं कुछ नहीं जानता, *As if* (or, *as though*) I knew nothing (or, it may mean—Do you think I know nothing about it ?)

मुझे ऐसा जान पड़ा, कि जैसे किसीने द्वार खट खटाया, It seemed to me *as if* somebody knocked at the door.

(2) Suppose—

मानो यह भूमि और यह समस्त पहाड़ हैं, *Suppose* this is the earth and all these are mountains.

(3) Supposing that, admitting (for argument's sake) granted, I think &c—

मान लो, कि मेरी बात झूठ है, किन्तु क्या तुम्हारी बात सत्य है? *Granted* or, I allow that what I say is false, but are you sure that you are right ?

मान लो, कि मैंने तुम्हें एण्ट्रेन्स परीक्षामें भेज दिया, पर तुम उत्तीर्ण हो न सकोगे, *Supposing* I allow you to go up to the Entrance Examination, you will not be able to pass it.

मान लो, कि इस मासका व्यय किसी प्रकारसे निकल गया फिर आगामी मासमें क्या होगा? *Supposing* the expenses of this month are met

somehow, what will be the case next month, or, what will you do next month ?

(4) Seem, Look—

ग्रीष्म से मानो प्राण निकले जाते हैं, Life *seems* unbearable in the hot season.

यह बेल एक नारियलकी सदृश है, This *bael* (fruit) *looks* as if it were a cocoanut.

तुम्हें मानो कहीं देखा है, I met you before somewhere.

यह जातिमें मुसलमान हैं, पर देखनेमें ऐसा जान पड़ता है, कि मानो वह हिन्दू है, He is by birth a Mussalman but he *looks* like a Hindu.

(5) In warning a man, by 'take care,' 'see'—

देखना कहीं गिर न पड़ना, *Take care that* your foot does not slip (that you do not slip or fall).

देखो कहीं भूल न जाना, *See* (*take care*) *that* you do not forget it.

देखो कहीं भूल न हो, *See that* you do not make a mistake.

(6) Do'nt you—

तुम अन्तमें यह न कहना, कि महीना नहीं मिला है, *Don't you* say hereafter that you have not received your wages.

मुझे कहीं झंझटमें न डालना, *Don't you land* me in a difficulty in the end.

(7) May—

यह जैसे विदेशी हैं इस देशके शास्त्रको नहीं जानते परन्तु तुम तो जानते हो, This man is a stranger and *may* not know the laws of this place, *but* you must know them.

4. अवश्य—

(1) **Though, it is true—**

वह बड़े आदमी हैं सही, पर मैं उनकी खुशामद नहीं कर सकता or वह बड़े आदमी तो अवश्य हैं परन्तु मैं उनकी तोषमद नहीं कर सकता, *It is true* he is a rich man but I cannot flatter him. *Though* he is a rich man, I cannot flatter him. He may be a rich man, but I, for one, will not flatter him.

(2) **Yes—**

तुम जैसा कह रहे हो अवश्य ठीक है, मुझसे भूल हुई, *Yes,* it is exactly as you say, I made a mistake

यह तो सही है, किन्तु इसका प्रमाण नहीं है, कि उसने चोरी नहीं की, *Yes,* but then there is no *proof* that he has not stolen it.

(3) **Is it so? Indeed—**

क्या यह सही है, कि माधव विलायत गया है? *Is it so?*—Has Madhava left (or, started) for England?

क्या यह सही है, कि वह दो सौ रुपये माहवार पैदा करता है? *Indeed!* Is he getting Rs 200 a month on an average?

5. शायद, जान पड़ता है, =

शायद, (a mere guess)—perhaps, जान पड़ता है, I think, I suppose, I believe; If the teacher asks you, इसके उपरान्त क्या पढ़ाया जावेगा?, 'What is the next lesson?' You will give him no information by saying शायद, Geometry, 'perhaps Geometry', for that is as much as to say 'Perhaps History' or 'Perhaps Sanskrit'. So, if he asked you, आज महीनाका कौन दिन है? 'What day of the month is this?' it would not be proper to answer, शायद आज ५वीं है, 'Perhaps it is the 5th.' In both

these cases, if you have reasons for believing that Geometry is the next lesson or that it is the 5th day of the month, you should more properly say 'I *think* it is Geometry' or 'I *think* it is the 5th &c.'

Take also the following illustrations :—

शायद चचा चाबियां कहीं गृहहीमें रख गये है, *Perhaps* uncle has left the keys behind him somewhere at home.

शायद तुम आश्चर्य कर रहे हो, कि इसके अर्थ क्या है, इसके मानी क्या है ?, *Perhaps* you are wondering what this might mean.

शायद वह अपनी मांका स्मरण कर रहा है, *Perhaps* he is thinking of his mother.

वह स्वेच्छानुसार पहाड़ोंपर घूमता रहा रातको शायद किसी बड़ी गुफामें आश्रय ले लेता था, He roamed at liberty over mountains, sheltering himself at night, *perhaps*, in some large cave.

हरि बाबू सभामें उपस्थित नहीं हुये शायद उन्होंने यह सोचा कि हृष्टिके कारण सभा न होगी, Hari Babu did not go to the meeting. *Perhaps* he thought that the meeting would not take place on account of the rain.

पुष्प यदि दुर्लभ होते तो लोग उनका आदर करते, शायद हीरकादिसे भी उनका आदर अधिक होता, If flowers were rare they would be much prized. *Perhaps* more prized than precious stones.

शायद, is sometimes equivalent to जान पड़ता है, and is translated by 'I think' or 'probably.'

Thus,—

मुझे शायदे आज ज्वर आगया, *I think* I shall have fever to-day.

समझता हूं, (*in Assertions*)—

मैं समझता हूं, कि पुस्तक दूसरी कोठरीमें है, *I think* the book is in the other room.

मैं समझता हूं, कि शिशु एक वर्षका हुआ होगा, *I think* (I believe) the child is a year old.

मैं समझता हूं, कि आज एकादशी है, *I think* to-day is the 11th day of the moon.

मैं समझता हूं, कि कल तुम्हारा स्कूल खुलेगा, *I think* your school will re-open to-morrow.

मैं समझता हूं, कि लड़का बी॰ ए॰ में पढ़ता है, *I think* the boy is reading for the B. A. Examination.

समझता हूं, [In Questions]—

मैं समझता हूं, लड़का बी॰ ए॰ में पढ़ता है ?, I think the boy is reading for the B. A. Examination. Is he not ?

मैं समझता हूं, कल तुम्हारा स्कूल खुलेगा ?, Your school re-opens to morrow. Does it not ?

[Miscellaneous]—

मैं तो कुछ अपने गांठसे व्यय करूंगा ही नहीं, I am not going to spend anything from my own pocket, to be sure.

जान पड़ता है, कि आज एक बजे स्कूल बन्द होगा, *I think* the school will close at 1 o'clock to-day.

मैं समझता हूं कि इस कार्य्यमें हाथ डालना उचित नहीं, *I think* we should not take this business in hand.

जान पड़ता है, कि मुकदमा सेशन जायगा, The case is likely to go up to the Sessions Court for trial.

6. सिवा, सिर्फ, &c. **except, but &c.—**

वह दूधके अतिरिक्त और कुछ नहीं खाते, He takes nothing *but* milk.

7 मात्र—

[After nouns] translated by 'only'—

नाममात्र राजा, A king *only in name*, a nominal king.

नाममात्र आहार, It is a meal *only in name*. It is an apology for a dinner.

नाममात्र वृष्टि, It is rain only *in name*. It is no rain at all.

[After verbal nouns] translated by 'as soon as', 'only,' 'Just,' &c.

वह सुनते ही आग बबूला हो गये, *As soon as* he heard this, he flew into a rage.

दर्शनमात्र, *As soon as* seen ; स्पर्शमात्र, *As soon as* touched or felt.

मृतदेहमें किञ्चिन्मात्र वैलक्षण्य नहीं है, There is not the *least* change of features in the dead body.

8. खास—

खास कृष्णनगरहीमें आपका मकान है ?, Do you live in Krishnagar *proper* (or, *itself*) ?

गिरजाके उत्तरकी ओर मेरा गृह है, My house is *just to the* north of the church.

स्वयम्—

Translated by 'myself', 'yourself &c, or by 'own,'—

मैं स्वयम् ही नहीं जानता, सिखाऊंगा क्या ? I do not know it *myself*, how can I teach you ?

वह स्वयम् ही स्वीकार करता है कि उसने चोरी की है, He *himself* confesses having committed the theft.

यदि मैं स्वयम् न जा सका, तो किसी औरको भेज दूंगा, If I cannot go there *myself* [in *person*, *personally*] I shall send somebody else.

दूसरोंको सभी उपदेश दे सकते है, क्या तुम स्वयम् भी ऐसा कर सकते हो ?
It is easy to lecture to others, can you act so *yourself* ?

हमलोग स्वयम् दरिद्र हैं, पर हमारा सम्बन्ध बडे आदमियोंसे है, We are poor men *ourselves*, but our connections are with rich families.

केम्बेल साहब समस्त कार्य्य स्वयम् ही किया करते थे, Sir George Campbell did everything *himself* [or, with his *own* hands].

महाशय, यह मेरा अपना गृह है, It is *my own* house, Sir.

सभी अपने अपने काममें नियुक्त हैं, I see everybody is busy with *his own* affairs.

यदि मैं स्वयम् न समझ सका, तो और किसीसे समझ लूंगा, If I cannot understand it *myself*, I shall ask somebody else to explain it to me.

स्वयम् हरि बाबू अत्यन्त पीडित हैं और उनका परिवारवर्ग अच्छा है, Hari Babu *himself* is very ill, the rest of the family are doing well.

9. कितना—

Before nouns in interrogative sentences By "what," "how much," "how many"—

उसकी अवस्था क्या है ? *What* is his age ?

इस ग्लासमें कितना पानी आता है ?, *How much* water does this glass hold ?

इस कक्षामें कितने लडके हैं ? *How many* boys are there in this class ?

तुम कितना रुपये मांगते हो ?, *How much* (*what* sum of) money do you want ? [Before Adjectives.]

यह प्राचीर कितनी ऊंची है ? *How* high is this wall ?

यहांसे कितनी दूर है ? *How* far is it from here ? [In sentences not interrogative.]

By much or how, what &c —

मैंने दूर दूर भ्रमण किया और बहुत कुछ देखा भाला है, तुम तो कलके बच्चे हो, I have travelled far and seen *much*, you know little of the world yet. *

मैंने अपनी जीवन में बहुत कुछ देख लिया है, I have seen *much* in my life-time (in my day).

मैंने उनकी बहुत मिनति की परन्तु उन्होंने एक न मानी, I *earnestly* (or 'much') entreated him, but he would not listen to me.

संसारमें कितनी ही प्रकारके मनुष्य है, *What* a variety of characters do we find in this world.

(संसार में) कितने ही मनुष्य ऐसे हैं जो भूखे मरते हैं, *How* many men are there who die of starvation.

मेरी अनुपस्थितिमें लडके जाने कितना कष्ट पाते होंगे, My children must be suffering *much* discomfort in my absence.

वह ज्वर में विकारग्रस्त हो जाता है, His mind wanders (or, he is delirious) when he has fever.

10. The particle ही, [*When Emphatic.*]

(1) By 'it is' or 'it was' before the subject—

मैंने ही आज्ञा दिया था, *It is* I who gave orders.

तुमहीने उसे भय दिखाया था, *It was* you who frightened him.

(2) 'No other than' before the complement of 'be'—

वही राजा प्रतापनारायण हैं, He is *no other than* Raja Pratap Narayan.

---

* Not 'you are but of yesterday', which means a different thing.

वह मेरे चचा ही हैं, He is *no other than* my uncle.

(3) By 'very', 'just', 'exactly' when ही occurs after nouns, pronouns, Adverbial phrases—

मैं यही चाहता हूं, That is *just* (or, *exactly*) what I want. That is the *very* thing I want.

पूजाकी छुट्टीके ठीक पहले रुपया परिशोध किया गया है, The money was paid off *immediately* before the Pooja holidays.

शब्द उसी समय थम गया, The sound ceased that *very* moment (*just* at that moment or *immediately*).

मैं वहीं जाता हूं, I am going to that *very* place. That is *just* the place where I am going.

(4) By 'nothing short of'—

यदि मेरी मृत्यु ही तुम्हें अभिलषित हो, or यदि तुम मेरी मृत्यु ही चाहते हो, If *nothing short of* my death will satisfy you.

By 'both the,' 'all the three' &c —

उन्होंने दोनों बन्दूकें बाघ पर छोडीं, He fired *both the* muskets at the tiger

तीन लडके परीक्षा के लिये भेजे गये, वह तीनों ही अकृतकार्य्य हुये, Three boys were sent up to the examination, *all the three* have been plucked.

ही, after verbs, participles &c.—

11. खाकर ही, जाकर ही,—

(1) as soon as, immediately after.

खाना खाकर ही मैं तुम्हारे गृह को जाऊंगा, *As soon as* I have taken my breakfast (or, *immediately after* breakfast) I will go to your house.

मैंने गृह पर जाकर ही देखा कि मेरी स्त्रीको ज्वर आगया है, *Directly* I got or reached home I found my wife laid up with fever.

चिट्ठी देकर ही वह चला गया, *As soon as* he delivered the letter he went away.

शिक्षक महाशयके आते ही सब लड़के चुप हो गये, *As soon as* the teacher came or appeared, the boys ceased speaking.

कहते ही, पकड़ते ही,—

(2) So much as, even—

वह मेरे सामने बात ही नहीं कर सकता, He does not or cannot *so much as* speak before me.

वह तुम्हारे आगे कलम ही नहीं पकड़ सकता, [Literally, He cannot *so much as* hold the pen before you] As a writer, he bears no comparison with you

3 Must, assuredly—

जाना ही पड़ेगा, करना ही पड़ेगा, जाऊंगा ही, करूंगा ही,—

कल तुम्हें आना ही होगा, You *must* come to-morrow (I will take no denial)

मुझे नौकरी दिलवाना ही पड़ेगा, You *must* get me some employment.

मैं तो जाऊंगा ही कोई मुझे रोक ही नहीं सकता, Go I *must* (I am determined to go, no one shall prevent me from going).

ज्योतिषीओंने कहा, कि एक वर्ष के भीतर यह कन्या विधवा हो ही जायेगी, The astrologer said, 'The girl shall *assuredly* be a widow in the course of one year.'

[मैं तुझे मार ही डालूंगा, Be sure I will make an end of you]

(4) By the word 'expect.'—

वह तो ऐसा कहेहीगा, It is *expected* that he should say so.

वह तो हमारी निन्दा करेगा ही, or वह तो हमारी निन्दा करेहीगा, It is *expected* that he should speak ill of us.

(5) **By 'only,' 'just'—**

आपके आफीस के कर्त्ता से कहदेने से ही मुझे नौकरी मिल जावेगी, I can get the appointment if you will only speak for me to the Head of the office.

उष्ण जल से सेंकने से ही वेदना मन्द हो जायेगी, The pain will be relieved if you only (or, just) foment the parts with hot water.

Miscellaneous forms with ही,—

तुम नहीं कल ही आना, You had better come to-morrow. Come to-morrow rather than any other day.

लड़की को किसी प्रकार से ही बचा न सका, I could not by any means save my poor daughter's life.

इस ही मास के भीतर उसका विवाह होगा, He will be married within this very month.

कुछ ही क्यों नहो मैं विचारालय (अदालत) में साक्षी देने न जाऊंगा, Come what may I am not going to court to give evidence.

लोग कुछ ही क्यों न कहें, मैं बारहवें वर्ष के पूर्व अपनी कन्या का विवाह न करूंगा, Let people say what they will; I will not marry my daughter before she is twelve years old.

क्या बिना जांच किये हुये ही मैं पृथक होने की बात कह रहा हूं, Do I speak of separation before first ascertaining the matter myself.

12. The particle भी,—

(a) After nouns or pronouns.

(1) **By also, likewise, too—**

राम बाबू भी यही बात कहते हैं, or राम बाबू का भी यही मत है, Ram Babu *too*, is of this opinion.

दूसरा अपराधी भी दोषी है, The second prisoner *is also* guilty.

कलकत्तेमें भी विसूचिका (हैजा) है, There are cases of cholera in Calcutta *too.*

(2) **By even—**

ऐसे क्लेश तथा कष्ट में रहते हुये भी मैंने अपने भाई से किसी वस्तुके लिये याचना नहीं की, *Even when* in so much distress or want, I did not ask my brother for anything

(3) **Neither nor** *(in negative sentences)*—

न हमें वायु की ही चिन्ता है और न वर्षा की, *Neither* wind *nor* rain affects us (or, we don't mind the wind and the rain).

यहां न कोई गाडी ही मिलती है और न पालकी, *Neither* carriage *nor palki* is to be had here.

(4) **Both—and** *(in affirmative sentences)*—

हमें तुम्हें दोनों ही को अन्तमें भुगतना अथवा झेलना पडेगा, *Both* you *and* I should have to suffer in the end.

(b) After Verbs

(1) **Even if, even though—**

यदि यह बात सम्भव ही हो तौभी साधारण इस वृत्तान्त को विश्वास न करेंगे, People would not believe such a story *even if* it were probable (or, *even though* it were probable).

यदि मुझे दोही सौ रुपये मिल गये तो मैं किसी प्रकार से कार्य्य चलालूंगा, *Even if* I *get* only Rs. 200, I shall be able to manage somehow

(2) **Whether—or—**

तुम्हारा यहा ठहिरना न ठहिरना दोनों ही समान है, It is all the same *whether* you stay here *or* not.

(3) Idiomatically—

तुम्हारे घर्‌ को जाने में अत्यन्त कष्ट होता है, परन्तु मुझे तो तुमसे मिलना ही है था, Your house is inconvenient to get at, still I *can't help* paying you a visit.

महाशय ! मैं तो सम्पूर्ण आप के अनुग्रहाधीन हूं, जैसा चाहें वैसा कीजिये, I am entirely at your mercy, Sir, you can do with me whatever you like.

13. और—

(1) by Else—

कोठरीमें और कौन है ? Who *else* is there in the room ?

महाशय ! आपको और क्या चाहिये ? What *else* do you want, Sir ?

तुम और किसकी बात कहते हो ? Of whom *else* do you speak ?

तो यह पुस्तक और किसी की होनी चाहिये, This book then must belong to some one *else*.

(2) More—

क्या और थोड़ा सा दूध दूं ? Shall I give you a little *more* milk ?

मैंने तो ठीक मूल्य कह दिया है वह और क्या चाहते हैं ? I have offered a very fair price [or, offered very fair terms], what *more* does he want ?

और न रोओ, Weep *no more.* Do not weep *any more.*

मुझ से और अधिक कष्ट भोगा न जावेगा, I can suffer *no more.*

(3) Longer—

मैं और प्रतीक्षा नहीं कर सकता हूं, I can wait *no longer.*

(4) Other (और एक, another)—

क्या नगर में और कोई दूकान नही है ? Is there no other shop in the town ?

मेरा और कोई नहीं है, There is no *other* person to befriend me.

क्या ? औरों के नाम नहीं पुकारे गये ? What *other* names have not been called ?

(5) Further—

अब इसकी और आवश्यकता नहीं है, There is no *further* need of it.

और आगे बढनेकी आवश्यकता नहीं है, There is no need of advancing *further*.

(6) And —

तुममें और पशुमें कुछ प्रभेद नहीं है, There is no difference between you *and* a beast.

मैं और यदु, Jadu *and* I.

(7) Idiomatically—

पागल नहीं हो तो और क्या हो, What a fool you are [Nonsense !].

और यदि न्यायालय (अदालत) के बाहर इस विषय की निष्पत्ति न कर लोगे तो नाश लग जायेगा, *Then again*, if you do not settle the matter out of court, you will be ruined.

14. वरन्—

On the contrary—

इससे तुम्हारी हानि न होगी वरन् लाभ ही होगा, You will lose nothing by it *on the contrary* you will be a gainer.

उसे कोई नहीं चाहता, वरन् सब उसे घृणा करते हैं, Nobody likes him, *on the contrary* everybody hates him.

[In other cases वरन, rather].

15. दूर रहे—

(1) Far, Far from, far less—

विलासिता करना तो दूर रहा, परिवारको अन्नाच्छादन देना भी उनके लिये कठिन

है, *Far from living* in luxury, he has hardly the means of providing food and clothing for his family. (he is put to it to maintain his family).

बात करना तो दूर रहा उनके निकट पहुंचने की साहस तक कोई नहीं करता, *Far from speaking* to him, one cannot dare to approach him.

तुम्हारा समझना तो दूर रहा हमही लोग इस प्रश्नका अर्थ नहीं समझ सकते हैं, We cannot see the meaning of the question, *far less* can you (to *say nothing of* you).

(2) **Out of the question—**

बङ्गालियों के स्वत्व तो दूर रहे बहुत से अङ्गरेजो के स्वत्वों को भी सरकार स्वीकार नहीं करती, The claims of the Bengalis are, *out of question*. even those of many Englishmen are denied by government.

16. बात,—

(तुम्हारी बात, तुम्हें,)—

तुम्हारी बात मैं नहीं सुनना चाहता, I don't like to hear you.

उससे मेरी कोई बात चीत नहीं हुई, I had no talk or conversation with him. He did not speak to me on this subject.

मुझे आप से एक बात कहनी है, I have something to speak to you or I wish to speak to you.

यह बात कहकर वह चला गया, Saying this he went away.

पड़ना ही उचित नहीं है, I should take no part in this matter.

क्या यह बात सत्य है ? Is this matter true ?

तुम जो कुछ कह रहे हो उसमें कुछ सचाई है, There is some truth in what you say.

तुम्हारी बातपर मैं विश्वास नहीं करता, I do not believe you or believe what you say.

यह बात तो बुरी नहीं है, This is not a bad idea.

मैं बात पक्की कर चुका हूं, मैं बात दे चुका हूं, I have given my word

मैं जैसा कहता हूं वैसा ही करता हूं, I am as good as my word

यह तो केवल बात बनाना है, It is a mere excuse.

मैंने बात चीत करते समय कहा, I said in the course of the conversation.

अब बात यह है, कि हरि बाबू इस प्रस्तावसे सम्मत होंगे या नहीं, Now the *question* is, whether Hari Babu will agree to the proposal

सारांश यह है, The fact is, the thing is

बात तो यह है, The upshot of it is this, the long and short of it is this.

इसमें सौ रुपया मासिक मिलजाना तो कोई बात नहीं, There is no doubt about it that it will fetch Rs 100 per month

इसमें सन्देह नहीं, or इसमें क्या बात है, There is no doubt about it.

इन सब बातोंका उद्देश्य क्या है ? What means all this ? What do you mean ?

मैंने तुम्हारी पीडा के सम्बन्ध में कोई बात नहीं सुनी, I did not hear at all (or, any thing) of your illness.

यह बुरा समाचार कौन लाया ? Who gave (brought) this sad news ?

यह बात तो अच्छी नहीं खटक रही है, It is not a good sign. It does not augur well. It seems a serious thing.

रामकी उनसे बातचीत नहीं है, Ram is not on speaking terms with him

17. मामले,—

अब निषिद्ध मांस मामले हिन्दुओं का हृदय नहीं धड़धड़ा उठता है, The *mere*

mention of prohibited meat does not now send a thrill into the hearts of the Hindus.

मेरे नाम से रुपये जमा कर लो, Let the amount be credited *to me.*

गवर्णर जनरलके नामसे घोषणा निकली है, The proclamation has been issued *in the name of the Governor-General.*

Compressed Expressions.

सच तो यह है कि मानो मेरे शिरपर वज्राघात हुआ, *To tell you the truth* I felt thunder-struck as it were.

जानते हो, तो कहो, Tell us *if* you know it.

दो एक दिनमें, In a day *or* two.

दो चार दिनमें, In two *or* three (three *or* four) days.

मगर १०।१२ हाथ होगा, The alligator must be 10 *or* 12 cubits in length.

चलना हो तो चलो, Go *if* you choose or like.

खाना हो तो खाओ, Eat *if* you like (choose).

इस समय उनके मिलने में सन्देह है, It is doubtful whether you will meet (or, find) him there.

मन्त्रका साधन या शरीरका पतन, or करना अथवा मरना, Do or die.

मुंहसे बात निकाली और मरे, Speak *and* you die. A word, *and* you are a dead man.

सौभाग्य से बच्चे की शरीर पर कोई वस्त्र नहीं था, It is fortunate that the child had no clothes on.

यदि व्यवसाय चला तो बहुत अच्छा, If the business goes on, it will be something.

मारना हो तो मारो, बचाना हो तो बचाओ, Kill or keep, slay or save

लोगी लोगे या नहीं ? Tell me whether you will receive (or, buy) it or not.

तो क्या मेरा हेमचन्द्र जीवित है ? या मैं स्वप्न देख रहा हूं ? Is, then, my dear Hemchandra alive or do I dream ?

जो होना था सो हुआ, The worst has come to the worst

गांठ से कुछ व्यय नहीं हुआ फोकट में लाभ उठाया, He had to lay out nothing from his pocket, while he made some profit into the bargain

Expressions with words Repeated.

18 Nouns Repeated—

पेडों के डालोंपर आम लदा हुआ है, Many bunches of mangoes are hanging on (or, *from*) that tree.

दलके दल कङ्गाल आने लगे, Several batches of beggars began to pour in.

घडे घडे पानी, Several potfuls of water, large quantities of water

बूंद बूंद गिरता है, एक एक बूंद गिरता है, The liquid is dropping (dripping) or falling drop by drop.

दिन प्रतिदिन उसका शरीर दुबला हुआ जाता है, He is getting thinner (or losing flesh) every day (or, day by day)

रुपया साल साल वसूल किया जाता है, The money is collected year after year.

टुकडे टुकडे करके फाड डाला or टुकडे टुकडे उडा दिये, Tore it to pieces, shreds, tatters, or rags.

नदी (ग्लास) मुंह मुंह पानीसे भरा है, The river (or, tumbler) is full to the brim. or full to over-flowing.

समय समय पर वह बहुत असन्तुष्ट हो जाते हैं, At times he gets very angry.

आजकल घर घर शीतला हैं, Now there is small-pox in every family.

गौराङ्ग देशों देशों में हरिनाम गाते फिरे, Gouranga went about from place to place singing the praise of God (Hari). At home and abroad, he sang the praise of Hari.

बातों बातोंमें बहुत दूर निकल आये, In conversing together we have come a long way.

पद पद पर विपद है, There is danger at every step.

19. Adjectives Repeated—

मैं सच सच कहता हूं, I am in earnest I am serious

एक एक आओ, Come in one by one (or, one at a time).

एक एक करके सब लोग मर गये, One by one all the people have died.

कोई कोई लड़का ऐसा ही जिद्दी है, Some lads are so perverse or wayward.

वह अब कुछ कुछ पढ़ लेता है, He can now read a little

यदि प्रतिदिन थोड़ा थोड़ा पढ़ो तो यथेष्ट होगा, It would be quite enough if you read a little every day.

पांच पांच आदमी, Five men at a time.

20 Adjectives repeated before common nouns &c. giving a plural meaning—

कड़े कड़े सवाल, Difficult or *stiff* questions.

खण्ड खण्ड मेघ, Patches of clouds.

सहस्र सहस्र ऐसे आदमी हैं, There are thousands of such people.

21, Before other nouns—

गरम गरम दूध, Hot milk.

मन्द मन्द वायु or धीमी धीमी वायु, Gentle breeze.

22 Pronouns Repeated—

कोई कोई कहते हैं, Some say. Some are of opinion.

किस किसका नाम रजिस्टरमें नही लिखा गया? Whose names are not down on the register?

जिन जिन का पाठ नहीं प्रस्तुत हुआ है वे हाथ उठावें, Let those who have not done their lessons hold up their hands.

23. Verbs repeated—

रहते रहते,—

मेरे यहा पर रहते रहते हिसाब समझ लो, Try to understand the accounts *while I am here* (or, before I leave)

तुम पढते पढते रुक क्यों जाते हो? Why do you stop now and then *as you read.*

साहब लोग खाते खाते बात चीत करते हैं, Europeans talk *while* they eat their dinner.

वह झूमता झामता मेरी ओर को आरहा है, He comes *reeling* towards me

दो चार दिन लिखते लिखते अभ्यास हो जायगा, If you write for three or four days you will get accustomed to it.

वह मेरी ओर देखता देखता जाता है, He is looking at me as he goes

वह नाचता नाचता जाता है or वह नाचता नाचता आरहा है, He comes dancing.

वह आकाशकी ओर देखता देखता जाता था, He was looking at the heavens as he walked along.

पथमें आते आते गोपालसे भेंट हुई, I met Gopal on my way.

मैं इस बार मरता मरता बचा हूं, I had a narrow or hair-breadth escape.

नाव बहती बहती त्रिवेणी पहुंची, The boat floated on to Triveni.

सोता सोता,—

वह सोता सोता बर्राता है, He mutters or talks in his sleep.

वह रह रह कर चौंक उठता है, He starts up from time to time.

मां रोती रोती अन्धी हो गई है, Mother has lost her sight from constant weeping.

बकते बकते मेरा मुंह थक गया, I am quite tired of speaking to him on the subject.

धीरे धीरे लिखो, Write carefully (don't be in a hurry).

चलते चलते मेरे पैर रह गये, After this long walk (or, continued walking) my legs refuse to move.

काट कूट कर हद दो सेर मांस होगा, On cutting up the meat (or, cutting and chopping) it will at most be two seers in weight

लेखनी को काट काट कर तुमने खराब कर दिया है, You have spoilt the pen by cutting it.

लाड कर करके बच्चे को बिगाड रहे हो, You are only spoiling the boy by continued indulgence.

खाना खाना,—

प्रति समय वह खाना खाना पुकारता है, He is always after something to eat.

24. Words repeated to resemble sounds—

झम झूम पानी बरसता है, It is raining hard, it is a regular downpour.

तड़ तड़ पानी बरस रहा था, It was raining cats and dogs (it rained in torrents).

छतपर धम धम का शब्द हो रहा है, There is a *thumping* sound on the roof.

छपाक छपाक पानीमें आ पड़े, *Splash* they jumped into the water.

नदीकी कलकल ध्वनि, The purling or babbling of a stream.

हृदय का धड़कना (हृत्कम्प) Palpitation or beating of the heart.

अस्त्रों की झनझनाहट, अस्त्रों की झनाझन, The clanging or clanking of weapons

सड़ सड़ चाबुक जमाया, *Smack* went the whip

One of the pair being expletive—

वह क्रोधसे थर थर कांपता है, He is shaking all over with rage.

25. Words repeated—

कोई न कोई, Some one or other (another).

किसी न किसी समय, Some time or other.

एक न एक दिन, Some day or other One of these days.

किसी न किसी गृह में कुछ खाने को मिल जावेगा, I am sure to get something to eat at some house or other.

कुछ न कुछ पुराना घी उनके गृहमें मिल जावेगा, You are sure to get a little old *Ghee* at their house

बङ्कमें रुपये जमा करनेसे कुछ न कुछ व्याज मुफ्त मिल जावेगा, I shall certainly get some interest (however small) by depositing the money in the bank.

कभी न कभी मेरा दाओ चल जावेगा ही, I am sure to catch him on the hip, (I must get him in my clutches) some time or other.

EXERCISES ON CHAPTER VI.

EXERCISE 80.

Translate :—

[HINTS .—कष्ट, discomfort ; hardships. आत्महत्या करना, to commit suicide. कृतज्ञतास्वरूप, as a token of gratitude. ग्रहण करना.

to accept. जताये देता हूं, give you a fair warning. नष्ट करना, to damage. सामने, in his presence. दया, mercy.]

(a) उनसे और कष्ट सहा नहीं गया इस हेतु उन्होंने कारागार में आत्म हत्या करली। उन्होंने एक पत्र इस मर्म का भेजा है कि वह स्कूल न आ सकेंगे। उन्होंने यह कहकर मुझे पत्र लिखा है, "आप मेरे आत्मीय और बन्धु हैं, आपने मुझे अनेक समय विपदसे उद्धार किया है। कृतज्ञतास्वरूप यह वस्तुयें आप की सेवा में भेजता हूं अनुग्रह कर ग्रहण कीजिये।" आपने मेरा उपकार अवश्य किया है परन्तु क्या कोई इसके कारण इतना रुपया छोड़ सकता है? उन्होंने यह कहकर गहरी सांस ली। सिपाही-विद्रोहके समय अनेक हिन्दुओंने अपने को लिये मुसलमान कहकर परिचय दिया था। मैं अभीसे जताये देता हूं कहीं अन्तमें आप यह न कहें, कि उन्होंने मेरा सर्व्वनाश किया है। शिरमें अत्यन्त पीड़ होनेके कारण मैं आज आफिस न जासका। विचार कर यह ठीक न कर सका, कि मैं उन्हें क्या उत्तर दू। मैं समझता हूं कि यह प्रश्न सहज समझकर लिखे है और कठिन कठिन छोड़ दिये हैं? नहीं महाशय, ऐसा नहीं है, मैं समय न होनेको कारण लिख नहीं सका।

(b) यह तुम्हारा बड़ा अत्याचार है कि मेरे बिना अनुमति तुम मेरे उद्यान में चले आये। अब मैं तुम्हारे विरुद्ध यह अभियोग उपस्थित करूंगा कि तुमने मेरे उद्यानमें अनधिकार प्रवेश कर बहुतसे वृक्ष तथा पौदे नष्ट करडाले हैं। किन्तु मुझे विश्वास है, कि वह एक दुश्चरित्र मनुष्य है। मैं शिक्षक महाशयसे कह दूंगा, कि तुम आज स्कूल न आ सकोगे। वह आनेको कह गये थे, किन्तु अभी-तक नहीं आये। मास्टर महाशय! हरिको समस्त प्रश्न बता दिये हैं। (क्या प्रश्न बता दिये हैं अथवा प्रश्नों के उत्तर बता दिये हैं) अपराधीके (the accused) कुटुम्बी होनेपर भी जज साहबने उनपर दया प्रकाश नहीं की। यदि तुम गले गले गङ्गाजलमें खड़े होकर यह बात कहो तौ भी मैं तुम्हारा विश्वास न करूंगा। वह यदि १० सहस्र रुपये व्यय करे, तौ भी मेरा कुछ न कर सकेगा। महाशय! आप कुछ भय न कीजियेगा, यदि मेरे कोई टुकड़े टुकड़े

करडाले तो भी मैं यह बात किसी से न कहूंगा। तुम्हारा जैसा बेतुका व्यय देखता हूं, उससे महीनेमें ५ सौ रुपयेकी आय होनेपर भी तुम्हारी अच्छी तरह न चलेगी। वर्षा भर भली भांति पढ़नेसे कठिन परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो सकते हो।

EXERCISE 81.

Translate :—

[HINTS :—भाग्यमें नहीं लिखा रहता, It does not fall to the lot &c वेही, those only. जो भुक्तभोगी हैं, that have an experience of it काम न रहना, want of occupation. जान पडता है, one is led to think लिखनापढना सीखना न सीखना, &c, education has done them no good, (has borne no fruit). मर्म्मानुसार, according to the terms of the agreement. समाजके निराले अवस्थानुसार, under the peculiar circumstances of our society इसका पहचानना कठिन है, It is hard to make him out. मनका मैला, is a bad man at heart राजस्व संग्रह करना, collection of revenue.]

उनसे मेरी चिट्ठी-पत्री एक प्रकार बन्द हो गई है। (=मैंने उनसे चिट्ठी-पत्री बन्द कर दी है)। चीनवासियोंके साथ हमलोगोंका सन्धिस्थापन करना वाञ्छनीय है। सत्सङ्गमें रहना सबके भाग्यमें लिखा नहीं रहता। काम न रहना कितना कष्टकर है, उसे भुक्तभोगी ही जानते हैं। शिक्षित लोगोंमें मद्यपान देख जान पडता है, कि लिखना-पढना सीखना न सीखना दोनों समान है। तुम यदि जान गये थे, कि सम्मतिपत्रके मर्म्मानुसार कार्य्य न कर सकोगे तो तुम्हारा उसपर हस्ताक्षर करना ही अनुचित था। हमारे समाजके निराले अवस्थानुसार स्त्रियोंको रेलमें बिठलाकर ले जाना अत्यन्त असुविधाजनक है। इसका पहचानना कठिन है; गिरजेके दिन नियमितरूपसे गिरजेमें जाकर उपासना करता है, किन्तु वह मनका बडा मैला है। कपटताचरण करना अतिशय निन्दनीय है।

इस देशमें शान्ति और सुनियम स्थापन करना, राजस्व संग्रह करनेकी ओर विशेष दृष्टि रखना, प्रजाके सुख-स्वच्छन्दकी ओर मनोयोगी होना प्रभृति कार्य्यों का भार प्राप्त करके गवरनर जनरल भारत को भेजे गये हैं।

EXERCISE 82.

Translate—

[HINTS :—चलानेमें, to conduct. देशी, native. विदेशी, foreign. सरकारी कागज पत्र, public records. दस मनुष्यों की, of others.]

एक समाचार-पत्र चलानेके लिये देशी और विदेशीय दैनिक, साप्ताहिक और मासिक-पत्रोंको पढना पडता है, सरकारी कागज-पत्रको भी मनोयोगपूर्व्वक भली भांति पढना पडता है। इस कार्य्य में दस मनुष्यों की सहायता लेने की आवश्यकता है। तुम्हें बचानेमें मैं मारा गया। यथार्थमें तो यह रुपये तुम्हें ही देना उचित है। दस कार्य्य एक साथ करनेमें कोई भी ठीक नहीं होता।

EXERCISE 83.

*Translate—(using participles or gerunds) *—*

[HINTS :—जिरह करना, to cross examine. कष्ट पहुंचाना, to torture. दयालु, kind, loving, affectionate. स्वागत, reception तुमने क्या पढ़ाना समाप्त कर दिया ? Have you done teaching ?]

---

* It may be noticed here that the passive form 'The work *is being done*' is used when the agent is suppressed. The agent is expressed in the active form, '*He is doing* the work.' So 'He was writing the letter' may become 'The letter *was being written by him.*'

The verbs *cease, leave off, help, continue, purpose, delay, do &c*, and the nouns *use, good &c.*, as also words which convey similar meanings are generally followed by the present participle used as a *gerund.*

बातें न करो (cease)। उपस्थित हमलोग इस विषयपर तर्कवितर्क करना स्थगित रखेंगे (leave off)। मैं यह बात बिना कहे नहीं रह सका (help)। तुम रातको बिना जागे नहीं रह सकते (avoid)। उस नौकरीके लिये तुम्हारी चेष्टा करनेका कोई फल नहीं है (use)। केवल औषधियों पर औषधियों औषध पिलानेसे क्या होगा। इतना शीघ्र शीघ्र खानेसे कोई फल नही हैं। तुम मुझसे क्रमागत प्रश्न कर सकते हो (may keep)। उत्तरवादी (वकील) ने तुमसे एक घण्टे तक क्रमागत जिरह की इस पर भी तुमने सच्ची बात न कही (to continue)। उन्होंने मुझे गङ्गा तट पर ले जानेका विचार किया था (to purpose)। मैं जबतक मर न जाऊंगा, तबतक तुम मुझे क्रमागत कष्ट पहुंचाते रहोगे (torture)। किन्तु मैं कभी ऐसे दयालु प्रभुका सर्वनाश नहीं कर सकता हूं। यह गृह अभी तक बन ही रहा है। मैं जब पार्कष्ट्रीटमें होकर जाया करता था, उस समय यह गृह बन रहा था। मैं जब उनके पाससे आया, तो चिट्ठी लिखी जारही थी। जल अब भी गर्म किया जाता है। अति- थियोंकी स्वागतके लिये प्रयत्न किया जा रहा है। इतना व्याकुल नहो, महाशय! मांस रांधा जा रहा है, अन्यान्य वस्तुयें प्रस्तुत हैं। तुम लोगोंकी परीक्षाके परचे देखे जाते हैं। सभामें पहुंचनेमें उन्होंने विलम्ब कर दिया था। तुमने पढाना क्या समाप्त कर दिया?

EXERCISE 84

[HINTS :—महा हलचल, all sorts of annoyance मुझे चैन मिल सकता है, feel relief अपराध, offence बर्राना, to be delirious मङ्गल नहीं है, use *prosper*. बहुत सौधा, good अभियोग उपस्थित करना, to prefer a charge, to pronounce. हलचल पड़ गई, created a sensation. विच्युत होना, to be ousted

इस कार्य्य के करने के लिये मैं तुम्हें दस रुपये दूंगा। राम बाबू के पीड़ित होजाने के कारण यदु बाबू उनके स्थान पर नियुक्त किये गये हैं। मेरे गृहसे

निकलते ही उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा और मुझे थानेको ले चले। मेरे भोजन करते समय ही यह सब कोलाहल होता है। तुम्हारे गृह से चले जाने पर ही मुझे चैन मिल सकता है। अपराधों की संख्या वृद्धि होने पर ही वह कारागारों की सम्बन्धमें नवीन प्रयत्नोंमें प्रवृत्त हुये। इस समाचारके वहां पहुंचते ही हाहाकार पड़ गया। ज्वर आने पर वह बरौते हैं। स्वाधीनता रहनेसे ही मनुष्यों की अवस्थाओं में शीघ्र शीघ्र उन्नति होती है। बलिष्ठ न होनेसे किसी जातिका मङ्गल नहीं है। बहुत सीधा होनेसे संसारका कार्य्य नहीं चलता। एक प्रसिद्ध देशी वणिक (सौदागर) के द्वारा नन्दकुमारके नाम जाल (forgery) के अभियोग उपस्थित करने पर ही वह हठात् पकड़े गये। जूरियोंके दोषी कहने पर ही उन्हें फांसी हुई। एक ब्राह्मणको इस प्रकार फांसी लगने पर ही समस्त देशमें महा हलचल पड़ गया। वे लोग प्रति वर्ष गंवरमेण्टको नियमितरूपसे निर्द्धारित कर प्रदान करनेपर अपनी अपनी भूमिके अधिकारसे विच्युत न होंगे। रात होको उनका कष्ट बढ़ता है। मेरे नौकरके आनेपर उसे यह चिट्ठी दो। प्रभात होते ही मैं तुम्हारे गृह को जाऊंगा। इस पुस्तक का पठन समाप्त करते ही मैं तुम्हें लौटा दूंगा। मेरे न रहनेसे न जाने लड़कोंको कितना कष्ट होता होगा। हममें शारीरिक बल न रहनेसे हमलोग इतने अश्रद्धेय हो गये है। मैंने पीड़ासे अभी आरोग्य लाभ नहीं किया है। खाना खाकर ही स्कूल जाऊंगा। इन पुस्तकोंके बिक जानेपर ही मैं आपको रुपये भेज दूंगा। व्यवसाय वाणिज्य न करनेसे किसी जातिकी प्रकृत उन्नति नहीं होती।

EXERCISE 85.

[HINTS :—और भी हलचल पड़ जाती है, matters become worse. ष्टेशन पहुंचा देना, to get down at the station. और सुख क्या है? What can be a greater pleasure? औषध का गुण समझना, feel the effect. हठात् ठण्डमें निकलना, to expose oneself to sudden

cold काम कार्य्यमें मन लगाया नही जाता, one cannot give oneself heartily to work]

बाबुओंके गृह आनेपर और भी हलचल पड़ जाती है। तुम्हारे यहा आनेपर मैं जाऊगा। मेरे चले जानेपर क्या फिर तुम्हें ज्वर आगया था? मुझे ष्टेशन पहुंचा देनेपर मैं तुझे भाडा (fair) दूंगा। रुपयेके द्वारा दस मनुष्यों का पालन पोषण करनेसे बढ़कर सुख और क्या है? मैं यरीचाके उपरान्त बहुत पीडित होगया। नौकरी छोड देनेके उपरान्त मुझे जो कुछ कष्ट मिला, उसकी सीमा नहीं। यह कार्य्य करनेपर आपकी सुख्याति होगी। औषधि दो-एकबार खानेपर (to take) तब इसका गुण तुम्हारे समझ में आवेगा। नौकर के आनेपर उससे कहना, कि वह शीघ्र बज़ार को जावे। मेरे चिट्ठि लिखनेके पश्चात् समाचार आया कि तुम बदल गये हो। (तुम्हारे बदल जाने का समाचार आया) भोजन करनेके उपरान्त थोडा विश्राम न करनेसे पीडा हो जाता हैं। उसके पिताके चेत जानेपर वह निराश्रय हो गया। अधिक परिश्रमके उपरान्त स्नान करना अथवा हठात् ठण्डमें निकलना अनुचित है। अधिक सोनेके उपरान्त शरीर मानो निकम्मा हो जाता है (to be relaxed) और कार्य्य में मन नही लगाया जाता। उसके माथेपर बहुत देरतक पानी छोडनेपर तब उसे चेतन्य हुआ।

EXERCISE 86.

Translate—(using 'say' and 'tell') :—

[HINTS :—जैसी बात वैसा कार्य्य, I am as good as my word. सुविधा, advantage. कुछ भी नहीं, at all. लिख जाना, to sign. पूरे समय का भाडा, rent for the whole term of your agreement.]

वह जो कुछ कहता है, सत्य है। मैं वाक्यानुसार कार्य्य करता हूं। ऐसी बात कहनेसे कोई तुम्हार विश्वास न करेगा। और किसीके क्रय करनेसे पूर्व इस सम्पत्ति को क्रय करने के लिये उन्होने मुझे कह रक्खा है। उन्होंने कहा, कि इसमें बहुत सुविधा है। तुमने यह बात नही कही, तुमने कहा, कि वह कोई

पत्र देही नहीं गया। अब ऐसा कहने से कार्य्य न चलेगा; जब अङ्गीकार पत्र लिख गया है तब तुम्हें पूरे समय तक का भाडा देना ही पडेगा। मैंने तो पहले ही कहा था, कि इस विषयमें हाथ डालनेसे (take in hand, undertake it, or take it up) तुम्हें हानि होगी। कोई कोई झूठ बोलनेमें कुछ भी सङ्कुचित नही होते।

EXERCISE 87.

Translate :—(using 'talk', 'state', 'mention' &c.) *

[HINTS :—सामने, before. एक प्रकार कहा है (कुछ कहा है) made one statement. उल्लेख करना, mention. मेरा नाम बताना, mention my name. साक्ष्य, evidence. (किसी मित्र) से, from]

उनसे मेरी कोई बात चीत नही हुई। तुमने मेजिष्ट्रेटके सामने एक प्रकार की बात कही और पुलिसके सामने दूसरे प्रकार की (मेजिष्ट्रेट के सामने कुछ कहा और पुलिस के सामने और कुछ कहा) उनसे इस विषयका कोई उल्लेख न करना। देखो, तुम मेरा नाम न लेना, तुम केवल यह कहना, कि किसी मित्रसे तुमने यह बात सुनी है। इस प्रकार की वार्त्तालापमे कोई हानि नहीं है। उन्होंने बङ्गालका इतिहास लिखा है, और उसमें इन सब विषयोंका कोई उल्लेख नहीं किया है? बहुत से ऐसे बङ्गाली है जो भली अङ्गरेजी बोल सकते हैं। माता-पिताको उचित है, कि अपने सन्तानोकों अति अल्प अवस्थाहीसे सत्य बोलने का अभ्यास करावें। इस मनुष्य की आवेदन पत्रमें लिखा है कि वह सम्पूर्ण निर्द्दोषी है, परन्तु उसके साक्ष्यसे ऐसा प्रतीत नही होता। महाशय! मै आपसे कुछ निवेदन करना चाहता हूं। यदि शिक्षक कक्षामें उपस्थित हो तो उस समय परस्पर परस्पर से वार्त्तालाप करने से उनका अपमान करना होता है।

---

* 'Set your hand to it' might be used

EXERCISE 88

Translate (using 'since', 'ago', 'back') :—

[HINTS :—२४ परगना, 24-Parganas (name of a district). इसे आज २० दिन हुए होंगे, It is nearly 20 days *since* then. महीनेपर, on a salary रोना पीटना, wailings]

उनको विवाहके हुए बहुत दिन बीते। अनेक दिन हुए मैं एकबार २४ परगनेके जजकी अदालतमें गया था (ago)। उसे (इस बातको) आज कोई बीस दिन हुए होंगे। एक घण्टा पहले (ago) देखा था, कि वह कहा में था, इस बीचमें वह कहां चला गया? अङ्गरेजोंका इस देशपर अधिकार जमाये कोई १५० वर्ष हुए है। बहुत दिन हुये मैंने यह पुस्तक पढी थी। आज कोई दश वर्षकी बात है, कि प्रवेशिका परीचामें उत्तीर्ण हो मैंने एक वणिक (सौदागर) के यहां दो वर्ष तक कार्य्य सीखा और इसके उपरान्त इस आफिसमें २५ रुपये महीनेपर प्रविष्ट हुआ। कौन जानता था, कि जिस मनुष्यने एक घण्टा पूर्व भली भाति वार्त्तालाप की और धुमपान किया (तम्बाकू पीया) वह अभी मर जायगा? मैं उसे बहुत अच्छा छोड वायु सेवन के लिये गया था और गृह को लौटकर आकर देखा, कि वह मर गया है, और गृहमें रोना पीटना पड गया है। मैं बाबूके यहां फागुनके महीनेमें कर (लगान) देने गया था, तबसे फिर वहा नही गया (since)। अच्छा तुम बतला सकते हो कि अङ्गरेजोंके इस देश में आनेके पश्चात से अब तक हम लोगोंने क्या क्या उन्नतिया की हैं?

EXERCISE 89.

Translate (using verbal nouns, not the infinitive) :—

[HINTS :—गौरवका &c.—to take a pride. हट करता, verb to *insist.* नहीं दिया, prevented. किसीकी बात न सुनकर, &c use *persist* In the last two sentences use *prohibit* and *prevent* respectively]

वह इस कार्य्य का करना गौरवका विषय अनुमान करते हैं। वह हट करने लगे, कि यह कार्य्य करना ही होगा। उन्होंने मुझे यह कार्य्य करने नहीं दिया (मना किया)। उन्होंने कहा, कि यदि तुम किसीकी बात न सुनकर विवाद करते रहोगे तो विपदमें पड जाओगे। उसने कहा, कि उसे विवाद करना बहुत भला लगता है (भाता है)। मैं यशोलाभमें क्षतकार्य्य हुआ हूं। रेलवे कम्पनी हमलोगोंको गाडीमें धूमपान करनेसे निषेध करती है। जंगली पेडोंमे फलका पेड अच्छा नहीं होता।

CHAPTER VII.

SECTION I.

Figurative Language.

Figurative language may, sometimes, be translated by figurative language, thus,

किन्तु शोक ! कविगुरु वाल्मीकिका जीवन अन्धकारमें विलीन है वाल्मीकि का जीवन-वृत्तान्त हम लोग कुछ भी नहीं जानते, But alas ! the life of Valmiki, the father of Sanskrit poetry, is enveloped in darkness—we know nothing at all of his life

उस रक्तनयना कृतान्तरूपिणीकी तलवारकी अव्यर्थ सन्धानसे एक एक करके बहु-संख्यक वीर पुरुष चिरनिद्रा में अभिभूत हुए, Many a hero fell into the eternal sleep of death under the never-missing sword of that crimson-eyed lady who looked terrible as Death himself.

Take a few more illustrations :—

दारिद्र्यके पीडनसे पुत्रकन्याका मुखमण्डल हिमानीसिक्त पद्मवत् दिन दिन म्लान देखकर पहले ही गृहिणीने नदी-सैकतशय्यापर शयन किया, The mother of the family seeing the faces of her son and daughter daily fading, like the dew-drenched lotus, from the pinch of poverty, had early sunk in the sandy bed of death by the river-side

वह रोषप्रदीप्त कटाक्षसे अधर-दंशन करके मुष्टिबद्ध हस्तसे मुझे प्रहार करने आये, With an angry glance (*lit.* flashing with rage), biting his lips and clenching his fist, he approached to strike me.

समागत लोकपुञ्जके बीचसे दूरश्रुत वज्रनिर्घोषकीसी उच्चसाधुवादध्वनि उत्थित हुई, Then a roar of acclamation arose from the vast assembly like the crash and roll of distant thunder.

नीतिगर्भ उपदेश, Lessons pregnant with moral truths ; क्रोधान्ध, blind with rage ; पददलित रूसी प्रजा, down-trodden Russian subjects.

[But it is much easier and safer to use plain language in translation.]

SECTION II.

Miscellaneous Exercises on the foregoing.

MODEL I.

पञ्चाङ्गमें जितने पर्व्व हैं, उनमें से प्रत्येक पर्व में गुरु-महाराज लड़कों से पैसा वसूल करते हैं। यदि मां-बाप उन्हें पैसा नहीं देते हैं तो गुरु महाराज बालकों को पैसा चुराना सिखा देते हैं। लड़कों को यदि पैसा चुराने का अवसर नहीं मिलता है तो वह कोई वस्तु चुरा कर बेच लेते हैं, और गुरु महाराज को पैसा देते हैं। बालकों के लिये गुरु महाराज तथा देवताओं का सन्तुष्ट करना समान है।

On the occasion of every festival mentioned in the almanac the *guroomahashaya* levies a tax upon his boys. If their parents refuse to pay the money he tells his boys to steal it. If they do not find any money on which they can lay their hands they will steal articles and sell them to satisfy his demands. They propitiate the *Gurumahashaya* just as they would propitiate the gods.

MODEL II.

देश जय करनेकी अपेक्षा रेलवे आविष्कार करना अधिकतर महत्त्वका कार्य्य है कारण ऐसे शिल्पयन्त्रके आविष्कारसे केवल अङ्गरेज जातिही नहीं वरन् पृथ्वी के समस्त जाति लाभवान होते हैं। जिस जिस स्थान पर रेलवे है, वहां दुर्भिक्षकी सम्भावना नहीं है। रेलवे ष्टेशनके निकटवर्त्ती लोग दो प्रकारसे उपकृत होते हैं। प्रथमतः जो प्रयोजनीय वस्तु दूरवर्त्ती देशोंमें प्रस्तुत होती हैं, उन्हें वह सुलभ मूल्यमें पाते हैं। द्वितीयतः जो सब वस्तु वह लोग प्रस्तुत करते हैं, उन्हें भी वह लोग अधिक मूल्यपर बेच सकते हैं। अपने ग्राममें रेलवे ष्टेशन होना ऐसा है जैसा गृहके निकट एक वृहत् हाट है। जहां सुलभ से तुम क्रय विक्रय कर सकते हो।

To construct (*lit.* invent) railways is a much grander thing than to make conquests ; for by such an invention in the arts not only the English nation but all nations are benefited. Wherever there is a railway there can be no famine. The people who live near a railway station benefit in two ways ; *first*, all the things which they want and which are produced at a distant place become cheaper to them ; *secondly*, all the things which they themselves produce they can get a higher price for. To have a railway station in a village is like having a big bazar always close to your own door where you can both buy and sell to great advantage.

Exercise 90.

[HINTS :—समतल; चैव, plain. जिस समय से होंको &c. When the shepherds felt that their flocks were perfectly safe. बांसरी बजाकर गाया करते थे, would sing to flute or play upon the

flute (according to sense). मेघमाला, masses of clouds ; विलीन हो गया, melted away. लुप्तप्राय, nearly extinct ; शोक-सूचक, melancholy. रञ्जित, dyed. टकटकी लगाये, intently. यशःश्री, glory *more freely*, sing of the happier, brighter, and more glorious and blessed future of their native country]

तृणाकीर्ण समतल क्षेत्रमें बहुतसी भेड़ें चरा करतीं हैं। जिस समय भेड़ोंको किसी विपद की आशङ्का नहीं होती तो मेषपालक एकत्रित हो हृक्षके नीचे बैठ बांसरी बजा कर गाया करते हैं। दूरवर्ती शैलसमूहसे मेघमाला आकाश पर छा जाते परन्तु वह जो शीघ्र ही माध्याह्निक तपन-तापसे विलीन हो जाते। मेषपालक उस मेघमाला के लिये और इस मेघमाला की सदृश लुप्तप्राय: स्वदेशकी विद्या तथा आचार व्यवहारके लिये शोक-सूचक गान करते।

सूर्य्यास्तसे पूर्व जिस समय नवीन मेघराशि शैलपर सञ्चित हो काञ्चन-वर्ण रवि-प्रभामें रञ्जित हो जाते उस समय मेषपालक उस सुन्दर मेघपुञ्ज को और पाठशाला से लौटते हुये बालक उनके उज्ज्वल प्रतिभा-सम्पन्न मुखमण्डलकी टकटकी लगाये देखते रहते। इसके उपरान्त वह लोग बालकोंके साथ मिलकर जिस दिन स्वदेशकी यश श्री पूर्व्वकालकी अपेक्षा अधिकतर समुज्ज्वल होगी, उस सुखमय शुभकर भावी दिनके विषयमें गान करते।

Entrance Examination, 1892.

Exercise 91.

[HINTS :—भीगा कपड़ा निचोड़ना, to wring water out of the wet clothes वनपथ, forest track. सूखा पेड़, withered trees. एक प्रकार बन्द हो है, almost blocked up. परिष्कृत, clear. वृक्ष आपस में मिल कर plants intertwined with one another. छा जाता है, covered. झील, channel. कंकर, pebbles. धार की चढ़ाई की ओर, up the stream. जानेवाले थे, were to pass. नदी पार होना,

(here) ford the stream. पद पदपर, frequently. झोंपड़ा डालने का स्थान, a place to pitch a tent in. ढांचा, frame work. छा देना, to thatch. गठरी, luggage झञ्झा थम गया, the storm blew over. आग जलाना, to light a fire.]

भीगे कपडों को भली भांति निचोड और उनको फिर पहनकर हमलोग पहलेकेसे सङ्कीर्ण वनपथ में होकर आगे को बढने लगे। वह मार्ग एक प्रकार वृक्ष, पत्तों और सूखे हुये वृक्षों से बन्द सा हो गया था और जो स्थान कुछ परिष्कृत (साफ़) था उसको वृक्षोंने आपसमें एक दूसरे से मिलकर छा डाला था। इसी प्रकार घण्टा भर चल कर हम लोग एक धार पर पहुंचे। धार जिस ओरसे वह रही थी वह चौडी तो अवश्य थी परन्तु उसके नीचे कङ्कर बिछे हुये थे। हम लोग इस धार की चढाई की ओर जाने को थे। इस स्थान पर लग भग आध घण्टा भोजन करने के निमित्त ठहिर पुनरपि चलने लगे। चलते चलते धार पार हुये और कही उसके प्रस्तरमय और कही क्षुद्र प्रस्तरखण्ड से ढके हुये तीर पर चलने लगे। अन्तमें चलते चलते जब दोपहर हो गई तब हम लोग ऐसे स्थान पर पहुंचे जहा तीर पर्वताकार में हो गयाथा है और जिसके चहुं ओर छोटे छोटे पहाड थे। कालान्तर हम लोग वास्तव में एक पहाडको गह्वरमें प्रविष्ट हो अति कष्ट से उस पर चढने लगे और पद पदमें नदिया उतरने लगे। कभी कभी वनमें सोते हुये सोधे चलने लगे जिससे हम लोग बहुत थक गये। तदोपरान्त लग भग तीन बजे आकाश मेघाच्छन्न हो गया और पहाडमें वज्रध्वनि होनेसे ऐसा अनुमान हुआ कि वृष्टि बरसनेवाली हो है। उस समय हम लोगों को एक ऐसा स्थान ढूंढना पडा जहा हम अपना झोंपड़ा डाल सकें। कालान्तर ही में हमलोग रोग्रनवर्ग साहब को झोंपडोके पास पहुंचे। उनको शयनकुठी का केवल ढांचा उस समय वहां खडा था, पानी बरसना आरम्भ होते ही हमारे मनुष्योंने पत्ते काट कर शीघ्र उसका उपरी भाग छा डाला। गठरियां पत्तोंसे ढांक दी गई जिस प्रकार बन पडा प्रत्येक मनुष्योंने कहीं न कहीं आश्रय ले लिया। अन्तमें जिस समय झञ्झा (तूफान) थमा नदी चढ गई। इस कारण हम लोगों का आगे

बढ़ना असम्भव सा हो गया, हमारे इच्छा होने पर भी कोई उपाय न थी। आगे बढ़ने को निदान हम लोगोंने बहुत अग्नि जलाई; मैंने थोड़ी सी काफ़ी प्रस्तुत की। मेरे मनुष्य अपने भोजन के निमित्त मछली और केले भूनने लगे। रात होने ही हम लोग सब वहीं सो गये।

Entrance Examination, 1895.

Exercise 92.

[HINTS :—अतिथि परिचर्य्याका, having undertaken to attend to every guest that came. उसी उद्देश करके, the words being intended for her. वाह्यज्ञान-शून्य, unconscious of what took place about her. पापीयसी, wicked girl. अभिशाप करना, pronounce a curse. स्मरण करा देनेपर भी, even if put in mind. व्याकुल होना, in embarassment. क्या सर्व्वनाश हुआ, what a misfortune has befallen us! शून्यहृदया, vacant-minded. पाद्य, water for washing the feet. अर्घ्य, an offering of flowers and leaves].

इस ओर शकुन्तला अतिथि-सत्कार का समस्त भार ग्रहण-कर अकेली कुटीके द्वार पर बैठी हैं; देवयोगसे दुर्व्वासा ऋषिने आकर उन्हें उद्देश कर कहा, कि मैं अतिथि हूं। शकुन्तला राजाकी चिन्तामें अत्यन्त निमग्न थीं, वह वाह्यज्ञानशून्या हो गई थी, सुतरां ऋषिकी बात वह न सुन सकीं। दुर्व्वासाने अवज्ञादर्शनसे रोषपरवश होकर कहा,—आः पापीयसी! तूने अतिथिका अवमानना किया। मैं तुझे अभिशाप देता हूं कि जिसकी चिन्ता में मग्न हो तूने मेरी अवमानना की है वह तेरे स्मरण करने पर भी तुझे स्मरण न कर सकेगा।

प्रियम्वदाने यह सुनकर व्याकुल हो कहने लगीं,—"हाय हाय! यह कैसा सर्व्वनाश हुआ! शून्यहृदया शकुन्तला, किसी पूजनीय व्यक्तिकी अपराधिनी बन गई।" यह कहकर उस ओर दृष्टि निक्षेपकर प्रियम्वदा कहने लगीं,—"यह

कोई ऐसे वैसे मनुष्य नहीं हैं, यह दुर्व्वासा हैं, इनको बात बातमें कोप आता है ; यह देखो शाप देकर क्रोधसे भर शीघ्रतासे प्रस्थान कर रहे हैं।" अनुसूयाने कहा, "प्रियंवदा ! अब वृथा अनुताप करनेसे क्या होगा ? शीघ्र जाकर पैर पकड़-कर उनको लौटा लाओ, मैं भी कुटीमें जाकर पाद्य अर्घ्य प्रभृति प्रस्तुत करती हूं। प्रियंवदा दुर्व्वासाके पीछे दौड़ीं। अनुसूया कुटीकी ओर चलदीं।

शकुन्तला।

Exercise 93.

बहुत बचपनमें मैंने एकवार शिकारी पक्षीका शिकार-शिक्षा देखा था। एक आदमी एक शिकारी पक्षीको अपने हाथपर लिये इधर उधर देखता हुआ जा रहा था। मेरा एक तोता उसी समय उड़कर निकटवर्त्ती एक पेड़पर जा बैठा था। मैं उसकी ओर स्थिरदृष्टि से देख रहा था जिस आदमीके हाथपर शिकरा था ऐसा जान पड़ा कि जिधर मैं देख रहा था उसने भी उधर देखा और तोते पर दृष्टिपात होते ही उसने अपना शिकरा छोड़ दिया। शिकरा अति वेग से तोते पर जा पड़ा। इसको देखते ही मैं चिल्ला पड़ा। शिकारी समझ गया, कि तोता पालतू है। जैसे उसने सीटी दी, वैसे ही शिकरा तोतेको छोड़ उसके हाथपर आकर चोंचसे अपने पर खुजलाने लगा। मानो यह वह शिकरा ही न था जो अभी अभी तोते पर झपटा था।

Exercise 94.

बाल्यकालमें यह अद्भुत दृश्य चित्तपटपर ऐसा अङ्कित हो गया कि, कभी अपनीत ही नहीं हुआ। अतएव अधिक वयस्क होकर जब मेरे चित्तमें यह विचार स्वतः उपस्थित हुआ कि प्रवृत्तिका (gratification of desires) पथ उत्कृष्ट है अथवा निवृत्तिका (abstinence), तब जर्म्मन देशीय रिखटर नामक एक ग्रन्थकर्त्ताकी श्येन पक्षीकी शिकारसम्बन्धी उपमा बड़ी ही भली लगी और प्रवृत्ति निवृत्ति सम्बन्धी विचारकी मीमांसा भी उस उपमासे सम्पादित हो गई।

रिखटर कहते है, कि श्येन पक्षी जिस प्रकार अपने रक्षकके सङ्केत मात्रसे शिकार पर दौड़ता है, फिर सङ्केत मात्रसे लौट आता है, मनुष्यके मनको भी उसी प्रकार शिक्षित होना उचित है। विधि और कर्त्तव्यज्ञान जिस कार्य्यमें प्रवृत्त हो, मनुष्य वही एकान्त मनसे और सर्व्वप्रयत्नसे सम्पन्न करे और विधि (the injunctions of the *shastras*) वा कर्त्तव्यज्ञान जिससे निवृत्त हो, बिना विलम्ब और बिना क्षोभके उस विषय को तत्‌क्षणात् परित्याग करे। सब आर्य्यशास्त्रका शासन भी ऐसा ही है। इन्द्रियग्राम संयत और मनको सर्व्वतोभावसे वशीभूत करके अनासक्तचित्तसे सांसारिक कार्य्यों का करना ही शास्त्रका उपदेश है।

भूदेव बाबूका सामाजिक प्रबन्ध।

Exercise 95.

दीवानजीने कहला भेजा है कि बाबू आयनसे कह देना कि समस्त सम्पत्ति अब नष्ट हुई जाती है, उसकी रक्षा अब किसी प्रकार नहीं हो सकती है।

"क्यों?"

"बाबू साहब उसकी देख भाल कुछ भी नहीं करते। सदर और मुफस्सिलके अमलों को जो इच्छा होती है, वह करते हैं। प्रभुके अमनोयोग को कारण मुझे कोई नहीं मानता।"

इसको सुनकर सूर्य्यमुखीने कहा,—"जिसकी सम्पत्ति है वह यदि रखना चाहें तो अवश्य रहेगी, और यदि जानों हार है तो चली जावेगी।"

इससे पहले नगेन्द्र ही स्वयं सबकी देख भाल करते थे।

एक दिन तीन चार हजार प्रजा नगेन्द्रके गृहकी द्वार पर हाथ जोड़कर आ खड़े हुये और कहने लगे "हजूर! हम लोगों को बचाइये, कारिन्दोंके दौरात्म्यसे हमलोगोंके नाक मे दम हैं, उन्होंने लूट लिया। यदि आप न बचायेंगे तो हम लोग कैसे बच सकते हैं?"

नगेन्द्रने हुक्म दिया,—"इन लोगोंको निकाल दो।"

Exercise 96

इससे पहले उनके एक कर्म्मचारी (कारिन्दे) ने एक प्रजाको मारपीट कर उससे एक रुपया ले लिया था। जब नगेन्द्रने यह बात सुनी तो उसके वेतन से दश रुपये काट कर प्रजाको दे दिये।

हरदेव घोषालने नगेन्द्रको ऐसा लिखा—"तुम्हें क्या हो गया है? तुम क्या करते रहते हो मेरे कुछ समझ ही में नहीं आता। एक तो तुम्हारा पत्र आता ही नहीं और यदि आता है तो उसका अर्थ कुछ समझ ही में नहीं आता। उसमें कोई बात ही नहीं लिखी रहती। तुम क्या मुझसे असन्तुष्ट हो? ऐसा क्यों नहीं कहते? क्या तुम्हारी यह दशा मुकद्दमा हारनेके कारण है? यह भी क्यों नहीं कहते? और अधिक कुछ लिखो अथवा न लिखो अपना कुशल समाचार तो भेज दिया करो।"

नगेन्द्रने उत्तरमें लिखा,—"मुझपर क्रोधित न होना—मेरी अवनती हो रही है।"

हरदेव बड़े विज्ञ हैं। उन्होंने चिट्ठी पढ़कर सोचा, "यह क्या बात है? क्या यह अर्थचिन्ता है? अथवा बन्धुविच्छेद है? क्या यह देवेन्द्र दत्तके कारण है अथवा प्रेम है?'

विषवृक्ष।

Exercise 97

भारतवर्ष पांच सौ वर्षसे भी अधिक समयतक मुसलमानोंके एकान्त आयत्ताधीन रहा। किन्तु भारतवर्षके जाति-धर्म्म, भाषा और समाजनीतिका लोप नहीं हुआ। मुसलमानोंके बहुत दिनोंतक आर्द्र भारतवासी हिन्दुओंके धर्म्मके प्रति हस्तक्षेप करनेसे उनके साथका विच्छेदनिबन्धन क्रमशः दुर्बल हो पड़ा, तब फिर हिन्दुओं होका पुनरुज्जीवन होने लगा। हिन्दू इतने सतेज हुए थे, कि यथार्थमें हिन्दुओं होके हाथसे साम्राज्यशक्ति अङ्गरेजोंके हाथमें नाममात्र ही; अङ्गरेजोंने मुसलमानोंके हाथसे भारत साम्राज्य पाया है, वस्तुतः हिन्दुओं होका स्थान उन्होंने ग्रहण किया है।

Exercise 98.

एक सौदागरने इस मर्म का एक विज्ञापन प्रचार किया था, कि उनके कार्य्यालयमें कार्य्य की सहायता के लिये एक बालक कर्मचारी चाहिये। विज्ञापन देखकर प्रायः पचास आवेदनकारी उपस्थित हुए। उन्होंने उनमें से एक को चुनकर औरों को लौटा दिया। उनके एक मित्रने पूछा, "मैं यह जानना चाहता हूं, कि किस कारण तुमने इस बालकको चुना, उसके पास तो तुम्हारे दिखलाने के लिये एक भी प्रशंसापत्र (प्रमाणपत्र) नहीं था।" सौदागरने उत्तर दिया यह तुम्हारी भूल है। उसने बहुत से प्रमाणपत्र दिखाये परन्तु वह लिखे हुये न थे। जब वह इस कक्षा में प्रविष्ट हुये तो उसने अपने दोनों पैर पायेदान पर झाड़ लिये और भीतर आकर द्वार को बन्द कर दिया। मैंने यह भी देखा कि उसके पहननेके कपड़े ब्रशसे झाड़ेहुए हैं और बाल साफ हैं। मेरे कथानुसार जब उसने लिखने की लेखनी (कलम) उठाया तब मैंने देखा कि उसकी उंगलीका अग्रभाग मैला नहीं है। मैंने इच्छापूर्व्वक कोठरीके बीचमें एक पुस्तक फेंक रखी थी, इस बालकने बिना किसीके कहे हुये उस पुस्तक को उठा कर पुस्तकों की पंक्ति में रख दिया। इन सब बातों को देख कर मैं समझ गया कि यह साफ सुथरा और शृङ्खला (तरतीब) से कार्य्य करनेवाला है। कोठरीमें प्रवेश करनेके उपरान्त ही उसने शिरसे टोपी उतारी और दूसरे उपस्थित जनों को धक्के मारता अग्रसर न होकर धीर भावसे एक ओर खड़ा खड़ा प्रतीक्षा करता रहा कि अवसर पाते ही मेरे पास उपस्थित होवे। और मैंने जो कुछ पूछा, उसी समय नम्रभावसे उसका उत्तर दिया। यह सब देखकर जान पड़ा, कि वह अति सभ्य है। वह और अन्यान्य लोग कोठरीमें प्रतीक्षा कर रहे थे, जब मैं उस कोठरी में होकर आया तो देखा कि वह उठ खड़ा हुआ और अपने बैठने की कुरसी एक लंगड़े वृद्धको बैठने के लिये देदी। इससे यह समझमें आता है कि वह सोच समझ कर कार्य्य करता है और स्वार्थपर नहीं है। इन सब बातों को क्या तुम प्रशंसापत्र नहीं समझते हो? किन्तु मैं इन्हें ऐसा समझता हूं। और सौ लिखे हुये प्रमाणपत्रों को देख जो बातें जानी

जाती है, उससे अधिक आखें से देखी हुई बातों का मूल्य है : सामान्य बातों से मनुष्य का चरित्र जाना जाता है, और अनेक समय इन सब सामान्य विषयों के द्वारा भविष्यत्के समस्त जीवनकी गति स्थिरीकृत होती है ।

Exercise 99.

एक धनाढ्य व्यक्तिने एक दरिद्र के गृह पर दखल कर लिया, इस दरिद्रने उस गृहके सम्बन्ध में दावा दायर किया। शेषोक्त व्यक्तिने अपना स्वत्व प्रमाण करने के हेतु कुछ दस्तावेजें पेशकीं किन्तु प्रथमोक्त व्यक्तिने बहुत से साक्षी संग्रह किये और साक्ष्यवाक्य की पुष्टिके लिये एक ५०० रुपये की थैली उतकोच स्वरूप विचारपति के भेंट की। विचारपतिने मुख से कोई शब्द उच्चारण न कर उस थैलीं को ग्रहण कर लिया। मुकद्दमें के विचार के समय प्रतिवादि ने यह कहकर बहस कि, कि वादी का कोई साक्षी न रहने के हेतु मुकद्दमे में प्रतिवादी ही की जयलाभ होनी चाहिये। इस पर विचारपति ने धीर भावसे अपने आसन के नीचेसे धनाढ्य मनुष्यने जो ५०० रुपयों की थैली घूसमें दी थी, उसे बाहर निकालकर गम्भीर भावसे धनीसे कहा,—"तुम भले प्रकार मुकद्दमा चला नहीं सके। यह ठीक है, कि यह दरिद्र व्यक्ति से एक भी साक्षी नहीं दे सका, किन्तु तुम्हारी सहायता से उसकी पक्षसे यह ५०० साक्षी उपस्थित है।"

Entrance Examination, 1903

Exercise 100

करनेल स्लिमान अवधके नवाबके दरबारमें रेसिडेण्ट थे। वह यद्यपि शासन की अव्यवस्थाके हेतु अभियोग करने लगे, तथापि जिस से नवाब का सिंहासन रह जाये और उनका राज्य सुव्यवस्थित हो, उसकी चेष्टा करने में भी उन्होंने कुछ त्रुटि नहीं की। स्लिमानने सितम्बर सन १८५२ ई० में डेलहौसी साहब को स्पष्टाक्षरमें लिखा,—"यदि हमलोग अवध तथा उसका कोई अंश ले लेंगे, तो भारतवर्ष में हमारा सुनाम नष्ट हो जायेगा। यह सुनाम एकदरजन अवध की अपेक्षा हमारे लिये अधिकतर मूल्यवान है।" किन्तु लार्ड डेलहौसीने इस बात

पर कान न धरा और न स्लिमान के प्रस्तावानुसार अवध ही को सुव्यवस्थित करने में मनोयोगी हुए।

सिपाही-युद्धका इतिहास।

Exercise 101.

ब्रटिश इण्डियाके सर्व्वप्रधान अधिनायक की ऐसी उदासीनता को देखकर करनैल स्लिमानने अन्त में दुखित हो अपने एक मित्रको ऐसा लिखा था, "मुझे आशङ्का है, कि शायद लार्ड डेलहौसी मेरे सहमत नहीं है। मैं जिसे न्यायसङ्गत और सम्मानार्थ विवेचना नहीं करता, यदि ऐसी बात वह करना चाहेंगे, तो मैं पदत्याग कर दूंगा। राज्यके लेनेका अधिकार हमें नहीं है। सन् १८३७ ई० की सन्धिके अनुसार हमलोग उसका कार्य्यभार ग्रहण कर सकते हैं, किन्तु उसका राज्य कदापि नहीं ले सकते हैं। हमलोग केवल अपनी गवर्नमेंएटकी सम्मान रक्षा और प्रजाके उपकारके लिये ऐसा कर सकते हैं।"

सिपाही-युद्धका इतिहास।

Exercise 102

निजी सुख दुःख जैसे मनुष्य के हृदयको दृढभाव से अभिभूत कर डालता है वैसे दूसरों का सुख दुःख नहीं करता। किसी आत्मीय की मर्म्मान्तिक यातना को देख अवश्य हृदय विदीर्ण होता है, जगत् शून्यमय दीख पडता है, परन्तु अपनी कनिष्ठा उंगलीका अग्रभाग दीपशिखामें दग्ध होनेसे तत्पश्चात् जैसी ज्वाला जान पड़ती है और उससे जिस प्रकार तापित और घबडाना पडता है, और किसीके दु:खसे वैसी ज्वाला अथवा वैसा उद्वेग सचराचर अनुभूत नहीं होता। मैंने देखा है, कि एक मनुष्य अपने मित्र के पीडा का समाचार पाकर उसे देखनेके लिये रेल से यारहा था कि पथ में उसको आंख में एक कोयले का टुकडा जा पडा। जिस समय वह अपने मित्रके यहां पहुंचा तो उसने सुना कि उसके मित्रका देहान्त हो गया है किन्तु वह अपनी आंख को धोने में नियुक्त

रहा और अपने मित्र-वियोग की यातना को उसने कुछ भी अनुभव नहीं किया। जो जल उसकी आंखों से उस समय निकला वह बन्धु विच्छेद के कारण न था वरन उस कोयले के टुकड़े के कारण था जो उसकी आंख में जा पड़ा था।

भूदेवबाबू का पारिवारिक प्रबन्ध।

Exercise 103.

११७४ सालकी फसल अच्छी नहीं हुई। इस लिये ११७५ सालमें चावल कुछ मंहगा बिका—लोगों को क्लेश हुआ; ज़मीनदारने लगान पाई पाई वसूल कर लिया। जमीदारका लगान पाई पाई चुकाकर दरिद्रीं ने एक काल (वक्त) भोजन किया। ११७५ सालके वर्षाकाल में अच्छी वृष्टि हुई। लोगों ने समझा ईश्वरने शायद क्षमा की। आनन्दसे फिर चरवाहोंने मैदान में गीत गाया, कृषकपत्नीने फिर चांदीकी पहुंची के लिये अपनी पति को विरक्त (दिक) करना आरम्भ कर दिया। अकस्मात् आश्विन-कार्त्तिक में विन्दुमात्र वृष्टि नहीं हुई, मैंदानका सब धान सूखकर बिलकुल कांटा हो गया, जिस खेतमें थोड़ा बहुत हुआ था उसको राजपुरुषों ने सिपाहियों के लिये मोल लेलिया। लोगोंको पुनरपि अन्न नहीं मिला। प्रथम प्रथम वे एक काल उपासे रहने लगे इसके उपरान्त उनको आधा पेट ही खानेको मिलने लगा, उसके उपरान्त दो वक्त उपासे रहने लगे। जो कुछ चैती फसल हुई वह किसीके खाने में नहीं आई। किन्तु मुहम्मदरिज़ा खां राजस्व वसूल करनेका हाकिम था उसने खयाल किया, कि मै ऐसे समय मान्य पाऊंगा। उसने एकबारगी ही सैकड़े पीछे दश रुपये राजस्व बढा दिया। बङ्गाल में कहराम मच गया।

आनन्दमठ।

Exercise 104.

लोग पहले पहल भी भीख मांगने लगे, इसके उपरान्त जब सब ही भूखे मरने लगे तो कौन भीख दे? उपवास करने लगे। इसके पश्चात् रोगाक्रान्त होने लगे। मवेशी और हल इत्यादि वेचने लगे और बीजका धान खाना आरम्भ कर दिया और घर बार वेच डाला। भीरसो खेत वेच दिया। इसके उपरान्त लडकियोंको वेचना आरम्भ कर दिया। इसके उपरान्त लडकोंको वेचना आरम्भ किया, इसके उपरान्त स्त्री तक वेच डालने लगे। थोड़े दिनों पश्चात् लडको, लडकियों और स्त्रियों को कौन मोल ले? मोल लेनेवाला तो कोई रहा ही नहीं सब ही वेचना चाहते थे। लोक खाद्याभावसे पेडके पत्ते खाने लगे, बहुत सी ने घास खाना आरम्भ कर दिया। बहुतोंने अपने आप उगनेवाले वृक्ष खाने लगे। इतर और कङ्गाल कुत्ते, चूहे, बिल्ली खाने लगे। बहुतरे भाग गये; जो भाग गये वह विदेश जाकर विनाखाये भूखे मर गये। और जो नही भागे वह अखाद्य अनाप शनाप खाकर रोग में पड़ प्राणत्याग करने लगे।

Exercise 105.

रोगने अवसर पाया—ज्वर, शीतला, हैजा, क्षय चहुं ओर फैल गया। विशेषतः शीतला का बडा प्रादुर्भाव हुआ। घर घरमें शीतलासे लोग मरने लगे। ऐसी दशा हो गई कि न कोई किसीको जल देता और न स्पर्श करता था। कोई किसीकी दवा न करता था; कोई किसी की देख भाल नहीं करता था। यहां तक कि देखता नहीं था, मरनेपर कोई किसी के मृत देहको फेंकता तक न था। अति सुन्दर अट्टालिकाओं के भीतर पडे पडे सडने लगे। जिस घर में एकवार शीतला रोग प्रवेश करता था, उस घरके लोग रोगीको छोड भाग जाते।

महेन्द्रसिंह पद-चिह्न गांव में धनवान थे—किन्तु आज धनी निर्धन एक से हो गये थे। इस दुःखपूर्ण समय में व्याधिग्रस्त होकर उनके आत्मीयस्वजन दासदासी उनको छोड गये थे। कोई मर गया था कोई भाग गया था।

उस बड़े परिवार में अब केवल उनकी स्त्री और वह स्वयं और एक शिशु कन्या रह गये थे।

आनन्दमठ।

SECTION III.

[Translation of Newspapers]

Exercise-106.

(*a*) कल पटियाले के महाराज कालीघाट पर पहुंच कर कालिकादेवी की पूजन की और देवी के चरणों पर ५०० रुपया चढ़ा कर चले गये।

(*b*) कलकत्तेकी मिउनिसिपलिटीने विलायत से एक बड़ी आग बुझानेकी कल मंगाई है। यह जोरसे सौ हाथ ऊंचाईतक पानी छोड़ फेंक सकती है।

(*c*) नैहाटीके पास कांटाल पाड़ गांव में एक भीषण काण्ड हो गया है। एक दल डाकुओं का एक दुकान में घुसकर एक लोहेका सन्दूक चुराये लिये जाते थे। राह में ऐक कनिष्टबलने उन्हें रोका। इस कारण वे लोग उसका शिर काटकर सन्दूकके पास रख गये हैं।

(*d*) पटने की सेशन जज बहादूर की इजलास से ऐक तेरह वर्ष की बालिका को चिर-निर्वासन का दण्ड हुआ है। उसने अपने एक प्रतिवेशिनीकी दुःख पहुंचाने की अभिप्रायसे उसकी छोटी लड़कीको चुराकर एक नाली में पटक कर मार डाला। उसने कहा कि मुझ पर भूत सवार हो गया था, इस कारण मैंने ऐसा कुकर्म किया है। हाईकोर्टने सेशन जज की राय की ही बहाल रक्खा।

(*e*) अलीपुर मिउनिसिपलिटीका किनारामदास नामक एक मुहर्रिर ६८१, रुपये लेकर भाग गया है। उसके नाम वारण्ट जारी है।

(*f*) सर चार्लस् इलियट साहबने चट्टग्राम कालेजके छात्रोंके फुटबाल खेल पर सन्तुष्ट होकर उनको दश रुपय पारितोषिक स्वरूप दिया है।

Exercise 107

(*a*) लिवरपूल की मसजिदमें ऐक मेमके साथ ऐक भारतीय मुसलमानका विवाह हो गया है। पात्र पञ्जाबी डाक्तर हैं। यह अभी तक जान नहीं पड़ा है, कि यह डाक्तरी पढ़ते हैं या पास कर चुके हैं। पात्री सुन्दरी और धन-शालिनी हैं। यह पहले ही कुरानके मन्त्रसे दीक्षित हो चुकी थी। विवाहके समय बहुत धूमधाम नहीं हुई। चुपके चुपके सब काम संपन्न किया गया है। वर-कन्या विवाहके उपरान्त लण्डन को चले गये।

(*b*) सूर्य्यमुखी फूलसे मलेरियाका विष नष्ट होता है। इसका पेड़ सभी गृहस्थोंको अपने आगनमें लगाना कर्त्तव्य है।

(*c*) विलातमें मिस चार्च नामी ऐक युवतीने किसी धनाढ्य व्यक्तिको एक गिलास पानी पिलाकर पन्द्रह लाख पाउण्ड पाया है। मरने समय इस उपकार का स्मरण करते हुए उन्होंने इस रुपये का दान विल द्वारा कर गये हैं।

Exercise 108

(*a*) भारतमें प्रायः दश हजार पोष्ट आफिस हैं। पोष्टमाष्टर और क्लर्कोंको मिलाकर कोई पन्द्रह हजार आदमी डाकखानेमें काम किया करते हैं। डाकिये १२ हजार से ऊपर हैं। Runner वा हरकारोंकी संख्या साढ़े तेरह हजारसे ऊपर है।

(*b*) श्रीरामपुर और से बड़ाफुली ष्टेशनके बीचमें एक कुली ट्रेनसे कट कर मर गया है।

(*c*) भारतसे विलायत को बांसकी बड़ी रफतनी हुई। इन सब बांसोंसे बरछे प्रस्तुत किये जायंगे।

(*d*) श्रीरामपुरके जयट मेजिष्ट्रेट डिउक साहबने एक शूद्र लड़केको पितृ-श्राद्ध का खर्च दिया था, श्राद्धमें स्वयं उपस्थित हुए थे। साहब अति सदाशय और उदारचित्त हैं।

Exercise 109

[HINTS :—अद्भुत, strange. वेष्टन करके पकड़ना, to coil itself round it. मरते मरते बचे, narrowly escaped losing his life फट जाना, to burst.]

(*a*) किसी महाशय ने "मन्द्राज मेल" में लिखा है,—"मैंने एक वनमें भ्रमण करते हुये एक अद्भुत काण्ड देखा है। एक बड़ा सांप एक भेड़ पकड़कर धीरे धीरे निगल रहा था। ऐसे समय एक छोटे सांपने आकर उसका गला इस प्रकारसे वेष्टन करके पकड़ा, कि कुछ समयके उपरान्त ही उसका प्राणान्त हुआ। छोटा सांप तो इस कौशलसे बड़े सांपका प्राण नाश करता है, यह एक नई बात है।"

(*b*) वान टोसल साहब इलाहाबादमें गुब्बारेपर उड़कर मरते मरते बच गये। गुब्बारा कुछ दूर चढ़कर फट गया। यदि समयपर छाता (parachute न खोला जाता तो उन्हें निश्चय ही मृत्युमुखमें पतित होना पड़ता।

Exercise 110.

(*a*) Chatterton और Grey साहब दोनों एक साथ शराब पी रहे थे। Chatterton अल्प मात्रासे पीते थे। जिस पर ये साहबने उनकी हंसी उड़ाई। इसपर Chatterton अपने बोतलका मुंह खोलकर सब मद पी गये हैं इससे झगड़ा हुआ। अन्तमें छुरी चली। विचारसे मारनेवाले Chatterton को चार महीनेकी कैद हुई।

(*b*) अलीपुरकी एक बस्ती में आग लग गई थी। अग्निसे अधिक अनिष्ट नहीं हुआ, किन्तु एक पागल जलकर मराउ पड़ा है।

(*c*) पांचू नामक एक चार वर्ष का छोटा लड़का अपने बड़े भाईके दिये हुये हलवे को खा मारे पीड़ के व्याकुल हो मर गया। हलवे में विष कहां से आया, इस बात की जांच हो रही है।

(*d*) टालीगञ्ज में एक वृद्ध अनाहार और अत्यन्त शीतसे मरकर पथ पर पडा था।

(*e*) भवानीपुरमें एक मनुष्य कोई एक टीन की कनस्तर अपने कांधे पर रक्खे हुये लिये जाता था। टीनके शब्द से एक तेज घोडा बिदककर उसके ऊपर आ पडा। इस मनुष्यके बडी चोट आई है।

(*f*) एक खिृष्टानी क्रोधसे पागल हो फांसी लगा कर मर गई है।

(*g*) एक चार वर्ष का लडका एक मिट्टीके तेल की डीब्बी के पास खेल रहा था। असावधानी से उसके कपडों में आग लग गई और उसका सर्व्व शरीर भयानक जल गया। तुरन्त ही उसके एक भले पडोसीने नारीयल का तेल और चुना मिला कर उसके सर्व्वाङ्ग पर पोत दिया जिससे बहुत लाभ हुआ। अब यह आशा है कि वह बच जायगा।

Exercise 111.

[HINTS.—कष्टप्रद, cause them suffering आश्रयगृह, an asylum. पशुचिकित्सालय, veterinary hospital. संयोजित, attached चिकित्सित, treated. स्थलविशेषमें, in some cases.]

प्राय: यह देखने में आता है, कि गाय, घोड़े, गदहे आद के वृद्ध और अकर्म्मण्य हो जाने पर लोग उन्हें भली भांति खानेको नहीं देते, नाना प्रकारके कष्ट पहुंचाते हैं और कभी कभी घरसे निकाल भी देते हैं। ऐसे पशुओंके लिये एक आश्रय-गृह निर्म्मित होगा। वहा पशुगण यत्नके साथ रखे जायंगे और जितने दिनोंतक वह समर्थ रहेंगे केवल उतने ही दिनोंतक उनसे काम लिया जायगा। इस गृहके साथ एक पशुचिकित्सालय संयोजित रहेगा। उसमें अनाथालयके पशुओंके अतिरिक्त दूसरे पशु भी सामान्य रुपये लेकर और स्थल विशेषमें बिना मूल्य चिकित्सित होंगे। अनाथालयकी कमिटी अनुमान करती है, कि वर्ष में कोई डेढ हजार रुपये चन्दा संगृहीत होगा। अबतक

कमिटी किस परिमाणसे काम करनेमें समर्थ हुई है, उसे जाननेपर हम सुखी होंगे।

Exercise 112.

महारानीके ज्येष्ठ पुत्र युवराज Prince of Wales भारतवर्षमें शुभागमन करते है। आगामी १७ वीं अक्टोबरको आप इङ्गलैण्ड परित्याग करेंगे। भारतवर्ष-भ्रमणमें जो व्यय होगा, वह व्ययभार किसे ग्रहण करना (to bear) उचित है, पार्लामेण्ट-सभामें उसका वादानुवाद चल रहा है। एजुकेशन गजट प्रस्ताव करता है, कि इस व्ययको भारतवासीमात्रको आह्लादपूर्वक निर्वाह करना उचित है। राजाकी परिचर्य्या (reception) के लिये जो व्यय होगा, उसे अपव्यय (waste) हमें समझना न चाहिये। हमने इसके लिये स्वतन्त्र चन्दा करनेका प्रस्ताव नहीं किया है (to raise separate funds)। भारतके खजानेसे (India or Imperial treasury) यह अर्थ दिया जावे, यही उसका अभिप्राय है।

Exercise 113

[HINTS.—अभिप्राय, resolution प्रकाश करना, to publish विलक्षण आभास पाया गया था, it was broadly hinted इस परीक्षाकी प्रथा, this practice of holding examinations. सम्यक विवेचना न करके &c, without mature consideration सृष्टि करना, inaugurated शीघ्र न हो जावे, is not going to be issued soon. प्रवर्त्तित होना, to be introduced. सिफारिश, &c, recommendation or favouritism will be out of place पत्र. पाठ करनेसे, &c., the letter would point to a contrary conclusion लिखनभङ्गी, style of writing. भीतरकी खबर जानना, knows the secrets (of the Secretariat.)]

सन् १८७४ ई॰ में Native Civil Service परीक्षा समाप्त होनेपर Sir

Richard Temple साहबने जो अभिप्राय प्रगट की है, उसके पढनेसे विलक्षण आभास पाया गया था, कि बहुत अधिक दिनोंतक इस परीक्षाकी प्रथा न रहेगी। इस वर्ष इस सम्बन्धमें जो मन्तव्य प्रकाशित हुआ है, उसमें स्पष्ट लिखा है, कि अन्य आज्ञा पर्य्यन्त (until further orders) और परीक्षा न होगी। वास्तवमें Campbell साहबने सम्यक विवेचना न करके ही Native Civil Service की सृष्टि की थी। काम मिलने के लिये ही परीक्षा देना है, किन्तु इतना काम कहां से आये? अबतक गत चार वर्षमें ५९७ मनुष्य परीक्षामें उत्तीर्ण हुए हैं, इन में से अभी दो सौ मनुष्यों को भी काम नही मिला है। Temple साहबकी यह इच्छा है, कि पहले इन परीक्षोत्तीर्णोंको काम मिले, और इसके उपरान्त जब प्रयोजन हो, तब फिर Native Civil Service परीक्षा होने की आज्ञा दी जावे। इसका तात्पर्य्य यह नहीं है कि यह आज्ञा शीघ्र न दी जावे। परीक्षाकी प्रथा प्रवर्त्तित होनेसे हमलोगोने यह सोचाथा, कि काम मिलते समय सिफारिश अथवा अनुग्रह न चलेगी, किन्तु एजुकेशन गजटमें प्रकाशित एक के पत्र पढनेसे अन्यरूप जान पडता है। हमलोग उस चिट्ठीका कुछ अंश उद्धृत करते हैं। चिट्ठीकी लिखन-भङ्गी देखकर जान पडता है, कि लेखक भीतरकी खबर जानते हैं।

Exercise 114.

HINTS :—पण्डित, scholar. जिस यूनानकी प्रशंसा, &c., Greece of which European scholars are lavish in their praise. ऋणी, indebted. तत्त्वविद्गण, philosophers. आदिम जाति, the earliest nation. अनुशीलन, culture. उष्ण-मस्तिष्क, hot-headed.]

एक फरासी पण्डितने ऐसा लिखा है, कि भारतवर्ष मनुष्य जातिका प्रथम प्रधान आवासस्थान है। जिस यूनानकी प्रशंसा यूरोपीय पण्डितोंके मुंहमें नहीं समाती, वही यूनान भारतवर्षकी छायामात्र है। यूनानियोंने जो कुछ सीखा है, उसके लिये वह भारतवर्ष हीके ऋणी थे। Socrates प्रभृति तत्त्वविद्गण जो

कुछ कर गये है वह केवल भारतवासियोंके ग्रन्थादि के पठन का फल है, पृथिवीकी सृष्टि-अवधिसे धर्म और न्याय विषयके सम्बन्धमें जो कुछ लिखा गया है, उसका आदि स्थान भारतवर्ष है। संस्कृत आदि भाषा है और यावतीय भाषायें संस्कृतसे उत्पन्न हुई हैं। हिन्दू पृथिवीकी आदिम जाति हैं और सब जातियें उसकी शाखामात्र हैं। यूरोपमें जितना अधिक संस्कृतका अनुशीलन होता जाता है, उतना ही पण्डित लोग उसका सम्मान करते जाते हैं,। एक जर्म्मन पण्डितने लिखा है, कि हिन्दूधर्म्मका सा उत्कृष्ट धर्म और दूसरा नहीं है, और सब धर्म उसको नकलमात्र हैं। उन्हांने कहा है, कि पृथिवी ब्राह्मणोंको कितनी ऋणी है, यह बात वह सब अभीतक समझनेमें समर्थ नहीं हुए हैं। जब विदेशीयगण हिन्दुओंको धन्यवाद देते हैं, तब स्वदेशवासी उष्ण-मस्तिष्क लोगों का उन पर निरन्तर कटाक्ष करना क्या अति क्षोभका विषय नहीं है ?

Exercise 115.

[HINTS :—राजकोष, treasury. अर्थव्यय, at the cost of Indian treasury. नमूना, sample जुलाहा, weaver बुनना, weaving. अपेक्षाकृत, comparatively राजसाहाय्य, Government support.]

अति निम्नश्रेणीके व्यवहार्य्य नितान्त सामान्य वस्त्रसे लेकर अति धनी लोगोंके व्यवहारोपयोगी बहुमूल्य वस्त्र पर्य्यन्त, इस देशके जिन जिन स्थानमें जितने प्रकारके वस्त्र प्रस्तुत होते हैं, इस देशके राज-कोषके अर्थसे इससे पहले उन सबका नमूना इङ्गलैण्ड भेजा जा चुका है और वह सब वस्त्र कहां किस परिमाणसे व्यवहृत होता है, उनकी बुनावट किस प्रकार की है कितने मूल्यपर बेचा जाता है विस्तारितरूपसे उनका विवरण भी उसके साथ साथ संगृहीत हो गया है। इस बात के कहने का प्रयोजन नहीं है, कि उसीकी सहायतासे विलायती जुलाहे इस देशके सर्व्वश्रेणीस्थ लोगोंके व्यवहारोपयोगी वस्त्र बुनने और अपेक्षाकृत अल्प मूल्यपर बेचनेमें कृतकार्य्य हुए हैं। बिना राजसाहाय्य प्राप्त किये क्या मैंचेष्टरवासी जुलाहे इस देशके व्यवसायके साथ प्रतियोगिता करनेमें यहांतक कृतकार्य्यता लाभ कर सकते थे ?

Exercise 116.

[HINTS :—शान्त होना, to rest कर्त्तृपक्ष, authorities. रफ़्तनी चीजोंका महसूल, export duty. अभिसन्धि, motive. रूईका रोजगार, cotton trade. प्रतियोगिता करना, to compete. महसूल, duty.]

इङ्गलैण्डवासी जुलाहे केवल इतना ही करके शान्त नहीं हुए। जब उन्होंने देखा, कि इस देशके बम्बई प्रभृति स्थानों में युरोप से वस्त्र बुनने की कलें लगाई गई और इनसे बुने हुए वस्त्र उनके भेजे वस्त्रोंकी अपेक्षा अल्प मूल्य में बिकेंगे, तो इस आशङ्कासे उन लोगोंने उसी समय अपने देशके हाकिमों से इस प्रकारका प्रस्ताव करना आरम्भ किया, कि जिस से शीघ्र ही इङ्गलैण्ड से भेजी जाती हुई यावतीय रफ़्तनी की चीजोंका महसूल बढ़ाकर केवल वस्त्रका महसूल अपेक्षाकृत कम किया जावे। इस प्रस्तावना का मुख्य अभिप्राय था कि ऐसा होनेसे उनके साथ इस देशके लोग रूईके व्यापार में प्रतियोगिता करने में समर्थ न होंगे। वर्त्तमान State Secretary, Lord Salisbury ने विलायती कपड़ोंका रफ़्तनी का महसूल घटाकर इस देशके वस्त्रव्यवसाय को जड़ से मार दिया है (lay the axe to the root of.)

Exercise 117

[HINTS :—नई तरह, novel, मुकद्दमा, cases. निष्पत्ति करना, to try. राय, judgment. लगना, recline upon. अवगति, information. अजातश्मश्रु, (*literally*, whose beards had not yet grown) who were yet in their teens. अवज्ञाप्रदर्शनपूर्व्वक, scornfully, contemptuously. काम काज, &c., obstructing a public servant in the execution of his duty निष्कृति पाना, to get off]

श्रीरामपुर के Joint Magistrate विटन साहबने हाल में एक नई तरहका मुकद्दमा निष्पत्ति किया है, जिसका फैसला Daily News में प्रकाशित हुआ है। विटन साहब ने इस आज्ञा की सूचना दी कि श्रीरामपुर में गङ्गातीर को कठहरे

लगा हुआ है उसके सहारे न कोई खड़ा हो और न कोई उस पर बैठे और साधारण को विदित करने के हेतु आज्ञाज्ञापक एक साइनबोर्ड लगा दिया था। दुष्टबुद्धि बालकों और युवकों ने वह साइनबोर्ड तोड़ डाला। इस बातको जानने के लिये कि किसको ऐसी दुर्बुद्धि हुई विटन साहबने किनू नामक एक अङ्गरेज कानिष्टबलको इस रास्तेके पहरेपर नियुक्त कर दिया।

एकदिन बहुत से अजातश्मश्रु बङ्गाली युवक कटहरे (railings) से लगकर सन्ध्यासमीरण सेवन कर रहे थे। constable किनूने वहां पहुंचकर यह देख पाया और उनमें से एकको पकड़कर उससे उसका नाम पूछा। किन्तु समभिव्याहारी कुञ्जविहारी शील नामक एक युवाने उसे नाम बतानेसे रोककर अवज्ञा प्रदर्शनपूर्व्वक कहा,—"तुम मात्र एक सामान्य constable हो तुम क्या कर सकते हो?" यह कहकर उसके सामने ही वह कटहरे पर बैठ गया। कुञ्जविहारी शील पर मुकद्दमा कायम हुआ। अभियोग सरकारी नौकरके कर्त्तव्यकर्म्मसम्पादन में विघ्न डालना था। मुकद्दमा तो यही है, किन्तु इसके लिये कुञ्जविहारीको कलकत्ते से दो तीन बेरिष्टर लाने पड़े उसके लिये डर का बड़ा कारण भी था क्योंकि Joint Magistrate विटेन साहब उसे दण्ड देकर दृष्टान्तस्थानीय करना चाहते थे, (to make an example of him) यह शायद अप्रकाश नहीं था। निदान कुञ्जविहारीने ५० रुपये जुर्म्माना देकर निष्कृति पाई।

SECTION IV.

Translation of Stories and Anecdotes.

बहुत वर्ष हुए इङ्गलैण्ड देशमें एक किसान रहा करता था वह इतना परिश्रम करता था कि उसके खेतमें उस प्रान्तके और खेतोंकी अपेक्षा अधिक फसल होती थी। उसके पड़ोसी यह समझते थे कि वह माया-विद्याके प्रभावसे इतनी अच्छी फसल उत्पन्न करता है। अन्तमें उन लोगोंने उसे ऐन्द्रजालिक बताकर सैनिष्ट्रेट के सम्मुख उसके विरुद्ध एक अभियोग उपस्थित कर दिया। कृषक तलब हुआ। उसने अपने एक बलिष्ठ नीरोग बालकको, अपने हल चलानेवाले पशुओंको विचार-

पतिके सामने उपस्थित करके कहा,—"मेरे खेतमें जो कांटे होते हैं, उन्हें यह बालक चुन डालता है ; परिश्रम करता है, मैं खेतमें भली भांति खाद दिया करता हूं, देखिये मेरे हलकी अवस्था बहुत अच्छी है और इन पशुओंको, मैं ऐसे यत्नसे खिलाता हूं कि इस प्रान्त में आपको ऐसे बलिष्ठ पशु न मिलेंगे। अब देखिये, कि कृषिकार्य्य में मैं किस मायाकी सहायता लिया करता हूं। मेरे पड़ोसियोंमें से जो कोई मेरे समान यह सब उपाय अवलम्बन करेगा, वह भी मेरी सदृश उत्तम फसल पावेगा।

मेजिष्ट्रेट साहबने कहा कि उन्होंने इससे पूर्व कभी किसी अपराधी का ऐसा सन्तोषजनक उत्तर नहीं सुना था। इसके उपरान्त उन्होंने कृषकके परिश्रमके विषय में बहुत प्रशंसा करके उसे विदा कर दिया।

Entrance Examination, 1893

Many years ago there lived in England a husbandman who was so industrious that his farm yielded more crops than any other in that part of the country His neighbours thought that it was by employing some magical arts that he raised such crops and at length they brought him before the Magistrate and accused him of being a sorcerer (enchanter) On being called on for his defence, the husbandman took before the trying officer (the justice) a stout and healthy boy and the cattle that drew his plough, and said, "Sir, this boy pulls up the thorns and weeds that grow on my farm. I manure my farm carefully. Look at my plough, how it is in good order, and I take such care in feeding these animals here that your worship will not find equally strong animals in this part of the country. Now, see all the sorcery which helps me in my cultivation. If any of my neighbours will use the same means he also will have as good crops as I." The magistrate remarked that he had never heard better pleading and then dismissed the husbandman, highly commending his industry.

Exercise 118

[HINTS :—कैसा सौभाग्य, how fortunate पृथिवीमें, on earth सर्व्वापेक्षा सुस्वादु, the sweetest तुम्हारे लिये घर बना दिया गया है, a house has been built for you. खयाल करना, &c, think of. पाकर, to get खाद्य संग्रह करना, gather.]

एक चूंटी ने एक मधुमक्खीसे कहा,—"तुम्हारा कैसा सौभाग्य है। तुम में रूप भी है और अध्यवसाय भी, तुम व्याकुलता से इधर उधर दौड धूप नहीं करती हो वरन हर्ष से उडती फिरती हो ; तुम्हारा खाद्य पृथिवी में सर्वापेक्षा सुखाद्य है। तुम्हारे लिये घर बना दिया गया है और फुलमें मधु न रहनेसे खानेके लिये तुम्हें चीनी दी जाती है। मुझे गृह अथवा खाद्य के लिये कोई भी नहीं पुछता है। जिस वस्तुको तुम यथेष्ट मिठा न समझ कर त्याग देती हो उसे पाकर परम तुष्ट होती हूं। मधुमक्खीने उत्तर दिया,—'यह बात सत्य है, किन्तु इस कारण तुम मुझसे द्वेष न करना। यह तो सही है कि मुझे तुमसे अनेक विषय में सुविधा है परन्तु मुझे दुसरोंके लिये खाना सग्रह करना पडता है और तुम केवल अपने लिये ही खाद्य संग्रह किया करती हो।"

Entrance Examination 1892.

Exercise 119.

[HINTS :—तीतर, a partridge ईर्षापरवश, spiteful. कह रहना, speak. देखे तो रही, let us see. खा जाना, eat up धीरेसे slowly. क्षत-पद, foot-sore गठरी में बांध, making them up into a bundle लाठीसे, by a stick. धीरेसे, lightly पलाव पक्षीकी सदृश like a tame bird अहा, Ah ! उसकी ओर, at it. पगड़ी, the turban]

एक स्यार और एक तीतर में चिर-मित्रताई का प्रतिज्ञा हुआ परन्तु इनमें से स्यार बड़ा ही अन्यायपूर्व्वक दावा करनेवाला और ईर्षापरवश था। वह अपने

मित्रसे प्रायः कहा करता था कि मैं तुम्हारे लिये जितना करता हूं तुम मेरे लिये उसका आधा भी नहीं करते हो। इसपर भी तुम अपने सौहृदयके विषय में बहुत कुछ कहा करते हो। मैं मित्र शब्दसे यह समझता हूं कि जो मुझे हंसा वा रुला सके, मुझे उत्तम आहार दे सके और यदि प्रयोजन हो तो मेरी जीवनरक्षा करनेमें समर्थ हो सके। किन्तु तुम ऐसा कदापि नहीं कर सकते हो।

तीतर ने उत्तर दिया आओ देखं तो सही। तुम कुछ अन्तर से मेरा पीछा करो यदि मैं तुम्हें शीघ्र न हंसा सकूं तो तुम मुझे खा जाना। इसके उपरान्त उसने उडते हुये देखा कि दो पथिक धीरे धीरे चले जा रहे हैं। इन में से एक आगे आगे जा रहा था और दूसरा उसके पीछे था। यह दोनों थके हुये और क्षतपद थे। आगेवाला मनुष्य अपने वस्त्रों को एक गठरी में बांध अपने कांधे पर की लाठी से लटकाये हुये लिये जाता था और दूसरे मनुष्य के हाथ में जूते थे।

तीतर एक पलाउ पक्षी की सदृश्य आगे चलनेवाले पथिककी लाठी पर धीरे से जा बैठा जिसकी उसे चेतना तक न हुई और वह आगे को बढता ही चला गया परन्तु दूसरा पथिक उसे पलाउ पक्षी के सदृश्य उसे बैठा देख आप ही से कह उठा, अहा! रातके भोजन के लिये क्या सुन्दर वस्तु हाथ लग गई है। तुरन्त ही उसने उस जूते को जो उसके हाथ में था उस पक्षी की ओर फेंका। पक्षी उड़ गई परन्तु जूता लगने से पहले पथिककी पगडी गिर गई।

Entrance Examination, 1891.

Exercise 120.

[HINTS :—सम्पर्क, connection. दान, benefaction साथ, among. नियोजित मनुष्य, employee. वेतनकी पुड़िया, pay packet. लिपटा हुआ, wrapped. हत-बुद्धि हो जाना, to be puzzled. कोषाध्यक्ष, cashier. नोट, note विश्राम-कक्षा, private chamber. थोडा सौगात, a small present. सङ्गत, proper. गोष्ठी, family विचार नहीं किया जा सकता, it makes no difference. उत्तेजना, (literally)

न्यून अथवा अधिक समय की चाकरी का विचार नहीं किया जा सकता है और शीघ्रता पूर्व्वक चैप्टनट ष्ट्रीट में जाकर बहुत सी ऐसी वस्तुयें मोल लेलो जो तुम योग्य ख्रीष्ट के जन्मोत्सव में दस मनुष्यों को दे सको।

कभी कभी ऐसे लोभमें पड़ना पड़ता है, कि उस समय लोभको उत्तेजना अग्राह्य करनेके लिये साहस की आवश्यक होती है,—इतना अधिक साहस चाहिये, कि जितना बालकलावा रणक्षेत्रमें लाइट ब्रीगेडके आक्रमणके साथ सवार होकर युद्धमें प्रवेश करनेमें भी नहीं आवश्यक होती।

Entrance Examination, 1895.

Exercise 121

[HINTS :—कीड़ा, a caterpillar. पकड़ लेना, to overtake मुंह मोड़ कर, turning आक्रमणकारी, assailants एक साथ, in a body. दुर्भेद्य, impregnable (here) inaccessible.]

एक पथिकने अफ्रिका देशके वनमें पर्य्यटन करते हुये देखा, कि एक कीड़ा फुरतीसे चला जा रहा है और बहुसंख्य छोटी चींटियां उसके पीछे दौड़ती हुई जा रही हैं। चींटियां स्वभावत: ही द्रुततर चल सकती हैं, सुतरां वह समय समयपर कीड़े को पकड़कर एक एक चींटी उसकी पीठपर चढ़कर उसे डसने लगीं। डसे जाने पर कीड़ा कभी कभी ठहर जाता और अपने मुंह को मोड़ कर आक्रमणकारियोंको विनाश करता। इस भांति दश बारहको मारकर कीड़ा क्लान्त हो गया और अवकाश पा कर चींटियोंने एक साथ उस पर आक्रमण किया। वह भी शिर नीचा करके एक तिनके पर चढ़ गया। चींटियां भी शीघ्र पीछे जाकर एक एक करके जैसे ही उसके सामने होने लगीं वह एक एक करके उनका संहार करने लगा। चींटियोंने शत्रुको ऐसे दुर्भेद्य स्थानमें अवस्थित देख उसे स्थानभ्रष्ट करनेका एक उपाय स्थिर किया। उन्होंने उस तिनके के बीच में एक गढ़ा कर दिया और तुरन्त ही उस तिनके के भूमि पर गिर जाने पर सैकड़ो चींटियोंने भूपतित शत्रुपर एकबारगी ही आक्रमण किया। कीड़ा भी इसतरह

आक्रान्त होनेपर शीघ्र ही पञ्चत्वको प्राप्त हुआ (मर गया) और विजेतागणने शत्रुकी मृतदेह युद्धक्षेत्रमें लेटाकर वहांसे प्रस्थान किया।

Exercise 122.

[HINTS :—ईश्वर जिसका सहाय है, whom God befriends पाओ भरकी रोटी बनवाई, having got a loaf made जो उसकी सहायता की प्रार्थना किया करता था, looked to him for help. उसका क्या किया ? what have you done with it ? गुमनाम चिट्ठी, anonymous letter. ग्लास मुंहसे लगाकर, holding (raising) the glass to his mouth.]

A.

किसी समय पर रोम नगरमें दो अन्धे रहा करते थे। उनमें से एक नगरके राजपथ की एक ओर यह कहकर चिल्लाया करता था,—"ईश्वर जिसका सहाय है, वही सहायता पाता है।" दूसरी ओर दूसरा चिल्लाकर कहा करता था,—"राजा जिसका सहाय है, वही सहायता पाता है।" वे प्रतिदिन इसी प्रकार चिल्लाया करते। सम्राट्ने कई बार इन्हें इस प्रकार चिल्लाते हुये सुन कर एक पाओ भरकी रोटी बनवाई और उसे स्वर्णमुद्रा से पूर्ण करवाकर उन दोनों अन्धों में से उस अन्धे के पास भिजवाई जो उनकी सहायता की प्रार्थना किया करता था। उस भिक्षुक को वह रोटी भारी जान पड़ी, इस कारण अपने सहचर से मिलते ही उसने उसको उसके हाथ बेच दी। वह आदमी उसे घर ले गया; और जब उसने उसको तोड़ा, तो उसके भीतर सुवर्ण देखा। उसने ईश्वरको धन्यवाद दिया और तबसे भिक्षावृत्ति को त्याग दिया। दूसरा आदमी पूर्ववत् नगरमें राह राह भीख मांगता रहा। इसपर सम्राटने उसे अपने सामने बुलाया और पूछा,—"थोड़े दिन हुए मैंने तुम्हारे पास जो रोटी भेजी थी, उसे तुमने क्या किया ?" उसने जवाब दिया,—उसे भारी पाकर और अच्छी फूली न समझकर मैंने उसको अपने साथी के हाथ बेचडाला।" तब सम्राटने कहा,—सच है, ईश्वर जिसका

सहाय है, वही वास्तव में सहायता पाता है।" यह कहकर उन्होंने इस अन्धेको अपने सामनेसे निकलवा दिया।

B.

महावीर अलकजन्दर जब बीमार होकर अपने चिकित्सक द्वारा चिकित्सा करा रहे थे, उस समय उन्होंने एक गुमनाम चिट्ठी पाई। उसमें लिखा था, कि उनके चिकित्सकने उनको हत्या करनेका सङ्कल्प किया है और इसके बाद जो दवा दी जायगी, उसमें यह चिकित्सक विष मिला देगा। चिकित्सकके देखने आनेपर नरपतिने उनके हाथसे पीनेके लिये औषधि ली और एक हाथ से औषधि का ग्लास मुंहसे लगाकर पान करने लगे और दूसरे हाथसे चिट्ठी चिकित्सकको दी। उन्होंने अपने प्रिय चिकित्सकके ऊपर सन्देह नहीं किया। चिकित्सकके चिट्ठी पढते पढते उन्होंने औषधि को पी लिया।

Exercise 123.

[HINTS :—व्याध, a fowler कालान्तक, destroyer पापात्मा, wicked man. जाल, fowling net असत्प्रवृत्तिसम्बन्धी, in consequence of his vicious propensities. उत्पाटितप्राय, nearly uprooted or blown down. विद्युत्प्रभा, lightning flash. चकाचौंध लगना, to be dazzled मूसलधारसे, in torrents. प्लावित, inundated.]

पूर्व्वकाल में एक व्याध कालान्तक यमकी तरह अरण्यमें घूमता था। यह पापात्मा जाल लेकर सर्व्वदा बन बन भ्रमण और पक्षियोंका प्राण-संहार करके उन्हें बेचता था। इसतरह बहुत दिन बीत गये, किन्तु वह दुरात्मा किसी क्रमसे अपने असत्प्रवृत्तिसम्बन्धी अधर्मसे परित्राण नहीं हो सका। एकबार वह व्याध अरण्य में पर्य्यटन करता था ऐसे समय प्रबल आंधी उठकर वृक्षोंको उत्पाटितप्राय करने लगी, मुहूर्त्त में नभोमण्डल मेघजालसे समाच्छन्न हुआ; बार बार विद्युत्प्रभा आखोंको चकाचौंध लगाने लगी। मूसलधारसे वृष्टि-वारिधारा निपतित होनेसे वसुन्धरा क्षणकालमें प्लावित हो गई। वृष्टिके प्रभावसे पक्षी मरे और वृक्षके तले

पड थे और मृग, सिंह और वराहगणने उन्नत भूमिका आश्रय ग्रहण किया। दुरात्मा व्याध अन्यत्र को प्रस्थान नहीं कर सका, उसने सोचा, कि आज इसी वृक्षके नीचे रात बिताना कर्त्तव्य हैं।

Exercise 124

[HINTS —कृताञ्जलिपुटसे, with folded hands. वनस्पति, tree. पर्ण-शय्या, a bed of leaves अतिथिसत्कार, to perform the rites of hospitality अग्निसेवा करता, warming himself by the fire नराधम, wretch व्याधको चेत हुआ, he came to his senses.]

व्याधने मन ही मन स्थिरकर हाथ जोडकर वनस्पतिको सम्बोधनकर कहा,— "तरुवर! तुममें जो समस्त देवता आश्रय किये हुए हैं, मैं उनके शरणापन्न हुआ।" यह कहकर भूतलपर पर्ण-शय्या निर्म्माणपूर्व्वक एक खण्ड शिलापर मस्तक स्थापन करके दुःखित चित्तसे शयन किया। इस वृक्षको शाखापर एक कपोत परिवार सहित बहुत दिनोंसे वास करता था। अतिथिसत्कार करना कर्त्तव्य समझकर कपोतने व्याध से कहा—"महाशय! यहा आपको कुछभी आशङ्का करनेका प्रयोजन नहीं है, इस समय आप क्या चाहते हैं?,, व्याधने कहा,—"मैं शीतसे नितान्त कातर हूं, जिसमें मेरा शीत निवारण हो, उसका उपाय करो।" कपोतने उसी समय यत्नपूर्व्वक भूतलसे शुष्क पत्र एकत्रित करके शीघ्रतासे अग्नि लाया और पत्रराशि को जला दिया। व्याध अग्निसेवा करके स्वस्थ हुआ। इसके उपरान्त व्याधने क्षुधाशान्तिका कोई उपाय करनेके लिये कहा। कपोतने कहा, कि मेरे पास कोई आहार सामग्री सञ्चित नहीं है। अन्य कोई उपाय न देखकर कपोतने अग्निप्रवेश करके कहा,मुझे ही भक्षण कीजिये। यह घटना देखकर व्याधको चैतन्य हुआ। उसने सोचा, मैं कैसा नराधम! कैसा निठुर हूं! अबसे मैं इस कपोतका दृष्टान्तानुसारी होऊंगा।

Exercise 125.

[HINTS :—भोजन-विलासी, fastidious about food. व्यञ्जन, vegetables. शय्या-विलासी, fastidious about bed दुर्लक्ष्य, hard to detect. क्षमता, perception विलासी, finical in taste. चूष्य, things to be sucked लेह्य, things to be licked]

धर्म्मपुर में गोविन्द नामक एक ब्राह्मण रहा करता था। उनके दो लड़के थे। उनमें एक भोजनविलासी था अर्थात् अन्नमें और व्यञ्जनमें यदि कोई दोष रहता, तो दुर्ज्ञेय होनेपर भी उस अन्न और व्यञ्जनके भोजन में उसकी प्रवृत्ति न होती दूसरे शय्या-विलासी था अर्थात् शय्यामें कोई दुर्लक्ष्य विघ्न रहनेसे भी वह उसपर शयन कर नहीं सकते था ; फलतः इस एक विषयमें उसकी असाधारण क्षमता थी। उसकी ऐसी विस्मयजनक क्षमताकी बात वहांके नरपतिके कर्णगोचर हुई ; वह उसकी इस क्षमताकी परीक्षाके लिये सातिशय कौतूहलाविष्ट हुए और दोनोंको राजधानी में बुलाकर आपने पूछा, तुममें कौन किस विषयका विलासी है ?

इसके उपरान्त उनके जब वह अपना अपना परिचय दे चुके तो पहले भोजन-विलासीकी परीक्षाके लिये रसोइये ब्राह्मणको बुलाकर नाना प्रकारका सुरस भोजन बनाने की आज्ञा दी। रसोइयेने राजकीय आज्ञानुसार बड़े यत्नके साथ चर्व्य, चूष्य, लेह्य, पेय, चतुर्व्विध भक्ष्य द्रव्य प्रस्तुत करके राजाको समाचार दिया। राजाने भोजनविलासीको आहार करने आज्ञा दी, वह आहारस्थानमें उपस्थित हुआ और आसनपर उपवेशन करते ही उठकर राजाके पास चला गया।

बेताल पचीसी।

Exercise 126.

[HINTS :—श्मशान-सन्निहित, adjoining a cremation ground. उन्मत्त-प्रलापवत्, like the incoherent talk of a mad man. असङ्गत, absurd. दुग्धफेननिभ, milk-white. सप्तम तलमें, on the 7th coverlet.]

राजाने पूछा, क्यों जी। तृप्तिपूर्व्वक भोजन कर लिया? उसने कहा, "नहीं, महाराज! मैंने भोजन नही किया।" राजाने पूछा "क्यों?" उसने कहा, "महाराज! अन्नसे शवगन्ध आती है; जान पड़ता है कि श्मशान-सन्निहित क्षेत्रजात धान्यका चावल बनाया था।" राजाने सुनकर उसकी बात उन्मत्त-प्रलापवत् असङ्गत समझकर किञ्चित् हास्य किया और यह बात गुप्त रखकर भण्डारीको बुलाकर उस चावलके विषयमें सविशेष अनुसन्धान करनेकी आज्ञा दी। इसके अनुसार भण्डारीने सविशेष अनुसन्धान करके नरपतिके पास जाकर निवेदन किया, कि महाराज! अमुक ग्रामके श्मशान-सन्निहित क्षेत्रजात धान्यसे यह तण्डुल प्रस्तुत हुआ था। राजा यह सुनकर अतिशय चमत्कृत हुए और भोजन-विलासीकी सविशेष प्रशंसा करके उन्होंने कहा, कि तुम यथार्थ भोजन-विलासी हो।

इसके उपरान्त राजाने एक सुसज्जित शयनागारमें दुग्धफेननिभ परम रमणीय शय्या प्रस्तुत कराकर शय्याविलासीको शयन करने की आज्ञा दी। उसने कुछ देरतक सोचकर राजाके पास जाकर निवेदन किया, "महाराज! इस शय्याकी सातवीं तहमें एक लट छोटे बालोंकी है, वह मुझे बड़ी ही क्लेशकर होने लगी, इसलिये शयन नही कर सका। राजा सुनकर चमत्कृत हुए और शयनागारमें जाकर अन्वेषण करके देखा, कि शय्याके सप्तम तलमें सचमुच ही एक लट छोटे बालोंकी पड़ी है तब उन्होंने सन्तोष प्रकाश कर बार बार उसकी प्रशंसा करके कहा, "तुम यथार्थ शय्या-विलासी हो। इसके उपरान्त उन दोनों भाइयोंको यथोचित पारितोषिक प्रदान पूर्व्वक परितुष्ट करके विदा किया। वैताल पचीसी।

Exercise 127.

[HINTS :—क्षुद्र, narrow. तख्ता, a plank. एक साथ, together. धक्कम धक्का करना, to push one another.]

किसी समय दो बकरे दो ओर भ्रमण करने को निकले। कुछ कालतक घूमते घामते यह दोनों परस्पर पुनरपि मिले परन्तु यह दोनों जिस पथसे आये थे उसके मध्यमें एक छोटीसी नहर प्रवाहित थी। नहरके ऊपरसे जानेके लिये

उसके आर पार एक सङ्कीर्ण तख़ता बिछा हुआ था जो इतना संकीर्ण था कि उसपर होकर ऐक साथ दो बकरे किसी प्रकारसे नहीं आ सकते थे।

दोनों बकरे अतिशय गर्व्वित थे, सुतरां परस्पर कोई किसीको आगे जाने देना न चाहता था। पहले बकरेने कहा, इस तख़्तेपर मेरा और तुम्हारा समान अधिकार है ; दूसरेने भी ठीक वही बात कही। इस तरह कुछ वाग कलह करते करते दोनों आगे बढकर जब पुलके बीचमें आये, तो और किसीको भी आगे जानेकी क्षमता न रही, सुतरां धक्कम धक्का करते हुये दोनोंने जलमग्न हो प्राण गंवा दिये।

Exercise 128.

[HINTS :—दैवात्, &c., happened to come upon &c. अनुरूप, parallel. शान्तभावसे, quietly, धीरे धीरे, slowly. परलीपार, on the other side.]

दो और बकरे एक जगह मित्रभावसे रहते थे। वे दोनों अति निरीह थे और परस्पर सहायता किया करते थे। किसी समय वह भ्रमण करते करते दैवात् एक अति सङ्कीर्ण पुलपर आ पड़े। यह घटना भी ठीक पूर्व्वोक्त घटनाके अनुरूप है, किन्तु उनमें किसीने किसीको धक्का नहीं दिया! दोनोंने कुछ देरतक शान्तभावसे खड़े रहकर विचार किया, कि पीछे लौट जाना किसी तरह सम्भव नहीं है। तब एक बकरेने पुलपर धीरे धीरे लेटकर दूसरेको अपने ऊपरसे जानेकी राह दी। किन्तु यह बकरा अपने मित्रपरसे इस सावधानीसे गया, कि उससे उसे कुछ भी कष्ट अनुभव नही हुआ। दोनों ही निरापद परली पार पहुंच गये।

Exercise 129.

[HINTS :—ज्ञानाभिमानी, proud of his learning. स्वरूप, nature, idea. चलना, walk. घोंघा, the shell of snail; निःशेषित करना, to

empty. अबोध, thoughtless अपरिमेय, immeasurable. अनन्त, infinite वाक्य-मनसे अगोचर, ineffable and incomprehensible.]

ज्ञानाभिमानी पण्डित सेण्ट अगष्टिन ईश्वरका स्वरूप हृदयङ्गम करनेकी चेष्टा करते थे। समुद्रकिनारे टहलते हुए देखा, कि बालुकामय किनारेपर एक छोटा बालक गड्ढा खोदकर घोंघेमें भरकर समुद्रसे जल लाता और उस गड्ढेमें डालता है। पण्डितने बालकसे पूछा "ऐ बालक! तुम यह क्या करते हो?" बालकने जवाब दिया, "क्यों, मैं इस समुद्रका सब पानी इस गड्ढेमें डालकर समुद्रको खाली कर डालना चाहता हूं।" यह घटना देखकर ज्ञानाभिमानी पण्डितको चैतन्य हुआ। वह वैसे ही कह उठे,—"क्यों! मैं भी तो इसी अबोध बालककी तरह अपरिमेय, अनन्त, वाक्य-मनसे अगोचर परमेश्वरको इस क्षुद्र बुद्धि द्वारा परिमाण करनेका प्रयासी हुआ हूं। हाय! मैं कैसा मूर्ख हूं।"

SECTION V.

Conversation and Dialogues.

राम और श्याम।

राम। नमस्कार! कहो श्याम, कैसे हो?

श्याम। नमस्कार! कुशल है। बहुत दिनके पश्चात् तुमसे भेंट हुई।

राम। हां, बहुत दिन पश्चात् मिले हैं। देखो, अब तो तुम बी॰ ए॰ हो गये हो, क्या करना बिचारा है? मेरे बड़े भाई कल तुम्हारे कह रहे थे कि तुम्हारा बैरिष्टरी का इरादा है। क्या यह ठीक है?

श्याम। हां है तो ठीक। कुछ तो अवश्य ही करना चाहिये, किन्तु बिचार कर देखो तो कि कैसे सब व्यवसाय भरे पड़े हैं कि नये मनुष्योंके लिये स्थानतक नहीं है।

राम। वकालत डाक्टरी और दूसरे व्यवसाय जिनमें विद्याकी आवश्यकता है भर गये हैं परन्तु क्या इनसे अतिरिक्त तुम और किसी व्यवसाय के लिये चेष्टा नहीं कर सकते हो? चाय-बगीचा तैयार करने के विषय में क्या कहते हो?

श्याम। यदि यही हो जाय तो इससे अधिक और क्या चाहिये ? यह होनेसे मैं और कुछ नहीं चाहता। किन्तु यदि तुम समस्त भारतवर्ष खोज देखोगे, तो भी कोई ऐसा प्रदेश (जिला) न मिलेगा जहां बिना अधिक पूंजी (मूलधन) के चाय-बाग तैयार किया गया है। मेरे पास तो केवल कई सौ रुपये मात्र हैं।

राम। हां, यह ठीक है, परन्तु कई सौ रुपयोंसे चाय-बगीचा नहीं तैयार किया जा सकता। अब चलता हूं, देर होती है सन्ध्याके उपरान्त तुम्हारे मकान पर जा कर तुमसे मिलूंगा और इस विषयमें बातचीत करूंगा।

Entrance Examination, 1893.

RAM AND SHYAM

Ram.—Good morning. How do you do, Shyam ?

Shyam.—Good morning. Thank you, I am quite well. It seems we meet again after an age.

Ram.—Indeed so. Now what do you mean to do, now that you have obtained your B A degree ? My elder brother was telling me yesterday that you had a mind to be a barrister at-law. Is that so ?

Shyam.—Yes, it is. One must do something, but remember how every profession is crowded, with scarcely an opening for new comers.

Ram.—There is, indeed, a block in the bar, the medical profession and other learned professions But had you not better look out for something else ? What do you say to having a tea-plantation ?

Shyam.—If that were possible, nothing better could be wished. But if you look over the whole of India, you will not find a single district where tea-plantation can be undertaken without a large capital. As for myself, I have only a few hundred rupees.

Ram.—What you say is quite true. No tea-garden can be

taken in hand with such a small capital It is now getting late and I must bid you good-bye I will see you in the evening at your house and have further talk on this subject.

Entrance Examination, 1893.

Exercise 130

राम। क्यों भाई, अब तो तुम्हारे दर्शनतक दुर्लभ हैं, घरमें तो सब कुशल-मङ्गल है न?

श्याम। हां भाई घर में तो सब कुशल मङ्गल है परन्तु मैं एक झगडे में पडे गया हूं। बडी लड़कीके विवाहके लिये बहुत घबडाया हुआ सा घूम रहा हूं। मनचाहा पात्र भी नहीं मिलता है और न मेरी अवस्था वाला मनुष्य इतना व्यय ही उठा सकता है।

राम। इसी लिये आजकल लडकीका विवाह करना एक आफत हो गई है। जिसको तीन चार लड़कियां हैं उसका तो मर मिटना है। मेरी समझमें गावमें पात्र ढूंढना अच्छा है। इतना देख लेना चाहिये कि लडका खुशहाल हो जिसमें लडकी को खाने पीनेका कष्ट न हो और वह सद्वंशजात और सच्चरित्र हो। कलकत्तेके लोगोंमें बडी हविस है और यदि पास दिया हुआ लडका हो, तो बात ही न पूछिये। उसका बाप तो गले पर छुरी फेरने के लिये तैयार बैठा रहता है।

श्याम। गोविन्दपुरमें एक लडका है, वह दत्त बाबूके मकानपर जमींदारीका काम करता है। उसका स्वभाव-चरित्र बहुत अच्छा है, तम्बाकूतक नही पीता है; सन्ध्या आदि बिना किये पानी नहीं पीता। उसके पास डेढ सौ बीघे अव्वल जमीन है, बाग इत्यादि भी हैं। उसको चावल, दाल, तरकारी कुछ खरीदना नहीं पडता। गांवमें मान-सम्भ्रम भी खूब है।

राम। तुम भाई अभी इस पात्रको ठीक कर लो। पास किये हुये लड़कों का अन्वेषण करना आवश्यक नहीं है।

Exercise 131.

राम। तुम एण्ट्रेन्स पास करनेपर किस कालेजमें पढोगे? तुम्हारे पिताका मत क्या है?

श्याम। उन्होंने कहा है कि मेरे दफ्तर की चलो मैं अब अकेला गृहस्थी का समस्त व्यय नहीं उठा सकता हूं। और एफ० ए०, बी० ए० पास करके ही क्या होगा? कितने ही बी० ए० पास मेरे दफ्तर में उम्मेदवारी करते हैं।

राम। तुम उन्हें कुछ समझाकर कहो, कि एफ० ए०, पास करके apprentice होनेपर तुम जैसे कामके आदमी होगे, एण्ट्रन्स पास करके तो वैसे न होगे। उन्नतिकी आशा कम होगी। आखिरको उन्नतिकी ओर दृष्टि रखनी क्या उचित नहीं है? संसारका क्लेश घटानेके लिये न हो तो किसी गृहस्थके घर एक लड़का पढाना, इससे महीनेमें १०।७ रुपये मिल जायगे।

श्याम। पिताजी कहते हैं कि मैं ने इतने दिनों तक गृहस्थीका खर्च चलाया है न हो और दो वर्ष चला लूंगा किन्तु दो एक दरजा पास करनेसे लड़कों को मस्तिष्क बिगड़ जाता है, वह गुरुजनका सम्मान नहीं करते, समझते हैं कि मेरे बराबर और कौन है। इसीका मुझे बड़ा भय है।

राम। पहले कुछ ऐसा हो भी जाया करता था, किन्तु आजकलके लड़के प्रायः ही नम्र और विनयी दिखाई देते हैं।

Exercise 132.

राम। तुम्हारे भाइयों में क्या झगड़ा है? महल्लेके दश भले आदमियोंको बुलाकर झगड़े को क्यों नहीं मेट डालते? तुम्हारे बड़े भाई क्या इसपर राजी नहीं हैं?

श्याम। वह कहते है,—मैं सदर मकानका बाहरवाला खण्ड लूंगा, तुम अन्दरका अंश लो और नहीं तो अपना अंश बेचकर अन्यत्र जा रहो।" यह बात क्या सही जा सकती है? मेरी स्त्री कहती है, कि मैं श्वशुरका मकान छोड़कर और कहीं न रहूंगी।

राम। मेरी समझमें यदि सालिस द्वारा मकानका हिस्सा कर लिया जाय तो अच्छा है। तुम्हारे बड़े भाई अवश्य ही इस भले आदमियोंकी बात अमान्य न कर सकेंगे।

श्याम। मैं ऐसा ही करूंगा प्राणान्त होने पर भी अदालत न जाऊंगा। भाई यदि बिलकुल ही न सुनेंगे, तो पैत्रिक भद्रासन छोड़कर अन्यत्र वास करूंगा।

SECTION VI.

Translation of Letters.

In the following exercises which are chiefly on letter-writing, the students should not depend upon the forms of the original. He should take care to put the proper forms of address and signature, the place whence letter is sent and the date

---

Exercise 133

डाक्तर महाशय,

आप अनुग्रह करके एकबार मेरे मकान पर पधारिये। मेरे ज्येष्ठको कल रातसे बहुत ज्वर आ गया है। उनको अत्यन्त प्यास जान पड़ती है, और रातको नींद नहीं आती है, इस समय खूब तड़फड़ा रहे हैं। इति। २२ वीं जून।

श्रीकेदारनाथ

Exercise 134

भाई योगेन्द्र,

तुम्हें क्या हो गया है? मैंने तुम्हें कई पत्र भेजे परन्तु तुमने एक का भी उत्तर नहीं दिया। इस बातके जानने के लिये कि तुम्हें मेरा पत्र मिलता है या नहीं यह पत्र रेजिष्टरी कराकर भेजता हूं। मैंने इस पत्रमें और कुछ नहीं लिखा। उत्तरकी प्रतीक्षामें उत्सुक हूं।

Exercise 135.

श्रद्धास्पदेषु,

यदि असुविधा न हो, तो सायंकाल के उपरान्त एक बार इस ओर आइयेगा। मेरा भाञ्जा २।३ दिनसे मकान पर नही है, न जाने वह कहां चला गया है। मकानमें सब उद्विग्न हैं। आप अनुग्रह करके आकर कर्त्तव्यविधान करें। मैंने उपस्थित समाचार पत्र में एक विज्ञापन भेज दिया है।

अनुगत, श्रीकेदारनाथ।

Exercise 136.

श्रीचरणकमलेषु,

शनिवारको स्कूलसे गृह पहुंचकर मुझे अत्यन्त ज्वर आ गया था। पहले एक एसिष्टन्ट सरजन बुलाये गये परन्तु उनकी औषधसे पीड़ा किञ्चित् मात्र भी शान्त न हुई ((I did not get better)। मेरे पिताने भयभीत हो (alarmed) चार्लस् साहब को बुलवा भेजा। उनकी चिकित्सा से (treatment) पीडा में कुछ कमी है। आशा है कि दो चार दिन में मुझे भात खाने को दिया जायगा।

मैं शय्यागत था (confined to bed) इस हेतु आपको पत्र नही लिख सका, इस कारण मुझे क्षमा कीजियेगा। मुझे पूर्ववत् स्वस्थ और बलप्राप्त करने में (to recover my former strength or vigour) प्रायः एक सप्ताह लगेगा। डाक्टर का आदेश (Instructions) यह है, कि मैं एक पक्ष (a fortnight) तक अपना लिखना पढना बंद रक्खूं। आशा करता हूं कि आप अनुग्रह करके (kindly) जितने दिन मैं स्कूल न जा सकूं उतने दिन की छुट्टी देंगे।

बारकपुर
४ थी जुलाई,सन् १८७५ ई०

आपका एकान्त वशंवद,
श्रीअन्नदाप्रसाद राय।

Exercise 137.

यदु बाबू,

कई दिन हुए तुमने मुझसे एक पुस्तक पढनेको ली थी। मैंने पुस्तक देते समय तुमसे कह दिया था, कि वह कालिदासकी है, मेरी नही है। उन्होंने

मुझे अभी चिट्ठी लिखी है। पत्रवाहकके द्वारा उसे भेज देनेसे मैं बाधित होऊंगा।

११५, कालेज ष्ट्रीट, २६ मई। } श्रीहरलाल दास।

Exercise 138.

नन्दलाल,

अनुग्रह करके लिखना, कि आगामी शनिवारको तुम मकान चल सकोगे या नहीं। समाचार मिलने पर मैं गाड़ी का प्रबन्ध करूंगा।

श्रीहरिमोहन दत्त।

Exercise 139.

महाशय,

गत महीने की २७ वीं तारीखको (27th ultimo) मुझे डाक द्वारा जो वस्तुयें भेजी थीं, वह यथासमय (in due time) मिलीं। आपने जो इतना कष्ट उठाकर (to take the trouble) यह वस्तुयें भेजी है इसके लिये आपको धन्यवाद देता हूं। इनका मूल्य मैं आपको आगामी मास का वेतन पानेपर भेजूंगा। मकानका मङ्गलादिक समाचार कुछ भी नहीं लिखा है (you have written nothing as to how the family are doing), आशा है कि आगामी पत्रमें वह सब लिखकर मेरा उद्वेग दूर करेंगे। यह सुनकर परम हर्ष हुआ, कि आपकी वेतनवृद्धि (increase of pay) हुई है, ईश्वरसे प्रार्थना करता हूं, कि आपकी उत्तरोत्तर उन्नति हो (may God better your circumstances)। मेरी स्त्रीको दो तीन दिन से जुकाम हो गया है, मेरा अनुमान है कि कुछ सावधान रहनेसे अच्छा हो जायगा। मकान पर और सब अच्छे हैं। पूजा की छुट्टीमें गृह को पहुंच आप से मिल कर कितना जी सन्तुष्ट होगा इसका वर्णन कुछ नहीं कर सकता।

बांकीपुर, २ री अगस्त १८७५ } आपके स्नेहका, सुरेशचन्द्र मित्र।

पुः निः ।—जिस समय इन वस्तुओंका मूल्य आपके पास पहुंचे तुरन्त ही एक पत्र भेज दीजियेगा कि रुपये निर्व्विघ्नता से (safely) आपके निकट पहुंच गये । मैं नोट एक लिफ़ाफ़े में रेजिष्टरी कराकर भेजूंगा ।

Exercise 140.

मान्यवर श्रीयुक्त अमृतबाजारपत्रिका-सम्पादक समीपेषु—

महाशय, कल १० बजे फ्रान्सडांगेके अन्तर्गत गोन्दलपाड़ेके घाटपर (off) एक १५ वर्षका लड़का तैरता था । उस समय एक मगरने उसकी छातीका मांस काट लिया । जबतक वह जलमें रहा, तबतक बालक कुछ न जान सका, किनारे आते ही वह अचेत हो गया और एक घण्टेमें उसके प्राण निकल गये ।

वशंवद,

श्रीवामाचरण गङ्गोपाध्याय ।

Exercise 141.

सविनय निवेदनमिदं*

आगामी ३री फाल्गुनको मेरे ज्येष्ठ पुत्र श्रीमान् हरिश्चन्द्र दत्तका शुभ विवाह होगा । आशा है कि महाशयगण कलकत्ता बागबाजारके मकान पर उपस्थित होकर शुभकर्म्म समापन करायंगे, पत्र द्वारा निमन्त्रण करता हूं । इति । १ला फाल्गुन, १२८२ साल फसली ।

एकान्त अनुगत,

श्रीरामनाथ दास दत्त ।

---

* The nearest approach to the English form of invitation is this :—

A requests the pleasure of B's company on the occasion of the marriage of A's eldest son C. The wedding will take place at—Street, on the—instant.

Exercise 142.

श्रीयुक्त थैकार स्पिङ्क कम्पनी बरावरेषु,

महाशयगण, पत्रवाहकके मारफत निम्नलिखित फिहरिस्त (list) के अनुसार सब पुस्तकें भेलकर वाधित करेंगे। इसके हाथ प्रत्येक पुस्तकके दामकी फिहरिस्त भेजेंगे। इति ४थी मार्च १८७५।

नं० ३, चौनाबाजार

श्रीविहारीलाल मित्र।

Exercise 143.

इलाहाबाद,

प्रियसुहृद, ५वीं जुलाई सन् १८७५ ई०

तुम मुझे बराबर परीक्षाके पहले पढने लिखने में अधिक परिश्रम करने को मना करते चले आये हो, परन्तु मैंने तुम्हारे उपदेश पर कुछ भी ध्यान नहीं दिया। लगातार एक महीनेतक कठिन परिश्रम करनेसे मुझे ज्वर आ गया है। तुम्हारे सदुपदेशको अवहेला करनेका फल अब विलक्षण भोग कर रहा हूं। जान पड़ता है, कि इसबार बिलकुल ही परीक्षा न दे सकूंगा।

तुम अब कैसे हो? क्या मीहिनी बाबूके लड़का हुआ है। मकानमें और सब अच्छे हैं।

श्रीगिरिजाभूषण।

Exercise 144.

श्रीयुक्त Englishman सम्पादक महाशयेषु,

गत बृहस्पतिवारको हमारे गांवमें एक भयानक डकैती हो गई है। लगभग १०।१५ अस्त्रधारी डाकुओं ने (armed with deadly weapons) और अन्यान्य २०।२५ आदमियोंने आधी रातके समय यहांके जमीन्दार बाबू रामेश्वर बन्दोपाध्यायके मकानपर आक्रमण किया। पहले बाहरके मकानमें रामेश्वर बाबूका एक गुमाश्ता

सो रहा था, उसे डराकर (threat) द्वार खोलनेको कहा। जब उसने भयभीत होकर द्वार खोल दिया तो डाकुओंने भीतरी मकानमें प्रवेश करके बाबूसे बलपूर्व्वक बकस और सन्दूकों की चावियां ले ली और अन्त पुरकी स्त्रियोंको अत्यन्त कष्ट पहुंचा कर (to torture) उनके शरीरसे अलङ्कारादि छीन लिये (to wrest)। प्रायः १०।१५ हजार रुपयेकी चीजें और नकद (in cash) दो हजार रुपये लेकर दुरात्मा निर्व्विघ्नता से भाग गये (escaped with impunity) पुलिसके लोग अन्तिम अवस्थामें आ उपस्थित हुए, पर वह कुछ भी नहीं कर सके। रामेश्वर बाबूको पीछा करते हुये आते देख उन्हें सख्त (mortally) जखमी करके चले गये।

पुलिसके सुपरिण्टेण्डेण्ट साहब इस समय तहकीकात कर रहे हैं (to make an investigation), किन्तु उन्होंने अबतक कुछ सुराग (clue) नहीं पाया है। हमारे इस अञ्चलमें लगातार (successively) कई डकैतियां हुईं परन्तु पुलिस कुछ भी न कर सकी। आशा है, कि आप इस विषयको हाकिमोंके (authorities) कानोंमें डालकर, ऐसी चेष्टा करेंगे, जिससे बहुसंख्यक प्रजा निरापद रह सकें। आपके इस पत्रको अपने सुविख्यात पत्रमें स्थान दान करनेसे (to make room for it) चिरबाधित होऊंगा। इति।

Exercise 145.

कृष्ण बाबू,

मैं अभी लण्डन पहुंचा हूं। Marseilles होकर (*via*) न आ सका, जाते समय विचार कर रहा हूं कि उस ओर होकर जाऊंगा। समुद्रपथमें कोई घटना नहीं हुई। यहां २।४ दिन रहकर सीधे (Edinburgh) को जाऊंगा। मकानमें सबको मेरा समाचार देना और उनका समाचार शीघ्र लिखना। इस समय थकावट जान पड़नेसे अधिक लिख नहीं सका। आगामी पत्रमें सविस्तार हाल लिखूंगा। इति।

श्रीउमेश चन्द्र।

Exercise 146.

To the Secretary

Howrah School Committee

महाशय,

यह जानकर कि आपके स्कूलमें एक अध्यापकका पद खाली है (a vacancy for the situation of master has occurred) मैं उक्त पदप्रार्थी होकर आवेदन करता हूं (I beg to offer myself as a candidate for the situation) आवेदन पत्र सहित जो प्रशंसा पत्र (testimonials) भेजते हैं उनसे आपको विदित होगा (perceive), कि मैंने कुछ समय तक (Oriental Seminary) में प्रतिनिधि शिक्षक स्वरूप काम किया था (I officiated for some time as a teacher)। वहां मेरी बालकोंको शासनमें रखने और शिक्षा देनेकी प्रणाली देखकर (my system both of discipline and instruction) सभी विशेष सन्तुष्ट हुए थे। इस के अतिरिक्त मैंने कुछ दिन Janye Training School में बिताये हैं। मुझे नियुक्त करना यदि आप लोगोंका अभिमत हो, तो मैं यत्नपूर्व्वक शिक्षादान करनेमें कुछ भी त्रुटि न करूंगा।

आपका एकान्त वशंवद,

श्रीयदुनाथ दत्त।

Exercise 147.

प्रियतम मित्र,

जो महाशय यह पत्र लेकर तुम्हारे पास आ रहे हैं उनसे तुम्हारी जान पहचान नहीं है। इनका नाम हरमोहन राय है। यह यहांके कालेजके सहकारी अध्यापक हैं और अति उपयुक्त सुपण्डित, निरहङ्कार और सुशील हैं। यह ग्रीष्मावकाशके उपलक्ष्यमें तुम्हारे यहां घूमने को आ रहे हैं। मुझे यह कहनेका प्रयोजन नहीं है, कि मुझपर जैसा स्नेह करते हो, इनपर भी वैसा ही करोगे। आशा है, कि वहां पर सब मङ्गल है। इति।

Exercise 148.

भाई श्रीनाथ,

आगामी सोमवार को रात के ८ बजे यदि तुम मेरे यहां भोजन करो तो मैं अत्यन्त सुखी हूंगा (will you give us the pleasure of your company at dinner ?)। चन्द्र बाबू और नरेश बाबू भी पधारेंगे (we expect them). यह बहुत सज्जन हैं और इन से मिल कर तुम बहुत सन्तुष्ट होगे (you will be glad to make their acquaintance).

Exercise 149.

प्राणाधिक आनन्दमोहन,

तुम्हारी १ ली तारीखकी चिट्ठीसे यह बात जानकर नितान्त दुःखित हुआ हूं, कि तुमने पुलिसकी नौकरी सदैव करनेका सङ्कल्प कर लिया है। तुम्हारे समझकर काम न करनेसे (headstrong, rash) मुझे अन्तिम दशामें (in the last years of my life) बहुत कष्ट हो रहा है; यदि और कष्ट देनेकी इच्छा न हो, तो यह नौकरी इसी मुहूर्त्त परित्याग कर देना। तुम्हीसे मेरे वंशकी रक्षा है (you are the only representative of our family)। अतएव जिस काममें सदा विपदकी आशङ्का है, उसमें रहनेके लिये (to continue) हठ क्यों करते हो (to persist)?

मेरी इच्छा है, कि तुम अपना विवाह करो। तुमने परलोकगत ज्येष्ठ तातकी समस्त सम्पत्ति पाई है। अब तुम्हारी यथेष्ट (ample) सङ्गति (means) हो गई है। मेरी एकान्त इच्छा है, कि मेरा नाम रहे (my name honourably upheld) और वंशरक्षा हो (family perpetuated)। बुढ़ापा क्रमशः आ रहा है (age is creeping on me now), संसारमें मेरा और कोई नहीं है। आशा करता हूं, कि तुम मुझे निराश न करोगे। तुम जानते हो, कि तुमपर मेरा प्रगाढ़ स्नेह है, वह स्नेह किसी तरह जानेका नहीं (lasting)। "आपकी बात सुनना नहीं चाहता," यह कहकर उस स्नेहपर आघात न करना.

(to wound) । अत्यन्त व्याकुल होकर (with great anxiety) तुम्हारे उत्तरकी प्रतीक्षा (to wait) कर रहा हूं । इति ।

Exercise 150.

सुरेश,

तुम्हारा पत्र प्राप्त कर मैं अत्यन्त दुःखित हुआ । मैंने तुम्हें यह उपदेश दिया था कि कोई चीज खरीदते समय तुरन्त ही उसका दाम चुका देना (to pay for it at once), किसी तरह (on any account) उधार न करना (to go into debt) तुम उस उपदेशको भूल गये होगे, अन्ततः (at any rate) उसके अनुसार तुमने काम नहीं किया (to act up to it) । इन दोनों आदमियोंकी अवस्थाकी तुलना कर देखो,—एक आदमी रुपये दे नहीं सकता, किन्तु शौक मिटानेके लिये (for luxuries) ऋणग्रस्त हुआ (to contract debts) , और दूसरे आदमीने भूखे स्त्री-पुत्रकी (family) दुर्दशासे (miseries) पागल होकर (distracted) सामने पहली जो दुकान देखी, वही दौड़कर (to rush) परिवारका कष्ट घटानेके लिये (to relieve them) किञ्चित् सामग्री चोरी की। मेरी विवेचनामें दूसरे अपराधकी अपेक्षा पहला अपराध गुरुतर है। काटा चुभ जानेपर उसके निकालनेसे जैसा सुख होता है, ऋण परिशोध करनेसे भले आदमी मात्रको वैसी ही शान्ति मिलती है ।

तुमने मुझसे जो रुपया उधार मांगा है (the loan you request), उससे द्वारा तुम्हारी सहायता न कर सका इस कारण मैं अति दुःखित हूं ।

Exercise 151.

महाशय,

मैं ग्रीष्मकालमें कुछ महीने शहर छोड़कर गांवमें रहना चाहता हूं । यह बताकर बाधित कीजियेगा, कि काशीपुरमें एक सुसज्जित (furnished) मकान बिना कष्टके मिल सकेगा या नहीं (difficulty) । उक्त स्थान आपका अच्छी

तरह- जाना हुआ है और मैं कितने रुपये एक मकानका किराया दे सकता हूं यह भी आपको मालूम है (you know also the rent I may pay)।

काबी साहबसे यदि मकानका भाड़ा (rent) मिला हो, तो अवसरानुसार (at your convenience) मुझे भेज दीजियेगा। इस मकानकी मरम्मत करना आवश्यक है या नहीं यह भी लिखियेगा (let me know also if any repairs are required at my house)।

Exercise 152.

महाशय,

आपके दफ्तरमें दो लारकोंकी आवश्यकता है, इस मर्मका विज्ञापन (perceiving from an advertisement) Exchange Gazette में देखकर उक्त कामके लिये दरखास्त करता हूं।

मैंने सन् १८७५ ई० में Entrance Examination दिया। इसके बाद East Indian Railway में दो वर्षतक काम किया। मैं चिट्ठी-पत्री लिखना और हिसाबका काम जानता हूं। मैं दरखास्तके साथ कुछ प्रशंसापत्र भेजता हूं उनसे यह बात आप अच्छी तरह समझ सकेंगे, कि मैं कैसा कार्य्यक्षम हूं और मेरा चरित्र कैसा है।

श्रीकेदारनाथ चौधरी।

Exercise 153.

एक बहुदर्शी हिसाबक्षम आदमीकी आवश्यकता है (Wanted an experienced accountant); वेतन कमसे कम एक सौ रुपये दिया जायगा। जिन्होंने किसी सौदागरके कारखानेमें (mercantile firm) कमसे कम दश वर्षतक काम नहीं किया है, उन्हें दरखास्त भेजने की आवश्यकता नहीं है। सुख्यातिपत्रके साथ निम्न-स्वाक्षरकारीके पास (to the undersigned) दरखास्त भेजनी चाहिये।

Gopee mohun Roy,
Manager, Indigo Factory, Surgong

EXERCISE 154.

महाशय,

बहुत दिनसे मैं पुराना ज्वर (chronic fever) भोग रहा हूं। नाना प्रकार की चिकित्सायें कराई हैं (I have tried various kinds of medical treatment), परन्तु किसीसे कुछ लाभ नहीं हुआ। मुझे आशङ्का होती है, कि इस समय ज्वरका गतिरोध न करनेसे (if not arrested in its progress) वह सम्पूर्ण बलहानिका कारण हो सकता है (may terminate in the total prostration of my strength). मुझे भूख नहीं लगती (to lose appetite), अच्छी नींद (refreshing) नहीं आती; सुतरा शय्यासे उठनेपर अत्यन्त दुर्बलता ज्ञान पड़ती है।

मेरे मित्र निमाई बाबूकी (कई दिनसे आप यहा है) ऐसी अवस्थामें (under similar circumstances) आपने जैसी चिकित्सा की थी, वह उसकी अत्यन्त प्रशंसा करते हैं (speaks in high terms of your treatment of him). मैं स्वयं ही कलकत्ते आकर आपको दिखाता (to consult), किन्तु नाना कारणसे ऐसा करना असम्भव है। अब मेरा अनुरोध यह है, कि आप इस बारेमें मुझसे पत्र-व्यवहार करें (enter into a correspondence with me on the subject). उपस्थित (meanwhile) मैं बङ्गलबङ्कका सौ रुपयेका एक चेक (a cheque for Rs. 100 upon the Bank of Bengal) आपकी सेवामें भेजता हूं।

CHAPTER VIII.

Common Errors in Translation

1. 'The cat has thrown the milk.' This is unidiomatic. 'Spilt the milk' may do, but an Englishman would generally say 'upset the milk jug' or 'knocked it over' (Cf. He has *spilt* the ink).

2. Tell him this word. Omit 'word.' तुमसे मुझे एक बात कहनी है, should not be translated, 'I have a word with you' but, 'I wish to speak to you' 'I have a word (*i.e* message) for you' is correct. (Cf. 'He sent me word'—उन्होंने मुझे कहला भेजा)।

3. Will you mend this pencil for me? 'To *mend a pen*' and 'to *cut a pencil*' are only correct idioms

4. 'This is called real courage.' Omit 'Called.'

5. 'Thou villain go from the house.' 'Thou' is erroneously thought to be a translation of तू. It is not used now except in poetry. In certain parts of England, 'thou' is used much as तू, in Hindi; but this use is confined to vulgar people only. 'Go from the house' should be 'Leave the house.'

6. रातको, may be translated by *At night, in the night, during the night, by night.* 'At night' may also mean *at nightfall* Observe, it is—*in* the morning, *in* the afternoon, *in* the evening, *at* noon, *at* midnight, *at* dawn, *at* daybreak, Again—

'*Go* home *in* the Pooja holidays' is wrong. It should be '*during* the *holidays*' or '*for* the holidays' according to sense. '*During* the holidays' would mean going home some days after the commencement or before the close of the vacation. Again, I nursed him *during* or *in* his illness.' never *at*.

7. 'He does not like vegetable.' Write 'vegetables,' because

there are various kinds of vegetables and he likes none of them. It would not be improper to say, 'He does not like *this vegetable*,' a particular kind of vegetable being meant. Again, 'This house is built of *bricks*' is wrong It should be 'built of *brick*' (*i.e.* the material, brick.) But when *number* is implied, *bricks* may be used ; as 'I have ordered 10,000 *bricks*.' Similarly, we say 'It is made of *stone*' (not *stones*)

8. The word चश्मा, is wrongly translated, 'spectacle.' It is always 'spectacles' and is never used in the singular form to mean an eyeglass. A *spectacle* is anything seen as, 'It is a shocking *spectacle*.'

9. Pairs, Dozens. We say 'five dozen chairs,' 'A five *pound* note,' 'Two *brace* of birds,' 'Twenty *head* of cattle.' 'There are twenty *heads* in the family,' 'Two *pairs* of shoes'

Boys sometimes translate एक जोड़ा बूट, by 'A pair of *boot*' instead of 'A pair of *boots*' Again, 'A couple of *day*' ought to be 'A couple of *days*'

10. वह ३।४ दिन में आवेंगे, may be translated, 'He will come within three or four days,' or 'He will come in three or four days,' the latter meaning after the lapse of 3 or 4 days. Again, वह ३ बजेके भीतर आवेंगे, is wrongly translated, 'He will come within 3 o'clock.' It should be 'He will come *before* 3 o'clock.' 'Before five days he was ill' should be 'Five days *ago* he was ill."

मैं तुम्हें इसी महीनेके भीतर रुपया दूंगा, will become 'I shall pay you *within* this month or *before the end* of this month'

चिट्ठी आगामी सप्ताहके भीतर पहुंचेगी, will be 'The letter will reach there *before* the end of next week' (or, in the course of next week).

11. मेरे माथेमें दर्द है, should be translated, 'I have a headache' not 'I have *got* headache' So मुझे ज्वर आगया है, will become 'I have had fever' or 'I am feverish,' and is preferable to 'I have

got fever.' There is a difference between (1) I have a headache, and (2) I have headache. (1) means an attack of headache, while (2) means an established disease which afflicts one at all times.

12. आठवां पृष्ठ खोलो, is wrongly translated 'Open *the 8th page.*' It should be 'Open *at the 8th page*' or 'Open *at page 8*' There is a difference between —

(*a*) 'Open at page 8' and (b) 'Turn to page 8.'

(*a*) can be said if the boys happen to have their books shut

(*b*) can be said if they have got their books open.

13. 'The rain filled the pond with water' is a bad translation of वृष्टिके जलसे हौज भर गया है, 'The rain has filled the pond would be better. The 'rains' may mean either the rainy season or a succession of showers.

14. 'His finger is shedding blood' (उसकी उंगलीसे रक्त बहता है) is not English It should be 'His finger is bleeding'

15. रुपया, may be translated, 'a rupee' or 'money' The common practice with boys is to write 'money' for rupees and *vice versa.* Thus उसके पास बहुत रुपया है, is often translated 'He has many rupees.' It should be 'He has much money.' A *rupee* is a coin as much as a shilling or a sovereign. Hence you may say 'Five rupees' or 'so many rupees' but never 'much rupees' or 'many money.'

16. To attend the school. The article should be omitted. Similarly, to attend office (not, *the* office), to attend Court (not *the* Court) &c. Boys *go to school* (not *the* school) and the teacher tells them to *come to school* (not *the* school) with books. 'To go to office', 'to go to shop.' In all these cases, it is the practice now to omit 'the,' as the meaning is that it is a part of one's duties or routine of work to go to those places. 'To go to market' *i.e.*, to make purchases. 'To go to *the* market' *i.e.*, on a particular occasion on some errand or message.

17. *He grew up to age* is nonsense. 'He grew up to manhood' may do

'He is of age' or 'he is come of age' means, he has attained his majority. 'He was of age last week' is not good English. It should be 'He came of age last week,' 'He is of age,' He will be of age' 'He comes of age,' 'He will come of age' are all in use.

18. *Much cloud* should be *many clouds*. 'The cloud is gathering on the west' should be '*Clouds* are gathering &c.'

19. 'He was taken to the police' This, as well as 'He was taken to the police station' are correct. The word 'police' is generally used for 'police officers.' 'He is in the police' is ambiguous. It would rather mean that he is serving in that department, just as 'He is in the army' would mean that he is in the military line or profession.

20. To fetch and to bring. The former means going and coming back with. The latter may sometimes mean this, but it generally means simply *coming* with Thus a teacher may say to a boy 'Fetch the catalogue,' 'Bring the catalogue'* without any impropriety whatever, but he should not say to one who is near the catalogue 'Fetch the catalogue.' He should say 'Bring the catalogue'

21. 'In winter they go to hunt' is not good English. The expressions 'Go a-hunting,' 'go a-fishing' refer to acts done only on a particular occasion and do not generally imply habit

22 'Do not pelt stones at frogs' appears to be un-English Better say 'Do not pelt frogs' or 'do not pelt frogs with stones'

23. तुम बराबर भीतर चले जाना, कोई कुछ न कहेगा, is improperly

---

* When the boy is near the teacher 'Bring the catalogue' is only a shorter mode of expression for '*Go and bring* the catalogue.'

translated thus :—'Go along directly into the *inside*, none will tell you any word' Better thus :—'Go right in, nobody will speak to you (or, say anything to you,' which means nobody will forbid you to go. Observe that the word 'inside' does not generally take a preposition before or after it, thus: 'Go *inside* the house' not 'go into the inside of the house.' Similarly, the word 'outside' is used without a preposition; as, 'There is nobody *outside the house*.'

24. 'Direct and directly.' The first means 'without stopping anywhere on the way' as, 'Are you going home *direct*?' The second means 'without delay,' 'immediately,' as, 'I will go home *directly*.'

25. To do service under Government. This is the translation, generally given by boys, of गवर्णमेंटकी नौकरी करना. The idiomatic form is 'To be in the service of Government.' 'To take a person into one's *service*,' is another idiomatic use of 'service.' 'Services' means distinct acts of service. In 'you have done me *much service*' the meaning is उपकार।

26. The Lieutenant-Governor has become *dear* to us (हमारे प्रिय हो गये है), 'Dear to us' should be '*popular* with us.'

27. 'Dr. Chevers is treating me.' This may do. Better say 'He *is attending* me.' 'Treatment,' though a medical term, is in common use now. Thus we say, 'I am under the *treatment* of Dr. Chevers.'

28. 'I shall go by the nine and a half o'clock train' is an unidiomatic translation of मैं साढे नौ बजेकी गाडीसे जाऊंगा, it should be 'I shall go by the 9-30 train' or 'I shall go by the nine o'clock train. (2) is clearer than (1); but (1) is more familiar.

29. उसमें गुच्छेके गुच्छे आम लटक रहे हैं, 'Bunches of mangoes are hanging *in* that tree' should be—*on* that tree.' 'From that tree' may do; but 'on' is better.

30. मैं तुम्हारा पांच रुपया महीना काटूंगा, This may be translated 'I shall *cut five rupees from your pay*,' or 'I shall *cut your pay five rupees*', मैं तुम्हारा महीना काटूंगा, will become 'I shall cut your pay'

31 वह कामका आदमी है' is wrongly translated, 'He is man of business' It may be 'He is a business-like man' or 'He is a smart man' 'A man of business' would perhaps, mean a shop-keeper or a person carrying on any business 'I have a business here,' would mean 'I have a shop here.' मुझे एक काम है, should be translated, 'I have *some* business' or 'I have *a piece* of business.' कारबार बन्द करना, will be translated 'To close up (or, wind up) a business.' तुम्हारे वहां रहनेकी कोई जरूरत नहीं है, You have *no business* to be there (colloquial) . So 'What *business* had you to talk with him ?'

32. The word 'use' is frequently misused in translation Thus (1) 'These are *used* articles' should be 'These are *second-hand* articles' (2) 'He *uses* to sleep in the class' should be 'He *sleeps* in the class' or 'He is in the habit of sleeping in the class' The verb *use* is not employed in the present tense in this sense. In certain cases it has to be omitted altogether and the infinitive following it should be changed into the third, singular, indicative , while in others, it has to be replaced by such phrases as 'to be accustomed to' or 'to be in the habit of' (3) 'The gentleman *used* me very badly' ('*used*' should be '*treated*'). Notice the following uses of the verb —

(*a*) I am *used* to such trials, (ऐसा कष्ट सहा हुआ है). (*b*) Are you *using* the inkstand ? (*c*) We don't *use* caps or hats. (*d*) Our ladies *use* oil on their hair (not, *on the head*, as boys often write). (*e*) He *used* to me bad words. (*f*) You don t know how to *use your* time (the possessive pronoun is improperly omitted by boys). 'You know how to *use money*' should be *use*

your money. (*g*) They *use* clay as cement for building their houses. (*h*) You don't *use* this dictionary.

33. हिसाब चुकाना अथवा डेयोडा करना, may be translated 'To close up accounts' or 'To settle accounts' both of which imply *paying up* the creditor. इसे क्या आपके नाम लिखूं ? यह क्या आपके हिसाब में लिखूं ? will become, 'Shall I debit it to your account ?'

34. पांच रुपये दिये गये हैं, may be translated, 'Five rupees *has* been paid,' (a collective sum being meant).

35. 'Cattles' is a mistake. The word is always 'cattle.'

36. तुम कौन हो ? may be rendered '*Who* are you ?' or '*What* are you ?' according to the nature of the case The former expression will be used when we want to know the name of the person or his position, and the latter when we want to know only his *position* or *occupation* in life. 'What are you ?' may also be asked when we want to know whether one is a Brahman or a Shudra.

37. मैंने सन् १८५० ई. में जन्म ग्रहण किया था, is unidiomatically translated 'I *took my birth* in 1850' ; '*I was born* in 1850' is the proper idiom. आहार करना, is to be rendered, 'To take one's meals' (not, 'to take meal.') Again, मैंने शीघ्र शीघ्र भोजन किया है, 'I have had (or, have taken) a hasty meal.' An Englishman would express it in this way, 'I have had a hasty breakfast (or, dinner).' 'To *have* one's dinner' is better than 'to *take* one's dinner' भोजन करना, may, under certain circumstances, be rendered 'to take food,' हवा खाना, may likewise be rendered by 'take' ; as, 'To take the air, or 'To take an airing' The same idea may, however, be expressed without the help of 'take' ; as 'He has been to the riverside for the air' or 'has been airing himself.' दम लेना, may be translated, 'To take breath.' 'To take a bath,' and 'To take a drive' are familiar expressions. 'I took him *to be* a servant' and 'I took him *for* a servant' are equally correct (both being the idiomatic transla-

tion of मैंने उसे नौकर समझा था. The verb समझना, is sometimes rendered मैंने बुरा (या भला) समझा था, I *took* it in ill part (or, good part).

38. मैं अभी आता हूं, should be 'I am coming *presently*' (Here the verb in the original, as well as in the translation, *has* the idea of immediate future.) 'I am coming just now' is wrong, if it is a translation of मैं अभी आया, for the sense of the Hindi verb is really *perfect* though it has the form of the *present*, and consequently the translation of मैं अभी आता हूं. 'I am coming just now' is incorrect for *just now* is generally used to imply past time. Though it is commonly said, (*a*) He is *just now* in distress, (*b*) He has come *just now*, (*c*) He was here *just now*, (*d*) He will be here *just now*, the adverbial phrase *just now*, ought, strictly speaking to be used only after the present perfect or past tense

39. There appears to be some difficulty in the use of the words 'presently' and 'shortly.' 'Presently' means 'a little while after' and is nearer to the future. They simply differ in the degree of nearness to the future time 'Presently' does not mean 'immediately' or 'this moment.'

40. इतना, Boys translate it 'thus much' or 'this much.' The latter is used, but the former is an antiquated form. 'So much' is better than both. 'Thus much' is perhaps suggested to boys by the phrase 'thus far' (यहा तक) which is in common use. 'This far' is not English.

41. मैं तुम्हारे मकान को जाता हूं, Not 'I am going to *yours*' but 'I am going to *your* house.' 'If you come to our house, I shall go to *yours*' (i.e your house) is correct But 'I shall go to *yours*' standing by itself and alone, is unidiomatic The particle is different in the case of noun possessives ; and such a sentence, as 'I shall go to Mr. *Johnson's* (or to *Corfield's*, the dentist) is quite correct, the noun *house*, *shop* &c. being understood after the possessive.

42. डाक्तरकी visit कितनी है ? not 'What (meaning 'how much') is his visit ?' but 'What is his fee or charge ?' or 'What does he charge for a visit ?'

43. यह नौकरी राबर्ट्स साहबके हाथमें है, is 'The appointment is at the disposal (never '*in the disposal*) of Mr. Roberts' or 'The appointment is in the gift of Mr. Roberts'

44. दरवान इस समय नदी उसपार पहुंचा है, is commonly translated 'The *durban* has reached across the river by this time' This is bad English. We should say 'The durban has crossed the river by this time' or 'the *durban* has reached the other side of the river by this time.' क्या तुम नदीके उस पार जाओगे ? will become 'Will you go accross ?' or 'Are you going accross ?' or 'Are you going the other side of the river ?'

45. इस में कुछ सत्य है, 'This is somewhat true' should be 'There is some truth in it.' 'This is true in a sense' means, this is true, taking one view of the matter.

46. Expense and Expenditure. The former is the money spent (or, to be spent) the latter is the *act* of spending money and is opposed to *receipts*. Hence it is correct to say 'expenditure of money,' 'Expense of money' is ridiculous. मैं तुम्हारे खर्चके लिये इस समय कुछ दूंगा, 'I *will* give you something towards your *expense* (not expenditure.)

47. Bed and bedding In England the former is the uppermost quilt next to the mattress ; here, it is the mattress only and sometimes the bedstead with the mattress. The latter is the whole thing, pillows and everything included.

48. 'I shook hands with him' and 'I shook him by the hand' are the only correct expressions, but the latter may have another meaning. 'I shook his hand' is not common. 'Shake hands and be friends' is a common expression.

(*a*) He pulled me *by my ear*. (*b*) He pulled me *by the ear*. (*c*) He pulled *my ears*. All these are correct ; but there is a

difference between the first two and the third The first two have the idea of moving a person from his place and may be considered as a translation of कान पकड़कर लाना. The third implies no such idea and may be considered as a translation of कान खींचना।

49, यह पथ पक्का बनाया जाता है, राह पक्की करना, is 'to metal a road.' 'To pave a road' is not quite common. पक्की राह, is 'a metalled road' and कच्ची राह, is 'an unmetalled road.' 'To pave a floor' may be said.

50 वह यहा बहुत दिन से है, 'He has been here *from* a long time' should be '*for* a long time' (never *from*)

51. आप बहुत दिनोंके बाद मिलने को आये हैं, 'It is after a long time that you come to see us.' This is un-English So is, 'I see you after a long time' (आपको बहुत दिनोंके बाद देखा है). These should be 'It is a long time *since* I saw you' or 'I have not seen you for a long time' or, 'I see you after a long absence'

52. I remember *right*, *rightly*, *aright*

The first is not much used * The second is commonly used The third is rather antiquated.

53. At the outset, In the outset. The first is common. The second may do. '*On* page 3' '*At* page 3' may both be said

54. धीरे धीरे, ought to be translated 'gradually' not 'by and by' which means 'presently', 'a little while after.' 'By and by' is an adverb of time and never denotes *degree* as 'gradually' does. Hence, 'He becomes rich by and by,' would be incorrect, if it were a translation of वह क्रमशः धनी हुए हो, but

---

* But 'If I remember *right* he lived for 25 years shut up in his study' occurs in Martineau's *Health, Husbandry and Handicraft*

it would be correct, if the meaning of the original were वह थोड़े ही दिन में बड़े आदमी हुए थे, which, however, is contrary to experience.

55. तुम क्या किताब चाहते हो? will become '*What* book do you want?' तुम कौन किताब चाहते हो? will become '*Which* book do you want?'

56. He is *fond to do* it—should be—He is *fond of doing it.*

He took a *pride to do* it—should be—He took a *pride in doing it.*

He *persisted to do* it—should be—He *persisted in doing it.*

He *insisted me to do* it—should be—He *insisted on my doing it.*

He *hindered* me *to do* it—He *hindered* me *from doing* it.

He *prevented* me *to do* it—He *prevented* me *from doing it.*

57. वह एक दिन हमारा निमन्त्रण करेंगे; or वह हमें एक दिन खिलावेंगे, He will give us a feast. He will feed us.

The first would be said jocularly and is rather old-fashioned. The second is un-English 'He will give us food' is said but that would not be a translation of the Hindi sentence. Englishmen speak of giving *parties* in a sense similar to that of the original, but *a party* is a different thing from a feast In a *dinner party* the guests are generally the host's friends and their number seldom exceeds twenty or twenty-five In a *feast,* a miscellaneous assembly of guests is present and their number is indefinite—may be two hundred or two thousand.

'He feeds on rice' is homely, though not coarse, language. 'He lives *on*-rice' is polite. 'He was *fed upon* grain' 'Upon' here is objectionable, it should be '*on.*'

58. तुम मुझे मेरे मकानपर उतार देना you will drop me at my house. This should be 'you will drop me at my door,' 'डाकमें चिट्ठी छोड़ देना, to drop a letter into the letter-box (or post office).

मुझे थोड़ा लिख भेजना, Drop me a note or drop me a line. जाते समय यह चिट्ठी वहां देते जाना, Hand the letter in as you pass

59. Wait, Await. The first is intransitive, the second is transitive. Thus, I waited on his pleasure In some cases, *wait* refers to the will of the person waiting while *await* refers to the will of the person waited upon

60 Tune, Tone, Voice The first is an equivalent of the Hindi गत, सुर, the second of आवाज, (this may be instrumental or vocal, the third of कण्ठस्वर, vocal only).

61. आंधी आरही है, The *wind* is rising A *storm* is a translation of आंधी पानी, A storm is generally rain with wind, thunder, lightning &c

62. Peculiar uses of 'when' after Hindi usage

(*a*) *When* I listen to one, I must listen to others.

(*b*) *When* this is the case, I see no reason why he should not agree to the proposal.

(*c*) *When* he has insulted the zenana I can never pardon him

(*d*) *When* they can write such good English, why should you continue to abuse them ?

(*e*) *When* the sky is cloudy you must wait here a little

The word 'when' denotes *time* in none of these case. In (*a*) and (*d*) the uses of 'when' are allowable. In (*b*), (*c*) and (*e*) 'when' should be replaced by 'if' or 'since'

63 व्यवसाय करना, To do a business. 'To drive a trade' is rather vulgar रोजगार ढूंढ लेना, To get a trade कारबार समझ लेना, To get a trade into one's fingers (colloquial). रोजगार चलाना, To carry on a trade.

64. किसी profession में लगना, *To go to a profession. To betake oneself to a profession To enter a profession.* The first and the third are used only in familiar language The second has the idea of adopting a profession as a means to an

end. The word *betake* implies that the person has a higher object before him in attaining which the work betaken to is thought to be instrumental

65 Grief. Griefs, Come to grief. *Grief* is an impression on the mind ; *griefs* are the causes that produce that impression. The expression 'come to grief' means to be in misfortune. It is used rather jocularly as when a child falls. A friend would not say of a friend that he has *come to grief* when he is in real misfortune.

66. मैं तुम से स्वतन्त्र नहीं रह सकता, should not be translated 'I cannot remain quitting you.' It may be better expressed 'I cannot live without your company.' The phrase 'to quit a person' is rather rhetorical. The more common phrase is 'to leave a person'

67. जल्दी करना, will be rendered 'to be in a hurry.' जल्दी जल्दी कोई काम करना, 'hurry over a business.' जल्दी चले जाना, is 'to hurry off' जल्दी, may sometimes be rendered 'hastily.'

68. डेढ घण्टा, is 'One hour and a half.' अन्तिम पृष्ठके पहलेका पृष्ठ, will become 'the last but one page.

69. एकबारगी, एकबार, 'The former can be translated by 'entirely,' 'altogether,' 'utterly,' 'completely , Thus मेरे पास एकबारगी एक पैसा नही हैं, I am *altogether* penniless (or, I am literally without a pice). एकबारगी असम्भव, It is *utterly* impossible. अभी, may be translated 'by *at once*, for this means *immediately, without delay* ; as इसको अभी कर डालो, 'Do it *at once.*' वह उसी समय अस्पताल पहुंचाया गया, He was *at once* removed to the hospital. एकबार, may sometimes be translated by *once*, sometimes by *just, Kindly* &c. Thus मैंने केवल एकबार औषध खाया है, I have taken the medicine only *once*. वह वर्ष में एकबार मेरे घर आते हैं, He pays us a visit *once* a year. यदि मैं उसे एकबार पकड पाऊं, If I can *once* get hold of him.

The word एकबार, sometimes means 'once' (*i. e.* not twice.)

and sometimes 'on one occasion' Thus, मैं एकबार दारजिलिङ्गमें था (I was *once* in Darjiling) may mean that I was there *on one occasion*, or that I was there *once*, not *twice*

Letter of the law, आईनका शब्दार्थ। The law is a dead letter, आईन नाम मात्रको रह गया है (जारी नहीं होता है)।

Nuisance, उत्पात, विरक्तिकर विषय।

Precedent, पूर्व्व निदर्शन, पूर्व्व दृष्टान्त, नजीर।

Quash. The conviction was quashed. नीचेकी अदालतकी सजा रद्द की गई।

Substantiate a charge, अभियोग सप्रमाण करना।

8. Government, Politics :—

Aristocratic form of Government, कुलीन (सम्भ्रान्त) शासनतन्त्र।

Democracy, प्रजा-तन्त्र। Monarchy, एकनायक तन्त्र।

Despotism, यथेच्छाचार-शासनतन्त्र, शक्तिशासन।

Cabinet Council, प्रधान मन्त्रणासभा। Ministry (1) मन्त्रिसमाज, (2) मन्त्रित्व।

Colleague, सहयोगी ।

Confiscate, (दण्डस्वरूप) राज्याधिकारभुक्त करना ।

Constitution, शासन प्रणाली । Edict, राजाज्ञा, आज्ञापत्र ।

Proclamation, घोषणापत्र । Heralds, राजवार्त्तावाहक, घोषणाकारी ।

Finance, राजस्व, आयव्यय । Revenue, राजस्व ।

Coronation, राज्याभिषेक ।

Representative government, प्रतिनिधि-शासनप्रणाली ।

Elective system, निर्व्वाचनप्रणाली

in Beluchistan and that his deportation would ensure the tranquillity of the country, is proved to have been unfounded, यह अनुमान कि बेलूचिस्तानके बलवे के वही कारण थे और उनको निर्वासन करने से देश में शान्ति स्थापित हो सकती है, अमूलक है।

(*g*) The care of his education fell on his mother, a lady of uncommon endowments, उनकी शिक्षाका भार उनकी मातापर जो एक असामान्य गुणसम्पन्ना थीं, पड़ी।

(*h*) At this time, he was frequently in the habit of devoting whole nights to study, when he would generally take coffee or tea to ward off sleep—a practice, however, which was anything but commendable, इस समय वह प्राय सर्व्वदा ही निद्रा प्रतिरोधके लिये काफी वा चाय पीकर सम्पूर्ण रात अध्ययन करते थे, यह स्वभाव प्रशंसनीय नहीं है।

(*i*) He was appointed Master of the Mint—an office, for which his patient and accurate investigation singularly fitted him and which he held with general approbation till his death, वह टकसालके अध्यक्षपदपर नियुक्त हुए। जिनके लिये उनकी सहिष्णुता तथा सूक्ष्मदर्शिता उनको प्रत्येक प्रकारसे योग्य बनाती थी और जिस पदपर वह अपने शेष जीवन तक अति प्रशंसा से काम करते रहे।

(*j*) In 1753, the great philosopher was made Knight of the Polar Star, an honour never before bestowed on a literary man, सन् १७५३ ई० में इन महीयान् पण्डित को "नाइट आफ दि पोलर ष्टार" की उपाधि मिली, जो मर्य्यादा इससे पहले कभी किसी पण्डितको नही दी गई थी।

(*k*) His father came with him to England, but after the lapse of a few months, he returned home, leaving his son, in conformity with his own wish, to try his fortune in Great Britain,

His *able* discourse on sanitation, स्वास्थ्य सम्बन्धमें उनका योग्य प्रबन्ध। (You may say, स्वास्थ्यरक्षा विषयक तदीय पाण्डित्य-परिचायक प्रबन्ध।

He had to relinquish the most *laborious* part of his professional duties, अध्यापकता सम्बन्धमें जिन सब कामोंमें गुरुतर परिश्रम करना पड़ता था, उन्हें वह सब छोड़ देने पड़े।

Attention has been repeatedly drawn to the *slow* progress of the work, कार्य्यके विलम्ब होनेके सम्बन्धमें उनको वारंवार स्मरण करा दिया गया। He attained a *competent* knowledge of Geometry and found himself in a condition to proceed to the study of Physical science, जब वह रेखागणितमें व्युत्पन्न हुए तब उन्होंने अपनेको पदार्थविद्याके अनुशीलनके योग्य समझा।

It improved through his *laborious* exertions, उनके अत्यन्त परिश्रम और यत्नसे इसकी उन्नति हुई थी।

Nouns.

Give a *classification* (श्रेणी विभाग) of nouns, यह बताओ कि विशेष्य पद किस किस श्रेणीमें विभक्त किया जा सकता है।

He gave *prominence* to those sections of the Bill which related to offences committed in the suburb, बिलकी जिन जिन धाराओंमें उपनगर सघटित अपराधका उल्लेख था, उन्होंने उन्हींको प्रधान समझा था।

The *convictions* are out of all proportion to the *acquittals*, जो लोग अपराध प्रमाणित न होनेके कारण छूटे हैं, उनकी अपेक्षा दण्डित लोगोंकी संख्या अधिक है।

Crimes are either of *omission* or of *commission*, अवैध कार्य्यका अनुष्ठान और वैध कार्य्यका अननुष्ठान यह दोनों प्रकारके अपराध हो सकते हैं।

He did this at a great *sacrifice*, उन्होंने बड़ी क्षति सहकर यह काम किया था।

He fell a *victim* (or, a prey) to intemperance, अपरिमित सुरापान करके अन्तमें उन्होंने अपनी जान गवां दी।

He sedulously devoted his *leisure* hours to improving his *knowledge* of the English language, विषय-कर्मसे अवसर पाते ही वह एकाग्रचित्त होकर अतिशय आग्रहके साथ अङ्गरेजी भाषाका अनुशीलन करते थे।

But the acquaintance he formed with this work was destined erelong to change altogether the *character* of his pursuits, किन्तु यह पुस्तकानुशीलन अनतिविलम्बमें उनके वर्त्तमान व्यवसाय परित्याग और अत्युन्नत दूसरा व्यवसाय अवलम्बनका कारण हुआ।

He delivered his lectures in the Italian language, instead of Latin, which was considered a daring *innovation*, यूरोपके पण्डित सर्व्वत्र लाटिन भाषाहीमे उपदेश दिया करते थे, किन्तु उन्होंने उसे छोड़कर इटाली भाषा आरम्भ की। तत्काल ही यह नई प्रणालीके अवलम्बन करना एक प्रकार साहसका काम समझा गया था।

Verbs.

He *deserves such compliments*, वह ऐसी प्रशंसाके योग्य हैं।

We have been *furnished* with all the facts of the case, इस घटनाके सम्बन्धमें सब बातें हमें मिल गईं हैं।

The Government *condemned* the proceedings of the Magistrate in very strong terms, सरकारने मजिष्ट्रेटके कामकी बेहद निन्दा की।

He *cared* little for the discontent of his subjects, वह प्रजा-विरागकी ओर दृष्टिपात भी नहीं करते थे।

He *fought* much for his friend, उन्होंने अपने मित्रके लिये जान लड़ा दी थी।

He *espoused* the cause of the people, वह सर्व्वसाधारणके पक्षमें खड़े हुए।

He *feigned* madness, उन्होंने पागल होनेका बहाना किया।

He *embraced* this opportunity to foment dissensions between the rival Kings, इस सुयोगमें वह प्रतिद्वन्दी राजाओंके कलह उत्तेजित करनेकी चेष्टा करने लगे।

He risked his own life for that of his friend, मित्रकी रक्षाके लिये उन्होंने अपना जीवन सङ्कटमें डाल दिया था।

He manfully *faced* the crisis, अति वीरताके साथ संकटसे छुटकारा पाने की चेष्टा की।

The price of such an instrument, he was vexed to find, *exceeded* both his calculation and his means, ऐसे यन्त्रकी मूल्यको अपने संगति (क्षमता) तथा अनुमान से अधिक जान कर वह अतिशय दुःखित हुए।

Herschell was now on the path in which his genius was *calculated* to shine, अब हरशेल ऐसे पथके पथिक हुए, जिस पथसे उनकी प्रतिभा देदीप्यमान होनेको थी।

After he had *continued* his observations for a few days longer, all uncertainty upon that head vanished, क्रमागत और भी कई दिन पर्य्यवेक्षण करनेसे उसके सम्बन्धका सब द्वेष मिट गया।

The construction of telescopes and the observation of the heavens *continued* to form the occupation of the remainder of his life, क्रमागत दूरवीन-निर्म्माण और नभोमण्डल-पर्य्यवेक्षणहीमें उन्होंने अपना शेष जीवन बिताया था।

It was *replaced* by another instrument of only half the length, इसके बदले और एक यन्त्र निकला, जिसकी लम्बाई इस से आधी थी।

He *bequeathed* a large fortune, वह अपने परिवारके लिये अपरिमित सम्पत्ति वसियत कर गये।

He *introduced* into his lectures many discoveries he had made in Natural Philosophy without regard to their inconsistency with the doctrines then taught, उन्होंने पदार्थ-विद्या सम्बन्धी जितने नये नये नियम निकाले थे, उनके तत्काल प्रचलित मतके नितान्त विपरीत होनेपर भी शिष्योंको आनुषङ्गिक उन विषयोंकी शिक्षा देने लगे।

The planet Venus *waxes* and *wanes* like the moon, चन्द्रके सदृश शुक्र ग्रह भी घटता बढ़ता है।

It is impossible to *mistake* the preponderance of arguments in favour of the defendant, इसमें भ्रान्ति नहीं हो सकती, कि प्रतिवादीकी ओरकी दिखाई हुई युक्ति प्रबल है।

SECTION II.

The Passive Voice translated.

If a sentence in the passive voice be translated by the passive voice, the word द्वारा should be sparingly used.

More generally, the noun that precedes द्वारा, is put in the genitive (सम्बन्ध) form ; or else it is put in the instrumental (करण) form by affixing से to it when the word द्वारा is omitted. These forms should be so used as not to confound them with the real करण or सम्बन्ध forms. In those cases where it is doubtful which forms of expression ought to be used, it is better to write the sentence in the active voice Thus, 'He was attacked with fever', will better be वह ज्वररोगसे आक्रान्त हुए। So, 'We have been requested to announce' will better be हमलोग कुछ भलेआदमियोंके अनुरोधसे प्रकाश करते है। They did not adopt the system explained by Copernicus, उन्होंने कोपरनिकस प्रदर्शित प्रणालीका अवलम्बन नहीं किया।

The fact which had been discovered by him, उनका उद्भावित विषय।

He was led to prison, वह कारागार पहुंचाया गया, वह कारागार में लाया गया, may be allowed. At the end of the war, the soldiers were dismissed, युद्धकी समाप्तिपर सिपाही विदा कर दिये गये। When the army reached Madras, it was joined by a detachment from Bombay, सैन्यके मन्द्राज पहुंचनेपर बम्बईसे और एक सैन्यदल आकर उस में सम्मिलित हुआ।

All the important things invented by man were collected, मनुष्यविरचित सम्पूर्ण प्रयोजनीय वस्तु वहां सङ्गृहीत हुई थी, The vast globe on which we are placed, हमलोग जिस विशाल भूपृष्ठपर अधिष्ठित हैं।

Adjective sentences in the passive form can sometimes be compressed into compound words by the help of *Samasas*. Thus, the schools which were founded by him, तत्प्रतिष्ठित विद्यालयसमूह। The facts which were mentioned before, पूर्व्वोल्लिखितवृत्तान्त। The way which has been shown by him or you, तत्प्रदर्शित पथ।

SECTION III.

The cases translated irregularly.

It is obvious that sometimes the nominative case has to be translated by the Hindi possessive, as in sentences like 'He has money.' 'He possesses extensive information.' The nominative, in its connection with the rest of the sentence, is, it is observed, sometimes translated irregularly. Thus:—
He is reported to have said, सुना जाता है, कि उन्होंने यह बात कही है।

He was not appreciated, उनका गुण लोग समझ नहीं सके। Her imagination was ever afterwards haunted by her lost child, वह जबतक जीती रही, अपनी मृत सन्तानकी चिन्ता उसके मनमें बनी रही; उसके मनको उसकी मृत सन्तानकी चिन्ता सताती रही। I am charged with the administration of this province, इस देशका शासनभार हमारे हाथमें अर्पित हुआ है। All that is required in a critic is to be abusive, दोष-गुण-विचारकमें केवल गाली देना ही होना चाहिये। The power, which rightly used, is a salutary one, has come to be most shamefully abused, जिस क्षमताके सद्व्यवहारसे अनेक मङ्गल होता है, उसका अब अत्यन्त घृणित अपव्यवहार किया गया है।

The observations with regard to the nominative also apply to the objective case.

SECTION IV.

Participles.

(*a*) *Having dropped* the promised money into the basin, he hurried away, अङ्गीकृत (स्वीकृत) रुपये उस पात्र में डाल वह तुरन्त चल दिया, or वादेके रुपये उस पात्रमें डालकर वह जल्दीसे चला गया।

(*b*) Lord Gough, *finding* himself nearer the enemy than he had anticipated, thought it necessary to order an immediate attack, लार्ड गफने यह सोचा था, कि वह शत्रुसे बहुत दूर हैं, पर जब वह उन्हे समीप ही जान पड़े, तो उन्होंने तुरन्त उनपर आक्रमण करनेका आदेश दे दिया।

(*c*) He was poor, being totally dependent on the assistance of a generous country gentleman, वह दरिद्र थे और एक ग्रामवासी दयावान पुरुष की सहायतापर सम्पूर्ण भरोसा करते थे।

(*d*) On *reaching* the age of 18, I was sent to Calcutta, my father *bidding* me keep it in mind that he had not money to bear my lodging expenses, जब मेरी अवस्था १८ वर्ष की हुई तब मैं कलकत्ते भेजा गया। चलते समय मेरे पिताजीने कहा कि स्मरण रहे कि तुम्हारे कलकत्तेमें रहनेका व्यय मैं नहीं दे सकूंगा, or अट्ठारह सालकी उमरमें मैं कलकत्ते भेजा गया। जानेके समय पिताने मुझे सम्बोधन कर कहा, वत्स! इसे न भूलना, कि तुम्हारे कलकत्तेमें रखने और खर्च चलानेकी शक्ति मुझमें नहीं है।

(*e*) *Living* as we do under an enlightened Government, we are quite right &c., सभ्य और उन्नत राजाके राज्यमें रहकर हमारा ऐसी इत्यादि।

(*f*) The attack commenced on the 28th February, the British artillery literally *pounding* the Sikh lines, २८ वीं फरवरीको आक्रमण आरम्भ हुआ। अङ्गरेजोंके गोलावर्षणसे सिख सैनिकगण सर्वतः चूर्ण होने लगे।

(*g*) The result was the annexation of the fine province of Pegu, *being* the whole of the maritime district of Ava, फल यह हुआ कि पेगूका उत्कृष्ट प्रदेश जो आवाका समुद्रोपकूल स्थान है अधिकारमें लाया गया।

(*h*) You are, nevertheless, too young to experience the heavy hand of affliction without *exciting* sympathy, तथापि ऐसे तरुणवयसमें तुम्हें क्लेशभार उठाते देखकर लोगोंके मनमें निश्चयही करुणासञ्चार होगा।

(*i*) Sometimes, too, an excellent mathematician is spoiled for life by *being* suddenly called away from his favourite study to become an Inspector of Schools, कभी कभी एक उत्कृष्ट अङ्कशास्त्रज्ञ का जीवन हठात् उसके प्रीतिकर शास्त्रानुशीलनसे हटाकर स्कूलोंके इन्स्पेक्टर नियुक्त करने से नष्ट हो जाता है।

(j) *Encouraged* by monstrous folly, the sepoys enacted the same horrible scenes the next day, उसकी अति निर्बोधतासे उत्साहित हो सिपाहियोंने दूसरे दिन उसी भीषण अत्याचारका अनुष्ठान (अभिनय) किया।

(k) At length Nadir, *satiated* with the carnage, gave orders that the massacre should be stopped, अन्तमें जब नादीरकी नरशोणित-पिपासा शान्त हुई, तब उसने हत्याकाण्ड निवारणकी आज्ञा प्रदान की।

(l) He wishes to see more efforts *made* to destroy the wild animals which infest the land, उनकी यह इच्छा है, कि इस देशमें जो जङ्गली पशु हानि पहुंचाते हैं, उन्हें नष्ट करनेके लिये और भी उद्योग किया जाय।

(m) The value of merchandise *exported* from India greatly exceeds the Indian imports, भारतवर्षकी रफतनी मालका मूल्य आयसे बहुत अधिक है।

(n) The Brahmins have presents of rice given to them, ब्राह्मणोंको चावल वितरण किया जाता है।

(o) Before his departure, Miss Marius brought forth her accumulated savings of pocket-money amounting to a purse of 100 dollars, and laid it at his feet as a love-offering and unequivocal proof of her attachment. उनकी यात्राके पूर्व कुमारी मेरियसने अपना संग्रहीत व्ययावशिष्ट एकसौ मुद्रा (डौलर) लाकर प्रणयव्रतके वरण और अकृत्रिम अनुरागके दृढतर प्रमाणस्वरूप उनके चरणोंमें समर्पण किया।

SECTION V.

Apposition.*

(*a*) Rum Mohun Roy, a distinguished Bengali scholar and reformer, visited England, राम मोहन राय जो वङ्गदेशके एक प्रसिद्ध पण्डित और संस्कारक थे इङ्गलेण्ड गये थे।

(*b*) Mr. Butterworth Bayley, (one among the distinguished school of statesmen trained under the Marquis of Wellesley) acted as Governor-General, मिस्टर बटरवर्थ बेलो महाशयने जो मारकुइस आफ वेल्सली द्वारा शिक्षित प्रसिद्ध नीतिज्ञमण्डलीके अन्यतम थे गवरनर जनरल का कार्य्य करने लगे।

(*c*) In 1802, the Court removed Mr. Webb, the able secretary of the Madras Government, सन् १८०२ ई० में मिस्टर वेब महाशयको जो मद्रास गोवर्मेन्ट के एक कार्य्यकुशल सेक्रेटरी थे कोर्टने कार्य्यच्युत कर दिया।

(*d*) In 1871, Ranadheer Sing, a noted outlaw, escaped from the Allahabad jail, सन् १८७१ ई० मे रणधीर सिंह जो एक सुप्रसिद्ध डाकू था इलाहाबादके जेलसे भाग गया।

(*e*) The most sacred room of all in the eyes of a high caste Hindoo, the cook-room, is at the back far from the gaze of those who may be of different caste from the occupant, विशुद्धजातीय हिन्दू अपने अन्यान्य घरोंमें पाकशालाको अति पवित्र समझते हैं। वह इसलिये घरके पीछे बनाया जाता है, जिसमें गृहस्वामीके अतिरिक्त और कोई उसे न देखे।

(*f*) The belief that he was the cause of the disturbance

---

* This also includes *sentences* that are in apposition.

CHAPTER III.

SECTION I.

Peculiarities in the Translation of Nouns, Adjectives and Verbs

It has been observed that when exact equivalents of English terms cannot be found, it is convenient to translate them by several Hindi words, provided this does not affect the sense of the original. The following illustration will show how this can be done, in the case of adjectives, nouns, and verbs.

Adjectives.

It is *immaterial* which course he adopts, कोई बात नहीं है, चाहे वह कोई पथ अवलम्बन करे ।

To have a *cursory* glance, शीघ्रतासे पढना वा वर्णन करना ।

He took a *practical* view of the matter, उन्होंने देखा कि यह बात कहा तक कार्य्यमें परिणत की जा सकती है ।

Or, यह बात सोचकर, कि यह विषय कार्य्यमें कहांतक परिणत हो सकता है उन्होंने अपना अभिप्राय प्रकाट किया ।

It is a *practical* joke, यह सांघातिक परिहास है, यह हाथा पाई का परिहास है ।

It is *convenient* to do it now, इसके इसी समय करनेमें सुभीता है

It is a suit for damages *consequent* on the defendant's refusal to take delivery of the goods, प्रतिवादीके द्रव्यजात ग्रहण करनेसे इनकार करनेकी वजह वादी क्षतिग्रस्त हुए, उसी क्षतिपूरणके लिये यह अभियोग है ।

The change was never *sudden* but *gradual*, परिवर्त्तन अकस्मात् नहीं हुआ वरन् क्रमशः हुआ था ।

the adopted home of many an ingenious foreigner, उनके पिता भी उनके साथ इङ्गलेण्ड गये थे, और कुछ महीनोंकी अवस्थितिके उपरान्त वह अपने देश को लौट आये, किन्तु उनका पुत्र उनकी इच्छानुसार इङ्गलैण्ड में अपनी भाग्य-परीक्षा के हेतु रहने लगे। ऐसे अनेक चीलसह वैदेशिक खदेश परित्याग कर इङ्गलैण्ड में रहते हैं।

SECTION VI.

Parenthetical Expressions.

Although the use of parenthetical expressions is condemned by some critics of note, we often meet with them in books, particularly in works on History. In translating these, we can either remove the parentheses or let them stand as they are in the original. The following may be given as examples :—

(*a*) One member of council was Mr Francis (afterwards. Sir Philip Francis), काउन्सिलके एक मेम्बरका नाम फ्रान्सिस साहब था, जो पश्चात् सर फिलिप फ्रान्सिसके नामसे परिचित हुए।

(*b*) This horrible custom (the self-immolation of widows on the funeral pile of their deceased husbands) had long been practised in India, स्वामीकी चितामें बैठकर प्राण विसर्जन करने की भयानक प्रथा बहुत दिनोंसे भारतवर्षमें प्रचलित रही।

(c) The fame of Sir. W. Jones depends not so much on his philanthropy—though he, too, was distinguished for his zeal for the improvement of the natives of this country—as on his devotion to all branches of Indian literature, and especially to the cultivation of Sanskrit learning, सर विलियम जोन्स इस देशके लोगोंके उन्नति-साधनमें अवश्य अति यत्नवान थे, किन्तु भारतवर्षीय

विविध शास्त्रानुशीलनमें, विशेषतः संस्कृत शास्त्रानुशीलनमें, ऐकान्तिकता प्रदर्शन करके ही वह विशेष ख्याति लाभ कर गये हैं। (Here it will be seen that the parenthetical sentence contains the idea conveyed by the word 'philanthropy' and so this word has been dropped in the translation).

(*d*) On the other side, it has been contended that he was an independent prince, that the only claim which the Company had upon him was for a fixed tribute and that while the fixed tribute was regularly paid, *as it assuredly was*, the English had no right to exact any further contribution.

(*Entrance Examination*).

पश्चात्तरमें, अनेक लोग यह तर्क उपस्थित करते है, कि वह स्वाधीन राजा थे, उससे कम्पनी केवल निर्द्धारित कर लेनेकी अधिकारी थी और उस निर्द्धारित करके यथासमय मिलने पर (इसमें कोई संशय नहीं, कि यह इसी प्रकार मिलता था) उनसे अङ्गरेजोंकी बलपूर्व्वक और अधिक अर्थ संग्रह करनेकी कोई क्षमता नहीं थी।

(*e*) He sometimes underwent fatigue for the mere pleasure of the exercise, *as when he rode from Ajmir to Agra*, (200 miles) in two successive days and in many similar journeys on horse back, besides walks on foot of 30 or 40 miles in a day.

(*Entrance Examination, 1785*).

वह कभी कभी व्यायाम-सुख अनुभव करनेके लिये श्रम स्वीकार किया करते थे, उसका प्रमाण यह है, कि वह घोडेकी पीठपर अजमेरसे आगरा पर्य्यन्त प्रायः एक सौ कोसकी राह लगातार दो दिनोंमें तय करते थे। उनके ऐसे और भी बहुत से भ्रमणका वृत्तान्त सुना जाता है। इसके अतिरिक्त वह प्रायः १५।२० कोस पैदल चला करते थे।

(*i*) A royal family, *said to be descended from the moon and hence called the lunar race*, have removed from Prayaga to Hastinapore

(*Entrance Examination, 1873-74*

कहा जाता है कि चन्द्रसे किसी एक राजवंशकी उत्पत्ति हुई थी। इसी कारण इसका नाम चन्द्रवंश पड़ा। चन्द्रवंशी लोग प्रयागसे हस्तिनापुरमें जाकर बसे।

SECTION VII.

Negatives introduced in translating Affirmative sentences.

It sometimes happens that affirmative sentences in English are conveniently translated into Hindi by negative sentences. The following will serve as illustrations :—

(*a*) The only course open to them was to appeal to the Governor-General, गेवरनर जनरलके पास प्रतिकारके लिये आवेदन करनेके अतिरिक्त उनके लिये और कोई उपाय नहीं था।

(*b*) He was averse to changes, वह परिवर्त्तन नहीं चाहते थे।

(*c*) It is high time that we should make an attempt, यही उपयुक्त समय है, अब इसके लिये उद्योग करने में विलम्ब नहीं होना चाहिये।

(*d*) There was little use in his being surrounded by the most experienced and accomplished of English statesmen, सुनिपुण और अभिज्ञ राजनीतिविशारद अङ्गरेजों द्वारा परिवृत होनेपर भी उन्हें विशेष लाभ नहीं हुआ।

(*e*) It is probable, many years will elapse before this could be done, यह सम्भव है कि बहुत वर्ष बीते बिना यह कार्य्य सम्पन्न न किया जा सकेगा।

(*f*) When the police tried to remove him to the nex carriage, he resisted, पुलिस ने जब उसे दूसरी गाड़ीमें ले जानेकी चेष्टा की, तो वह बल प्रकाश किये बिना न रहा।

(*g*) He has expressed inability to supply these pipes a present, उपस्थित उन्होंने कहा है कि वे ऐसे नल देने में समर्थ न हो सकेंगे।

(*h*) The omission to state the mode in which the paymer has been made, was a most important one, किस प्रकारसे रुपये दिये गये थे, यह न लिखना बड़ी भारी भूल हुई थी।

(*i*) We shall publish a report in due course and refrair from remark at present, समयपर हमलोग यह कार्य्य-विवरण प्रकाश करेंगे, इस समयें इस विषयमें हम कोई बात न कहेंगे।

(*j*) He is above suspicion, उनकी ओरसे किसी प्रकार का सन्देह उत्पन्न नहीं हो सकता है।

(*k*) Unlike the majority of youths at these schools, he devoted his whole mind to his studies, वह विद्यालयके अन्यान्य छात्रोंके सदृश वृथा समय नष्ट न करके अध्ययनही में अनुक्षण निमग्नचित्त रहता था।

(*l*) His reputation can only perish with the science itself, इस विद्याके लोप न होने तक उनकी प्रतिष्ठा नष्ट नहीं हो सकती है।

(*m*) The place which he now occupied was one of value, वह अब जिस पदपर नियुक्त हुए हैं, वह सामान्य नहीं है।

(*n*) He despaired of ever being able to penetrate the mystery, वह इस गूढ तत्त्व का मर्म्मच्छेदन कर सकने के कारण आशाशून्य हो गये।

(*o*) At this critical moment, his firmness gave way, इस विषम संकटके समय उनमें दृढता नहीं रह सकी।

CHAPTER IV.

SECTION I.

Complex Sentences with Who Which and That.

Who —When 'who' introduces an adjective clause which is an essential qualification of the noun, who = जो, जौन, कौन, को :— Thus, the man who stole my watch was arrested by the police, जिस आदमीने मेरी घडी चुराई थी, उसे पुलिसने पकडा है। Here the adjective sentence is an essential qualification of the noun 'man' in as much as it cannot be omitted, hence 'who' = जो। But when 'who' is followed by an adjective clause which *adds* a qualification not essential to the noun, the whole sentence should not generally be split up into two or more sentences 'The English *who* had already made considerable progress in Madras and Bombay now reached Calcutta' = मन्द्राज और बम्बई में बहुत कुछ उन्नति करने के उपरान्त अंगरेज कलकत्ते पहुंचे। 'The French soldiers in the Deccan, of *whom* a datailed account has been given in the preceding chapter, had accomplished nothing in that year,' दक्षिण की ओर फरासीसी सैनिक जिनका उल्लेख पूर्व-परिच्छेदमें आ चुका है वर्त्तमान वर्षमें कुछ न कर सके or फ्रान्सीसी सिपाही उस वर्ष दक्षिणकी ओर कुछ भी कर नहीं सके, इसकी बात पूर्व्व-परिच्छेदमें कही गई है।

Which, That :—The words 'which' and 'that' follow the same rules as 'who,' with this difference that they are translated

by, जो, or वह, कि, सो, इस लिये कि, जौन, कौन, कौन सा—'The progress of English arms in N. Hindustan, a detailed account of *which* is unnecessary here, had filled the native princes with terror,' उत्तरीय भारतवर्ष में अंगरेजों को क्रमशः अधिकार जमाते हुए देख जिसका विस्तारपूर्वक वर्णन इस स्थानमें विफल है, राजा डर गये ।

Adjective clauses beginning wiih *who* and *which* are sometimes conveniently translated by bringing in the adjective clause first and removing its adjectival character. Thus, 'Future punishment for the offences of this life is supposed to be incompatible with the goodness of God, who created man under circumstances of such tremendous responsibility, ईश्वरने मनुष्य की सृष्टि ऐसे गम्भीर दायित्वयुक्त घटनापुञ्जमें की है कि परलोक में इहलोक कृत अपराधों के लिये शास्तिविधान करना ईश्वरकी दयाशीलताके विरुद्ध विचारा जाता है ।

The adjective clause whether introduced by 'who' or 'which' can be sometimes compressed into a simple or compound adjective by the help of *samasa* in Hindi. Thus, the cities which lay on the coast, समुद्रतीरस्थ नगरसमूह । The man who killed his wife, स्त्रीहत्याकारी । Those who adopted the religion of Christ, खृष्टधर्मावलम्बी । He killed those who lived on the confines of the city, नगर प्रान्तवासियोंको उन्होंने निहत किया ।

Who that will be thus translated :—*Who that* has honour can be an indifferent witness to such act of brutality ? जिसमें आत्ममर्य्यादाका कुछ भी ज्ञान है वह कब ऐसा पशुवत् नृशंस आचरण को देखकर उदासीन रह सकेगा ?

That which or *what* will be thus translated —*What* is done cannot be undone, जो हो गया, उसका उपाय नहीं है।

The petition was rejected, and, *what* was more unjust and arbitrary, five of them were thrown into prison' This is a peculiar use of *what* and the sentence will become, उनका आवेदन पत्र तो अग्राह्य हुआ, परन्तु इससे बढ कर अन्याय तथा स्वेच्छाचरण और क्या हो सकता है कि पांच मनुष्योंको जेल में भेज दिया।

'This is *what* men call selfishness,' इसीको लोग स्वार्थपरता कहते हैं।

SECTION II

Sentences with When, While &c.

When —'When' can sometimes be rendered by a present participle, as, *When* he saw that there was no means of escape, he put end to his life by poison, निष्कृति पानेका कोई उपाय न देखकर उन्होने विषपान द्वारा प्राणत्याग किया।

Sometimes, 'when'=ऐसे समय, as, They were making the most active preparations for the battle *when* news arrived of their general's death, वह लोग युद्धके लिये यथाशक्ति उद्योग कर रहे थे, कि ऐसे समय उनके सेनापतिकी मृत्युका समाचार मिला।

When the quarrel is between a Zamindar and a ryot, we can almost predict in whose favour it will be decided. Here 'when' may be translated either by जब, or by turning the verb that comes after it, into a participle Thus, जब जमीन्दार और प्रजामें झगडा होता है, तब हमलोग निश्चित कह सकते हैं कि किसके अनुकूल निष्पत्ति होगी।

While. This is translated like 'when,' if it denotes time, but if it denotes opposition, it is to be rendered differently according to circumstances. Thus, 'An act of treachery by one of their own countrymen, was liberally rewarded with honours : *while* a similar act by a foreigner was punished with death, अपने स्वदेशवासी से विश्वासघातकता होने पर उसे बहुत सम्मान पुरस्कार स्वरूप दिया गया परन्तु एक विदेशवासी द्वारा ऐसा आचरण होने पर उसे प्राणदण्ड मिला।

While on this subject, we would invite the attention of Government to a very peculiar circumstance, इस विषय की समाप्ति के पूर्व हम एक चमत्कार घटनाकी ओर सरकारी दृष्टि आकर्षित करेंगे।

While you seek the comforts of the rich, you should also seek the comforts of the poor, धनियोंकी सुखस्वच्छन्दताके साथ ही साथ आपलोगोंको दरिद्रोंकी सुखस्वच्छन्दताकी ओर ध्यान देना उचित है।

While is sometimes used as a noun, 'It is worth our *while* to enquire,' इस विषयमें अनुसन्धान करना आवश्यक है। He does not think it worth his *while* to enquire, वह इस विषयमें जाच करना आवश्यक नहीं समझते। Worth while means समय लगाना, कष्ट उठाना, अर्थव्यय करना।

SECTION III.

Sentences with 'as' how translated.

It is sometimes translated by, स्वरूप, क्योंकि, बारे, जैसा, सम्बन्ध में, as, 'He took it *as* a bribe' उसने इसे घूस स्वरूप लिया।

As I had fever last Saturday, I could not call on you, तुम्हारे पास न आ सका, क्योंकि गत शनिवारको मुझे ज्वर आ गया था।

They hailed Elizabeth *as* the new Queen of England, उन्होंने एलिजाबेथको नई अधीश्वरी स्वरूप ग्रहण किया।

He resigned with dignity a trust which he had held at first as Governor of Bengal and afterwards *as* Governor-General for 13 years, प्रथम बंगाल के गवरनर स्वरूप और तदपश्चात् भारत-वर्षके गवरनर जनरल स्वरूप १३ वर्षतक शासन-भार उठा कर उन्होंने सम्मानके साथ विदा ग्रहण किया।

Such a scene *as* Brussels presented before the battle of Waterloo, वाटरलू के युद्ध से पूर्व जैसा दृश्य ब्रूसल्समें देखा गया था।

He is not stupid *as* many persons think, वह वास्तव में निर्बोध नहीं है जैसा कि प्रायः लोग अनुमान करते हैं, but not बहुत लोग उसे जैसा बेवकूफ समझते हैं, वह वैसे नहीं है, because then the meaning might be that he *is* stupid, whereas the English sentence means that he *is* not

He disguised himself *as* a priest, उन्होने पुरोहितका वेश धारण किया।

This is good *as far as* it goes (or so far so good), जहां तक हुआ है वहा तक अच्छा ही हुआ है।

As long as he will occupy the Secretary's desk, वह जब तक मन्त्रीका काम करेंगे।

He is dishonest *as far as* I can judge, जहा तक मुझे मालूम होता है वह बेईमान है।

There were two Popes *as* if one was not enough, वहां दो पोप थे मानो एक काफी ही न था।

He felt *as if* all would be gained &c, उन्हें ऐसा ज्ञान पडा कि, सभी अभीष्ट सिद्ध होंगे।*

* 'As if' may be sometimes rendered by मानो।

As for his charater I can only, &c. उसके चरित्रके सम्बन्धमें मैं इतना ही कह सकता हूं, *As* regards his character &c.' will be similarly translated. 'But *as to* his being a good governor, opinions differ; किन्तु उनके सुशासन के सम्बन्धमें मतभेद है।

They will criticise the measures of Government as occasion will arise, वह लोग जैसा प्रयोजन होगा, समय समयपर सरकारी कार्य्यका दोष-गुण विचार करेंगे।

They rose *as* one man against their chief, वह लोग मानो एक प्राण होकर अपने दलपतिके विरुद्ध उठे or वह सब एक होकर अपने दलपतिके विरुद्ध उठ खड़े हुए।

To do *as much as* in one lies, साध्यानुसार करना। As a matter of course, जैसा हुआ करता है।

His opinion *as* I said before, was favourable जैसा मैं पहले ही कह चुका हूं, उनका मत अनुकूल था।

There were in the first number of the Review *as many as* five articles by macaulay, रिभिउ की (समालोचनी पत्रिकाकी) प्रथम संख्यामें मेकौले के लिखे हुये न्यूनाधिक पांच प्रबन्ध प्रकाशित हुए थे।

There is no doubt *as* to the result, इसके फलाफलके विषयमें कोई सन्देह नहीं है।

While *as regards as* me the correct statement will be, किन्तु मेरे सम्बन्धमें यह बात कहना ही ठीक है।

I must be understood *as* speaking only of myself, यह समझना चाहिये, कि मैं खुद अपनी ही बात कहता हूं।

As far as I am concerned, I have no objection, मेरी बात यदि कहते हो, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

You might *as* reasonably complain that you did not live

before the time appointed for your coming into the world *as* lament that you are not to live longer when the period of your quitting it is arrived, जिस प्रकार तुम इस बात पर असन्तोष प्रकाश कर सकते हो कि तुमने संसार में जन्म ग्रहण करने से पूर्व क्यों न जीवन प्राप्त किया, इसी प्रकार इस बात पर भी दुःख प्रकाश कर सकते हो कि तुम इस संसार से जाने का समय उपस्थित होने के पश्चात् कुछ दिन और क्यों न ठहिर सके।

SECTION IV.

Indirect sentences translated.

As a general rule, all sentences whether direct or indirect, are translated by the direct form Thus :—

(*a*) He therefore persuaded him to delay the match for three years, that his daughter should remain unmarried in the meantime, and if at the end of that period he (by the study of medicine which he strongly recommended) was in a condition to marry, his sanction to the nuptials would be readily given, इस लिये उन्होंने तीन वर्ष तक विवाह रोकने के लिये उन्हें संमत कराया और चिकित्सा-शास्त्र पढने के लिये दृढ रूपसे उपदेश कर कहा कि इस बीच में कन्या का विवाह न करूंगा और उसके उपरान्त यदि वह विवाह करने के योग्य होगा तो अति हर्ष से विवाह कर दूंगा।

(*b*) He went forth cheered and stimulated with the thought that there was one who loved him and his pursuits, and to merit whose attachment he was resolved to strain every nerve in the path of lerning and distinction उसने प्रफुल्ल चित्त से प्रस्थान किया और यह विचार कर कि उसको और उसके व्यवसाय को एक मनुष्य चाहता है वह जोश से भर गया और उसके प्रेम के योग्य बनाने के लिये उसने जी

में ठान ली कि विद्या तथा ख्यातिलाभ करने में तनमनसे चेष्टा करने में त्रुटि न करेगा।

(c) Having openly declared, in a work which he published, that discoveries proved the truth of the Copernican theory, उन्होंने एक ग्रन्थ प्रकाश किया, जिसमें स्पष्ट लिखा है, कि मैंने जो कुछ उद्भावित किया है, उसके द्वारा कोपरनिकसकी दिखाई हुई प्रणालीकी यथार्थता प्रमाण हुई है।

(d) They forced him to promise that he would never more broach such dangerous doctrines, उन्होंने उसे इस प्रतिज्ञाशृङ्खलमें आवद्ध किया, कि वह कभी ऐसा साङ्घातिक मत मुहसे न निकलेगा।

It should be noticed, however, that the indirect narration may, under certain circumstances, be used to prevent ambiguity thus, उन्होंने कहा है कि अभी मैं न जाऊंगा, leaves it doubtful whether the pronouns refer to the same person or different persons. If it means the same person, मैं should be changed into वह।

CHAPTER V.

Figurative Language.

Figurative language in English had better be translated by means of simple language You may sometimes introduce figurative language in the translation, whether the same kind of language occurs in the original or not, but this must always be done with very great caution Take the following illustrations .—

(*a*) He made his way to the throne through blood, हत्या के द्वारा उन्होंने राज्य लाभ किया।

(*b*) He purchased the prize at the cost of his life, यह पुरस्कार पानेके लिये उन्हें अपना जीवन विसर्ज्जन करना पडा था।

(*c*) He paid too dearly for his life, उन्होंने बडे कष्टसे अपने प्राण बचाये हैं।

(*d*) When the time for action arrived he threw off the mask, कार्य्य समाधान करनेके समय उन्होंने छद्मवेश परित्याग किया।

(*e*) He is a man of fertile brains, नई नई बातें उद्भावन करनेकी उनमें विशेष क्षमता है, or नवीन बातें उत्पन्न करने के लिये उनका मस्तिष्क शक्तिमान हैं।

(*7*) India is rich in minerals, भारतवर्ष खनिजद्रव्यसे मालामाल है।

(*g*) Delhi was in the zenith of her power, उस समय दिल्लीपतिके पराक्रमका चूडान्त हुआ।

(*h*) The cup of the humiliation was drained to the dregs, मनुष्यकी जहांतक अवमानना हो सकती है, वहांतक हुई।

(*i*) The Governor-General bows to no authority but that of the Secretary of State, बड़े लाट साहब भारत सचीव (सेक्रेटरी ओफ स्टेट) के अतिरिक्त और किसी के आगे शिर नहीं झुकाते हैं।

(*j*) The report bristles with errors, रिपोर्ट भूलों से भरी हुई है।

(*k*) Chains of giant mountains, प्रकाण्ड पर्व्वतमाला।

(*l*) Dramatic literature was then in its infancy, उस समय नाटक रचनाका प्रारम्भकाल था, Or, by figurative language, नाटक-रचनाकी उस समय शैशवावस्था थी।

(*m*) This was the prelude to a more fierce and bloody contest, यह अधिकतर युद्धकी उपक्रमणिका मात्र थी।

(*n*) While yet in infancy, he was a miracle of industry and showed how strongly he was inspired with a love of knowledge, उन्होंने अति शैशवकालहीमें अद्भुत परिश्रम और गाढ़ विद्यानुरागका प्रमाण दिखा दिया था।

(*o*) This blow fell heavily upon him, यह विपत्ति उनके लिये बहुत भारी थी।

(*p*) I am resolved to strain every nerve in the path of learning and distinction, विद्या और ख्यातिलाभ करनेमें मैं तनमन से यत्न और परिश्रम करूंगा।

Similes should, as a rule, be translated by similes :—

(*a*) The position of the Indian princes whom the downfall of the Moguls left without a visible monarch, was like that of a house without a foundation, मुगलोंके अधःपतनके उपरान्त भारतवर्षीय राजाओंमें कोई भी साक्षात्‌सम्बन्धसे सम्राटके अधीन नहीं था। बिना नींवकी अट्टालिकाकी जैसी दशा होती है, उन लोगोंकी भी प्रायः वैसी ही दशा रही।

CHAPTER VI.

Miscellaneous.

1. Adverbs are sometimes translated by adjectives :—

"At this period he looked to these attainments principally with a view to the advantage he might derive from them in the prosecution of his professional studies"—

उस समय वह इस मुख्य अभिप्रायसे उक्त समस्त विद्याओंका अनुशीलन करते थे कि यदि वह निज से व्यवसायिक विद्याकी आलोचनाके विषयमें विशेष उपयोगी होती ।

It may be noticed that 'principally,' 'chiefly' &c. are sometimes translated by, विशेषकर, प्रधानतः ।

(*a*) Scarcely had the work appeared in England when it was attacked by the missionaries, and most *violently* of all, by the teacher of philosophy at Aberdeen, उक्त पुस्तकके इङ्गलण्डमें प्रकाशित होते ही, ईसाई प्रचारकोंने एक समय मे उसपर चारों ओरसे आक्रमण किया, उनमें से एबरडिनके दर्शनशास्त्रके अध्यापकोंने विशेषकर अधिक विपक्षता और विद्वेष दिखाया ।

2. The comparative of adjectives is sometimes peculiarly translated thus :—

(*a*) "While yet a boy, he seems to have been *fonder* of rambling about the fields perusing the great book of nature than of the folios of the school; for so little satisfaction does he seem to have given his first teachers that his father dissatisfied with the reports of his progress, contemplated binding

him to the trade of a shoe-maker." जब वह बालक था तभी से उसको खेतों में घूमने और पाठशालाकी पुस्तकोंकी अपेक्षा प्रकृतिरूपकी बडी पुस्तकका अध्ययन करने में जी लगाता था, इस लिये वह अपने प्रथम अध्यापकों को कुछ भी सन्तुष्ट न कर सके और उसके पिताने उनका उलहने पर उसे जूता बनाने के व्यवसाय मे नियुक्त करनेका संकल्प कर दिया।

(b) In the construction of the mirror he was guided more by a certain natural tact than by rule, शीशा बनानेमें प्रचलित नियमों के अनुवर्त्ती न हो वह अपने बुद्धिकौशल हो से अधिक सहायता लेता था।

3 However :—The word 'however' is sometimes translated by, किन्तु, परन्तु, तथापि, 'Owing, *however* to the circumscribed means of his parents and certain untoward circumstances, these intellectual pursuits were soon interrupted

परन्तु माता पिता की मलीन दशा और कुछ प्रतिकूल घटनायें उनके विद्यानुशीलन से प्रतिबन्धक हुईं।

Sometimes it is omitted in the translation. Thus,

"Herschell, *however*, while thus engaged in earning an honourable livelihood did not allow his professional pursuits to engross all his thoughts"—हरशैलने इस प्रकार सम्मान के साथ अपने अन्न का संस्थान करने हुये भी अपनी समस्त भावनाओं तथा चिन्ताओं को अपने व्यवसाय में नहीं लगाया।

In all other cases it may be translated by जो, हो, तथापि।

It is generally translated by using जो, कि, अगरचे।

4 **Though** .—It is generally translated by using, यद्दो, or, और, the former by its correlative किन्तु, or, तथापि, 'Though' is seldom translated by अगरचे।

Though verging on eighty, Gladstone is as active as a young

man of forty, ग्लाडस्टोनकी अवस्था लगभग अस्सी वर्ष होने पर भी वह चालीस वर्ष के युवा के समान कर्मठ और कार्य्यतत्पर हैं।

5. 'Mr.' is translated by साहब, महाशय, 'Mrs.' by बीबी, महाशया (पत्नी) and *Miss* by, कुमारी, *Mr.* Jones, जोन्स साहब, महाशय जोन्स *Mrs.* Jones, बीबी जोन्स, जोन्स् की पत्नी Miss Jones, कुमारी जोन्स।

6. Henry VIII is अष्टम हेनरी, Charles IV, चतुर्थ चार्लस्।

7. Names of person and places are generally *translitera-ted* not *translated*; राबर्टस्, चेम्बर्स, लिवरपूल, Some have been sligbly modified as doctor, डाक्तर, He was knighted उनको नाइट की उपाधि मिली।

CHAPTER VII.

Specimens of Translation

1. But the most effectual monument of his fame was raised by his widow, who published a splendid edition of his works, in six volumes, किन्तु उनकी स्त्री उनके सब ग्रन्थ छ सुन्दर खण्डों में जो मुद्रित और प्रकाशित कराया था, वही उनके लिये सर्व्वापेक्षा प्रशंसनीय और अविनश्वर कीर्त्तिस्तम्भ है।

2. But what appears to me to have particularly enabled Sir W. Jones to employ his talents so much to his own and the public advantage, was the regular allotment of his time to particular occupations and a scrupulous adherence to the distribution which he had fixed, hence all his studies were pursued without interruption or confusion, किन्तु सर विलियम जोन्स प्रत्येक कामके लिये अलग अलग समय निरूपण करते और अति सावधानता से उसी निर्द्धारित समयमें वही काम करते, मेरी समझमें इसी महाफलदायक नियम द्वारा ही अव्याघातसे और अनाकुलित चित्तसे इन सब विद्याओंमें कृतकार्य्य हुए थे और मनोवृत्तिकी उत्कर्ष साधन द्वारा अपना और साधारणका मङ्गलविधान किया है।

3. Although I am not fortunate enough to have the gift of eloquence, I was always under the impression that one need not be at a loss for words when one has something to say, but I feel at least for once in my life that the heart may be full and yet one may not know how to express oneself, श्री ईश्वरने मुझे वाकपटुताशक्ति प्रदान नहीं की है, तथापि चिरकालसे मेरा यह संस्कार रहा है कि वाक्यके असङ्गति निबन्धन मनोगत भाव प्रकाश करनेमें रुकावट नहीं होती। किन्तु

मेरे जीवनमें अन्तत: यह एकबार देखा है, कि हृदय भावसे परिपूर्ण रहने पर भी यह स्थिर करना कठिन हो गया कि उसे किस प्रकार प्रकाश करना चाहिये।

4 And though he lost for a time the advantages of public libraries and literary conversation, he rendered the year of his retreat a memorable era in his own existence and in the history of science by another of his great discoveries, that of the theory of gravitation, or the tendency of bodies towards the centre of our globe, और यद्यपि कुछ दिनो के लिये वह पुस्तकालयो और शास्त्रालाप से लाभवान न हो सके, उन्होंने अपने अनध्याय वर्षको अपने जीवन तथा विज्ञानशास्त्रीय इतिहासका एक विशेष और चिरस्मरणीय काल अपनी द्वितीय आविष्क्रिया से अर्थात् वस्तु मात्रके भूतलाभिमुख गिरने के नियम निकालने से बना दिया।

5. This eminent individual, who was destined to establish the truth of his illustrious predecessors, Copernicus and Galileo, was born on the 25th December 1642 at Woolsthrope, in Lincolnshire, where his father cultivated his own moderate paternal property, यह विख्यात मनुष्य जिन्होंने अपने पूर्वगामी कुपरनीकस और गैलीलिओ के उद्भावित विषय समूहको दृढ़ बनानेके लिये जन्म लिया था सन १६४२ ई० को २५ वीं दिसम्बरको लिङ्कनशायरके अन्त:पाती उलस्थर्प नामक गांव में पैदा हुये थे जहा पर इनके पिता अपनी साधारण पैतृक भूमिको जीतते थे।

6. (*a*) I have been a selfish being all my life, in practice, though not in principle. As a child I was taught what was right; but I was not taught to correct my temper. I was given good principles but left to follow them in pride and conceit. Unfortunately as only son, for many years an only child, I was spoiled by my parents who, though good themselves (my

father particularly, all that was benevolent and amiable), allowed, encouraged, almost taught me to be selfish and overbearing to care for none beyond my own family circle, to think meanly of all the rest of the world, to *wish* at least to think meanly of their sense and worth compared with my own. Such I was from eight to eight and twenty, and such I might have been but for you. What do I not owe you? You taught me a lesson, hard indeed at first, but most advantageous. By you I was properly humbled I came to you without a doubt of my reception. You showed me how insufficient were all my pretensions to please one who was worthly of being pleased. What will you think of my vanity?

(*b*) My manners must have been in fault, but not intentionally I assure you. I never meant to deceive you, but my spirits often led me wrong

(*c*) I was obliged to confess one thing which for a time, and not unjustly, offended him. I could not allow myself to conceal that your brother had been in town three months last winter—that I had known it, and purposely kept it from him. He was angry, but he has heartily forgiven me now.

Entrance Examination 1886.

(*a*) स्वार्थपरता रखना मेरा उद्देश्य नहीं था, किन्तु फिर भी मैंने आद्यंतः चिरजीवन स्वार्थसाधनही में बिताया है। मनुष्यका क्या कर्त्तव्य है, बचपन में मुझे इस विषय में उपदेश दिया गया था, किन्तु मिजाज किस तरह ठीक रखना चाहिये, यह बात मुझे किसीने नहीं सिखायी थी। मैंने सुनीति और सदुपदेश पाया था, किन्तु अहङ्कार और आत्माभिमानसे प्रणोदित होकर उन

सुनीति और सदुपदेशका अनुवर्त्तन किया था। दुर्भाग्यवशत: मैं पिताका अकेला लडका था, बहुत दिनोंसे उनके कोई लडकावाला नहीं था। जनक-जननी स्वयं सुन्दर प्रकृतिके मनुष्य थे, विशेषत; पितृदेव अति अमायिक और सदाशय थे, किन्तु आश्चर्यका विषय यह है, कि उन लोगोंने मुझे स्वार्थपर और उद्धत होते देखकर भी कुछ नहीं कहा, वरञ्च अनेक समय उसीतरह होनेका उत्साह और उपदेश दिया। मैं घरके लोगोंको छोडकर और किसीका ख्याल न करता। अपनेको छोड जगत्के और सबको तुच्छ समझता। अपने सहित तुलना करनेमें मैं उनकी बुद्धि अपकृष्ट और पारदर्शिता सामान्य समझता था। अन्तत: ऐसा सोचनेकी भी मेरी इच्छा हुआ करती थी। आठ वर्षसे अट्ठाईस वर्षतक मेरा यही विचार रहा, आप न होते तो सम्भवत: बराबर यही विचार रहता। आपने मेरे लिये क्या नहीं किया है? आपने मुझे जो उपदेश दिया हैं, उसका अनुसरण करना कठिन होनेपर भी वह अत्यन्त कल्याणकर है; आपने मुझे विलक्षण विनीत कर डाला हैं। मैं जो मैं यह ठानकर आया था कि आप मेरा स्वागत आदरसे करेंगे। आपने मुझे भली प्रकार जता दिया कि मेरा दावा उस मनुष्य के सन्तुष्ट करनेका जिसे तुष्ट करना उचित है कितना असम्पूर्ण है! आप मेरा वृथाभिमान देखकर मन ही मन कितनी अश्रद्धा करते होंगे।

(b) मेरे न जाने आचरण अवश्य दूषित होंगे परन्तु मैं आपसे निश्चित कहता हूं, कि मैंने इच्छापूर्व्वक ऐसा नहीं किया। आपको धोखा देनेका मेरा अभिप्राय नहीं था, किन्तु मेरी प्रकृति मुझे विपथमें ले गई।

(c) मुझे वाध्य होकर एक वात स्वीकार करनी पडी थी जिस कारण कुछ समयके लिये वह मुझसे असन्तुष्ट रहे थे। आपके भाई विगत शीतकालमे जो तीन महीनेतक शहरमें रहे इस वातको मैं किसी तरह छिपा न सका। मैं यह वात पहले ही जानता था, परन्तु मैंने उसे जान बूझकर उनसे छिपाया था। वह मुझपर वहुत असन्तुष्ट थे परन्तु अब उन्होंने मुझे हृदयसे चमा कर दिया हैं।

7. (a) Strive to fulfil the hopes of your parents by growing in knowledge, by shunning bad companions, by

avoiding profane and wicked words, by speaking the exact truth, by being kind and honest, and by loving and serving your father in heaven. This is the best way of pleasing your parents, and repaying their kindness. Let them see you growing in wisdom and in goodness, and they will never think that you have been a burden and care to them.

(*b*) Children ! these are your duties ! O strive to do them Love, reverence and obey your parents. Be to them a comfort and honour Be more than they expect ; be, if possible, all they desire. So live that they may ever look upon you with delight. So live that the thought of your virtues may smooth their last hours.

(*c*) The weakness of French colonial policy, which for two centuries, has frustrated all their efforts to build up a colonial empire. springs from a permanent cause The French people do not care for colonies unless they will pay and pay directly, and do not care much for them even then They do not want to emigrate, only a few of them are attracted by planter's work and they are at heart indifferent to colonial trade

(*d*) This however, is but one, and that one of the smallest of the considerations which justify the publication of the Report. The good it will do is manifest. These revelations cannot fail to touch the heart and rouse the conscience of English people. It speaks not of leaden despair, but gives a joyful promise of better things to come.

Entrance Examination, 1887.

(a) ज्ञानलाभ, कुसंग परित्याग, अपवित्र दूषित वाक्य प्रयोग परिहार, शुद्ध सत्य वाक्य, सबके प्रति सदय और साधु व्यवहार आदिसे, स्वर्गवासी परम पिताके प्रति प्रेम और भक्ति दिखाकर अपने माता पिताकी आशाओं को बढ़ानेकी चेष्टा करो। इससे बढ़कर जनक जननीको सन्तुष्ट करने और स्नेह प्रतिदान देनेका और कोई उपाय दिखाई नहीं देता। दिन प्रतिदिन तुम्हें अधिक ज्ञान तथा साधुता लाभ करते हुये देख वे तुम्हें अपना बोझ अथवा चिन्ताका कारण न समझेंगे।

